


॥आचार्यबलदेवोपाध्यायाभिनन्दनग्रन्थः॥

# BALADEVA UPĀDHYĀYA

## FELICITATION VOLUME



# ॥आचार्यबलदेवोपाध्यायाभिनन्दनग्रन्थः॥

# BALADEVA UPĀDHYĀYA
## FELICITATION VOLUME

I S S N 0016—4461

*Journal of*
*Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha*
(formerly : *Journal of Ganganatha Jha Research Institute*

A Journal devoted to Oriental Studies in general
and Indological studies in particular

Vol. XXXVII (1981)

आचार्य बलदेव-उपाध्याय अभिनन्दन विशेषाङ्क

*Published by*
G. C. Tripathi, M.A., PH.D., DR. PHIL.
*Principal*
Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha
Chandrashekhar Azad Park
Allahabad—2
India.

Vol. XXXVII ]  JANUARY—DECEMBER 1981  [ Parts 1—4



# JOURNAL OF THE GANGANATHA JHA KENDRIYA SANSKRITA VIDYAPEETHA

*Editor*
G. C. Tripathi

*Astt. Editor*
Maya Malaviya




**Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha**
Chandrashekhar Azad Park
ALLAHABAD-2
1983

The Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha is a constituent Institute of *Rashtriya Sanskrit Sansthan,* Delhi, which is run under the auspices of the Ministry of Education and Culture, Govt. of India.

गङ्गानाथप्रसृमरयशश्चन्द्रिकाधौतहर्म्यं
कूजद्विद्वद्विहगनिवहानेकगीताभिरामम् ।
काले काले कुसुमितनवान्वेषणाऽऽमोदिताशं
विद्यापीठं जयतु जगतां भूयसे मङ्गलाय ।।

—खिस्ते-उपाह्वस्य बटुकनाथशास्त्रिणः

*Annual Subscription*

Inland : Rs. 40/-, Foreign : $ 10/-

(*including postage and registration charges for current volume*)


*Printed by*

1. P. L. Yadava at The Indian Press (Pvt.) Ltd., Allahabad (*English Matter*)
2. Upendra Tripathi at The Shakuntala Mudranalaya, Allahabad (*Hindi and Sanskrit Matter*)

## EDITORIAL NOTE

We have great pleasure in presenting to our readers this special Volume of our Journal brought out in honour of Pandit Baladeva Upadhyaya. Pt. Baladeva Upadhyaya has been associated with the Benaras Hindu University, Varanasi for a period of about 40 years to become later the Director of the Research Institute of the Sampurnanand Sanskrit University. Even now at the age of 83, he is actively engaged in academic pursuits, is the Secretary of the Kashiraj Trust, Ramnagar and the Chief Editor of the Sanskrit Journal *Purāṇam*. He still continues to read and write for many hours daily at this advanced age. Pt. Upadhyaya has produced pioneer works on the History of Vedic Literature, History of Sanskrit Literature, Indian Philosophy, Vaiṣṇavism, Bhāgavatism and Purāṇas in Hindi and not only in this language but also in other languages of India, the works composed by him remain unsurpassed even to this day.

It has been the policy of this Institute to felicitate Sanskrit Scholars for their contributions to the advancement of Sanskritic learning and to dedicate them special volumes of our Journal brought out in their honour. The Vidyapeetha has already brought out special volumes in honour of Pandit Dr. Ganganatha Jha, Mm. Pt. Umesh Mishra, Pandit Kshetresh Chandra Chattopadhyaya. Pandit Gopinath Kaviraj and Shri Aditya Natha Jha. This volume is thus sixth in the series. Since Pt. Baladeva Upadhyaya is especially fond of writing in Hindi, we have devoted almost half of this volume to the articles in Hindi language. We have also tried to shed light on the contribution of Pt. Baladeva Upadhyaya to the Indological learning and Research and have tried to apprise the scholars of the private aspect of his personality. We consider it a pious duty of a Journal to bring to light the per-

sonal and academic characteristics of such silent scholars to the public who shun public appearance and attach no importance to name and fame.

In this context we express our deep gratitude to the numerous scholars, admirers and pupils of Pt. Baladeva Upadhyaya who have whole-heartedly co-operated with us in making this venture a success. To all such scholars whose articles are included in this volume, we express our sincere thanks. We also have to apologize with the scholars whose articles, though sent timely, could not be included in this volume. It is not because that their articles are not up-to the mark but because the extent of this volume could not be further increased. We assure all such scholars that their articles shall be published in the ensuing volume which is also contemplated to be a Special Number.

The Editorial Board thanks its colleagues of academic and administrative staff which always have co-operated with us in bringing out this volume expeditiously and nicely.

*G. C. Tripathi*
*Maya Malaviya*

// JOURNAL
OF THE
GANGANATHA JHA
KENDRIYA SANSKRIT VIDYAPEETHA

Vol. XXXVII Parts 1—4 July—Dec. 1981

## CONTENTS

Page

### Section I

*Felicitations*

शुभाशिषः सन्देशाश्च

चरितम्



संस्मरणानि



## Section II

### *English Articles*

## Section III

### *Hindi/Sanskrit Articles*





आचार्य पं० बलदेव उपाध्याय

# समर्पणम्

स्फुरच्छास्त्राभ्यासः सकलबुधमान्यः सुरगवी-
पयोनित्यस्नायी स्मितपरिचितस्वच्छहृदयः ।
उपाध्यायः श्रीमान् समिति बलदेवः सुमनसां
'विशेषाङ्कं' भक्त्योपहृतमिह गृह्णातु कृपया ॥

अपरपृष्ठगतस्य श्लोकस्य रचयिता—डा० जगन्नाथ पाठकः

## राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानस्य
## निदेशकमहाभागानां
# शुभाशिषः

महदिदं प्रमोदस्थानं यद् राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानं गंगानाथझा केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठं चेदानीं प्रातःस्मरणीयानां पण्डित-प्रकाण्डानां श्रीमतां श्रीबलदेव-उपाध्यायमहोदयानां समर्चनया पुनाति आत्मानम्। प्राचार्यवर्याः श्रीगयाचरणत्रिपाठिनो नूनमेतदर्थं वर्धापनार्हाः।

परमपावने संगमक्षेत्रे विद्यापीठमिदमवतिष्ठते। प्राच्य-प्रतीच्यविद्यावदातानां महायशसां गंगानाथझाशर्मणाममूर्त्तस्य यशःशरीरस्यामरस्येयं विहारस्थली। सर्वथा समुचितमिदं सर्वथा चैतद्विद्यापीठोज्ज्वलपरम्परानुरूपमिदं यत् स्वनामधन्यानां विद्या-विनयजंगमसंगमानां श्रीबलदेव-उपाध्यायमहोदयानामभिनन्दनं लक्ष्यीकृत्य विद्यापीठशोधपत्रिकाविशेषाङ्कः प्राकाश्यमेति। विशेषाङ्कोऽयं कल्पतां प्रसाराय भारतीयविद्यानां भारतीयसंस्का-राणां सुरभारतीविलासानां चेत्याशास्ते श्रद्धाप्रसूनसमर्पणालालसः

—रामकरण शर्मा

स॒क्तुमि॑व॒ तित॑उना पु॒नन्तो॒

यत्र॒ धीरा॒ मन॑सा॒ वाच॒मक्र॑त ।

अत्रा॒ सखा॑यः स॒ख्यानि॑ जानते

भ॒द्रैषां॑ ल॒क्ष्मीर्निहि॒ताधि॑ वा॒चि ॥

—ऋग्वेद १०।७१।२

# सन्देश

*डा० श्री विभूति नारायण सिंह*
काशीनरेश

दुर्ग रामनगर, वाराणसी
१० अगस्त, १९८२ ई०

यह अत्यन्त उपयुक्त तथा उचित है कि प्रयाग स्थित प्रसिद्ध शोध संस्थान गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के द्वारा भारत के मूर्धन्य संस्कृतज्ञ पण्डित बलदेव उपाध्याय का सम्मान उनके नाम से अभिनन्दन ग्रन्थ प्रकाशित कर किया जा रहा है। यह भी एक घटनाक्रम का सुसंयोग ही है कि डा० गङ्गानाथ झा के प्रशंसापत्र के द्वारा ही उपाध्याय जी ने शैक्षणिक जगत् में प्रथम प्रवेश किया और उन्हीं डा० गङ्गानाथ झा के नाम पर स्थापित शोध संस्थान वार्धक्य में उनका अभिनन्दन कर रहा है। उपाध्याय जी ने हिन्दी में संस्कृत वाङ्मय विशेषकर इतिहास और दर्शन जैसे गूढ़ साहित्य को विद्वत्समाज के लिए सुलभ किया। यह विगत साठ वर्षों की उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसके पूर्व यह सुविधा केवल अंग्रेजी भाषा के जानकार लोगों को ही सुलभ थी। उपाध्याय जी के ये ग्रन्थ इतने सुविचारित तथा उपादेय हैं कि इन ग्रन्थों के अन्य भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में अनुवाद प्रकाशित हुए हैं।

उपाध्याय जी का ग्रन्थ-लेखन की अपेक्षा अध्यापन में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। जिस समय इनकी नियुक्ति काशी हिन्दूविश्वविद्यालय के संस्कृत तथा पालि विभाग में हुई उस समय विश्वविद्यालयों में संस्कृत की प्रतिष्ठा उतनी नहीं थी और विद्यार्थी संस्कृत विषय लेने में हिचकते थे। परन्तु उपाध्याय जी के अध्यापन कौशल—सरस और सारगर्भित व्याख्यानों—से छात्र इतने प्रभावित हुए कि न केवल संस्कृत में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी अपितु संस्कृत के प्रति विश्वविद्यालयों में सम्मान भी बढ़ा। उनके असंख्य शिष्यों का समाज सम्पूर्ण देश में उनकी कीर्तिकौमुदी को फैला रहा है। उनके अध्यापन-कौशल और पाण्डित्य से मैं भी व्यक्तिगत रूप से परिचित तथा प्रभावित हुआ हूँ।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी उपाध्याय जी का सम्बन्ध सर्वभारतीय काशिराज न्यास से प्रारम्भ से ही रहा है और न्यास के कार्यक्रमों में वे समय-समय पर सक्रिय सहयोग देते रहे हैं। न्यास के प्रकाशनों का वे विधिवत् अवलोकन करते रहे हैं जिसका प्रमाण उनका ग्रन्थ 'पुराण-विमर्श' है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि सम्प्रति वे सर्वभारतीय काशिराज न्यास के न्यासीमण्डल के एक प्रतिष्ठित न्यासी हैं।

बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना है कि इस वार्धक्य में भी पण्डित जी को स्वस्थ तथा प्रसन्न रखें जिससे वे संस्कृत-वाङ्मय की अविच्छिन्न रूप से सेवा करते रहें।

विभूति नारायण सिंह

*डा० सुरति नारायण मणि त्रिपाठी*
भू० पू० उपकुलपति, संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी

**९-डी०, सिविल लाइन्स**
**गोरखपुर**

यह जानकर कि गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद आचार्यप्रवर बलदेव उपाध्याय को एक अभिनन्दन ग्रन्थ समर्पित कर रहा है बड़ी प्रसन्नता हुई। यह ग्रन्थ समर्पण एक योग्य, संस्कृत निष्ठ, विद्वान् का समुचित समादर है।

आचार्यप्रवर उपाध्याय जी का नाम तो पहले ही से सुन रखा था, किन्तु मेरी पहली भेंट उनसे तब हुई जब मैं काशी में १९६१ में संस्कृत विश्वविद्यालय का कुलपति (उस समय उपकुलपति) होकर गया। मेरे कार्य-भार ग्रहण करने के कुछ ही काल बाद संस्कृत विश्वविद्यालय में पुराणेतिहास विभाग में प्राचार्य और विभागाध्यक्ष का स्थान रिक्त हुआ और चयन समिति ने सर्वसम्मति से उपाध्याय जी का नाम संस्तुत किया जिसे कार्य परिषद ने सहर्ष स्वीकार किया। उपाध्याय जी ने इस पद की गरिमा और उत्तरदायित्व को बड़ी योग्यता और निष्ठापूर्वक निबाहा। उपाध्याय जी का भव्य व्यक्तित्व पहले ही साक्षात्कार में अमिट छाप डाल देता है। उपाध्याय जी निर्भीक, स्पष्टवादी, हंसमुख और एक जागरूक व्यक्ति हैं। जो भी काम इनके सुपुर्द किया जाता है, बड़े मनोबल से सम्पादन करते हैं। संस्कृत साहित्य और हिन्दी साहित्य की इन्होंने बड़ी सेवा की है। इनका साहित्यिक कार्य सदा अनु-सन्धानात्मक रहा है।

मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि वे उपाध्याय जी को स्वस्थ रखें और शतायु करें जिससे उपाध्याय जी समाज और साहित्य की सेवा जीवन-पर्यन्त करते रहें। ओम् शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

**सुरति नारायण मणि त्रिपाठी**

॥ श्री विश्वनाथो विजयते ॥

आचार्य बदरीनाथ शुक्लः
भू० पू० कुलपति
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

बी० २-२३७ भदैनी
वाराणसी

प्रिय श्री त्रिपाठी

महामनीषी श्री बलदेव उपाध्याय को अभिनन्दन ग्रंथ अर्पित करने के आपके संकल्प से आपके प्रति मेरे मन में नये स्नेह और सम्मान की वृद्धि हुई है। इस स्तुत्य कार्य के लिए आप मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार करें।

पण्डित श्री बलदेव उपाध्याय वर्तमान युग के उन महान मेधावी पुरुषों में आदर के साथ गणनीय हैं जिन्हें नवीन साहित्यिक युग का स्रष्टा कहा जा सकता है। उपाध्याय जी के ग्रन्थों से वेद, उपनिषद्, पुराण, तन्त्र, दर्शन, भाषाविज्ञान और काव्य साहित्य के विशिष्ट पाण्डित्य का स्पष्ट अवबोध होता है।

उनके ग्रंथ केवल संग्रहात्मक न होकर, उनके अपने अनेक महत्त्वपूर्ण चिन्तनों से भरे हुए हैं। उनकी भाषा, शैली और तत्त्वबोध अत्यन्त प्रशंसनीय हैं। उनकी विद्वत्ता को सुजनता, आस्तिकता और चारित्रिक उदात्तता का मञ्जुल सामञ्जस्य प्राप्त है।

विद्वानों के प्रति सौहार्द्र और विद्यार्थियों के प्रति पुत्र-वात्सल्य उनके अद्‌भुत गुणों में समाविष्ट किये जा सकते हैं। ऐसे सन्त विद्वान् का, जिसकी लेखनी अविश्रान्तभाव से वर्षों से साहित्य रचना में लगी हुई है, अभिनन्दन करना, अत्यन्त पावन अनुष्ठान है।

इन शब्दों के साथ उन्हें मेरा विनयपूर्ण अभिवादन समर्पित है।

भवदीय
बदरीनाथ शुक्ल



*श्रीनारायण चतुर्वेदी*

५३, खुर्शेद बाग
लखनऊ-४

मान्यवर त्रिपाठी जी,

यह जान कर परम प्रसन्नता हुई कि आचार्य बलदेव उपाध्याय अभिनन्दन ग्रन्थ के प्रकाशन का आयोजन हो रहा है। उनके समान महान् विद्वान् और साहित्य की श्री-वृद्धि करने वाले मनीषी का अभिनन्दन कर हम लोग वास्तव में हिन्दी और संस्कृत का तथा अपना ही गौरव बढ़ायेंगे।

मैं अब ८९ वर्ष को समाप्त कर रहा हूँ। शिथिल तो हो ही गया हूँ, आँखों में मोतियाबिन्द के कारण अभ्यास और अनुमान से पत्रादि लिख लेता हूँ। अपना लिखा ही पढ़ने में कठिनाई होती है। फिर आचार्य जी के समान महान् विद्वान् के कृतित्व पर मेरा ऐसा अल्पज्ञ यदि कुछ लिखने का प्रयत्न करे तो वह एकदम अनधिकार चेष्टा और धृष्टता होगी। मैं तो इस अवसर पर उनके महान् कृतित्व, प्रकाण्ड पाण्डित्य, हिन्दी साहित्य की अपूर्व श्रीवृद्धि करने के महान् कार्य और उनके सरल एवं सरस व्यक्तित्व के प्रति केवल अत्यन्त विनम्रता से अपनी श्रद्धा और सराहना के शब्द-सुमन ही अर्पित कर सकता हूँ।

विनीत
**श्रीनारायण चतुर्वेदी**

*आचार्य प्रियव्रत शर्मा*

**वाराणसी**

आचार्य बलदेव उपाध्याय भारतीय संस्कृति की प्रतिमूर्ति हैं। उनकी सौम्य मुखमुद्रा एवं भारतीय परिधान से प्राचीन परम्परा के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा प्रकट होती है। यही कारण है कि प्राचीन भारतीय वाङ्मय के समुद्र से अनेक अनमोल रत्नों के अधिकार एवं प्रस्तुतीकरण में आपने अपनी समग्र विद्वत्ता तथा प्रतिभा का पूर्णतः उपयोग किया। वैदिक वाङ्मय, पुराण, दर्शन, साहित्य सभी आपके कार्यक्षेत्र की परिधि में आते गये और अपने गंभीर मनन-चिन्तन के द्वारा उनमें से सारामृत का आलोडन कर आपने जिज्ञासुओं की पिपासा को शान्त किया।

आचार्य बलदेव उपाध्याय जी ने अकेले जितने विशाल एवं महत्त्वपूर्ण वाङ्मय का सृजन किया है वह एक व्यक्ति द्वारा नहीं बल्कि एक संस्था के द्वारा साध्य है। इस अर्थ में आप एक विशाल संस्था के ही प्रतिरूप हैं। अपने जीवन में वाङ्मय सृजन के अतिरिक्त आपने सैकड़ों-हजारों विषयों का अध्ययन किया जो देश-विदेश में आपके यश का विस्तार कर रहे हैं तथा आपके अनेक शिष्य उच्च पदों पर देश की सेवा कर रहे हैं। इस प्रकार 'अधीतमध्यापित-मर्जितं यशः' इन सभी अर्थों में आचार्य जी का जीवन सफल रहा है। अभी भी अश्रान्त भाव से आप चलते जा रहे हैं एक दूरवर्ती लक्ष्य की ओर, उपनिषदों के 'चरैवेति' मन्त्र को हृदयंगम किये।

ऐसे सरस्वती-तीर्थ के यायावर, महामनीषी, भारती के अश्रान्त साधक आचार्यजी का शतशः अभिनन्दन करता हूँ कि वह उन्हें दीर्घजीवन प्रदान करे जिससे आप समाज को अन्य अनेक ज्ञानरत्न उपहृत कर सकें।

भवदीय

**प्रियव्रत शर्मा**



# श्रद्धाप्रसूनम्

प्रो० बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

प्रज्ञामन्दरसाधनेन सुचिरं निर्मथ्य विद्याम्बुधीन्
उद्धृतैस्तिमिरापहैर्मणिगणप्रख्यैः प्रबन्धैर्नवैः ।
वाग्देव्याः सकलाङ्गमण्डनविधौ बद्धावधानः सुधी-
राचार्यो बलदेव इत्युदयते वाराणसीमण्डनः ॥१॥

निस्तन्द्रा नवलेखगुम्फनविधौ यल्लेखनीवल्लरी
सूते नूतननूतनानि कुसुमान्यामोदयन्ती दिशः ।
विद्वद्वृन्दमनोविनोदनपरा वाग्देवतावाटिका—
मध्यस्था वयसाऽधिकाऽपि सततं तारुण्यमारोहति ॥२॥

अज्ञातान् बहुशो विशेषविषयान् विज्ञापयन्ती धिया—
मध्वानं परिशोध्य बोधसुषमां सम्प्रापयन्ती मुहुः ।
विद्वद्वृन्दशिखामणेरविरतग्रन्थावलीनिर्मितिः
साश्चर्यं सकुतूहलं सविनयं सर्वैः समभ्यस्यते ॥३॥

काशीपण्डितमण्डलीपरिचयप्राप्तप्रगल्भोल्लसद्
वैदुष्यश्रियमाप्य शिष्यनिवहे तां वर्धयन्नन्वहम् ।
स्वाध्यायैकरतिर्विकस्वरतरोपाध्यायवंशांशुमान्
आचार्यः सुखमेधतां क्षितितले बालेन्दुमौलेर्दृशा ॥४॥

तस्याऽस्मिन्नभिनन्दनोत्सवनवग्रन्थावतारे मिल—
न्नानालेखविचित्रिते कृतधियां वैदुष्यपोषावहे ।
श्रद्धामात्रसमुद्गतं किमपि मे वाक्पुष्पमास्तां विदा-
मामोदाय सरस्वती रसवती जीव्यात्सहस्रं समाः ॥५॥



# "आदर्शाणां प्रभापुञ्जः"

डा० शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदः

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

आचार्यप्रवरं तं वन्दे विद्याचमत्कारम् ।
विदुषामपि गुरुवर्यं मान्यानां माननीयतमम् ॥१॥

यन्नामाक्षरमाला संस्कृतसंघे विलासमायाता ।
विमुखमतीनपि निखिलान् विद्याभक्तान् समातनुते ॥२॥

विद्वत्प्रवरे नित्यं यशोवितानैर्विभासिते दिव्ये ।
विलसति संस्कृतशोभा हर्षोल्लासैः प्रकाशिता भव्या ॥३॥

विद्वद्वरैर्विरचिता ग्रन्थाः शुभ्रप्रभावपरिपूर्णाः ।
विश्वस्मिन् विद्यायाः प्रभाविलासं वितन्वन्ति ॥४॥

अविरतगत्या गुरुरयममलां स्वीयां सुलेखिनीं रुचिराम् ।
नवनवभावविलासैर्दीप्तिमतीमद्य चालयति ॥५॥

इतिहासे साहित्ये दर्शनशास्त्रे चरित्रलालित्ये ।
आगम-निगमविभेदे ग्रन्थास्तेनेह संरचिताः ॥६॥

सारस्वतसाम्राज्यं यावत्कालं समातन्वन् ।
गुरुवर्योऽयं नितरामादर्शाणां प्रभापुञ्जः ॥७॥

वाराणस्यामस्यां सर्वैर्देवैर्विलसितायाम् ।
जङ्गमदेवो विमलः श्रीबलदेवः प्रणम्यते सर्वैः ॥८॥

# प्रशस्ति-गीतिः

रतिनाथ झाः

वाराणसी

यद् भूमीतलवैभवं यदखिलक्लेशापहं यत् स्थिरं
यत् सर्वार्थसमर्पणेऽतिनिपुणं यद् सौमनस्यं श्रियः।
यल्लोकोत्तरसत्फलेन सुभगं यद् भुक्तिमुक्तिप्रदं
तज्ज्योतिस्तमसः क्षयाय मनसः सारस्वतं धीमहि ॥१॥

पीता नो मदिरा कदापि, न तनुर्नीलाम्बरेणावृता
न स्कन्धे निहितं हलं न मुसलं हन्तुं परानुद्धृतम्।
नो वा मन्मथलीययैव लसितं तारुण्यमास्वादितं
भूयः श्रीवलदेव एव विबुधाधीशोऽधुना राजते ॥२॥

भालं कुङ्कुमबिन्दुभूषितमनायासं सहासं मुखं,
सोष्णीषं च शिरः, करोऽतिनिरतः सल्लेखनीचालने।
अश्रान्ता मतिरुज्ज्वला नवनवोन्मेषोत्सवा चिन्तने
कर्मण्यो विबुधार्चितो विजयते सोऽयं सुधीन्द्रो महान् ॥३॥

कायं नास्पृशदामयो, न हृदयं चिन्तानलोऽदीदहत्,
न प्रत्यूहपरम्परा व्यघटयत् सत्कर्मसम्पादनम्।
नव्यं नव्यमतीवभव्यरचनासङ्कल्पपूर्त्तिप्रथा-
पाण्डित्यं, न कदाचिदस्य समयं मोघं चकार क्षणम् ॥४॥

मुद्रा मुद्रणकर्मणा निजनवग्रन्थाकरस्यार्जिता
वर्धन्ते प्रतिवासरं सुरगवीसेवार्थमेवार्पिताः ।
लक्ष्मीकीर्तिसरस्वतीप्रभृतयो देव्योऽनुरक्तात्मना
सेवन्ते निभृतं कलाविलसितं धीमन्तमेनं सदा ॥५॥

यस्याध्यापनकौशलेन विजितो वाचस्पतिः स्वर्गतो
व्याख्यानाच्च बिभेति वाग्मितिलको भूमीतलस्याञ्चले ।
सद्भाषात्रितयी त्रयीव वदनान्निःष्यन्दमाना विदां
श्रोत्रद्वारमुपेत्य साधु हरते सान्द्रान्धकारं हृदः ॥६॥

शिष्या यस्य परः शताः प्रतिदिशं तन्वन्ति बोधत्विषं
ग्रन्थाश्चापि समादृता मतिमतां छिन्दन्ति मोहं धियः ।
वाणी यस्य निराकरोति नितरां मुग्धां सुधामाधुरीं
सत्कीर्तिर्धवलीकरोति धरणीं, सोऽयं जयत्युन्नतः ॥७॥

साहित्ये रसमेदुरे गुणवति प्रोद्यत्प्रभावाञ्चिते-
ऽलङ्कारप्रभयोज्ज्वलीकृतवपुष्यौचित्यचर्चोर्जिते ।
निर्दोषे वरवक्रताविलसिते कल्याणकल्पद्रुमे
शश्वन्निर्मलजीवनेन भवता मूलं भृशं सिच्यते ॥८॥

सर्वं संस्कृतवाङ्मयं नवनवैर्व्याख्याय सत्पुस्तकै-
र्जिज्ञासोः करयोर्व्यधायि भवता रत्नप्रदीपोऽद्भुतः ।
यस्यासाद्य तमोनिवारणपरामालोकमालां स्फुटां
गाहन्तेऽखिलशास्त्रकाननमतिक्षीणा अपि प्राणिनः ॥९॥

एकः कोऽपि तथाविधो न लिखितो ग्रन्थोऽमुना धीमता
यो नेहास्ति पुरस्कृतोऽर्थनिचयैर्नो वार्चितः संविदा ।
छात्राणां विदुषां गवेषणवतामालोचकानां मुदं
तन्वन् राजति हर्षवर्धनकरो विद्यावतां प्राणदः ॥१०॥

रागद्वेषपरायणेऽत्र भुवने प्रापञ्चिकीं प्रक्रियां
प्रोत्सृज्यामरभारतीपदमनुध्यातुं गृहीतव्रतः ।
दातुं संविदमार्जवेन मनसो लोकाय शोकापहां
देशेऽस्मिन् विपुले भवानिव भवानेकोऽधुना भ्राजते ॥११॥

सौजन्ये, विनये, नये, प्रवचने निर्देशने धीमतां
पाण्डित्ये, सुकृतोर्मिमेदुरगिरामुद्दाममोदार्पणे ।
दाक्षिण्ये, प्रणये, समस्तविबुधव्रातोदयाशंसने,
नान्यः कोऽपि भवादृशोऽधिभुवनं कुत्रापि संदृश्यते ॥१२॥

संख्यातीतमहार्हरत्ननिकरैरुद्भासितो वाङ्मय-
क्षीराब्धिर्भवताऽधुनाधिधरणि प्रासारि संविन्मयः ।
सर्वाश्चर्यकरेण भव्यविधिनाऽगस्त्यो मुनिर्निर्जितः
पीतस्तेन पयोनिधिः पुनरहो ! स्फारीकृतोऽसौ त्वया ॥१३॥

गृह्णन्नक्षररत्नमन्वहमृणं त्वत्तोऽधमर्णीकृतः
सम्मानादिसमर्पणेऽपि लभते मुक्तिं न विद्वद्गणः ।
निःशेषं परिपीतघोरतमसः पूर्णोपकारं रवेः
कश्चित् प्रत्युपकर्त्तुमर्हति जनः किं दीपकस्यार्पणात् ॥१४॥

ऐतिह्येऽथ गिरो गरीयसि, शुभाम्नाये षडङ्गाश्रिते,
कामं दुर्गमदर्शनेऽति विशदे पौराणिके वाङ्मये ।
शास्त्राणामवनेऽथ काव्यविषयस्यालोचनोपक्रमे,
दुर्बोधे बत नास्त्यशास्त्रमहिमोद्गारेऽस्ति कस्त्वादृशः ? ॥१५॥

गाम्भीर्ये मदमम्बुधेर्गिरिवरस्योत्तुङ्गशृङ्गोच्चता-
मौन्नत्ये, शकलीकरोति यशसा यः पूर्णचन्द्रश्रियम् ।
माधुर्ये त्वधरीकरोति वचसां द्राक्षां सितां माक्षिकं
सौजन्ये स बिभर्ति सर्वविबुधाधीशार्हणां निश्छलाम् ॥१६॥

पात्रं हन्त ! तदेव राजतमयं, स्वच्छा दशाप्युत्तमा,
किन्तु स्नेहसमर्पणेऽतिकृपणैः खद्योतितो दीपकः ।
आलोकाय शिखामशेषतिमिरध्वंसाय कर्त्तुं नवां
यस्य प्रेरणयार्पयन्ति विबुधाः स्नेहामृतं, तं नुमः ॥१७॥

यत् सुस्वादुरसायनं यदमृतं यच्चारुचन्द्रोज्ज्वलं
यत् स्निग्धं मधुरं यदाज्यललितं यत्सर्वलोकस्तुतम् ।
यन्मङ्गल्यमनाविलं यदतुलं यद्वन्दनीयं गुणै-
र्हा तत् पित्तलपात्रसङ्गनिहितं दध्यद्य संरक्ष्यताम् ॥१८॥

उद्दीप्यत्यघसम्प्लवेऽथ शिथिलप्राये सतां मानसे,
लुप्यच्चारुतरे नितान्तरुचिरे चारित्र्यचामीकरे, ।
सर्वत्र प्रसरत्प्रगाढतिमिरे, व्यर्थीभवत्यक्षिणि,
प्राणानां परिरक्षणे सुरगिरस्त्वं त्वादृशो दृश्यसे ॥१९॥

सदैव स्वाध्याये निरतमुरुसद्ग्रन्थरचने
कृतारम्भं सम्भावितममलसंरम्भमहितम् ।
स्वभाषां सम्भासा ललितललितां कीर्तिकलितां
वितन्वन्तं वन्दे बुधवरमुपाध्यायचरणम् ॥२०॥

नित्यं नूतनतत्त्वबोधनपरैरावश्यकैः पुस्तकैः
स्वान्तध्वान्तनिवारणे सुपटुभिर्विद्यानुरक्तात्मनाम् ।
श्रेयांसि प्रथयन् भवान् सुमनसामामोदमुद्वर्धयन्
प्रीत्या वर्षशताधिकं सुखमयं जीव्याज्जनाभ्यर्चितः ॥२१॥

# आचार्य श्री बलदेवउपाध्यायः .

## यथाहमेनं जाने

*डा० जयमन्तमिश्रः*

**दरभंगा**

आचार्यप्रवरं पण्डितवरं स्वनामधन्यं श्रीवलदेवोपाध्यायं न केवलं भारतीयाः संस्कृतप्रणयिनः विद्वांसः शिक्षकाश्छात्राश्च जानते, अपितु वैदेशिका अपि प्राच्यविद्याविशारदा विजानतेतराम् । महाभागस्यास्य अनेकानि संस्कृतशास्त्र-दर्शन-साहित्य-सम्बद्धानि पुस्तकानि विश्वस्मिन् विलसन्ति यानि समधीत्य जना-विशेषतो विजानते परिचिन्वते चैनम् ।

खिष्टीयद्वाचत्वारिंशे सम्वत्सरे वाराणसेय-राजकीय-संस्कृत-कालेजीय-शास्त्रि-परीक्षायां निर्धारितम् संस्कृत-कविचर्चा नामकं पुस्तकं समधीतं मया ज्ञातञ्च उपाध्याय-महोदयस्य संस्कृत-कवि-काव्य-सम्बन्धि-विपुलं-ज्ञानम् । सरलसुललित-भाषया विषयोपस्थापननैपुण्यञ्च एतदीयमतिप्रशंसनीयम् । तदनन्तरमदसीयं-समधीतं प्रसिद्धसंस्कृत-कवि-काव्य-संक्षिप्तपरिचयात्मकं संस्कृतवाङ्मयम् ।

ततश्चाभ्यवर्षन्-उपाध्याय- गभीर- ज्ञान- महासागर- गृहीत- प्रज्ञाम्बुराशिधरात् भारतीयदर्शन-बौद्धदर्शनमीमांसा-भारतीयकाव्यशास्त्र-संस्कृतसाहित्येतिहास-वैदिकसाहित्य-संस्कृति-भारतीयधर्मदर्शन- पुराणविमर्श-महाकविभासाध्ययन-वैष्णवसम्प्रदाय -साहित्यसिद्धांत- संस्कृतशास्त्रेतिहास-सूक्तिमञ्जरी - सुकविसमीक्षा - धारा - भारतीय - दर्शन-धर्म-संस्कृति-पुराण-साहित्यादिज्ञान-पिपासु-तृप्तिकराः ।

श्रीमान् उपाध्यायमहोदयः आचार्यप्रवर-इति तत्परिचितजनाः सर्वे विजानन्ति । 'आचार्यः आचारं ग्राहयति, आचिनोति अर्थान्, आचिनोति बुद्धिमिति वा' इति यास्कीया आचार्यपदनिरुक्तिः[1] एतस्मिन् महाभागे सर्वथान्वर्थतां याति । महाभागोऽयं

---

१. निरुक्ते—१. २. २. ।

स्वसम्पर्किणो नूनमेव आचारं ग्राहयति । तेषां बुद्धिमाचिनोति-अनुकृष्य एकत्र लगयति तस्मान्निश्चितोऽयमाचार्यः ।

संस्कृतवाङ्मयपरिशीलनपरिपक्वबुद्धेरुपाध्यायमहोदयस्य विविधां संस्कृत-सेवां समवलोक्य भारतसर्वकारः ससम्मानमेनं पुरस्कृत्य सम्मान्येनानेन स्वसम्मानमेव सम्मानितवान् ।

विदेशमन्त्रालयान्तर्गतभारतीयसहयोगनियोगे नेपाले काष्ठमण्डपे (काठमाण्डुनगरे) त्रिभुवनविश्वविद्यालये संस्कृतविभागे प्राचार्यपदे कार्यं विदधता मया तद् विश्वविद्यालयीय-कार्यसम्पादनाय श्रीमान् उपाध्यायमहोदयः तत्र अनेकवारमामन्त्रितः । श्रीपशुपति-दर्शनं-चिकीर्षता मयि स्निह्यता च उपाध्यायमहाभागेन तत्र ममावासे सकृपमवस्थाय अनुग्रहः कृतः । तेष्ववसरेषु अतिसमीपतः महानुभावस्यास्य आचारं विचारं वैदुष्यं प्रति-पादन-शैलीं शिशुभिः सह प्रमोदावहां परिहासविजल्पन् सरणिञ्चावगत्य श्रद्धावन-तोऽभूवम् । अधुनापि कथाप्रसङ्गे अस्मत् परिवारसदस्यैः अवसरास्ते समोदं समनुस्मर्यन्ते ।

एकस्मिन्नवसरे त्रिभुवनविश्वविद्यालये विद्वत्समाजे संभाषमाणेन उपाध्याय-महाभागेन पुराणीयप्रह्लादोपाख्यानरहस्यं समुद्घाटि । हिरण्यकशिपोः अति-समृद्धि-शालिन एव प्रासादे प्रह्लादः समुदेति नाकिञ्चनस्य गृहे । यदि नाम सार्वजनिकं तं प्रह्लादं हिरण्यकशिपुः केवलं स्वीयमेव कर्तुमिच्छति तदा प्रह्लादेन सह विद्रोहो जायते इति प्रकारान्तरेण सम्यगवबोधयता उपाध्यायमहोदयेन तत्रत्यश्रोतृ-समाजश्चमत्कृतः ।

द्वितीयस्मिन्नवसरे तत्रैव भाषमाणेन उपाध्यायमहाभागेन जामातृणा-पशुपतिना सह श्वशुरस्य दक्षप्रजापतेर्विरोधस्य रहस्यं समुद्घाटयता प्रत्यपादि—दक्षेण (कुशलेन) प्रजापतिना सर्वजनकल्याणकरेण भाव्यम् । तेन सार्वजनिकयज्ञे न केवलं देवा देवर्षयो वा आमन्त्रणीयाः, अपितु पशुपतिः सर्वजनशङ्कर शङ्करोऽपि आमन्त्रणीयः । तेन तथा न कृतम् । अतएव यज्ञविध्वंस इति तद् भाषणस्य श्रवणं मननञ्च विधाय विलक्षणां प्रतिपादनशैलीं समवलोक्य श्रोतारश्चमत्कृता अभूवन् ।

आचार्यपण्डितश्रीबलदेवोपाध्यायाभिनन्दन-सारस्वत-यागोऽयं जायतां जगन्मङ्ग-लाय विद्वत्समाज-कल्याणाय चेति शम् ।

# संस्कृतप्रचारक्षेत्रे मम प्रेरणादातारः

*वासुदेव द्विवेदी शास्त्री*

**वाराणसी**

सर्वविधसुखसौविध्यसाधनीभूते वित्तार्जने सहायकानि सर्वाण्यपि सेवादिकर्माणि परित्यज्य, गृहं परिवारञ्च उपेक्ष्य केवलं सुरभारतीसेवायां या मयि प्रवृत्तिरुत्पन्ना तत्र द्वयोर्विदुषोर्व्यक्तित्वमहं प्रधानं कारणं मन्ये। तत्र एकं व्यक्तित्वं दिवङ्गतानां महामहोपाध्यायश्रीगिरिधरशर्मचतुर्वेदिमहोदयानां तथा द्वितीयं च एतद्ग्रन्थद्वाराअभिनन्दनीयानां श्रीमदाचार्यबलदेवोपाध्यायमहोदयानां वर्तते। एतयोः श्रीचतुर्वेदिमहोदयानां व्यक्तित्वस्य प्रभावो मम प्रारम्भिकछात्रावस्थायामेव सञ्जातो यदा जयपुरस्य एकस्यां विद्वत्सभायां मया सर्वप्रथमं तेषां दर्शनं कृतं भाषणञ्च आकर्णितम्। ततः प्रभृत्येव मम हृदये संस्कृतसेवां प्रति निष्ठा जागरिता, एतस्मिन्नेव च पुण्यकर्मणि जीवनं यापयितुं दृढो निश्चयो विहितः। परन्तु संस्कृतप्रचारोपयिकानां कर्तव्यानां निर्धारणं तदुपयोगिसाधनसम्पादनविषये च या प्रेरणा प्राप्ता, यः प्रकाशो लब्धः या च काचित् सफलताऽधिगता तत्र माननीयानां श्रीमदाचार्योपाध्यायमहोदयानां व्यक्तित्वमेव मम परमं सहायकमभूदिति मे सुनिश्चितो विचारः। न केवलं वाराणसीनिवासकाले तेषां सम्पर्केण संस्कृतसम्बन्धिनीभिर्विविधचर्चाभिस्तथा तदीयनिबन्धानामध्ययनेनैव प्रत्युत विभिन्नप्रदेशीयसंस्कृतसम्मेलनानामनेकेषु आयोजनेष्वपि तैः सह गमनेन, अवस्थानेन, नानाविधकाव्यशास्त्रचर्चया च मदीये ज्ञाने, उत्साहे कर्तृत्वे च सुमहती अभिवृद्धिर्जातेति महान्तमुपकारमहं मन्ये माननीयानामुपाध्यायमहोदयानाम्। एतदतिरिक्तं मम संस्कृतभाषासाहित्यसंस्कृतिविषयकज्ञानवर्धनाय अनेकवारं बहवो दुर्लभग्रंथा अपि सस्नेहं प्रदत्ता ये मम संस्थायाः पुस्तकालयस्य गौरवं वर्धयन्ति बहूनां शोधच्छात्राणां च जिज्ञासापूर्तौ सहायका भवन्ति।

माननीयानामुपाध्यायमहोदयानां सुदीर्घकालात् परिचयेन तेषां स्नेहातिशय-लब्धेन सम्पर्कातिशयेन च तत्सम्बद्धानि सुबहूनि संस्मरणीयवृत्तानि मम स्मृतिपथे विराजन्ते परं सम्प्रति दुर्दैववशात् मस्तिष्कगतविकारग्रस्ततया अधिकं लिखितुमशक्यत्वादेतावदेव तेषां श्रीचरणयोरर्पयित्वा विरमामि ।

एभिः कतिपयवर्णैः श्रद्धासम्मानभक्तिभरितानि ।
श्रीमत्पदपङ्कजयोः शतशतमभिवन्दनानि विदधामि ।।

# आचार्य पण्डित बलदेव उपाध्याय

## जीवन परिचय

डा० विशुद्धानन्द पाठक

काशी विश्वविद्यालय

वाराणसी

मध्यकालीन भारत के प्रसिद्ध संस्कृत कवि राजशेखर को इस बात का गर्व और आत्मसन्तोष था कि वे कन्नौजराज प्रथम महेन्द्रपाल के 'गुरु' और 'उपाध्याय' थे—

**रहुउलचूडामणिणो महिन्दवालस्स को अ गुरू ।**
**बालकई कइराओ णिब्भरराअस्स तह उवज्झाओ ।।***

प्रस्तुत लेखक को इस बात का गर्व और संतोष है कि उसे आचार्य पण्डित बलदेव उपाध्याय जी जैसा अपने छात्र-जीवन में एक 'गुरु' और 'उपाध्याय' प्राप्त हुआ। सभी अर्थों में गुरु और उपाध्याय।

उपाध्याय जी का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सोनबरसा नामक गांव में वि० सं० १९५६ की आश्विन शुक्ल द्वितीया को हुआ था। ईसा संवत् की गणना से वह तिथि १० अक्टूबर सं० १८९९ बैठती है। उपाध्याय जी के पिता पं० रामसुचित उपाध्याय और उनकी माता श्रीमती मूर्ति देवी पण्डिताई की पारिवारिक परम्पराओं के बीच जन्मे और पले थे। पण्डित रामसुचित उपाध्याय वैष्णव परम्परा के एक निष्णात कथावाचक थे, जिनकी कथाओं में श्रोता के रूप में बचपन से ही पण्डित बलदेव जी भी जाया करते थे। भागवतपुराण का दशमस्कन्ध पण्डित जी के पिता को बड़ा प्रिय था, जिसे सुन सुनकर उनकी भी रुचि उसमें प्रारम्भ से ही बलवती हो गयी। उनके पितृव्य श्री पं० रामउदित उपाध्याय भी

---

* कर्पूरमंजरी, प्रथम ५ और ९।

संस्कृत के अच्छे विद्वान् थे और पास के ही एक प्रसिद्ध एवं विशाल आयत्त वाले नगवा नामक गाँव में स्थित ताहिरपुर के राजा की कोठी में भारतधर्ममहामण्डल की ओर से चलायी जाने वाली ब्रह्मचर्याश्रम नामक संस्कृत पाठशाला के अध्यापक थे। अतः इन सारी पारिवारिक परम्पराओं का वालक बलदेव जी पर गहरा प्रभाव पड़ा।

आचार्य जी की प्रारम्भिक शिक्षा गाँव के ही प्राइमरी स्कूल में हुई। उनका गाँव सोनबरसा (बिहार) के डुमराँव राज्य की रियासत में पड़ता था। उस समय वह रियासत 'कोर्ट आफ् वार्ड्स' के अधीन चली गयी थी, जिसके 'रिसीवर' के रूप में एक ऐंग्लो-इण्डियन प्रबन्धक वहाँ प्रायः आया-जाया करता था। उस प्रवन्धक ने इस गाँव के प्राइमरी स्कूल में होने वालीं शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने हेतु, वहाँ प्राइमरी स्तर में ही अँग्रेजी पढ़ाने के लिये गाँव के ही एक मुन्शी जी को नियुक्त कर दिया, जो पेशे से मुख्तार थे और उस प्रवन्धक के मित्र तथा परिचित थे। इस प्रकार यह सौभाग्य ही की वात थी कि उपाध्याय जी को अपने छात्र जीवन की प्राथमिक सीढ़ियों पर ही अँग्रेजी के प्रारम्भिक ज्ञान का अवसर सुलभ हो गया। संस्कृत की परम्परा पारिवारिक विरासत में प्राप्त हुई ही थी। उपर्युक्त स्कूल में हिन्दी की जो शिक्षा दी जाती थी वह भी उत्तम कोटि की थी।

अपनी अपर प्राइमरी परीक्षा गाँव के स्कूल से उत्तीर्ण कर चुकने पर बालक वलदेव जी अपने पितृव्य श्री पं० रामउदित उपाध्याय द्वारा काशी लाये गये और १९१९ ई० में एक वर्ष तक वे पाण्डेय हवेली में स्थित बंगाली टोला हाई स्कूल के छात्र रहे। स्कूल का कार्य कर चुकने के बाद घर पर जो समय बचता था, उसमें चाचा जी उन्हें संस्कृत की **लघुकौमुदी** पढ़ाया करते थे। इस प्रकार उन्हें पाश्चात्य और पौरस्त्य दोनों ही परम्पराओं की विद्यायें प्राप्त होने लगीं। किन्तु काशी का यह प्रवास अल्पकालिक ही रहा। वे पुनः घर की ओर वापस लौट गये और ७वीं से ९वीं कक्षा तक की उनकी पढाई बलिया जिला सरकारी स्कूल में हुई। वहाँ प्रारम्भ में ही उन पर दृष्टि पडी बलिया के एक अन्य विद्वान् महामहोपाध्याय पण्डित शिवानन्द मिश्र की। मिश्र जी बलिया के पण्डित समाज में अग्रणी थे और अँग्रेजों के कृपापात्र भी। उन्होंने बलिया के जिला कलक्टर ड्यूटर्स्ट के अनुशंसात्मक पत्र के साथ बालक बलदेव जी को बलिया जिला स्कूल से हटा कर फैजाबाद के जिला सरकारी स्कूल की दसवीं कक्षा में १९१५ ई० की जुलाई में प्रवेश करा दिया। १९१६ की स्कूल-लीविंग सर्टीफिकेट परीक्षा अर्थात् हाई स्कूल परीक्षा में पण्डित बलदेव जी ने प्रथम श्रेणी तो प्राप्त की ही, सारे उत्तर प्रदेश के उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में योग्यता क्रम से चौथा स्थान भी प्राप्त किया। हाई स्कूल में प्रथम श्रेणी प्राप्त

करने और संस्कृत में सर्वाधिक अंक लाने पर उपाध्याय जी को अगले चार वर्षों के लिए १५/- प्रतिमाह की छात्रवृत्ति भी प्राप्त हुई ।

आगे उपाध्याय जी की कालेज की पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम स्थान वाराणसी ही माना गया । उनकी संरक्षकता उनके चाचा पण्डित रामउदित उपाध्याय ने पुनः उठा ली ।

१९१६ ई० की जुलाई में सेण्ट्रल हिन्दू कालेज की छत्रछाया में अगले चार वर्षों तक अपना अध्ययन उपाध्याय जी ने वहीं किया । उनके पिता को अपना परिवार चलाने भर की पूरी सामर्थ्य थी और स्वयं उपाध्याय जी को अपना पूरा खर्च चलाने भर को एक अच्छी छात्रवृत्ति प्राप्त हो रही थी । अतः आर्थिक चिन्ताओं से पूर्णतः मुक्त रहते हुए उन्होंने १९१८ ई० में इण्टरमीडियेट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की । यद्यपि बी० ए० की परीक्षा में प्रथम श्रेणी कुछ ही अंकों से उनसे दूर रही, ऐसा नहीं था कि उन्होंने अपने अध्ययन क्रम में कोई प्रमाद किया हो । बी० ए० कक्षा में उन्होंने अपने लिए जिन विषयों का चुनाव किया था—संस्कृत, अर्थशास्त्र और अँग्रेजी साहित्य—उन्हें लेकर कोई उन दिनों प्रथम श्रेणी प्राप्त करने का स्वप्न भी नहीं देख सकता था । संस्कृत छोड़कर उनके दो अतिरिक्त विषय ऐसे थे, जिनमें प्रथम श्रेणी के अंक प्रायः दिये ही नहीं जाते थे । जब प्रस्तुत लेखक ने उनसे यह बात पूछी कि आखिर इन विषयों के चुनाव के पीछे उनका अभीप्सित क्या था तो उत्तर मिला कि "न तो उसमें कोई योजना थी और न कोई स्पष्ट उद्देश्य । वास्तव में वे अन्य मित्रों के साथ के कारण चुन लिये गये थे ।"

१९२० ई० की जुलाई से सेण्ट्रल हिन्दू कालेज कमच्छा से हटकर नगवा स्थित हिन्दू विश्वविद्यालय के अपने नवीन भवन में चला गया और एम० ए० की कक्षाओं के लिए अब उपाध्याय जी को वहाँ ही जाना था । उनका विवाह अत्यन्त छोटी अवस्था (१४ वर्ष) में ही किया जा चुका था । १८-१९ की अवस्था में (जब वे बी० ए० के छात्र थे) उनका गवना (द्विरागमन) भी हो चुका था और उनकी धर्मपत्नी उनके घर (सोनबरसा) आ चुकी थीं । अब इस सम्बन्ध का एक लाभ उपाध्याय जी ने उठाया । उनके श्वसुर के पिता जी, पण्डित यागेश्वर ओझा को बिहार के मुंगेर राज्य से एक मकान काशी के दूध विनायक मुहल्ले में आवास हेतु प्राप्त हुआ था । इस समय यह खाली था और वहीं उपाध्याय जी अब रहने लगे । अगले दो वर्षों तक अपनी एम० ए० की परीक्षा के अध्ययन के समय में नित्य वहाँ पैदल ही लगभग ७ किलो मीटर दूर सेण्ट्रल हिन्दू कालेज (नगवा, विश्वविद्यालय) जाते और आते रहे । इस समय के उनके मित्रों में प्रमुख थे स्वर्गीय पण्डित गणेशदत्त शास्त्री, जो आगे चल कर अँग्रेजी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के एक अत्यन्त

लब्धप्रतिष्ठ अध्यापक सिद्ध हुए। १९२२ ई० में उपाध्याय जी ने संस्कृत विषय से अपनी एम० ए० की परीक्षा पुनः प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की और अन्य सफल छात्रों में सर्वप्रथम योग्यता क्रम से भी रहे।

पण्डित बलदेव जी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की अपनी इण्टरमीडियेट, बी० ए० और एम० ए० की परीक्षाओं के साथ-साथ बनारस संस्कृत क्वीन्स कालेज की प्राच्य विद्यालयों की परीक्षायें भी देते रहे। उन दिनों विश्वविद्यालय में एक साथ एक ही वर्ष दो परीक्षाओं के देने का विधान स्वीकृत था। वास्तव में सुपठित संस्कृत समाज में उन दिनों संस्कृत की विद्या तब तक अपूर्ण मानी जाती थी, जब तक कोई बनारस संस्कृत क्वीन्स कालेज जैसी किसी प्राच्य विद्या संस्थान में दी जाने वाली प्राचीन पद्धति से प्राप्त होने वाली विद्या ग्रहण न किये हो। उपाध्याय जी का सारा पारिवारिक सांस्कृतिक परिवेश भी उस प्रकार की विद्या के अनुशासन से ओतप्रोत था। अन्ततः उन्होंने १९२५ ई० में 'साहित्यशास्त्र' से प्राचीन पद्धति की आचार्य परीक्षा भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

**अध्यापन**

महामना पण्डित मदनमोहन मालवीय की यह विशेषता थी कि जहाँ वे हिन्दू विश्वविद्यालय में भारतवर्ष भर से चोटी के अन्याय विषयों के विद्वानों को जुटाने का हर संभव प्रयत्न करते थे, वहीं उनका यह भी यत्न होता था कि कोई सर्वथा मेधावी विद्यार्थी अपनी शिक्षा समाप्त कर वहाँ से, यदि वह अध्यापक बनने में रुचि रखता हो तो, बाहर न जाने दिया जाय। पण्डित बलदेव उपाध्याय पर मालवीय जी की प्रारम्भ से ही दृष्टि थी और उनके एम० ए० पास करते ही उन्होंने उन्हें संस्कृत विभाग में प्रवक्ता पद पर नियुक्त कर दिया। पण्डित जी अपने छात्र जीवन में ही संस्कृत के तीन अन्यतम विद्वानों के सम्पर्क में आ चुके थे। एक थे पंडित रामावतार शर्मा, दूसरे थे पं० आनन्दशंकर बापू भाई ध्रुव और तीसरे थे पंडित गोपीनाथ कविराज। ध्रुव जी उस समय संस्कृत विभाग के अध्यक्ष ही नहीं, अपितु विश्वविद्यालय के प्रो वाइसचांसलर और सेन्ट्रल हिन्दू कालेज के प्राचार्य थे। गुरुवर बताते हैं कि इन तीनों महापण्डितों ने जो उन्हें सिखाया वह अन्यत्र दुर्लभ था। उनके अनुसार ध्रुव जी का संस्कृत, अंग्रेजी, जर्मन और फ्रेंच के साहित्य का अपार ज्ञान, सभी साहित्यों के तुलनात्मक अध्ययन की बेजोड़ प्रतिभा एवं पाश्चात्य समालोचनात्मक शैली में पूर्ण-दक्षतां तथा पं० रामावतार शर्मा की अद्भुत साहित्यिक प्रतिभा, दुर्लभ स्मरण शक्ति, आशु काव्य रचना की अप्रतिम क्षमता और विद्यार्थियों के मन को उद्वेलित और उद्दीप्त कर सकने की अपूर्व क्षमता भूरि भूरि प्रशंसनीय है। तीसरे महापुरुष पं० गोपीनाथ कविराज के व्यक्तित्व में साधु-संत, विद्वान्,

मनीषी, चिन्तक-दार्शनिक, तांत्रिक और उपासक सबका एक दुर्लभ समाहार प्राप्त होता था। तंत्रशास्त्र और भारतीय दर्शन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त करने वाला कौन सा जिज्ञासु था, जिसने काशी आकर उनका शिष्यत्व न ग्रहण किया हो। उपाध्याय जी भी दर्शन-ज्ञान के लिये उनके चरणों में बैठते थे। ऐसे गुरुओं की प्रेरणा से प्रेरित पं० बलदेव जी की मित्रता हुई एक अन्य वैसे ही विद्वान स्वर्गीय आचार्य पं० बटुकनाथ शर्मा से। परिणाम हुआ उनकी साहित्यिक और अध्यापकीय प्रतिभा का पूर्ण प्रस्फुटन, जिसकी अपेक्षाकृत एक छोटी चर्चा आगे की जायगी।

जब बी० ए० के छात्ररूप में मैंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में १९४४ ई० की जुलाई में अपना प्रवेश लिया तो सौभाग्य हुआ आचार्यप्रवर से **उत्तर रामचरित** नाटक के अध्ययन का। कपड़े का जूता, धवल धोती, लम्बा (जाड़े में रंगीन) कोट, गोल टोपी, उन्नत ललाट पर चन्दन का टीका, छरहरा किन्तु भरा-पूरा स्वास्थ्य, शरीर-सब मिलाकर एक अत्यन्त आकर्षक व्यक्तित्व और मुस्कान भरे मुख की आभा लिये जब पंडित जी कक्षा में घुसते थे, लगता था मानों हम सब देवलोक के प्राणी बन गये हों। तब संस्कृत की पढ़ाई भी अंग्रेजी के माध्यम से होती थी और परीक्षा का माध्यम भी अंग्रेजी ही था। पण्डित जी बढ़िया अंग्रेजी का जिस खूबी के साथ उच्चारण करते थे, वह कभी-कभी अंग्रेजी साहित्य की कक्षाओं (मैंने वह विषय भी बी० ए० में ले रखा था) में भी दुर्लभ प्रतीत होता था। किन्तु अंग्रेजी के प्रयोग के कारण संस्कृत साहित्य के भाव समाप्त हो जाँय, ऐसा कभी नहीं प्रतीत हुआ। आज भी याद हैं वे क्षण, जब पंडित जी बनवास में पड़े हुए राम द्वारा सीता से अयोध्या के दरबार में प्राप्त ऐश्वर्यशील एवं क्रीड़ापूर्ण जीवन के क्षणों की स्मृति के विवरणों को जीवन्तरूप में उपस्थित करते थे ('ते हि नो दिवसा गताः') अथवा प्रजारंजन हेतु सीता को बनवास देते समय राम के मनोभावों का सजीव चित्रण उपस्थित किया करते थे।

**स्नेहं दयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।**
**आराधनाय लोकस्य मुंचतो नास्ति मे व्यथा॥**

सचमुच ही आचार्यप्रवर के **उत्तररामचरित** पढ़ाते समय **"उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते"** साकार हो उठता था।

१९४७-१९४८ ई० में डा० अमरनाथ झा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर प्रतिष्ठित हुए। अध्यापकों की श्रेणियों में जो असंगति थी—उसे इन्होंने दूर किया। वे बड़े ही तेजस्वी व्यक्ति थे, अध्यापन में ही नहीं, प्रत्युत प्रशासन

में भी। उन्होंने आचार्य बलदेव जी के वैदुष्य को परखा और उन्हें संस्कृत विभाग में 'रीडर' का पद प्रदान किया।

१९६० ई० के ३१ मार्च को ३८ वर्षों की अविच्छिन्न एवं नैष्ठिक सेवा के अनन्तर उपाध्याय जी अपने अध्यापक के पद से ससम्मान निवृत्त हुए। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सेवा निवृत्त होने के बाद उपाध्याय जी की विद्वत्ता का समुचित मूल्यांकन किया वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय के उस समय के सुयोग्य, कर्मठ तथा प्रशासन-प्रवीण कुलपति पं० सुरति नारायण मणि त्रिपाठी ने। 'उपाध्याय जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से एक सम्पूर्ण साहित्य का ही निर्माण कर डाला है जिसमें वेद तथा पुराण, बौद्ध दर्शन तथा वैदिक दर्शन, संस्कृत साहित्य की आलोचना तथा सुसम्बद्ध इतिहास आदि नाना विषयों पर मौलिक, गम्भीर तथा प्रदर्शक ग्रन्थों की सत्ता उसकी उत्कृष्टता तथा विपुलता की सद्यः द्योतिका है'—इस तथ्य से त्रिपाठी जी नितान्त प्रभावित हुए। पहिले तो उन्होंने उपाध्याय जी को दो वर्षों (१९६२ ई०-१९६४ ई०) तक 'पुराणेतिहास' विभाग का अध्यक्ष बनाया। तदनन्तर "अनुसंधान संचालक" के रिक्त पद पर तीन वर्षों (१९६५ ई०-१९६८ ई०) तक इन्हें प्रतिष्ठित किया। इनके विषय में यह उक्ति सर्वथा चरितार्थ होती है—"गुन ना हेरानो, गुन गाहक हेरानो है"।

## उपाध्याय जी की महनीय रचनायें

आचार्य पं० बलदेव उपाध्याय जी के ग्रन्थों का विषयगत अथवा आलोचनात्मक मूल्यांकन प्रस्तुत करना वर्तमान लेखक की बुद्धि और प्रशिक्षा के परे है। तथापि उनका एक संक्षिप्त स्वरूप नीचे दिया जा रहा है। पण्डित जी के लिखे हुए ग्रन्थों की संख्या अब तक २८ हो चुकी है, जिनमें से अनेक उनके पूर्व के ग्रन्थों के नवीनीकृत, संशोधित, पुनःप्रकाशित अथवा उनके ज्ञान अथवा अध्ययन की सीमा के विस्तार के साथ नया कलेवर प्राप्त करने वाले ग्रन्थ भी हैं। विषयगत दृष्टि से इनका निम्नलिखित समाहार किया जा सकता है।

## कवि, काव्य और साहित्येतिहास

१९३२ ई० में प्रकाशित **संस्कृत कवि चर्चा** (मास्टर खेलाड़ी लाल, वाराणसी) नामक ग्रन्थ संस्कृत विद्यार्थियों के लिये अत्यन्त उपादेय सिद्ध हुआ है। एक लम्बी अवधि तक अप्राप्त होने के बाद पुनः इसका एक आधुनिक और संशोधित एवं प्राचीन संस्कृत कवियों के अद्यतन मूल्यांकन से युक्त संस्करण **संस्कृत सुकवि समीक्षा** (चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी) के नाम से १९६८ ई० में प्रकाशित हुआ। अपने

इस परिवर्तित नाम से इसका दूसरा संस्करण भी प्रकाशित हो चुका है। इन ग्रन्थों में प्राचीन कवियों के जीवन परिचय, उनके ग्रन्थों के परिचय तथा उनकी काव्य परीक्षा जैसे तत्त्वों के साथ ही साथ संस्कृत काव्य के आलोचनात्मक और विश्वसनीय चित्र उपस्थित किये गये हैं। अन्त में एक परिशिष्ट में मुख्य-मुख्य प्राचीन कवियों की लगभग १५० साधारण कवियों द्वारा कालान्तर में की गई प्रशस्तियों अथवा सूक्तियों और सुभाषितों का एक अत्यन्त उत्तम संकलन यहाँ दिया गया है।

१९३४ ई० में उपाध्याय जी ने हिन्दी का अपना एक अति प्रसिद्ध ग्रन्थ **संस्कृत साहित्य का इतिहास** लिखा। १९७८ ई० तक इसके दस संस्करण (शारदा संस्थान, वाराणसी) निकल चुके हैं। मैसूर विश्वविद्यालय के 'स्कूल आफ कन्नड स्टडीज़' की ग्रन्थावलियों में इस पुस्तक का कन्नड़ भाषा में अनुवाद हो चुका था। इसके अतिरिक्त इसका अनुवाद तेलगू में भी हुआ। कदाचित् इस विषय पर इस ग्रन्थ की समता का बिरला ही कोई अन्य ग्रन्थ हिन्दी अथवा अन्य किसी भारतीय भाषा में हो। इस ग्रन्थ में चार खण्ड हैं, जिनमें **रामायण, महाभारत, दृश्य-श्रव्य-काव्य** तथा अलंकार शास्त्र के पाण्डित्यपूर्ण विवरण हैं। इसके अतिरिक्त जवनिका, भारतीय रंगशाला तथा **भागवत पुराण** के साहित्यिक रूप के जो विवरण इस ग्रन्थ में प्राप्त होते हैं, वह ऐतिहासिक दृष्टि से हिन्दी भाषा में प्रथम विद्वत्तापूर्ण प्रयत्न तो है ही, अनेक विषयों जैसे जवनिका पर भारतीय दृष्टि के प्रतिनिधि हैं। इस ग्रन्थ का एक संक्षिप्त संस्करण १९८२ ई० में **संस्कृत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास** नाम से शारदा संस्थान, काशी, से प्रकाशित हुआ है।

उपर्युक्त पुस्तक का सम्भवतः एक पूरक प्रयत्न है **संस्कृत वाङ्मय** (शारदा मन्दिर काशी, १९६५ ई०)। इसमें संस्कृत महाकाव्य, गीतिकाव्य, नाटक साहित्य, गद्यकाव्य, कथासाहित्य एवं अलंकारशास्त्र का विस्तृत विवरण है। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शनों के इतिहास का भी एक संक्षिप्त विवरण इसमें समाहित है। **संस्कृत शास्त्रों का इतिहास** (शारदा मन्दिर, काशी, १९६९) के माध्यम से आचार्य प्रवर ने आयुर्वेद, ज्योतिष, अलंकार शास्त्र, छंदशास्त्र, कोष विद्या तथा व्याकरण इन छह शास्त्रों के उदय और विकास का एक वैज्ञानिक विवेचन प्रस्तुत किया है।

**महाकवि भास** नामक अपनी कृति (चौखम्बा विद्याभवन, काशी, १९७० ई०) में पण्डित प्रवर ने संस्कृत साहित्य के उस अमर नाटककार के जीवनचरित्र, उनके ग्रन्थों का परिचय, नाट्यलेखन की विधा में भास की परिपक्वता तथा नाटक साहित्य के विकास में उनके स्थान और योगदान पर वैदुष्यपूर्ण प्रकाश डाला है। **काव्यानुशीलन** उपाध्याय जी के साहित्यिक और सांस्कृतिक निबन्धों का एक संग्रह है, जिसमें आलोचनात्मक निबन्धों के साथ हिन्दी काव्य की मीमांसा, भोजपुरी

के लोककाव्यों की चर्चा तथा संस्कृत काव्य से सम्बद्ध विषयों का पाण्डित्यपूर्ण प्रतिपादन है।

अनेकशः ज्ञात, एवं अज्ञात प्राचीन भारतीय कवियों की सूक्तियों का संग्रह संस्कृत साहित्य की निजी विशेषताओं में एक रही है, जो अतीत से अद्यतन काल तक किसी न किसी रूप में और मात्रा में प्रत्येक सुधी को विभोर करती रही है। **सूक्ति मंजरी** नामक अपने संग्रह से उपाध्याय जी ने भी इस सरणि में एक कड़ी जोड़ी है, जिसके १५ परिच्छेदों में भिन्न-भिन्न विषयों के सुभाषित एक साथ रखे गये हैं। अनेक प्राचीन सूक्ति ग्रन्थों को हम प्रायः केवल संस्कृत मूल में प्राप्त करते हैं और संस्कृत न जानने वाले अथवा कम जानने वाले उनका लाभ नहीं उठा पाते। उपाध्याय जी ने अपनी इस कृति में मूल का हिन्दी अनुवाद देकर उन्हें सुबोध बना दिया है।

## संस्कृत आलोचना शास्त्र

साहित्यिक आलोचना अथवा विमर्श का विशद अध्ययन, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में विभिन्न साहित्यिक रचनाओं का मूल्यांकन, आलोचना सिद्धान्त का प्रायोगिक उपयोग तथा तत्सम्बन्धी सिद्धान्तों और प्रयोगों का विद्वत्तापूर्ण विवेचन संसार के सभी साहित्यों की विशेषताओं का एक प्रमुख तत्त्व रहा है। आचार्य बलदेव जी ने इसी सरणि में **भारतीय साहित्य शास्त्र** नामक दो खण्डों वाले एक ग्रन्थ का प्रणयन १९४८-४९ ई० में किया और प्रसाद परिषद्, काशी से प्रकाशित कराया। हिन्दी भाषा के माध्यम से संस्कृत साहित्य के आलोचना शास्त्र का इतिहास उपस्थित करने वाला कदाचित् यह सर्वप्रथम प्रयत्न और साथ ही सर्वोत्तम ग्रन्थ है। इसमें साहित्य शास्त्र का शृंखलाबद्ध इतिहास, प्रारम्भ से १८वीं शती तक के विभिन्न आचार्यों के जीवन चरित्र, साहित्यशास्त्र के विभिन्न सम्प्रदायों के उदय तथा विकास, कविरहस्य, काव्यरहस्य तथा रस आदि सिद्धान्तों का ऐतिहासिक, तिथिक्रमपरक और समालोचनात्मक विवेचन है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें पाश्चात्य आलोचना पद्धति के सिद्धान्तों का भारतीय आलोचना विधा से तुलनात्मक विवेचन यथास्थान प्राप्त होता है। ग्रन्थ के द्वितीय खण्ड में उपर्युक्त शैलियों के प्रयोग को यथावत् अपनाते हुए प्रायः ऊपर की सभी विशेषताओं के साथ औचित्य, रीति, वृत्ति तथा वक्रोक्ति नामक काव्य पद्धतियों के विवेचन और उनके क्रमिक विकास दिखाये गये हैं। बंगलोर विश्वविद्यालय के तत्त्वावधान में इसका कन्नड़ भाषा में अनुवाद भी प्रकाशित हो चुका है।

संस्कृत आलोचना पर आचार्य प्रवर ने **संस्कृत आलोचना** (हिन्दी समिति,

लखनऊ) नामक एक अन्य ग्रन्थ भी विद्वद्जगत् को दिया है, जिसके १९७७ ई० तक तीन संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं।

## धर्म, संस्कृति, दर्शन और दार्शनिक

हिन्दी भाषा के माध्यम से आचार्य बलदेव उपाध्याय ने भारतीय धर्म और दर्शन के कुछ मूलभूत पक्षों को अपनी विभिन्न पुस्तकों द्वारा इतने विद्वत्तापूर्ण ढंग से उजागर किया है, जिसे यदि अद्वितीय कहा जाय तो कुछ अत्युक्ति नहीं होगी। १९४७ ई० में लिखित और शारदा मन्दिर, वाराणसी से प्रकाशित **आर्य संस्कृति के मूलाधार** नामक उनकी कृति इस दिशा में उनका प्रथम प्रयत्न था। नन्द किशोर एण्ड संस वाराणसी ने १९५५ में इसका दूसरा संस्करण प्रस्तुत किया, जिसमें वेद, पुराण, धर्म-शास्त्र, दर्शन, जैन, बौद्ध और तंत्रग्रन्थों का विवरण है। १९५४ ई० में प्रकाशित **वैदिक साहित्य और संस्कृति** ( शारदा मन्दिर, वाराणसी ) इसी सरणि का अन्य ग्रन्थ है, जिसके अब तक पाँच संस्करण प्रकाशित हो चुके है। इन दोनों ही कृतियों में उपाध्याय जी का वैदिक साहित्य और भारतीय संस्कृति का मूल रूप विषयक गहन ज्ञान परिलक्षित होता है। लगे हाथ पण्डित जी ने अपनी **वैदिक कहानियाँ** ( शारदा मन्दिर, वाराणसी, १९६५ ई० ) नामक पुस्तक के माध्यम से भारत के प्राचीनतम कथा साहित्य को भी उपस्थित किया है। ललित शैली में निबद्ध इस ग्रन्थ में उपाध्याय जी ने वेदों में आने वाले आख्यानों को उपस्थित किया है, जहाँ कहानी साहित्य के समस्त उपादान प्राप्त होते हैं। यह पुस्तक वैदिक काल के समाज की जानकारी के लिए एक दर्पण जैसी प्रतीत होती है।

आचार्य प्रवर अगाध विद्वान् तो हैं ही, एक सद्गृहस्थ भक्त भी हैं। अपने बचपन में अपने कथावाचक पिता की कथाओं में वे भी उपस्थित हुआ करते थे। पिताश्री को **भागवत् पुराण** की कथा, विशेषतः उसके दशम स्कन्ध की, विशेषरूप से प्रिय थी और पुत्र (पण्डित बलदेव जी) पर भी उसकी छाप बचपन से ही पड़ी थी। स्वाभाविक था कि भारतीय धर्मों के अपने अध्ययन और उनके सिद्धान्तों के ऊहापोह के सिलसिले में 'भागवत सम्प्रदाय' उन्हें विशेषरूप से आकृष्ट करता। १९५४ ई० की उनकी पुस्तक **भागवत् सम्प्रदाय** (नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी) इस सिलसिले में उनकी एक विशेष कृति है। इसमें वैष्णव सम्प्रदाय के ऐतिहासिक विकास एवं उसके तात्त्विक सिद्धान्तों का प्रामाणिक विवेचन है और महाराष्ट्र एवं दक्षिण में प्रचलित वैष्णव सम्प्रदायों के अतिरिक्त निम्बार्क, वल्लभ तथा राधावल्लभीय सम्प्रदायों के विवरण दिये गये हैं। इनके अतिरिक्त इसमें वैष्णवी साधना के अनेक तत्वों का उद्घाटन भी प्राप्त होता है। **वैष्णव सम्प्रदायों का साहित्य**

**और सिद्धान्त** शीर्षक से उपाध्याय जी ने १९८० ई० (चौखम्बा अमरभारती, वाराणसी) में इस महत्त्वपूर्ण अध्ययन को और भी अद्यतन रूप में प्रस्तुत किया है। वैष्णव साहित्य के समुद्र में डुबकी लगाते हुए उन्हें जो अनेक रत्न प्राप्त हुए, उसी का यह एक रूप है। उनकी पुस्तक **भारतीय वाङ्मय में राधा** (बिहार राष्ट्र भाषा परिषद्, पटना) अपने विषय का आलोचनापूर्ण और अत्यन्त प्रामाणिक ग्रन्थ है।

धर्म की सैद्धान्तिक परिणति उसके दर्शन में परिलक्षित होती है तया उन सिद्धान्तों की तार्किक, बौद्धिक और सूक्ष्मातिसूक्ष्म अवधारणाओं की पुरस्कृति एक अनोखे बुद्धि-व्यायाम की तो अपेक्षा रखती ही है, साधारण मेधा के लोगों को उन्हें बुद्धिगम्य कराने में सच्ची विद्वत्ता की कसौटी भी हो जाती है। उपाध्याय जी इस कसौटी पर पूरे खरे उतरे हैं। १९४२ का उनका ग्रन्थ **भारतीय दर्शन** (शारदा मंदिर, वाराणसी) हिन्दी साहित्य के अमर ग्रन्थों में एक सिद्ध हुआ है। उपनिषद्, गीता, षड्दर्शन, बौद्ध, जैन, चार्वाक जैसे समस्त भारतीय दर्शनों के प्रामाणिक ऐतिहासिक विवेचन में परिपूर्ण यह ग्रन्थ स्व० डा० भगवानदास की सम्मति में "हिन्दी दर्शन के साहित्य में श्रेष्ठतम, अग्रगण्य ग्रन्थों की श्रेणी में ऊँचा स्थान रखता है।" तन्त्रशास्त्र की एक विशेष चर्चा इसे और भी महत्त्वपूर्ण बना देती है। इसकी गुणवत्ता से ही आकृष्ट होकर हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग ने इसे 'मंगला प्रसाद पुरस्कार" से पुरस्कृत कर उपाध्याय जी को सम्मानित किया। इसकी उपादेयता और बहुमूल्यता इस बात से ही आंकी जा सकती है कि इसके अनुवाद कन्नड (मैसूर विश्वविद्यालय), तेलुगु एवं उड़िया (उत्कल साहित्य एकेडेमी, कटक) जैसी अन्य अनेक भाषाओं में भी हुए थे तथा इसके कम से कम नौ संस्करण अब तक प्रकाशित हो चुके हैं। **धर्म और दर्शन** नामक उपाध्याय जी की एक अन्य कृति (शारदा मन्दिर, १९४९) उनके अमर ग्रन्थ **भारतीय दर्शन** का परिशिष्ट स्वीकार की जा सकती है, जिसमें नाना धर्मों के विस्तृत विवरणों के साथ, धर्म और दर्शन के पारस्परिक सम्बन्ध क्या हैं, इसका विवेचन है। **भारतीय दर्शन सार** की रचना (सस्ता साहित्य मण्डल, दिल्ली, १९६९ ई०) आचार्य ने अपेक्षाकृत भारतीय दर्शन के साधारण ज्ञान पिपासा मात्र से प्रेरित व्यक्तियों के संतोष के लिये की। चौखम्बा विद्याभवन, काशी से १९७८ ई० में प्रकाशित **भारतीय दर्शन की रूपरेखा** को भी इसी श्रेणी में रखा जाना चाहिए।

भारतीय दर्शनों के साहित्य के विशाल भण्डार को खोजते समय पण्डित जी की दृष्टि उसके विशेष क्षेत्र बौद्ध दर्शन पर भी पड़ी और धीरे-धीरे उसके गहन तत्त्वों के प्रति अधिकाधिक आकृष्ट होते गये। परिणामतः उनकी एक अन्य अमूल्य कृति सामने आयी—**बौद्धदर्शन मीमांसा** (शारदा मन्दिर वाराणसी, १९४६ ई०),

जिसका तीसरा संस्करण १९७८ में चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी ने निकाला। इसमें बौद्धदर्शन की विभिन्न शाखा-प्रशाखाओं के उदय, विकास और उनके सिद्धान्त का मौलिक प्रतिपादन है। स्वर्गीय महामहोपाध्याय पण्डित गोपीनाथ कविराज ने बौद्धदर्शन के सिद्धान्तों की जानकारी के लिये इसे एक 'लघु विश्वकोष' की संज्ञा दी थी। बर्मी तथा सिंहली जैसी अनेक एशियायी भाषाओं में होने वाले इसके अनुवादों द्वारा इसकी गुणवत्ता और महत्ता स्वयं प्रकाशित होती है। अस्वाभाविक नहीं था कि हिन्दी में प्रणीत उत्तमोत्तम ग्रन्थों को प्राप्त होने वाले डालमिया पुरस्कार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की हिन्दी समिति द्वारा दिये जाने वाले विशिष्ट पुरस्कारों के लिए इसे चुना गया।

शंकराचार्य भारतीय दर्शन के सिद्धान्त प्रतिपादकों में एक अत्यन्त दीप्तिमान नक्षत्र थे। आचार्य पण्डित बलदेव उपाध्याय स्वामी शंकराचार्य के प्रति बहुत ही आकृष्ट दिखायी देते हैं। उनके इस आकर्षण का प्रतीक है **आचार्य शंकर** नामक उनका ग्रन्थ (हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयाग, १९५० ई०), जिसमें शंकराचार्य के समय, उनके जीवन-चरित तथा ग्रन्थों का पूर्णतः प्रामाणिक विवरण प्राप्त होता है। इस बात की विशेष बल देते हुए परीक्षा की गयी है कि वास्तव में महान् शंकराचार्य के नाम पर प्रचलित अनेकानेक कृतियों में सचमुच कौन-कौन सी उनकी हैं। इस ग्रन्थ की महिमा इस बात से और बढ़ जाती है कि इसके अन्त में अद्वैत वेदान्त के अन्य आचार्यों का भी एक विवरण दिया गया है। इसका भी अनुवाद कन्नड़ भाषा में (काव्यालय प्रकाशन, मैसूर) हुआ है और इसके अब तक कई संस्करण प्रकाशित चुके हैं। शंकराचार्य के प्रति अपनी अपार श्रद्धा का परिचय देते हुए उपाध्याय जी ने माधवाचार्य कृत **शंकर दिग्विजय** नामक ग्रन्थ का एक बहुत ही सुबोध हिन्दी अनुवाद किया है। इसके आरम्भ में दी गई उपाध्याय जी की भूमिका तथा बीच बीच में दी गयी उनकी विद्वत्तापूर्ण टिप्पणियाँ इस ग्रन्थ के महत्त्व को और भी बढ़ा देती हैं।

इसी प्रकार १९४६ ई० में लिखित (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग) **आचार्य सायण और माधव** नामक उपाध्याय जी की कृति में वेदों के इन दो अमर टीकाकारों के जीवन चरित, उनके वैदिक भाष्यों तथा अन्य ग्रन्थों के परिचय तथा उनके सिद्धान्तों को विश्लेषण सहित उपस्थित किया गया है।

## पुराण साहित्य

उपाध्याय जी के जीवन के रहन-सहन का ढंग जिस रूप में वर्तमान लेखक ने देखा है, वह पौराणिक संस्कृति का एक जीवन्त प्रतिरूप प्रतीत होता है। किन्तु

उनके व्यक्तित्व की यह विशेषता किसी अन्य माध्यम से उद्धृत नहीं, अपितु पुराणों के महत्त्व, गहन आत्मीय अध्ययन और उनके पारम्परिक प्रभाव की सहज अनुभूति एवं निजी जीवन में उतारी हुई पद्धति का एक पूर्ण प्रतिरूप ही है।

वास्तव में वैदिक साहित्य के सभी अंगों अथवा भागों की परिणति एक विशद और अनुश्रुतिक अथवा जनप्रिय रूप में पुराणों में ही हुई और सर्वसाधारण उनके माध्यम से या कथाओं, आख्यानों अथवा वार्ताओं के श्रवण और मनन द्वारा भारतीय संस्कृति के मूलरूप को अंगीकृत करता रहा।

आचार्य श्री की गूढ़ गवेषणा का ही परिणाम है उनका प्रसिद्ध ग्रन्थ **पुराण-विमर्श** जिसकी विद्वानों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। इसमें पुराणों की नवीन और प्राचीन दोनों ही दृष्टियों से समालोचना की गयी है और वैज्ञानिक विवेचन की पद्धति को प्राचीन पण्डिताऊ पद्धति की तुलना में अधिक महत्त्व दिया गया है। विषयगत दृष्टि से इसमें पुराणों का रचना-काल, उनके लक्षणों, उनसे ज्ञात भूगोल, धर्म तथा देवमण्डल का विवरण, उनके प्रतीकों का विवेचन तथा उनके द्वारा उपस्थित वेदार्थ का उपबृंहण अत्यन्त विद्वत्तापूर्ण रूप में प्रस्तुत किये गये हैं। शोध छात्रों के लिए अत्यन्त उपयोगी इस ग्रन्थ की गुणवत्ता के कारण ही उत्तर प्रदेश शासन ने इसे २,००/- रुपयों के एक विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया था। काशी राज न्यास से चलाये जाने वाले पौराणिक शोध संस्थान की शोध पत्रिका पुराणम् के सहायक सम्पादक एवं इटली के बहुश्रुत और पौराणिक अध्ययनों के मर्मज्ञ विद्वान् डा० जियार्जियों बोनाजाँली ने अपनी समीक्षा में इस ग्रन्थ की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

## सम्पादित ग्रंथ

पण्डित बलदेव उपाध्याय द्वारा सम्पादित ग्रंथों की संख्या भी बहुत है। आचार्य सायण द्वारा वैदिक संहिताओं के भाष्यों की भूमिकाओं का एक संग्रह **(वेदभाष्य भूमिकासंग्रह)** इनमें प्रमुख है, जिसकी एक विशेषता है कि इसके प्रारम्भ में संस्कृत और अँग्रेजी में पण्डित जी ने सम्पादकीय भूमिकाएँ लिखी हैं और साथ ही यहाँ सायणाचार्य के जीवन, कृतियों पर भी प्रकाश डाला गया है। **भासनाटकचक्रम्,** भाग १ और २ में भास के नाटकों के परिचय और समीक्षा सहित हिन्दी में अनुवाद दिये गये हैं। भास के समस्त उपलब्ध नाटक उनके काल और जीवन-परिचय के साथ यहाँ एकत्र उपलब्ध हो जाते हैं। कन्नौजराज हर्ष की प्रसिद्ध नाटिका **नागानन्द** मूल और हिन्दी अनुवाद के साथ लगभग ५० पृष्ठों की एक विद्वत्तापूर्ण भूमिका के साथ, पण्डित जी का एक अन्य सम्पादित ग्रंथ है। नाटकों की विधा

और उनके लेखन की शास्त्रीय पद्धति पर सैद्धान्तिक विचार करने वाला कदाचित् सर्वप्रमुख प्राचीन भारतीय ग्रंथ **भरतनाट्यशास्त्र** है, जिसका मद्रास से प्राप्त होने वाली एक विशिष्ट हस्तलिपि के आधार पर उपाध्याय जी ने सम्पादन किया है। इसी प्रकार अलंकार शास्त्रियों में भामह की मूल शास्त्रकार के रूप में प्रसिद्धि थी, जिनके अमरग्रंथ **काव्यालंकार** का भी अपनी अँग्रेजी में दी गई विस्तृत भूमिका के साथ पण्डित जी ने सम्पादन किया है। भामह के काल, कृतित्व की विवेंचना के साथ ही साथ इस ग्रंथ के शुद्ध सम्पादन की पण्डित समाज में एक स्वर से प्रशंसा हुई है।

पण्डित जी द्वारा सम्पादित ग्रन्थों में **प्राकृत प्रकाश** का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसकी विशेषता यह है कि इसके प्रकाशन में पहली वार इस ग्रन्थ की दो प्राचीन टीकाओं-**संजीवनी** और **सुबोधिनी** को भी स्थान दिया गया है। इस सम्बन्ध में एक विशेष बात यह है कि इसकी संजीवनी टीका की एक मात्र हस्तलिपि लंदन के ''इण्डिया लायब्रेरी'' में प्राप्त थी जहाँ उसकी प्राचीन लिपि को पढ़ा नहीं जा सका था। वाराणसी संस्कृत विश्वविद्यालय के अनुसंधान विभाग के निदेशक के रूप में आचार्यप्रवर ने सर्वप्रथम इसका पाठ उपस्थित कर इसे उसी विभाग के प्रकाशन के रूप में प्रकाशित किया।

पुराणों में शिवभक्तिपरक **अग्निपुराण** का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। एक विस्तृत भूमिका सहित इस ग्रन्थ का भी एक विश्वसनीय पाठ के साथ पण्डित जी ने सम्पादन किया है। इनके अतिरिक्त भी दर्जनों ग्रन्थ ऐसे हैं जिनका सम्पादन उपाध्याय जी ने वाराणसेय सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के अनुसंधान विभाग के निदेशक के रूप में किया और जिनकी भूमिका अथवा आमुख लिखा है।

पण्डित जी का अद्यतन ग्रन्थ है **काशी की पाण्डित्य परम्परा**, जो मुद्रणालयान्तंगत है। इसके जिन छपे हुए पृष्ठों को देखने का अवसर मुझे लगा है उसके आधार पर निःसंकोच कह सकता हूँ कि यह शोधार्थी छात्रों के लिये भी बहुत ही उपयोगी होगा। वास्तव में भारती विद्या के इतने अधिक शोधपरक विकास के होते हुए भी आज तक काशी के इतिहास को लिखने के कुछ इक्के-दुक्के अथवा छिटपुट प्रयत्न ही हुए हैं। एक योजनाबद्ध रूप में प्राचीनकाल से लेकर आज तक के पूरे काल पर, विभिन्न विषयों अथवा क्षेत्रों को ध्यान में रखकर कई खण्डों में काशी का इतिहास लिखा जाना चाहिए, विशेषतः उसके सांस्कृतिक और शिक्षा सम्बन्धी पक्षों पर। उपाध्याय जी का उपर्युक्त ग्रन्थ मध्यकाल से प्रारम्भ कर आज तक के काशी के संस्कृत पण्डितों के जीवन और चरित का तथा उनकी कृतियों और पाण्डित्य का एक बहुत ही अच्छा परिचय देता है।

## पारिवारिक जीवन

आचार्य पण्डित बलदेव उपाध्याय एक पूर्ण, आप्तकाम सद्‌गृस्थ हैं। लेखक की दृष्टि में उनका एक बड़ा भारी सौभाग्य यह था कि उनकी सहधर्मिणी श्रीमती शिवमुनि देवी हुई, जिनके पितामह श्री पण्डित योगेश्वर ओझा (महामहोपाध्याय) संस्कृत के असाधारण विद्वान् थे और विद्वत्ता के लिए सारे उत्तरी भारत में विश्रुत थे। उपाध्याय जी के श्वसुर श्री पण्डित देवकृष्ण ओझा भी उसी विद्वत्ता की परम्परा में पले थे। यद्यपि उस समय स्त्री-शिक्षा के प्रति वह जागरूकता नहीं थी जो आज है, और श्रीमती शिवमुनि देवी को कोई औपचारिक शिक्षा दी गयी हो, ऐसा प्रतीत भी नहीं होता। एक बात जीव वैज्ञानिक दृष्टि से स्पष्ट है कि उपाध्याय-दम्पति दोनों ही ओर से विद्वानों की रक्तपरम्परा में जन्मे थे, जिनकी सन्तानों के भी मेधावी होने में कोई संदेह नहीं था। उनके बड़े पुत्र श्री पण्डित गौरी शंकर उपाध्याय उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग में स्नातक सहायक निदेशक के पद से अभी अवकाश प्राप्त हुए हैं। द्वितीय पुत्र डा० गोपाल शंकर उपाध्याय कानपुर के इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी में धातुकी विभाग के प्रोफेसर और अध्यक्ष हैं। यही नहीं, यह परम्परा तीसरी पीढ़ी में भी चालू है। उनका बड़ा पौत्र (श्री गौरीशंकर उपाध्याय का पुत्र) डॉ० लक्ष्मी नारायण उपाध्याय धनबाद के "गवर्नमेण्ट स्कूल ऑफ माइन्स" में सांख्यिकी विषय का प्रवक्ता है और उसकी छोटी भगिनी सुश्री डॉ० सुषमा उपाध्याय उसी विषय में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में महिला महाविद्यालय में प्रवक्ता नियुक्त हो चुकी है। आचार्य-प्रवर के एक नप्ता डॉ० रवीन्द्र कुमार दुबे भी "कानपुर इण्डियन स्कूल ऑफ टेक्नालॉजी" में धातुकी विभाग में रीडर पद पर कार्यरत हैं।

इसके अतिरिक्त उपाध्याय जी के दो अनुज डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय और स्व० डॉ० वासुदेव उपाध्याय हिन्दी के लोक साहित्य और प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के जाने माने विद्वान् हो चुके हैं, जिनकी अनेकानेक पुस्तकें अनेक क्षेत्र में प्रसिद्ध एवं पुरस्कृत हुई हैं।

उपाध्याय जी का निजी जीवन अत्यन्त मितव्ययी, सादा, साधु और प्रत्येक प्रकार से सरल है। लेखक को काशी के अत्यन्त घने पंचगंगा मुहल्ले में स्थित उनके पुराने मकान में और अब रवीन्द्रपुरी के आधुनिक ढंग से बसे हुए चौड़ी सड़कों वाले खुले और स्पृहणीय वातावरण वाले नये भवन में जाने का सुयोग मिला है। साथ ही कुछ दूरी से ही सही, १९४० ई० से ही उनके रहन-सहन को परखने का भी अवसर प्राप्त रहा है। इस आधार पर निःसंकोच रूप से कहा जा सकता है कि उनके रहन-सहन में न तो कभी कोई परिवर्तन आया, न कोई उतार-चढ़ाव। प्रातः काल

ब्रह्मवेला में उठ जाने वाले पण्डित बलदेव उपाध्याय की दिनचर्या प्रारम्भ से आज तक प्रायः एक प्रकार की रही है। उनके पंचगंगा घाट वाले मकान से गंगा जी अत्यन्त नजदीक थीं और नियमित रूप से प्रत्येक प्रातःकाल का तथा गर्मियों में सायंकाल का भी स्नान वहाँ वे किया करते थे। वहीं कुछ संध्यावंदन और पुनः वापस लौटकर सरस्वती की सेवा तब तक जब तक कि भोजन करके विश्वविद्यालय जाने का समय न हो जाय। सायंकाल लौटकर पुनः उसी प्रक्रिया की पुनरावृत्ति। काशी के प्राचीन पद्धति वाले लोगों के लिये बाबा विश्वनाथ का दर्शन, विशेषतः सोमवार को, एक अत्यन्त आवश्यक पुण्यकार्य था। ठीक इसी प्रकार नवरात्रों में मन्दिरों में देवी के विभिन्न रूपों का दर्शन भी उनकी जीवन पद्धति का अंग था। पण्डित जी इन सारे धार्मिक नियमों का पालन करते थे। पण्डित जी के जीवन की इस पिटी हुई लकीर को कुछ खण्डित किया डॉ० राजबली पाण्डेय ने। कदाचित् १९५६ के आसपास डा० पाण्डेय उन दिनों काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्राचार्य थे और उनके हाथों में विश्वविद्यालय में अध्यापकों के आवासीय भवनों को आवंटित करने का भी कुछ सीमित अधिकार था। वे पहुँचे उपाध्याय जी के पंचगंगा घाट वाले घर पर और उनसे विश्वविद्यालय में निवास स्वीकार करने की उन्होंने प्रार्थना की। लेखक भी साथ था और उसे याद है उपाध्याय जी के सहजस्मिति भरे वे शब्द "अरे बच्चा एहि में हर सलिये एगो ग्रंथ निकलि जाला" तथापि उन्होंने पाण्डेय जी का आग्रह मान लिया और विश्वविद्यालय परिसर में अपना निवास स्थानान्तरित कर लिया, जहाँ वे अपने अवकाश प्राप्ति के समय तक रहते रहे। १९६० ई० में अपनी सेवा से अवकाश प्राप्त करने पर पण्डित जी रवीन्द्रपुरी वाले अपने नये भवन में रहने लगे। इस नये भवन से भी गंगा जी का तुलसी घाट अथवा अस्सी घाट बहुत ही करीब है और आज से लगभग एक साल पूर्व तक उन्हें नित्य प्रति प्रातःकाल नंगे पैर सपत्नीक गंगा स्नान हेतु जाते-आते देखा जाता था। पास ही हैं दुर्गामन्दिर, तुलसीमानस मन्दिर और संकटमोचन (हनुमान जी) के मन्दिर, जहाँ जाकर देवी देवताओं के दर्शन उनकी दैनिक दिनचर्या के अंग रहे हैं। अब शरीर के शिथिल हो जाने पर कदाचित् नियमित गंगा स्नान तो उन्होंने छोड़ दिया है, किन्तु देवी-देवताओं का दर्शन अब भी नित्यक्रम में सम्मिलित है।

आचार्यप्रवर की एक विशेष रुचि का उल्लेख अति आवश्यक है। साहित्य के इस मनीषी का हृदय अत्यन्त सरस, कोमल, दयालु और साहित्यरस की तरह मधुर और करुणामय है। उस सरसता और मधुरता तथा साहित्यिक मिठास का उनके जीवन में उतार परिलक्षित होता है उनके संगीत प्रेम में। लेखक को अपने मित्रों से ज्ञात है कि चैत्रमास में हनुमान जयंती के अवसर पर स्थानीय संकटमोचन (हनुमान) मन्दिर के विद्वान् और उदात्त महन्त श्री पण्डित वीर भट्ट द्वारा आयो-

जित संगीत सम्मेलनों में रात-रात भर जागकर वहाँ बैठे हुए पण्डित बलदेव जी संगीत के प्रत्येक पक्ष—गायन और वाद्य—के मधुर आनन्द में विभोर दिखायी देते हैं। यह क्रम एक रात्रि का नहीं, अपितु तीन रात्रियों का है, जब तक वह सम्मेलन चलता है। कहा जा सकता है कि उनकी साहित्यिक कृतियों के मूल में उनके संगीत-प्रेम की मधुरिमा भी व्याप्त है।

किन्तु पण्डित जी अपने विशाल भवन में रहते हैं अकेले। यद्यपि वे एक बड़े परिवार के मुखिया हैं, प्रायः वह सारा परिवार अलग-अलग रहने की दृष्टि से विभक्त ही है। किन्तु प्रत्येक प्रकार के सुख-दु:ख में सभी एक साथ हो जाते हैं, जो उन सब में आत्मीयता के तन्तु के कारण स्वाभाविक है। पैसों-रुपयों की दृष्टि से भी वे सन्तुष्ट और सम्पन्न हैं। वे ८३ वर्ष के हो चुके हैं, किन्तु शरीर से अब भी पूरी तरह ठीक हैं। सवेरे रवीन्द्रपुरी की चौड़ी सड़क पर जिज्ञासु पण्डितों के साथ नित्य प्रति प्रातः भ्रमण वे करते हैं, और उस समय उनकी बातों की मुख्य बिन्दु होती है शास्त्रचर्चा। जाड़े के दिनों में अपना पुराना लालधारीदार कोट और लाल ऊनी शाल का धारण अपने प्राचीन कपड़ों के प्रति उनके गाढ़े प्रेम को भलीभाँति परिलक्षित करता है। उनका भोजन अत्यन्त सादा, लघु और सात्विक है तथा आवश्यकताएँ बहुत ही कम हैं। किसी भी प्रकार की पर-निर्भरता नहीं दिखायी देती और यही उनके सुख और संतुष्टि का रहस्य है।

इस प्रकार के अपने 'गुरु' और 'उपाध्याय' को मेरा शतशत प्रणाम और अभिनन्दन निवेदित है और प्रार्थना है जगन्नियन्ता से कि उनके सहज मुखमण्डल के नित्यप्रति दर्शन अभी बहुत वर्षों तक होते रहें।



## आचार्य बलदेव उपाध्याय

# व्यक्तित्व एवं कृतित्व

*डॉ० उदयनारायण तिवारी*

**इलाहाबाद**

आचार्य बलदेव उपाध्याय के प्रथम दर्शन का अवसर मुझे सन् १९१९ में बलिया के गवर्नमेण्ट हाईस्कूल में मिला था। मैं उस समय सातवीं कक्षा का विद्यार्थी था। आप महामहोपाध्याय पं० शिवानन्द मिश्र के साथ स्कूल में आये थे। उस समय आपकी अवस्था लगभग बीस वर्ष की थी। आपका परिचय देते हुए पंडित मिश्र ने कहा था—'आप "बलिया जुबिली संस्कृत पाठशाला" के प्राचार्य पण्डित रामउदित उपाध्याय के भतीजे हैं। आप "फैजाबाद इण्टरकालेज" से इन्ट्रेंस (एस० एल० सी०) परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हैं तथा बलिया के मेधावी छात्र हैं'। उस समय की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना बड़ा कठिन कार्य था। अतएव युवक पंडित बलदेव उपाध्याय के प्रति हम लोग अत्यधिक आकृष्ट हुए। आपने छात्रों को सम्बोधित करते हुए, एक लघु किन्तु सारगर्भित भाषण भी दिया था जिसका छात्रों पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा था।

उपाध्याय जी का दूसरी बार दर्शन करने का अवसर सन् १९२३ ई० में सोनबरसा गाँव में मिला था। सन् १९२३ ई० में हाईस्कूल की परीक्षा देकर, मैं बैरिया, अपने मित्र बाबू हरिकृष्ण राय से मिलने गया था। संध्या-समय हम दोनों पं० बलदेव जी से मिलने के लिए सोनबरसा गये। पंडित जी की नियुक्ति उस समय हिन्दू विश्वविद्यालय में, संस्कृत के व्याख्याता पद पर हो चुकी थी। उन दिनों लखनऊ से माधुरी पत्रिका का प्रकाशन हो रहा था। इस पत्रिका की अत्यधिक प्रसिद्धि थी। पंडित जी के लेख इस पत्रिका में प्रकाशित होते थे। पंडित जी द्वारा लिखित पुस्तकों की समीक्षाएँ माधुरी में प्रकाशित होती थीं। मैं माधुरी का नियमित रूप से पाठक था अतएव उपाध्यायजी से मिलकर मुझे प्रसन्नता हुई।

### अद्भुत-मेधा

ऊपर कहा जा चुका है कि पंडित जी एक मेधावी व्यक्ति हैं। आपकी अद्भुत-

मेधा का परिचय सन् १९२२ ई० में उस समय मिला जब आप एम० ए० (संस्कृत) की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। उपाध्याय जी ने दो भारत विख्यात संस्कृतज्ञों-पाण्डेय रामावतार शर्मा एवं आचार्य बापू भाई ध्रुव के तत्त्वावधान में, संस्कृत-साहित्य का अध्ययन किया था। एम०ए० की मौखिक परीक्षा में पंडितजी के परीक्षक पंडित गंगानाथ झा एवं ध्रुव जी थे। परीक्षा का माध्यम संस्कृत-भाषा थी। पंडित गंगानाथ झा परीक्षा में कठोरता के लिए प्रख्यात थे। उन्होंने अपने जीवन में केवल एक व्यक्ति पंडित गोपीनाथ कविराज को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया था। उसके बाद उन्होंने पं० बलदेव उपाध्याय को प्रथम श्रेणी प्रदान की थी। जहाँ तक मुझे ज्ञात है, श्री झा महोदय ने, इन दो व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य को अपने जीवन में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण नहीं किया था। छात्र रूप में एम० ए० में ही, पं० बलदेव उपाध्याय को, संस्कृत-साहित्य का इतना अगाध ज्ञान था, यह सबसे बड़ा प्रमाण है।

## संस्कृत कालेज की आचार्य परीक्षा

सन् १९२५ ई० में पं० बलदेव जी "गवर्नमेंट संस्कृत कालेज" से आचार्य-परीक्षा में, उत्तीर्ण हुए। उस समय आचार्य-परीक्षा का एकमात्र केन्द्र क्वीन्स-कालेज था। यहाँ नेपाल तक के परीक्षार्थी परीक्षा देने आते थे। भारतवर्ष के उत्तर से दक्षिण तक तथा पश्चिम से पूरब तक के सभी संस्कृत के छात्र वाराणसी में ही परीक्षा देने के लिए आते थे। इस परीक्षा के परीक्षक भी उस युग के सर्वाधिक प्रसिद्ध पंडित ही होते थे तथा उस युग में कतिपय व्यक्ति ही आचार्य-परीक्षा में सम्मिलित एवं उत्तीर्ण होते थे।

## देवप्रयाग में आचार्य उपाध्याय के साथ

सन् १९४३ ई० में हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन हरिद्वार में हुआ था। इसके सभापति हिन्दी के राष्ट्रकवि पं० माखनलाल चतुर्वेदी थे। इसके पूर्व हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन का अधिवेशन अबोहर (हरियाणा) में सम्पन्न हुआ था जिसके सभापति प्रसिद्ध विद्वान् डा० अमरनाथ झा थे। हरिद्वार के सम्मेलन में डा० झा भी उपस्थित थे क्योंकि उन दिनों सम्मेलन के प्राण राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन सन् १९४२ के आन्दोलन में जेल में थे। इस सम्मेलन में आचार्य बलदेव उपाध्याय भी सम्मिलित हुए थे। झा महोदय की उपस्थिति से सम्मेलन का अधिवेशन अत्यन्त सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ था। स्वागत-समिति का सम्पूर्ण भार महन्त श्री शान्तानन्द नाथ के ऊपर था। सम्मेलन की समाप्ति पर एक दिन प्रतिनिधियों की देवप्रयाग की यात्रा सम्पन्न हुई थी। इस यात्रा में लगभग डेढ़ सौ साहित्यिकों के साथ आचार्य उपाध्याय भी सम्मिलित हुए थे। रात्रि में देवप्रयाग में ही ठहरने की व्यवस्था थी। संयोग से

उस दिन पूर्णिमा थी। भोजनोपरान्त यह निश्चय हुआ कि अलकनन्दा के तट पर कवि-सम्मेलन किया जाय। यह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। पं० बलदेव जी हिन्दी के कवि नहीं हैं किन्तु उस दिन आपने संस्कृत के अनेक भावपूर्ण श्लोक व्याख्या सहित सुनाये। आपने रवीन्द्रकृत गीताञ्जलि के मूल गीतों का बंगला में सस्वर पाठ किया। वहाँ समवेत साहित्यिक मन्त्र-मुग्ध होकर पंडित उपाध्याय की वाणी सुनते रहे। एक ओर बंगला का मधुर गायन तथा दूसरी ओर अलकनन्दा का कल-कल निनाद, दोनों में, अपूर्व स्पर्धा थी। आचार्य उपाध्याय उन दिनों तरुण थे। उस दिन की कवि-गोष्ठी के आप ही प्रसिद्ध नायक थे।

## संस्कृत के लिए समर्पित जीवन

आचार्य उपाध्याय जी संस्कृत-भाषा एवं साहित्य के अध्ययन-अध्यापन के लिए पूर्णतः समर्पित हैं। आपने स्कूल एवं विश्वविद्यालय में संस्कृत का अध्ययन आधुनिक प्रणाली से किया था। उन दिनों संस्कृत के अध्यापन के लिए स्वीकृत-माध्यम अँग्रेजी भाषा थी। अतएव उपाध्याय जी को अपना अध्यापन अँग्रेजी के माध्यम से ही करना पड़ता था। इस सिलसिले में आप मैक्समूलर, वेबर, मैक्डॉनल, टॉमस, विन्टर्निट्ज़ आदि संस्कृत के अंग्रेज-विद्वानों की आलोचना-पद्धति से पूर्णतया परिचित हुए। इसके साथ ही पंडित जी ने पौरस्त्य पद्धति से वेद, वेदाङ्ग, वेदान्त, व्याकरण, उपनिषद्, न्याय दर्शन, एवं महाकाव्यों का अध्ययन मूल रूप में, परम्परा से सम्पन्न किया था।

## बलिया हिन्दी-प्रचारिणी स्वागत-भाषण

बलिया में हिन्दी के प्रबल समर्थक एवं प्रचारक बाबू हरिकृष्ण राय थे। आप जिले में, प्रथम विशारद परीक्षा-उत्तीर्ण व्यक्ति थे। आप पहले "बैरिया" (द्वाबा) में मिडिल-स्कूल के सहायक अध्यापक थे किन्तु बाद में हिन्दी के प्रचार-प्रसार कार्य को विस्तार देने के लिये आपने अपना स्थानान्तरण "बलिया मिडिल-स्कूल" में करा लिया था। आपने हिन्दी प्रचारिणी सभा की स्थापना की थी जो आज भी किसी न किसी रूप में चल रही है। इस सभा का अधिवेशन सन् १९२५ ई० में बलिया चौक में हुआ था। इसके सभापति वाराणसी के लाला भगवानदीन जी थे। स्वागताध्यक्ष का भार आचार्य बलदेव उपाध्याय पर था। मैं उन दिनों इंटरमीडिएट का छात्र था तथा इस वार्षिकोत्सव में सम्मिलित हुआ था।

आचार्य उपाध्याय ने, सर्वप्रथम अपने भाषण में, सम्भाग के नाम "बलिया" की व्युत्पत्ति पर विचार किया। आपने इसका सम्बन्ध पौराणिक राजा बलि से जोड़ा। बालेश्वरनाथ के लिंग की प्राचीनता की ओर विद्वानों का ध्यान आकर्षित

करते हुए आपने कहा था—"यह वही विग्रह है, जिसकी राजा बलि पूजा करते थे।" आपने बलिया स्थित 'कारों" गाँव का भी उल्लेख किया था जहाँ भगवान् शकर ने काम का दहन किया था।

इसी भाषण में आचार्य उपाध्याय ने भोजपुरी भाषा के व्याकरण का भी संक्षिप्त एवं सारगर्भित विश्लेषण किया था तथा उसकी विशिष्टता की ओर ध्यान आकर्षित किया था। भोजपुरी लोक साहित्य में बिरहा का स्थान निर्धारित करते हुए आपने कहा था—"बिरहा" बिरह एवं उमंग का गाना है। मैं आचार्य उपाध्याय का भाषण मन्त्रमुग्ध होकर सुन रहा था। बलिया के पुरातत्त्व एवं वहाँ की भाषा भोजपुरी के सम्बन्ध में इतने उच्चस्तर का भाषण सुनने का मेरा यह प्रथम अवसर था। आगे चलकर 'भोजपुरी के उद्‌गम और विकास" को अपने डी० लिट्० के अधिनिवन्ध रूप में प्रस्तुत करने का जो मैंने प्रयत्न किया उसमें उपाध्याय जी का यह भाषण भी प्रेरणा का स्रोत था।

## शिष्यों के प्रति स्नेह भाव

आचार्य उपाध्याय ने सन् १९२२ ई० से सन् १९६१ तक हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य किया। इस सुदीर्घकाल में आपके अनेक शिष्य हुए, इनके एक शिष्य डा० राजबली पाण्डेय थे जो प्राचीन इतिहास के पंडित थे। डॉ० पाण्डेय जबलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति भी हुए थे। वे मेरे सहयोगी थे। उपाध्याय जी के तत्त्वावधान में इण्टर तथा बी० ए० में डॉ० पाण्डेय को संस्कृत भाषा एवं साहित्य के अध्ययन का अवसर मिला था। उपाध्याय जी का उल्लेख आने पर डॉ० पाण्डेय वाष्पगद्‌गद कण्ठ से उनकी उदारता, विद्वत्ता, ऋजुता एवं सरलता की प्रशंसा करते थे। वास्तव में उपाध्याय जी जन्मजात अध्यापक एवं आचार्य हैं। उनके सम्मुख प्राचीन आचार्यों के आदर्श रहे हैं, जिसका आज के युग में प्रायः अभाव है।

## उपाध्याय जी का कृतित्व

वास्तव में आचार्य उपाध्याय को उनकी कृतियों से अत्यधिक प्रतिष्ठा मिली है। आपने संस्कृत-वाङ्मय का आलोड़न-विलोड़न एवं मंथन कर अनेक बहुमूल्य ग्रन्थों की रचना की है। आपने संस्कृत के पवित्र गंगाजल से राष्ट्रभाषा-हिन्दी को अभिसिंचित किया है। आप द्वारा लिखित ग्रन्थ संस्कृत एवं हिन्दी, दोनों के अध्येताओं के लिए प्रकाश-स्तम्भ हैं। नीचे इनका विवरणात्मक परिचय दिया जाता है—

आचार्य उपाध्याय ने वेद, पुराण, दर्शन एवं काव्यशास्त्र विषयक कई महत्त्व-पूर्ण ग्रन्थों का प्रणयन किया है।

वैदिक-वाङ्मय के सम्बन्ध में सर्वाधिक प्रामाणिक ग्रन्थ आप द्वारा प्रणीत **"वैदिक साहित्य और संस्कृति"** है। इस ग्रन्थ रत्न में आचार्य उपाध्याय ने वैदिक-साहित्य का पूर्ण विवरण दिया है। प्रवेश-खण्ड में वेद का महत्त्व, स्वरूप, वेदानु-शीलन का इतिहास, वेद का रचनाकाल तथा वेद की व्याख्या-पद्धति का प्रामाणिक वर्णन है। इतिहास-खण्ड में वेद तथा वेदांग का क्रमबद्ध-इतिहास है। संस्कृत-खण्ड में वैदिक संस्कृति के मान्य सिद्धान्तों का विवरण दिया गया है। वैदिक व्याकरण तथा स्वर-प्रक्रिया का भी संक्षिप्त-वर्णन इस कृति में उपलब्ध है। भारतीय-समीक्षाओं एवं पाश्चात्य-आलोचकों की विचारधाराओं की भी इसमें तर्कपूर्ण समीक्षा की गई है।

इस शृंखला की दूसरी कृति **"आचार्य सायण और माधव"** है। इन दोनों भाइयों ने वेद के कठिन अंशों पर भाष्य लिखकर वेद के गूढ़-रहस्य का उद्घाटन किया है। प्रस्तुत ग्रन्थ में दोनों भाइयों माधव एवं सायण के जीवन चरित्र एवं उनके सिद्धान्तों का वर्णन किया गया है। वास्तव में वैदिक-वाङ्मय का यह एक अनूठा ग्रन्थ है।

इस वैदिक माला का तीसरा ग्रन्थ **"ज्ञान की गरिमा"** है। इसमें वेद के निर्दिष्ट प्राचीन आख्यानों का वर्णन सरल भाषा में, आचार्य उपाध्याय ने प्रस्तुत किया है। इस ग्रन्थ के द्वारा वैदिक समाज का शुभ्ररूप पाठकों के सम्मुख आ जाता है।

पौराणिक ग्रन्थों में आचार्य उपाध्याय की सबसे प्रख्यात कृति **"पुराण-विमर्श"** है। इसमें अठारह पुराणों का गम्भीर मंथन एवं अध्ययन किया गया है। लेखक ने प्राचीन तथा दोनों दृष्टियों से पुराणों की आलोचना की है। इसमें पुराणों का समय तथा लक्षण, पौराणिक प्रतीक-वाद का विषय वर्णन उपलब्ध है। अपने ढंग का यह प्रामाणिक एवं मौलिक ग्रन्थ है।

इस माला की एक दूसरी कृति है—**"भारतीय वाङ्मय में श्री राधा"**। यह ग्रन्थ भारतवर्ष के समस्त मान्य भाषा साहित्यों में राधा की रूपरेखा का विस्तृत वर्णन प्रस्तुत करता है।

इसी शृंखला में आचार्य उपाध्याय की कृति **"भागवत सम्प्रदाय"** का नाम उल्लेखनीय है। भारत के धार्मिक साहित्य के इतिहास में वैष्णव सम्प्रदाय का विशेष महत्त्व है। इस सम्प्रदाय ने भारत के साहित्यिक-सम्पत्ति की वृद्धि में जितना

योगदान किया है सम्भवतः उतना किसी ने नहीं किया। प्रस्तुत पुस्तक में इसी वैष्णव सम्प्रदाय का ऐतिहासिक विकास तथा तात्त्विक सिद्धान्तों का विशिष्ट विवेचन किया गया है। यह पुस्तक बारह अध्यायों में विभाजित है। प्रथम तीन परिच्छेदों में वैष्णव सम्प्रदाय की पृष्ठिभूमि में विद्यमान ग्रन्थों का विवेचन किया है, महाराष्ट्र तथा दक्षिण के वैष्णव सम्प्रदायों के साथ-साथ रामानुज, निम्बार्क, वल्लभ एवं राधावल्भीय सम्प्रदाय का विवरण पुष्ट प्रमाणों के आधार पर दिया गया है। अन्तिम परिच्छेद में वैष्णवी साधना से सम्पर्क रखने वाले तत्त्वों का उद्‌घाटन किया गया है।

आचार्य उपाध्याय ने दर्शन विषयक कई ग्रन्थों का प्रणयन किया है। इनका प्रामाणिक विवरण नीचे दिया जाता है। इस श्रेणी का सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रन्थ **भारतीय-दर्शन** है। यह हिन्दी साहित्य का अमर ग्रन्थ है। केवल इसी ग्रन्थ के अध्ययन से पाठक भारत के विशाल दर्शनों का इतिहास तथा सिद्धान्तों से पूरा परिचय प्राप्त कर सकता है। इसमें उपनिषद्, गीता, षड्‌दर्शन, बौद्ध, जैन तथा चार्वाक दर्शन का प्रामाणिक इतिहास उपलब्ध है। तन्त्रशास्त्र का इसमें जो वर्णन है, वह अन्यत्र प्राप्त नहीं है। स्वर्गीय डॉ० भगवानदास की सम्मति में यह ग्रन्थ-रत्न हिन्दी, दर्शन के इतिहास में, श्रेष्ठतम अग्रगण्य-ग्रन्थों की श्रेणी में ऊँचा स्थान रखता है।''

आचार्य उपाध्याय कृत एक अन्य कृति **भारतीय-दर्शनसार** है। यह ग्रन्थ सामान्यजनों के लिये सुबोधभाषा में लिखा गया है। इसमें भारतीय दर्शन का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। यह ग्रन्थ चार खण्डों में विभक्त है। प्रथम-खण्ड में भारतीय-दर्शन के मूल स्रोत का विवेचन है। द्वितीय खण्ड में वेद-बाह्यय-विचार-धारा का प्रतिपादन है। इसमें बौद्ध, जैन तथा चार्वाक-दर्शन को स्पष्ट किया गया है। तृतीय खण्ड में षड्‌दर्शनों की व्याख्या की गई है। चौथे खण्ड में वेदान्त के इतर सम्प्रदायों का वर्णन है। अंत में उपसंहार है। इसमें सभी दर्शनों का समन्वय किया गया है।

इसी श्रेणी में आचार्य जी की कृति **'धर्म और दर्शन'** का समावेश है। यह ग्रन्थ भारतीय-दर्शन का परिशिष्ट-रूप पूरक-खण्ड है। इसमें विभिन्न धर्मों के विस्तृत विवरण के अनन्तर धर्म तथा दर्शन का सम्बन्ध स्पष्ट किया गया है। विद्वान् आलोचकों ने इस ग्रन्थ की प्रशंसा की है।

इसके बाद आचार्य उपाध्याय की कृति **''बौद्ध दर्शन मीमांसा''** उल्लेखनीय है। यह बौद्ध-दर्शन की शाखा-प्रशाखाओं के मूल्यांकन एवं प्रतिपादन का ग्रन्थ है। इसमें हीनयान, महायान, मंत्रयान एवं काल-चक्रयान का मार्मिक विवेचन किया

गया है। श्री गोपीनाथ कविराज की सम्मति में यह ग्रन्थ बौद्ध दर्शन के सिद्धान्त जानने के लिये एक छोटा विश्वकोष है। बर्मी तथा सिंहली में इस ग्रन्थ का अनुवाद हुआ है।

इसी श्रेणी में उपाध्याय जी द्वारा लिखित दो अन्य ग्रन्थ **"शंकर दिग्विजय"** एवं **"आचार्य शंकर"** हैं। माधवाचार्य द्वारा **"शंकर दिग्विजय"**, में शंकराचार्य की जीवन की घटनाओं, व्यापक-प्रभाव, अलौकिक-पाण्डित्य तथा कर्मठ-जीवन का चित्र अत्यन्त सुन्दरता से खींचा गया है। इसी विशिष्टता के कारण सुबोध हिन्दी में इसका अनुवाद प्रस्तुत किया गया है। **आचार्य शंकर** में आदि शंकराचार्य का प्रामाणिक जीवन प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक के अन्त में अद्वैत-वेदान्त के आचार्यों का विवरण प्रथम बार इस पुस्तक में दिया गया है। इस ग्रन्थ का अनुवाद कन्नड़ भाषा में भी हुआ है।

## आचार्य उपाध्याय-कृत आलोचना-विषयक-ग्रन्थ

आचार्य उपाध्याय ने आलोचना विषयक कई प्रामाणिक ग्रन्थों की रचना की है। इनमें **"भारतीय शास्त्र"** (प्रथम-खंड) तथा **"भारतीय साहित्य शास्त्र"** (द्वितीय-खंड) को अत्यधिक प्रसिद्धि प्राप्त हुई है। इसमें **"भारतीय-साहित्यशास्त्र"** (प्रथम-खंड) में संस्कृत के आलोचनाशास्त्र के इतिहास एवं सिद्धान्त का विशद वर्णन उपलब्ध है।

**"भारतीय साहित्य शास्त्र"** (द्वितीय-खंड) में साहित्य-शास्त्र के सिद्धान्तों का प्रतिपादन तुलनात्मक शैली में किया गया है। यह तुलना पश्चिम के सिद्धान्तों से की गई है। इसमें रीति, वृत्ति तथा वक्रोक्ति नामक काव्य तथ्यों का निरूपण ऐतिहासिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर किया गया है तथा उनका क्रम-विकास पूर्णतया दिखलाया गया है।

इस माला का दूसरा ग्रन्थ **"संस्कृत आलोचना"** है। इस ग्रन्थ के तीन खंड हैं। इसके प्रथम-खंड में काव्य के हेतु, प्रयोजन तथा स्वरूप के विषय का विवेचन संक्षेप में किया गया है। द्वितीय-खंड में काव्य के रूपों का विशद वर्णन विस्तार से किया गया है। तृतीय-खंड का विवेच्य-विषय काव्य-सिद्धान्त है। इस ग्रन्थ में संस्कृत आलोचना के मौलिक सिद्धान्त अपने विशिष्टरूप में उपलब्ध हैं।

## संस्कृतेतिहास-विषयक ग्रन्थ

आचार्य उपाध्याय द्वारा प्रणीत इस शृंखला में **संस्कृत-साहित्य का इतिहास** एक उत्कृष्ट कृति है। इसके समान किसी भी भारतीय भाषा में कोई ग्रन्थ नहीं है।

इसमें चार खंड है जिनमें रामायण, महाभारत, दृश्य-काव्य तथा अलंकार-शास्त्र का पूर्ण प्रामाणिक विवरण प्राप्त है। ग्रन्थ के अन्त में संस्कृत के इतिहास सम्बन्धी ग्रन्थों की विवरण-समेत सूची दी गई है। इस ग्रन्थ-रत्न का अनुवाद कन्नड़ तथा तेलगू भाषाओं में हो गया है।

इस माला की एक अन्य कृति **"संस्कृत-सुकवि-समीक्षा।"** है। इस ग्रन्थ में मान्य कवियों की आलोचना, उनका समय निरूपण तथा उदाहरण सहित उनके काव्यों की समीक्षा की गयी है।

इसी कोटि में आचार्य उपाध्याय कृत **"काव्यानुशीलन"** आता है। इसमें पाँच-खंड हैं। जिसमें काव्य के विभिन्न तत्त्वों की मीमांसा की गयी है।

ऊपर के शीर्षक के अन्तर्गत एक अन्य ग्रन्थ **"संस्कृत वाङ्मय"** की गणना है। इसमें उपाध्याय जी ने संस्कृत के विशाल-साहित्य का दिग्दर्शन कराया है। इसमें वेद, काव्य, नाटक, गद्य, कथा, धर्म तथा दर्शन आदि संस्कृत साहित्य के विविध अंगों का विशद रूप में वर्णन किया गया है।

इसके अतिरिक्त उपाध्याय जी ने **'संस्कृत शास्त्रों का इतिहास"** नामक बहुमूल्य ग्रन्थ का भी प्रणयन किया है। इसमें संस्कृत भापा में लिखित आयुर्वेद, ज्योतिष, अलंकार-शास्त्र, छन्द-शास्त्र, कोष-विद्या तथा व्याकरणशास्त्र का विस्तृत-इतिहास प्रस्तुत किया गया है। इसमें लेखकों के साथ-साथ उनके ग्रन्थों का भी विशद विवेचन किया गया है। यह अपने विषय का अपूर्व ग्रन्थ है।

पण्डित जी द्वारा लिखित संस्कृत-विषयक अन्य ग्रन्थों के अन्तर्गत **"आर्य संस्कृति के आधार ग्रन्थ"** की गणना है। इसमें केवल वेद, पुराण, धर्मशास्त्र, दर्शन आदि का ही प्रामाणिक-विवरण नहीं है बल्कि जैनियों तथा बौद्धों के मूल धार्मिक ग्रन्थों का भी प्रामाणिक-वर्णन उपलब्ध है। यह ग्रन्थ संक्षेप में ब्राह्मण, जैन तथा बौद्ध ग्रन्थों के रहस्य जानने के लिये एक छोटा विश्वकोश है। इसमें तन्त्रों का भी विशद वर्णन है।

उपाध्याय जी ने **"सुभाषित-विषयक सूक्ति-मञ्जरी"** का भी प्रणयन किया है। इसमें पन्द्रह परिच्छेद हैं। इनमें भिन्न-भिन्न विषयों के सुभाषित एक साथ रखे गये हैं। इस ग्रन्थ की विशेषता यह है कि प्रत्येक सुभाषित का अर्थ आलोचनात्मक ढंग से हिन्दी में किया गया है।

## सम्पादित ग्रन्थ

ऊपर के मौलिक ग्रन्थों के अतिरिक्त पण्डित जी ने सात ग्रन्थों को सुचारु रूप से सम्पादित किया है। ये हैं—

(१) वेद-भाष्य-भूमिका-संग्रह
(२) भास-नाटकम् (भाग १ व २)
(३) अग्नि-पुराणम्
(४) भरत-नाट्य-शास्त्रम्
(५) भामह-काव्यालंकार
(६) नागानन्द-नाटकम्
(७) प्राकृत-प्रकाश (संजीवनी और सुवोधिनी टीका से युक्त)

ऊपर के सभी सम्पादित ग्रन्थ अत्यन्त श्रमपूर्वक प्रामाणिक ढंग से प्रस्तुत किये गये हैं। आचार्य उपाध्याय द्वारा लिखित सभी ग्रन्थ, विद्वानों एवं उच्च कक्षा के छात्रों के लिए वरदान स्वरूप हैं। ये सभी ग्रन्थ संस्कृत एवं हिन्दी के अध्येताओं के लिये अत्यधिक उपादेय हैं। अपने इन ग्रन्थों के द्वारा पण्डित जी ने केवल हिन्दी के क्षेत्र में ही नहीं, अपितु भारत के अन्य भाषा-भाषी क्षेत्रों में भी विपुल कीर्ति अर्जित की है।

आचार्य बलदेव उपाध्याय सरलता, शुचिता एवं ऋजुता के साकार विग्रह हैं। आप "विद्या ददाति विनयम्" के मूर्तरूप हैं। परमात्मा आपको शतायु करें जिससे आप संस्कृत एवं राष्ट्रभाषा-हिन्दी की अभूतपूर्व सेवा कर सकें।



# मेरे पिता जी

**डॉ० गोपाल शंकर उपाध्याय**

*प्रोफेसर धातुकी विज्ञान, आई० आई० टी०*

कानपुर

पिता जी की विद्वत्ता का पहला आभास मुझे बचपन में हुआ जब उन्हें हिन्दी साहित्य सम्मेलन का "मंगला प्रसाद पारितोषिक" भारतीय दर्शन पर मिला। उस ताम्रपत्र को हम बच्चे कई बार देखते तथा छूते थे। उस पुस्तक की रचना पिताजी ने अथक परिश्रम तथा लगन से की थी। इसके वाद उनके ग्रन्थों की शृंखला बढ़ती ही गई और उन्हें प्रतिष्ठा भी मिली। हिन्दी में उनकी रचना को देखते हुए, बहुत पाठक नहीं जानते कि पिता जी ने अँग्रेजी तथा संस्कृत में भी इसके पूर्व लिखा, जिसमें कई पुस्तकों की टीका भी थी और जो काशी में चौखम्बा से प्रकाशित हुई। भारत की स्वतन्त्रता के वाद हिन्दी में लिखने का एक अभूतपूर्व उत्साह था, जो अब कुंठित होता जा रहा है। पिता जी की स्पष्टवादिता ने कहीं-कहीं उन्हें हानि भी दी। हालाँकि इस पर भी उन्हें कई मानदों से विभूषित किया गया। उनके लिखने-पढ़ने का व्यसन ही आज हमें हिन्दी में भारतीय साहित्य तथा शास्त्रों की इतनी जानकारियों से पूर्ण कर रहा है। इसके अतिरिक्त भारतीय संस्कृति, धर्म एवं साहित्य के प्रचार हेतु कहीं भी जाने से पिता जी सकुचाते नहीं थे, चाहे बुलाने वाला अमीर हो या गरीब, चाहे सभा में ५,००० व्यक्ति हों या ५०। धर्म में असीम आस्था रखते हुए भी उन्हें नास्तिकों से घृणा नहीं है। कर्म में आस्था वे व्यक्तिगत रूप में लेते हैं, बाहरी दिखावा तथा साधु-संतों के जंजाल में फँसे बिना, इसके अतिरिक्त किसी ऐतिहासिकता में असत्यता लाना पिता जी को स्वीकार नहीं। वे अँग्रेजी भाषा के ज्ञान के समर्थक हैं। अँगरेजी के बड़े विश्व कोषों का पठन तथा तुलनात्मक दृष्टि से अवलोकन करते हैं। वे पश्चिमी विद्वानों की ठोस सेवा के प्रशंसक तथा आज के घटिया डॉक्टरेट निबन्धों के विरोधी हैं। वे किसी भी विषय के मूल तक जाने के समर्थक तथा दूसरे की बातों को विना कसौटी पर कसे आँख मूँद कर मानने के सर्वथा विरोधी हैं। कभी-कभी उन विद्वानों के भी आलोचक हैं जो थे तो उच्च कोटि के विद्वान् लेकिन उनकी कलम चलती ही नहीं थी।

पिता जी के मुख्य शिष्यों में स्व० डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी, स्व० डॉ० राजबली पाण्डेय तथा डॉ० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र का नाम लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त काशी के नरेश श्री विभूति नारायण सिंह तो हैं ही, जो पुराण के उद्धार के निमित्त एक प्रकाशस्तम्भ हैं। राजनीति में रुचि नहीं, लेकिन जो भी मंच भारतीय संस्कृति के गुण-गायक हैं, उसके प्रशंसक हैं। स्वतन्त्रता के पश्चात् के नेता गण कम से कम भारतीय संस्कृति के महत्त्व को समझते थे। पिता जी इनमें से एक डा० के० एम० मुन्शी के समर्थक हैं।

हिन्दी के लिए पिता जी ने बहुत किया। यह तब किया जब सरकारी तन्त्र में हिन्दी समितियों का गठन भी नहीं किया गया था। हालाँकि वे शाब्दिक ही ज्यादा हैं। 'उर्दू अकादमी' कम ही पैसों में कहीं अच्छा कार्य कर रही है। पिता जी की कई पुस्तकें कई दक्षिणी और एशियाई भाषाओं में अनूदित हैं, जिसका हम सबको गर्व है। भारत के किसी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन को ले लें, उनमें आपको पश्चिमी राष्ट्र के हो लोग दिखेंगे, अपने पड़ोसियों की कोई जानकारी ही नहीं। यह भूलना नहीं चाहिये कि सांस्कृतिक सूत्र में वे ही हमारे निकट हैं। किसी भी राष्ट्र की गरिमा उसका अतीत है, जिस पर वर्तमान बना है। पिता जी इसके समर्थक हैं। उनकी पुस्तक 'आर्य संस्कृति' इसका प्रबल द्योतक है। मैं जब रूस में था, वहाँ प्रत्येक जानकार व्यक्ति से सुना कि उनकी भाषा का मूल संस्कृत है। लेकिन इस देश में यह कहना कि भारत की सब भाषायें संस्कृत से निकली हैं, कभी-कभी अमान्य भी होता है। यह एक विलक्षण विडंबना है।

पिता जी की सबसे हाल की कृति 'काशी की पांडित्य परम्परा' बड़े ही परिश्रम की देन होगी। अपनी खराब आँखों के बावजूद उसे पूरा करना, एक दुःसाहस ही होगा। अब देखना है कि काशी के कितने पंडित प्रपंचों से समय बचा कर इसे पढ़ते है तथा उन आदर्श पंडितों की जीवनचर्या का थोड़ा भी अनुकरण करते हैं। जिस धर्म संकट से संस्कृत की गाड़ी चल रही है, दोनों शिक्षकों तथा छात्रों के पक्ष से, उस पर न लिखना ही ठीक है। अब इसकी आलोचना पिता जी ने थक कर बन्द ही कर दी। अच्छा होता संस्थायें सरकारी चन्दों से न चलकर कर्मठ व्यक्तियों के चन्दों से चलतीं। तभी तो एक स्वस्थ नव जागृति आती।

संस्कृति की निःस्वार्थ धर्मपरायण सेवा, सदा नवीन ज्ञान का अर्जन, दूसरे के जाल-जंजाल से दूर तथा सबसे ऊपर मानवता तथा आध्यात्मिकता से अटूट लगाव—ये ही गुण हैं जिनके कारण मुझे पिता जी पर सदा गर्व रहता है तथा रहेगा।



# मेरे पूज्य पिताजी

*श्री गौरीशंकर उपाध्याय*

*भूतपूर्व सहायक निदेशक*

**उत्तर प्रदेश**

पिता जी अपने छात्रों को अध्ययन के लिये सर्वदा प्रेरणा दिया करते थे। अन्य परिचित व्यक्तियों से भी वार्तालाप के अनन्तर वे सरस्वती की सेवा की विषय में अवश्य पूछते थे कि 'सरस्वती की सेवा आजकल कर रहे हो या नहीं। जो पढ़ाते हो उसके विषय में चिन्तन किया करो और उसे लिपिबद्ध कर लिया करो जिससे वह भविष्य में काम आवेगा।' जीवन भर देखता रहा कि पिताजी सरस्वती की सेवा में अपना अमूल्य समय विताते रहे। थोड़ा भी समय मिल जाता है, तो उसमें भी अध्ययन करने बैठ जाते हैं। पढ़ने-लिखने में वे इतने तन्मय हो जाते हैं कि उन्हें भूख-प्यास भी नहीं लगती। इसी का फल है कि वे इतने ग्रन्थों के निर्माण में कृतकार्य हुए हैं।

पिता जी के साथ एक यात्रा की स्मृति आज भी मेरे चित्त में अंकित है। हिन्दी के माध्यम से दर्शन के सिद्धान्तों के प्रचार-प्रसार के स्पृहणीय उद्देश्य से स्थापित 'अखिल भारतीय दर्शन परिषद् का वार्षिक अधिवेशन गया में होने वाला था जिसमें पिताजी सभापति के रूप में आमंत्रित किये गये थे। इनके साथ सभा में सम्मिलित होने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त हुआ था। 'गया कालेज' के दर्शनशास्त्र के अध्यक्ष पण्डित अर्जुन चौबे 'काश्यप' इस सम्मेलन के आमन्त्रणकर्ता तथा व्यवस्थापक थे। इसी के अध्यक्ष पद पर पिता जी प्रतिष्ठित होकर गये थे। उनका विशेष स्वागत हुआ। उनके अध्यक्षीय भाषण में भारतीय दर्शन की उत्पत्ति तथा विकास के साथ ही साथ दार्शनिक सिद्धान्तों के विश्लेषण तथा विवेचन भी बड़ी विशदता के साथ किये गये थे। अपने कथन की पुष्टि में पिता जी ने पुराण के अनेक विख्यात आख्यानों का आध्यात्मिक विवेचन कर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया था। एक ही आख्यान का यहाँ संकेत कर रहा हूँ और वह है प्रह्लाद-चरित की आध्यात्मिक व्याख्या।

पिता जी ने बड़े ही सरल शब्दों में अपने मन्तव्य को प्रकट करते हुये कहा था—भारत के अध्यात्मवेत्ता विद्वान् डंके की चोट प्रमाणित करते आ रहे हैं कि

अर्थ की ऐकान्तिक उपासना स्वार्थमयी प्रवृत्ति की जननी है। वह मानव समाज को परम सौख्य की ओर कथमपि अग्रसर नहीं कर सकती। 'हिरण्यकशिपु' के पुत्र रूप में 'प्रह्लाद' का जन्म अवश्य होता है, परन्तु पुत्र ही पिता के सर्वनाश का कारण बनता है। इस घटना का रहस्य नितान्त गूढ़ तथा विचारोत्तेजक है। 'कशिपु' वैदिक शब्द है शतपथ ब्राह्मण में अनेकत्र प्रयुक्त। इसका अर्थ है—शय्या, सेज। श्रीमद्-भागवत में ही यह वैदिक शब्द प्रयुक्त हुआ है—सत्यां क्षितौ किं कशिपोः प्रयासैः (सोने के लिये जमीन जब है तब सेज की जरूरत ही क्या ?) अतः 'हिरण्यकशिपु' का अर्थ है सोने की सेज पर सोने वाला प्राणी, भोग-विलास में आसक्त मानव। आज कल की भाषा में समग्र पूँजीपति 'हिरण्यकशिपु' के ही प्रतिनिधि हैं। 'प्रह्लाद' प्रकृष्ट आह्लाद अर्थात् सातिशय आनन्द का द्योतक है। हिरण्यकशिपु के प्रासाद में प्रह्लाद नहीं जनमेगा तो क्या वह टूटी खाट पर सोने वाले दीन-हीन-दरिद्र की कुटिया में पैदा होगा ? नहीं, कभी नहीं। परन्तु पिता होने पर भी हिरण्यकशिपु प्रह्लाद को स्वायत्त नहीं कर सकता। महान् संघर्ष छिड़ जाता है पिता पुत्र में। प्रह्लाद पहाड़ से गिराया जाता है परन्तु वह मरता नहीं। पहाड़ों की सैर से विलासी का आनन्द कम नहीं होता प्रत्युत वह बढ़ जाता है। जल में डुबाने से भी प्रह्लाद नहीं मरता। समुद्र की सैर आनन्द उपजाती है, उसे नष्ट करने की बात ही दूर रही। हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद अवश्य है परन्तु वह उसके वश में नहीं है। यही है सात्विक आनन्द का भौतिक अर्थ के साथ घोर विरोध और इसका शमन तभी सम्भव है जब अर्थ की भौतिकता का, स्वार्थपरायणता का सर्वथा विनाश कर उसे अध्यात्म की ओर झुकाया जाय। इसीलिये नरसिंह के द्वारा हिरण्यकशिपु का संहार कर प्रह्लाद प्रतिष्ठित किया जाता है। यह पौराणिक आख्यान इसी गम्भीर रहस्य का द्योतक है।

इस उपसंहार को सुनकर पूरी सभा आह्लाद से गद्गद हो गई और कहने लगी कि आज पौराणिक कथाओं को समझने का एक नया सूत्र उनके हाथ लगा।

इन सभाओं के प्रत्यक्षदर्शी होने के कारण मैंने अपनी प्रतिक्रिया यहाँ अभि-व्यक्त की है। अब शान्ति पर्व का यह पितृप्रशंसापरक पद्य उद्धृत कर इस संस्मरण को समाप्त करता हूँ—

'पिता धर्मः पिता स्वर्गः पितैव परमं तपः।
पितरि प्रीतिमापन्ने सर्वाः प्रियन्ति देवताः॥

तथास्तु, पूज्य पिताजी के श्रद्धेय कर-कमलों में यह श्रद्धाञ्जलि समर्पित है।



# मेरे बाबा

**डा० रवीन्द्र कुमार दुबे**

**कानपुर**

आचार्य बलदेव उपाध्यायजी मेरे मातामह हैं। शैशवकाल में ही मेरी माता के निधन के पश्चात् मेरा पालन-पोषण उन्होंने एवं मेरी मातामही ने किया। मेरे मामा के लड़के उन्हें 'बाबा' कहते थे। संयुक्त परिवार में रहने के कारण मैं भी उन्हें बाबा ही कहने लगा। उनका सान्निध्य मुझे करीब चौबीस वर्षों तक निरन्तर मिलता रहा। इस लम्बी अवधि के दौरान मैंने बाबा को बहुत करीब से देखा है और जैसा पाया है उसे अपने तुच्छ शब्दों में प्रकट करता हूँ।

## ज्ञान की खान

इलाहाबाद की हिन्दुस्तानी एकेडेमी ने सम्भवतः सन् १९७० या १९७१ में बाबा की पुस्तक '**भारतीय वाङ्मय में श्री राधा**'' को पिछले दस वर्षों में प्रकाशित मौलिक ग्रन्थों में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया था एवं उस पर पुरस्कार प्रदान किया था। इसके उपलक्ष में एक समारोह का आयोजन हिन्दुस्तानी एकेडेमी के परिसर में हुआ था, जिसमें मैं भी उपस्थित था। राधा के ऊपर बाबा ने अपना व्याख्यान देते हुए कहा था कि भगवान् में त्रिविध शक्तियों—सन्धिनी, संवित् तथा ह्लादिनी—का समावेश है। इन तीनों शक्तियों में क्रमशः गुणों का उत्कर्ष होता है। ह्लादिनी शक्ति ही भगवान् की समग्र शक्तियों की परिपूर्णता की द्योतिका है। भगवान् की शक्तियों का पूर्णतम विकास इसी ह्लादिनी में दृष्टिगोचर होता है और इसीलिए यह शक्तियों में, स्वरूप शक्ति में भी, मुख्यतया मानी गई तथा यही राधा का दार्शनिक स्वरूप है। बाबा ने बताया था कि राधा भारत के सभी प्रान्तीय भाषाओं के साहित्य में विद्यमान हैं। कहीं केवल 'सखी' शब्द के द्वारा ही निर्दिष्ट हैं। तमिल साहित्य में उनका एक विशिष्ट नाम है 'नप्पिनैयी'। फलतः भारतवर्ष का समग्र साहित्य राधा की मधुरिमा से व्याप्त है।

स्वर्गीय पं० सुमित्रानन्दन पन्त जी ने अपने भाषण में कहा था कि पंडित जी की कृतियों, विशेषकर ''**वैदिक कहानियों**'' एवं ''**वैदिक साहित्य और संस्कृति**'' से मैंने बहुत प्रेरणा ली है। उन्होंने हास्य की दृष्टि से यह भी कहा कि सबको

एक-एक राधा अवश्य रखनी चाहिये। मैं जब वेल्स विश्वविद्यालय, स्वान्सी (ब्रिटेन) में था तो वहाँ के अँग्रेजी के प्राध्यापक डाक्टर जॉन रामसरन ने, जिन्होंने अपना शोध-प्रबन्ध हिन्दी एवं अँग्रेजी के भक्ति-साहित्य पर लिखा था बाबा के **भारतीय वाङ्मय में श्री राधा** पुस्तक की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी तथा कहा था कि कृष्ण एवं राधा के प्रणय के बारे में पश्चिम जगत् में जो भ्रान्ति है उसका निराकरण करने में इस पुस्तक का महत्त्वपूर्ण योगदान होगा।

हमारी मातामही के पितामह पंडित यागेश्वर दत्त शास्त्री काशी के प्रसिद्ध वैयाकरण थे। उनके पाण्डित्यपूर्ण ग्रन्थ **''हैमवती''** ( परिभाषेन्दुशेखर की टीका) का प्रकाशन सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से हुआ है। इस पुस्तक के विमोचन का समारोह था तथा अतिथि थे पं० कमला पति त्रिपाठी। इस अवसर पर बाबा ने उपरोक्त पुस्तक के लेखक से अपना पारिवारिक सम्बन्ध बताते हुए कहा कि इसके लेखक मेरी 'धर्मपत्नी' के पितामह हैं। इस पर त्रिपाठी जी ने कहा कि धर्मपत्नी क्यों, केवल पत्नी ही। बाबा ने इस पर उस समय ज्यादा बहस छेड़नी उपयुक्त नहीं समझी एवं इस प्रतिक्रिया को टाल गये। कुछ दिनों पश्चात् आदरणीय पं० श्रीनारायण चतुर्वेदी जी का लेख **'धर्मयुग'** में प्रकाशित हुआ जिसमें उन्होंने भी धर्मपत्नी शब्द के प्रचलन को अनुचित मानते हुए पत्नी शब्द के ही प्रचलन की वकालत की थी। तब बाबा का कान खटका तथा उन्होंने ''पत्नी और धर्मपत्नी—अर्थ विवेचना'' शीर्षक निबन्ध लिखा। व्याकरण एवं धर्मशास्त्र के आधार पर बाबा ने सिद्ध किया कि जो भार्या पति के ही समान वर्ण में उत्पन्न हो तथा धर्मशास्त्र में वर्णित धार्मिक विवाह के द्वारा विवाहित हो और जिसका पुत्र सभी पुत्रों में मुख्यता प्राप्त करने वाला अपने पिता के रिक्थ का अधिकारी हो, वही 'धर्मपत्नी' कहलाने की योग्यता रखती है। आदिकाव्य **वाल्मीकि रामायण** से प्रारम्भ कर परवर्ती काव्यों में अनेक स्थलों पर पत्नी एवं धर्मपत्नी दोनों शब्दों का समानार्थक प्रयोग बाबा ने खोज निकाला। अतः सवर्णा, धर्मविवाह से विवाहित, धार्मिक कृत्यों में पति की सहधर्मिणी साध्वी भार्या के लिए पत्नी एवं धर्मपत्नी दोनों शब्दों का प्रयोग न्याय-संगत है। **धर्मयुग** ने उस निबन्ध को अत्यधिक गम्भीर एवं शास्त्रीय मानकर प्रकाशित नहीं किया। अगर हिन्दी की पत्र-पत्रिकायें ही हिन्दी के पाठकों को अन्धकार में रखें तो इससे बढ़कर हिन्दी का दुर्भाग्य और क्या होगा।

बाबा को **''संस्कृत शास्त्रों का इतिहास''** ग्रंथ लिखते समय एक महत्त्वपूर्ण सन्दर्भ मिला था। व्याकरण के प्रसिद्ध ग्रंथ **''प्रक्रिया कौमुदी''** पर प्रख्यात विद्वान् शेषकृष्ण ने **''प्रक्रिया-प्रकाश''** टीका लिखी थी। ये अकबर के समकालीन थे। अकबर के प्रसिद्ध मन्त्री बीरबल (वीरवल) के आदेश से उन्हीं के 'कल्याण' नामक पुत्र को व्याकरण सिखाने के लिए इन्होंने यह टीका लिखी। शेषकृष्ण ने अपने

आश्रयदाता राजा बीरबल का पूरा वंशवृक्ष तथा ऐतिहासिक विवरण प्रस्तुत किया है :

**कामो वामदृशां निधिर्नयजुषां कालानलो विद्विषां**
**स्वःशाखी विदुषां गुरुर्गुणवतां पार्थो धनुर्धारिणम् ।**
**लीलावासगृहं कलाकुलभुवां कर्णः सुवर्णार्थिनां**
**श्रीमान् बीरबरः क्षितीश्वरवरो वर्वर्ति सर्वोपरि ।।**

(आरम्भ का २१वाँ श्लोक)

उक्त टीका के आधार पर बाबा ने खोज निकाला कि बीरबल का जन्म कानपुर के ब्रह्मावर्त के 'पत्रपुंज' (पटौजा) नामक ग्राम में ब्राह्मण वंश में हुआ था तथा उनके पितामह तथा पिता का नाम क्रमशः रूपधर तथा गंगादास था। उन्होंने बीरबल को ब्रह्मभट्ट वंश में उत्पन्न मानने की प्रचलित प्रथा को अप्रामाणिक सिद्ध किया। इस विषय पर **'कादम्बिनी'** में एक विशद लेख प्रकाशित हुआ था।

काशी नागरी प्रचारिणी सभा में तुलसी जयन्ती समारोह का आयोजन था। बाबा मुख्य अतिथि थे। व्याख्यान में उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने एक स्थान पर लिखा है कि "लिखत सुधाकर लिखगा राहू" का शाब्दिक अर्थ यह हुआ कि कोई चन्द्रमा लिख रहा था और लिख गया राहु। परन्तु यह कैसे सम्भव है? इस पर उन्होंने काष्ठजिह्वा स्वामी द्वारा लिखित रामायण की टीका **'रामायण परिचर्या'** का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने इसकी व्याख्या में केवल इतना ही लिखा है कि "एक तरफ ज्यादा स्याही गिर जाने से"। 'लिखन' शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि यहाँ 'लिखन' से लिखने का तात्पर्य न होकर चित्रांकन से है जिसका प्रयोग बिहारी ने अपने निम्नलिखित दोहे में किया है :

**लिखन बैठि जाकी सबिहि, गहि गहि गरब गरूर ।**
**भये न केते जगत के चतुर चितेरे कूर ।।**

"राहोः शिरः"—राहु का सिर ही अवशिष्ट है। फलतः उसी का चित्रण किया जाता है। चन्द्रमा का भी गोलाकार बिम्ब सिर स्थानीय है। फलतः दोनों के चित्रण में समानता है। अन्तर इतना ही है कि राहु के एक ओर का अंश कुछ मोटा है। अतः सुधाकर का अंकन करते समय एक ओर स्याही गिर जाने से वह राहु के रूप में परिणत हो जाता है। इसी तथ्य की ओर तुलसीदास जी का संकेत है।

—५—

## अनवरत परिश्रमी

बाबा पढ़ने-लिखने में बहुत परिश्रम करते हैं। प्रतिदिन वे ब्राह्म-मुहूर्त्त की बेला में उठ जाते हैं जब कि पूरा परिवार सोया रहता है तथा पठन-पाठन में जुट जाते हैं। वे सबको ब्राह्म-मुहूर्त्त में उठ कर पढ़ने की शिक्षा देते हैं। वे हमेशा डॉ० गंगानाथ झा का उदाहरण दिया करते हैं जो नियमपूर्वक प्रतिदिन कुछ न कुछ लिखा करते थे। बाबा के परिश्रमी होने का आभास मुझे उस समय विशेष रूप से लगा जब वे पुराण-विमर्श लिख रहे थे। १९६३ ई० के आसपास वे सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में पुराण विभागाध्यक्ष मनोनीत किये गये थे। नियुक्त होने के एक वर्ष के भीतर ही उन्होंने पुराण के ऊपर उक्त मौलिक एवं विशद ग्रन्थ लिख डाला। इस कार्य के लिये वे रात-दिन घोर परिश्रम करते थे। वे जिस विषय पर लिखना शुरू करते हैं उसको समाप्त करके ही दम लेते हैं। हमारी नानी कहती हैं कि जब बाबा भारतीय दर्शन लिख रहे थे, तब वे इतना परिश्रम करते थे कि उन्हें घर के बारे में सोचने के लिये भी फुर्सत नहीं थी। यह ग्रन्थ इतना प्रामाणिक निकला कि प्रकाशित होने के तुरन्त बाद ही इस पर उन्हें हिन्दी जगत् का प्रसिद्ध "मंगला प्रसाद पुरस्कार" प्राप्त हुआ। उनके परिश्रम का अन्य उदाहरण है उनके द्वारा सम्पादित वररुचि का "प्राकृत प्रकाश"। इसकी 'संजीवनी' नामक टीका की केवल एक ही प्रति हस्तलेख रूप में उपलब्ध है जो इंडिया आफिस पुस्तकालय, लंदन में सुरक्षित है। उसकी लिपि इतनी विचित्र थी कि ग्रियर्सन, कावेल आदि पाश्चात्य विद्वानों के द्वारा भी पढ़ी नहीं जा सकी। बाबा ने उक्त हस्तलेख को मँगवाया तथा सरस्वती भवन में उपलब्ध प्राकृत प्रकाश के केवल एक ही परिच्छेद के सुबोध लेख की प्रति की सहायता से उक्त हस्तलेख की लिपि के रहस्यों का पता लगाया। तदनन्तर इसका सम्पादन किया, जो सरस्वती भवन संस्कृत ग्रन्थमाला के अन्तर्गत प्रकाशित हुआ।

## प्रगतिशीलता

अगर बाबा खान-पान में संकीर्ण विचारधारा वाले हैं, तो पठन-पाठन में उनके विचार बिलकुल प्रगतिशील हैं। एक बार उनके शिष्य-स्वरूप डॉ० श्याम मनोहर पाण्डेय (सम्प्रति, प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, नेपुल्स विश्वविद्यालय, इटली) उनसे मिलने आये, तो उन्होंने पूछा कि क्या लिख-पढ़ रहे हो? डॉ० पाण्डेय ने कहा कि "मैं आजकल अरबी सूफी सन्त मंसूर हल्लाज की कृति "कितावुत्तवासीन" का अनुवाद हिन्दी में कर रहा हूँ। इसके लिये मुझे मुल्ला एवं मौलवियों के यहाँ भी ज्ञानार्जन के लिए जाना पड़ता है। इस पर बाबा बहुत प्रसन्न हुए तथा कहा कि तुम हिन्दी जगत् को एक अनोखी चीज दे रहे हो"। बाबा के प्रगतिशील विचारों की डॉ० पाण्डेय ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

बाबा के परिवार के अनेक सदस्य विदेश में उच्च अध्ययन करने के लिये गये। परन्तु उन्होंने कभी भी इसका प्रतिकार नहीं किया। बाबा को अँग्रेजी भाषा से कोई द्वेष नहीं है, परन्तु अँग्रेजियत के हिमायती नहीं हैं। शुरू-शुरू में बाबा अंग्रेजी में ही लिखा करते थे, परन्तु उनके गुरु पं० रामावतार शर्मा जी ने उन्हें हिन्दी में लिखने की प्रेरणा दी। बाबा की विज्ञान में भी काफी रुचि है। वे समय-समय पर अन्तरिक्ष यान, प्रक्षेपास्त्र, उपग्रह आदि पर अपनी जिज्ञासा किया करते हैं। स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहित करते हैं तथा पर्दा प्रथा में विश्वास नहीं करते।

## प्रेरणा-स्रोत

बाबा अपने शिष्यों एवं स्वजनों को हमेशा लिखने-पढ़ने की प्रेरणा देना अपना पुनीत कर्त्तव्य समझते हैं। वे उन आचार्यों में नहीं जो खुद तो खूब पठन-पाठन करना चाहते हैं, परन्तु दूसरों को उत्साहित नहीं करते। जब कभी भी उनका कोई शिष्य अपनी प्रकाशित पुस्तक की प्रति भेंट-स्वरूप देने आता है, वे उसकी उपलब्धि पर पर बहुत प्रसन्न होते हैं। वे उन आचार्यों में नहीं जो अपने सहयोगियों या शिष्यों की कृतियों के प्रकाशित होने पर ईर्ष्या करते हों, तथा उनके लिये दुष्कामना करते हों।

मेरे बाबा की कोई "आचारिय मुट्ठी" (आचार्य मुष्ठि) नहीं है। उनकी 'आचार्य मुष्टि' सर्वदा खुली रहती है और वे हाथ खोलकर स्वयं उपार्जित शास्त्रीय तथ्यों को अपने छात्रों में बाँट देने में अग्रसर रहते हैं। यही कारण है कि उनके शिष्यों की उन पर अपार श्रद्धा तथा अटूट निष्ठा है।

मेरे बाबा स्वभाव से बिलकुल निर्मल हैं तथा उनके हृदय के किसी भी कोने में छल-कपट का प्रवेश नहीं है। वे दूसरों के रहस्यों के बारे में रुचि नहीं रखते। बाबा चरित्र को सोने के घड़े के समान नहीं अपितु मिट्टी के घड़े के समान समझते हैं जिसे बहुत सम्हाल कर रखना चाहिये अन्यथा एक बार टूट जाने पर पुनः जुट नहीं सकता।

## जीवन-दर्शन

गीता का प्रसिद्ध श्लोक "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" ही बाबा का जीवन दर्शन है। कर्म करने में विश्वास करते हैं। उन्होंने सरस्वती की मूक एवं निःस्वार्थ सेवा की। उन्होंने पद, सम्मान, या लक्ष्मी प्राप्ति के लिये कभी सरस्वती-सेवा नहीं की। उनका विश्वास है कि सरस्वती की सेवा का फल कभी न कभी किसी न किसी रूप में अवश्य मिलता है—'नहि वन्ध्या सरस्वती'। अर्गला

स्तोत्र का "विद्यावन्तं यशस्वन्तं लक्ष्मीवन्तं जनं कुरु" उनका आदर्श है। पहिले विद्या प्राप्ति, तत्पश्चात् यश की प्राप्ति की कामना करनी चाहिये। अगर इन दोनों की प्राप्ति हो गई तो लक्ष्मी अपने आप परछाई की तरह आती हैं। 'समय नष्ट न करो'—यह उनका दूसरा आदर्श है। समय द्रुत गति से चलता है, उसको पकड़ने की कोशिश करनी चाहिये।

बाबा मस्तिष्क की सभी खिड़कियों एवं दरवाजों को खुला रखने को कहते हैं जिससे चारों तरफ से ज्ञान की किरणें आती रहें तथा अज्ञान को दूर करती रहें। मुझे बाबा के साथ रहने एवं उनसे बहुत कुछ सीखने पर गर्व है तथा रहेगा।



# भइया जी के संस्मरण


डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय

वाराणसी


## अध्ययन के प्रति अटूट अनुराग

जिन दिनों की मैं चर्चा कर रहा हूँ उन दिनों विद्युत की सुविधा का आगमन काशी नगरी में नहीं हुआ था। मैदागिन और दशाश्वमेध की चौमुहानी पर गैस के हण्डे जला करते थे और गलियों में म्युनिसिपैलिटी की वत्तियाँ टिमटिमाती रहती थीं जो प्रकाश से अधिक अन्धकार को ही पैदा करती थीं। ऐसी अवस्था में घरों में प्रकाश के लिये लालटेन—जिसे लोकभाषा में 'लाटमेन' कहा जाता था—अथवा दीपक प्रयोग में लाया जाता था। इस कार्य के लिये हम लोगों के घर में भी एक लालटेन थी जो अत्यन्त जीर्ण शीर्ण तथा प्राचीन होने के कारण किसी संग्रहालय की शोभा बढ़ाने के लिये ही अधिक उपयुक्त थी। फिर यह राजयक्ष्मा और दमा इन दोनों ही भयंकर रोगों से पीड़ित थी। जलाने पर जब वह 'फक् फक् फक्' करने लगती थी तब उसका दम कब निकल जायेगा ? यह पता नहीं चलता था।

इसलिये अध्ययन कार्य के लिये हम लोगों ने रेंड़ी (एरंड) के तेल का दीपक जलाने का निश्चय किया। पीतल की बनी 'दीयटि' के ऊपरी भाग में स्थित दीपक को रेंड़ी के तेल से भर दिया जाता था और इसमें चारों ओर चार बत्तियाँ जला दी जाती थीं। एक दिशा में बैठकर भइया जी (आचार्य बलदेव उपाध्याय), दूसरी दिशा में अग्रज भाई जी (डॉ० वासुदेव उपाध्याय) और तीसरी दिशा में मैं सिमट कर बैठा हुआ अध्ययन करता था। भइया जी उन दिनों काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय के संस्कृत विभाग में प्राध्यापक के पद को सुशोभित कर रहे थे और उनकी नियुक्ति अभी कुछ वर्षों पूर्व (सन् १९२२ ई०) वहाँ हुई थी।

हम दोनों भाई तो दीपक के उस प्रकाश में पढ़ते पढ़ते वहीं सो भी जाया करते थे परन्तु भइया जी नित्य प्रति लगातार दस-ग्यारह बजे रात्रि तक पढ़ा करते थे। रात्रि के अधिक देर तक पढ़ने के पश्चात् भी ये नियमित रूप से अध्ययन के लिये चार बजे प्रातः उठ जाते थे और जब वह हम लोगों को पढ़ने के लिये जगाते

थे, तभी हमारी कुम्भकर्णी निद्रा टूटती थी। प्राध्यापक के पद पर आसीन होते हुए भी—जब अनेक अध्यापकों को अध्ययन से वैराग्य पैदा हो जाता है—भइया जी का स्वाध्याय लगभग बीस-पच्चीस वर्षों तक इसी प्रकार अनवरत गति से चलता रहा।

आज भी वे जब कोई नयी पुस्तक मिल जाती है उसका अध्ययन अवश्य करते हैं। कुछ वर्षों पहिले विदेशी लेखक कोलिन्स तथा डोमिनीकलीपियर की लिखी **फ्रीडम ऐट मिडनाइट** नामक पुस्तक निकली थी। एक दिन मैंने भइया जी से पूछा कि क्या आपने उक्त पुस्तक को पढ़ा है? उन्होंने उत्तर देते हुए कहा कि उसे उलट पुलट कर देखा है। मैंने पूछा कि कहाँ? तब उन्होंने उत्तर दिया 'बुक स्टाल' पर। जरमनी दास की लिखी सुप्रसिद्ध पुस्तक **'महाराजा'** के विषय में भी यही बात कही जा सकती है। उपर्युक्त दोनों विदेशी विद्वानों द्वारा लिखित तथा अभी अभी प्रकाशित (१९८२) **लार्ड माउण्ट बेटन एण्ड पार्टिशन ऑफ इण्डिया** पुस्तक भी उनकी नजरों से गुजर चुकी है।

## विविध भाषाओं का ज्ञान

भइया जी ने अनेक भाषाओं का अध्ययन किया है। संस्कृत, पालि और प्राकृत भाषाओं के ये प्रकाण्ड पण्डित हैं—यह कथन पुनरुक्ति मात्र होगा। इन्होंने इन तीनों भाषाओं का हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन ही नहीं किया प्रत्युत अनेक ग्रन्थों की रचना भी की है। **प्राकृत प्रकाश** का दो अप्रकाशित टीकाओं के साथ सम्पादन इनके प्राकृत के गम्भीर ज्ञान पर प्रकाश डालता है। इसी प्रकार से भरत के **नाट्य शास्त्र** का काशी में प्रथम बार विमर्शात्मक सम्पादन इनकी गम्भीर विद्वत्ता को प्रकट करता है।

भइया जी ने हिन्दी भाषा में कोई कागजी डिग्री तो प्राप्त नहीं की है फिर भी इनका हिन्दी का अध्ययन बड़ा ही तलस्पर्शी है। इन्होंने **"रसिक गोविन्द और उनकी कविता"** का प्रणयन आज से पचासों वर्ष पहिले किया था। **"भारतीय साहित्य शास्त्र"** नामक पुस्तक का दो भागों में प्रणयन तथा प्रकाशन हिन्दी के तथाकथित विद्वानों तथा काव्य-शास्त्रियों को आश्चर्य सागर में निमज्जित कर देता है। इन ग्रन्थों की रचना के अतिरिक्त, इनका हिन्दी-साहित्य का ज्ञान विशेषकर रीति कालीन कवियों का अध्ययन—बड़ा ही गम्भीर है।

भइया जी का बंगला, गुजराती तथा मराठी साहित्य का ज्ञान भी अच्छा है। बंगला को तो ये अपनी मातृभाषा के समान बोल सकते हैं। रवि बाबू की मृदुल रसभरी कविता से इन्हें बड़ा अनुराग है। सन् १९४५ या ४६ ई० में बंगाल के

चन्द्रनगर स्थान में अ० भा० देववाणी सम्मेलन हुआ था जिसमें इन्होंने अध्यक्ष पद को सुशोभित किया था। यहाँ श्रोतागण केवल दो ही भाषाओं को समझ सकते थे। भइया जी का अध्यक्षीय भाषण तो संस्कृत में था। परन्तु इन्होंने उस सम्मेलन के संयोजक श्री मोतीलाल राय को उस समय चकित कर दिया जब धारा प्रवाह बंगला में उनके साथ वार्तालाप करने लगे।

विदेशी भाषाओं में ये जर्मन तथा फ्रेञ्च भाषाओं से परिचय रखते हैं। जर्मन भाषा की संस्कृत के साथ बहुत कुछ समानता होने के कारण, इसका ज्ञान होना स्वाभाविक है। फ्रेञ्च भाषा का भी इन्हें काम चलाऊ ज्ञान प्राप्त है।

## सादा जीवन तथा उच्च विचार

भइया जी का जीवन बड़ा ही सादा है। ठाट-बाट से रहना अपनी शान-शौकत का प्रदर्शन करना इनकी प्रकृति के नितान्त विरुद्ध है। इन्होंने अपने जीवन में विश्वविद्यालय में प्रोफेसर तथा निदेशक के पद को सुशोभित करते हुए भी—कभी ठाट-बाट नहीं दिखलाया। उन दिनों भी इनकी वेश-भूषा धोती, कुर्ता, चादर और चप्पल थी जो आज भी उसी रूप में विद्यमान है, हाँ उस समय ये शिरस्त्राण के रूप में एक लम्बीं (गोलाकार नहीं) टोपी अवश्य धारण करते थे जिसका अब नितान्त अभाव पाया जाता है। जाड़े के दिनों में ये ऊनी कोट अवश्य ही पहिनते थे और आज भी पहिनते हैं परन्तु उस कोट के नीचे कमीज के स्थान पर कुर्ता ही सुशोभित रहता है। पूजा के समय ये पादुका (खड़ाऊ) का उपयोग करते हैं परन्तु निवास स्थान के भीतर भ्रमण करने के लिये बाटा का हवाई चप्पल ही पर्याप्त होता है।

## भोजन

भइया जी का भोजन-छाजन भी बड़ा ही सादा है। भोजन के विषय में वे उपनिषदों में वर्णित श्रेय और प्रेय का बड़ा ही ध्यान रखते हैं। ये स्वभाव से ही मधुर भाषी होने के साथ ही साथ मधुर-भोजी भी हैं। इसीलिये ये खीर तथा मालपुआ को अधिक पसन्द करते थे। यहाँ भूतकाल का प्रयोग इसलिए किया जा रहा है कि डाक्टरों की सलाह के अनुसार अब इन्होंने घृत-शर्करा समन्वित भोज्य पदार्थों का परित्याग ही कर दिया है। भइया जी दूध तो अवश्य पीते हैं परन्तु चाय-पान से उन्हें अत्यन्त वैराग्य है। एक बार इन्होंने मुझसे अलंकृत भाषा में कहा था कि "मुझे चाय की चाह नहीं है और 'काफी' की चर्चा भी काफी नहीं है।"

## क्रियासिद्धिः सत्वे भवति महतां नोपकरणे

भइया जी आज तिरासी वर्ष की वय में विद्यमान होने पर भी लेखन कार्य में सतत सक्रिय तथा तल्लीन रहते हैं। परन्तु जहाँ तक लेखन-उपकरणों का सम्बन्ध है वह बहुत ही साधारण कोटि का है। बहुत से लोग एक पत्र को लिखने के लिए भी अपने 'स्टडी रूम' के सेक्रेटेरियट टेबुल के सामने, 'रिवाल्विंग चेयर' (घूमने वाली कुर्सी) पर बैठने की आवश्यकता का अनुभव करते हैं। परन्तु भइया जी के निवास स्थान में कोई 'स्टडी रूम' है या नहीं इसका मुझे सम्यक् ज्ञान नहीं है।

भइया जी जमीन पर बैठकर ही चार-चार, पाँच-पाँच घण्टा लगातार ग्रन्थ लेखन का कार्य किया करते हैं। लिखने के लिये टेबुल के स्थान पर इनके सामने एक छोटी सी 'चौकी' विराजमान रहती है 'जिस पर (सफेद) फुलस्केप कागज के अतिरिक्त सहायक ग्रन्थ भी रखे रहते हैं। अपने उमड़ते हुए हार्दिक विचारों को लिपि की कारा में बाँधने के लिए ये 'फाउण्टेन पेन' का प्रयोग तो अवश्य करते हैं परन्तु वह शेफर और पार्कर की कोटि का नहीं होता, अतः ठीक ही कहा है 'क्रिया सिद्धि : सत्त्वे भवति महतां नोपकरणे'।

## साहित्य सर्जना

भइया जी ने अपनी छात्रावस्था से हिन्दी में लेख लिखना आरम्भ किया। इस विषय में इनके दो प्रेरणास्रोत थे—लाला भगवानदीन जी तथा म० म० पण्डित रामावातार शर्मा। लालाजी १९१९ ई० में हिन्दू विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्राध्यापक नियुक्त हुए। उनसे घनिष्ठ सम्पर्क में इन्हें आने का सुअवसर उसी समय प्राप्त हुआ। पण्डित रामावतार जी को एम० ए० कक्षा में वेद तथा साहित्य के अध्यापन काल में इन्हें संस्कृत विषयक नवीन तथ्यों से अवगत कराया। फलतः इन्होंने संस्कृत कवियों के जीवनवृत्त, उनकी कविता की आलोचना आदि का विवरण हिन्दी में प्रकाशित करना आरम्भ किया। लालाजी के द्वारा सम्पादित **'लक्ष्मी'** नामक पत्रिका (गया से प्रकाशित) तथा पण्डित द्वारिका प्रसाद मिश्रा द्वारा सम्पादित **'श्री शारदा'** नामक पत्रिका (जबलपुर से प्रकाशित) में इनके लेख १९२० ई०-१९२४ ई० में प्रकाशित होते थे। दोनों गुरुजनों की विमल प्रेरणा का परिणत फल इन साहित्यिक लेखों में देखा जा सकता है। हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में नियुक्ति के अनन्तर अपने सहअध्यापक पण्डित बटुकनाथ शर्मा के सहयोग से निर्मित **'रसिक गोविन्द तथा उनकी कविता'** नामक परिचयात्मक लघुग्रन्थ (हिन्दी प्रचारिणी सभा, बलिया, १९२७ ई०) इनकी प्रथम रचना है। तब से आरम्भ कर आज तक (१९८२ ई०) लगातार पचास वर्षों तक इन्होंने अदम्य उत्साह, तथा

अश्रान्त परिश्रम द्वारा अपने उपार्जित ज्ञान का वितरण अपने पाण्डित्यपूर्ण ग्रन्थों के माध्यम से किया है।

## ग्रन्थ-रचना

आपने हिन्दी, संस्कृत तथा अंग्रेजी इन तीनों ही भाषाओं में ग्रन्थ रचना की है जिनकी संख्या तीस से भी अधिक है। इन्होंने वेद, पुराण, साहित्य, दर्शन, काव्य-शास्त्र, जीवनी, आलोचना तथा इतिहास सम्बन्धी विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थों का प्रणयन किया है जिनका मूल्यांकन कोई मर्मज्ञ विद्वान् ही कर सकने में समर्थ है।

महाकवि मुरारि ने यह सत्य कहा है—

"अब्धिर्लंघित एव वानरभटैः किन्त्वस्य गंभीरताम् ।
आपातालनिमग्नपीवरतनुर्जानाति मन्थाचलः ॥

## अद्भुत स्मरण-शक्ति

ऐसा सुना जाता है कि महाराजा विक्रमादित्य की सभा में नवरत्नों में कुछ ऐसे अद्भुत स्मरण शक्ति सम्पन्न कवि थे जो किसी श्लोक को एक बार ही सुन कर उसे स्मरण पथ पर उतार लेते थे। भाई साहब के सम्बन्ध में भी यही बात निश्चित रूप से कही जा सकती है। इन्हें संस्कृत कवियों के हजारों श्लोक कण्ठस्थ हैं। हिन्दी कवियों में विहारी और घनानन्द की कविता के सैकड़ों पद ये सुना सकते हैं। किं बहुना, बंगला के कवि डी० एल० राय और रवि बाबू के अनेक गीतिमय पद्य इनकी जिह्वा पर नाचते रहते हैं। परन्तु इनकी स्मरण-शक्ति की सबसे बड़ी विशेषता है किसी कविता को सद्यः सुन कर तत्काल उसे स्मरण कर लेना। नैषधचरित के लम्बे-लम्बे श्लोक इन्हें कण्ठस्थ हैं। कालिदास की सरस तथा मनोहारिणी कविता के विषय में तो कुछ कहना ही व्यर्थ है। इन्होंने अद्भुत स्मरण-शक्ति प्राप्त की है। परन्तु ऐसा क्यों न हो ? आप उस परम मेधावी तथा अलौकिक प्रतिभा सम्पन्न गुरु ( म० म० रामावतार शर्मा ) के पट्ट शिष्य हैं जिन्होंने अपनी वाल्यावस्था में ही पूरी की पूरी **'चैम्बर्स डिक्शनरी'** को कण्ठस्थ कर लिया था और जिसके विषय में महाकवि श्री हर्ष की यह उक्ति अक्षरशः चरितार्थ होती थी— "अमुष्य विद्या रसनाग्रनर्तकी"।

### अभिमान का अभाव तथा विनम्रता की मूर्ति

भइया जी के जीवन में अभिमान का अत्यन्ताभाव पाया जाता है। जब मैंने उनके समक्ष यह सुझाव रखा कि 'काशी की पाण्डित्य-परम्परा'' का जो इतिहास आप लिपिबद्ध कर रहे हैं उसमें आपका भी नाम—अन्त में ही सही, सम्मिलित होना चाहिए तब वे बड़े ही असमंजस में पड़ गये और कुछ सोच विचार कर मेरे प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए बोले कि ''यह महान् विद्वानों का इतिहास है। इसमें मेरी कहाँ गुंजाइश हो सकती है''। परन्तु जब मैंने बाल-हठ पकड़ लिया और कहा कि आपकी जीवनी के बिना यह ग्रन्थ अपूर्ण ही रहेगा, तब इन्होंने किसी किसी प्रकार से आचार्य आनन्द शंकर ध्रुव के विद्यार्थी के रूप में अपना नाम देना स्वीकार किया। फिर भी प्रधान पण्डितों की माला की मनिका बनना इन्होंने स्वीकार नहीं किया। इनका स्वभाव बड़ा विनम्र है। ठीक ही है। विद्या ददाति विनयम्। किसी से किसी विषय पर शास्त्रार्थ करना इनकी प्रकृति के विरुद्ध है।

### यात्रा से विराग

भाई साहब यात्रा करने से बहुत ही कतराते हैं। परन्तु परिभ्रमण से वैराग्य होते हुए भी, उन्हें देश और विदेश की दर्शनीय वस्तुओं की जानकारी से पूर्ण अनुराग है। सन् १९८० ई० में जब मैं तीनों धाम की तीर्थ यात्रा पर जा रहा था तब मैंने इनसे भी चलने की प्रार्थना की। परन्तु इन्होंने मुझसे कहा कि तुम तीर्थ यात्रा कर आओ, मैं काशी में बैठे हुए ही पुस्तकों के माध्यम से समस्त तीर्थों की यात्रा कर चुका हूँ। तीर्थ यात्रा से लौट कर आने पर जब मैं इनके दर्शन के लिये गया तब इन्होंने मदुराई के सुप्रसिद्ध मीनाक्षी के मन्दिर, तिरुपति के भगवान् वेंकटेश्वर के मन्दिर तथा चिदम्बरम् के नटराज के मन्दिरों का विस्तृत वर्णन कह सुनाया जो विस्मयकारी था। विदेश के दर्शनीय स्थानों के विषय में इनकी जानकारी कुछ कम नहीं है। उस दिन भाई साहब ने मेरे ज्येष्ठ पुत्र (डा० हरिशंकर उपाध्याय) को जो उन दिनों जार्जिया विश्वविद्यालय, अमेरिका में एसोशियेट प्रोफेसर था, आश्चर्य में डाल दिया जब इन्होंने उससे एटलाण्टा में स्थित 'रोमिंग रेस्टोराँ' के विषय में प्रश्न पूछना शुरू किया। हरिशंकर के यह पूछने पर कि बड़े बाबू जी ! आपको इसकी जानकारी कैसे है ? उन्होंने उत्तर दिया कि मैंने इसका वर्णन एक अमेरिकन पत्रिका (स्पैन) में पढ़ा था।

### अभिन्न मित्र

भइया जी इस संसार में 'पुष्करपलाशवत्' निर्लेप रहते थे और आज भी रहते हैं। अतः इन्होंने कभी मित्रों को नहीं 'पाला' और न कभी इनकी संख्या बढ़ाने

का ही प्रयास किया। परन्तु इनके एक अभिन्न मित्र अवश्य थे जिनकी चर्चा के बिना—चाहे वह संक्षिप्त क्यों न हो—यह संस्मरण पूरा नहीं हो सकता। ये अभिन्न मित्र तथा सतत सहचर प्रोफेसर बटुकनाथ शर्मा थे जो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में इनके साथ ही संस्कृत के अध्यापक थे। भइया जी इनका सत्संग प्राप्त करने के लिए, साहित्य चर्चा के लोभ से नित्य प्रति प्रातः तथा सायं इनके घर जाया करते थे। साथ ही, ये दोनों विद्वान्, एक ही सवारी पर चढ़कर विश्वविद्यालय जाते और साथ ही लौटते थे। उन दिनों भाई साहब का अधिकांश समय इनके ही 'साहित्य सदन' में व्यतीत होता था। वहाँ अनेक साहित्य-चर्चायें छिड़तीं, अनेक कविताओं का पाठ होता था। "वसन्त पूजा" के वैदिक मन्त्रों से उनका कक्ष गूंज उठता था। इस प्रकार वे बड़े ही आनन्द के दिन थे।

## दिनचर्या

पहिले, भाई साहब ब्राह्म मुहूर्त में चार बजे प्रातः ही जग जाते थे। परन्तु अब डाक्टरों की सलाह के कारण, कुछ देर से अर्थात् पाँच बजे के लगभग, सभी ऋतुओं में समान रूप से जग जाते हैं। कुछ देर तक भगवान का भजन तथा ध्यान करने के पश्चात् शौचादि से निवृत्त होकर गंगा-स्नान के लिये चले जाते हैं जो उनके (रवीन्द्रपुरी, न्यूकालोनी) के पास ही है। स्नान कर लौटने के पश्चात् ये प्रतिदिन संकट मोचन हनुमान् का दर्शन करने के लिये जाते हैं। वहाँ से आने के पश्चात् ये भगवान् की पूजा और पाठ करते हैं जिसका क्रम लगभग दो घण्टों तक चलता रहता है। पश्चात् थोड़ा दुग्ध पान (**भइयाजी कभी चाय नहीं पीते**) करने के बाद स्वाध्याय करने बैठ जाते हैं। दस-ग्यारह बजे के आसपास रोटी-दाल का सादा भोजन करते हैं, पश्चात् विश्राम। दो-तीन बजे लगभग जग कर पुनः लेखन या साहित्य चर्चा में प्रवृत्त हो जाते हैं। प्रातः तथा सायं थोड़ा भ्रमण भ. करते हैं। ९ बजे रात को पुनः भोजन के पश्चात् शयन। दूसरे दिन फिर प्रातः उठकर इन्हीं कामों की पुनरावृत्ति करते हैं।

तिरासी वर्ष की वय प्राप्त होने पर भी, भइया जी आज भी, शरीर से सक्रिय और बुद्धि से प्रखर हैं। इनकी स्मरण शक्ति आज भी तेज़ है। साहित्य की सेवा में अद्यावधि सक्रिय योगदान कर रहे हैं। इनके विषय में विश्वास के साथ अब यह कहा जा सकता है कि—

**"अधीतमध्यापितमर्जितं यशो,**
**न शोचनीयं किमपीह विद्यते।"**

अन्त में भगवान् भूतभावन विश्वनाथ से सविनय मेरी यही प्रार्थना है कि वह नम्रता की मूर्ति, निरभिमानी इस मनीषी को शतायु बनायें जिससे वैदिक ऋषियों की यह प्रार्थना चरितार्थ हो सके—

'जीवेम शरदः शतम् । शृणुयाम शरदः शतम् । प्रब्रुयाम शरदः शतम् ।
अदीनाः स्याम शरदः शतम् । भूयश्च शरदः शतात् ।''



# आचार्य बलदेव उपाध्याय की भोजपुरी-सेवा

**डॉ० रविशंकर उपाध्याय**
**वाराणसी**

आचार्य पं० बलदेव उपाध्याय संस्कृत साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान् हैं। परन्तु सम्भवतः यह तथ्य बहुत कम लोगों को ही ज्ञात होगा कि आचार्यपाद ने अपनी मातृभाषा भोजपुरी की भी अमूल्य सेवा की है।

सन् १९२५ या २६ ई० में बलिया में बलिया जिला हिन्दी प्रचारिणी सभा का प्रथम अधिवेशन हुआ था। सुप्रसिद्ध भाषा-शास्त्री डा० सर ग्रियर्सन ने सन् १८८४ तथा १८८५ ई० में भोजपुरी लोक-गीतों के सम्बन्ध में जे० आर० ए० एस० में सर्व प्रथम चर्चा की थी। इसके पश्चात् इस शताब्दी के प्रथम दशक में इन्होंने भोजपुरी भाषा की विवेचनात्मक मीमांसा प्रस्तुत की थी। परन्तु डा० ग्रियर्सन के लगभग पचास वर्षों के पश्चात् आचार्य उपाध्याय जी ही सर्व प्रथम भारतीय विद्वान् हैं जिन्होंने सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष के रूप में दिये भाषण में भोजपुरी भाषा का साङ्गोपाङ्ग विश्लेषण कर, भोजपुरी लोक-गीतों का उदाहरण प्रस्तुत किया। आचार्य जी का यह भाषण अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक महत्त्व रखता है। इस भाषण की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि हिन्दी भाषा में लिखित भोजपुरी भाषा तथा भोजपुरी लोक-साहित्य की यह सर्व प्रथम विद्वत्तापूर्ण मीमांसा है। इसके पहिले सर्व साधारण जनता 'भोजपुरी' के नाम से भी परिचित नहीं थी।

सन् १९४२ ई० में डा० कृष्णदेव उपाध्याय द्वारा संकलित तथा सम्पादित भोजपुरी लोक गीतों का सर्व प्रथम संग्रह, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से प्रकाशित हुआ था। उपाध्याय जी ने अपने अग्रज आचार्य बलदेव उपाध्याय से इसकी भूमिका लिखने की प्रार्थना की। आचार्य जी ने दो तीन मास के कड़े परिश्रम के साथ इस संग्रह की भूमिका लिखकर प्रस्तुत की। यह भूमिका लगभग १०० (एक सौ) पृष्ठों में लिखी गई है जिसमें भोजपुरी साहित्य के अतिरिक्त लोक साहित्य का सामान्य परिचय बड़ी ही गम्भीरता के साथ निबद्ध है।

इस भूमिका में वर्णित 'लोक साहित्य की भारतीय तथा लोक साहित्य की पाश्चात्य परम्परा' वाले अध्याय विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। यह देखकर कुछ आश्चर्य हुए

बिना नहीं रहता कि जिस विद्वान् ने संस्कृत साहित्य तथा भारतीय दर्शन के अध्ययन और अध्यापन में ही अपना समस्त जीवन खपा दिया हो उसे पाश्चात्य लोक साहित्य का इतना प्रगाढ़ ज्ञान कहाँ से प्राप्त हुआ ? सच तो यह है कि पं० कृष्णदेव उपाध्याय ने सन् १९५१ ई० में "भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन" नामक जो शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया वह आचार्य जी की इस भूमिका का केवल पल्लवन मात्र है, अन्य कुछ नहीं।

आचार्य जी ने भोजपुरी भाषा में अनेक निबन्धों की रचना की है जिनमें केवल एक का ही यहाँ उल्लेख करना पर्याप्त होगा। कुछ वर्षों पूर्व आरा से "भोजपुरी" नामक मासिक पत्रिका प्रकाशित हुआ करती थी। इसी पत्रिका में आपने "महाभाष्य और भोजपुरी" शीर्षक लेख लिखा था। इस लेख में यह दिखाने का प्रयत्न किया गया है कि पतञ्जलि के द्वारा उल्लिखित संस्कृत भाषा के मुहावरे (वाग्योग) भोजपुरी में ही प्रचलित हैं, हिन्दी की किसी अन्य बोली में नहीं। भोजपुरी में ये उत्तराधिकार में प्राप्त हुए हैं। पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में दिखलाया है कि कृ (करना) धातु के अनेक अर्थ होते हैं जिनमें सेवा करना, साफ करना, मींजना आदि अर्थ भी सम्मिलित है। उदाहरणार्थ, 'पृष्ठं कुरु' तथा 'पादौ कुरु' का अर्थ पीठ को मींजना तथा पैरों को धोकर साफ करना है (उद्मृजानेति गम्यते)। कृ धातु का यह विशिष्ट अर्थ भोजपुरी में उपलब्ध होता है। भोजपुरी मण्डल का सेवक जब कहता है 'गोड़ों कइलीं, मूँडो कइलीं, तबहूँ रउरा खुस ना भइलीं', तब इस संस्कृत प्रयोग के ही भोजपुरी पर्याय का प्रयोग करता है। फलतः भोजपुरी पतञ्जलि के प्रयोग की विशद व्याख्या करती है—यह कथन सर्वथा सत्य है। पूर्वोक्त लेख में उपाध्याय जी ने इसी तथ्य का उद्घाटन किया है।

संस्कृत साहित्य के क्षेत्र में इनकी अमूल्य सेवाओं के साथ ही इनकी भोजपुरी सेवाओं को भी ध्यान में रखना पड़ेगा। इस प्रकार हमें प्राचीन मार्ग दर्शकों के ऋण को तो स्वीकार करना ही पड़ेगा।

**"नमः पूर्वजेभ्यः ऋषिभ्यः पथिकृद्भ्यः।"**

# महोत्साहा उपाध्यायमहोदयाः

*पं० श्रीरामचन्द्र मालवीयः*

**ऋषिकेशः**

सततं सुरभारतीसमाराधनसुधाऽऽस्वादसन्तृप्तमनसां विदुषां सन्ति विविधाः विधाः। केचन व्याकरण-न्याय-मीमांसादिप्रस्थानेष्वन्यतममेकमेवोपजीव्य यावज्जीवं तस्मिन्नेव कृतभूरिपरिश्रमाः मानेऽसमानास्तत्राद्वितीयविरुदभाजः सञ्जायन्ते। केचन द्वित्रेषु शास्त्रेषु विषयेषु वा सममेव प्रावीण्यं समधिगत्य महापण्डितपदवीभाजो विभ्राजन्ते। केचनापरे दिव्यप्रतिभा पुरस्कृताः सर्वेष्वपि शास्त्रेष्वगाधाबाधबोधाः सर्वतन्त्रस्वतन्त्रा इति ख्याताः प्रातः स्मरणीयाः सञ्जायन्ते। केऽपि च सुरगवीमधुरिममुग्धमानसाः न्यायमूर्त्ति-वाक्कील-महासचिवादिविविधेषु स्वेषु स्वेष्वधिकारेष्वभिरता आङ्ग्लभाषा हिन्दीभाषामाध्यमेन वाऽवकाशक्षणविहिताध्ययनावाप्तयोग्यताकाः संस्कृतानुरागिणो विद्वांसः कथ्यन्ते। कतिपये वैदेशिका वैदिकविज्ञानविमोहिता वेदं कञ्चनैकमाश्रित्य कस्यचित् सुकवेः काव्यमेकं धर्मशास्त्रादिविषयम्वाऽऽधारीकृत्याध्ययनशीलाः ऐतिहासिकतत्त्वान्वेषणैषणाः भारतीयैः सुवहुमानिताः संस्कृतविद्वांसो गण्यन्ते। एतेष्वपि च प्रायशोऽध्यापने प्रवचने लेखने च पृथक् पृथगेव कुशलाः नराः सञ्जायन्ते, तत्रापि केचनैव धन्याः शिक्षकाणां धुरि प्रतिष्ठिताः कालिदासीयामिमामुक्तिं स्मारयन्ति।

> **श्लिष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था सङ्क्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता।**
> **यस्योभयं साधु स शिक्षकाणां धुरि प्रतिष्ठापयितव्य एव।**

अन्ये पुनः केचन प्रवचनपटवः स्वकीयया गम्भीरपदया सरस्वत्या द्विषामपि मनांसि मोहयन्तः भारवेरिमामुक्तिं चरितार्थयन्ति।

> **विविक्तवर्णाभरणा सुखश्रुतिः प्रसादयन्ती हृदयान्यपि द्विषाम्।**
> **प्रवर्त्तते नाकृतपुण्यकर्मणां प्रसन्नगम्भीरपदा सरस्वती॥**

किन्तु प्रवचनेऽध्यापने लेखने च समानमधिकारमावहन्तः केचन विरला एव

जयन्ति ते सम्यतमा विपश्चितां मनोगतं वाचि निवेशयन्ति ये ।
नयन्ति तेष्वप्युपपन्ननैपुणा गभीरमर्थं कतिचित् प्रकाशताम् ।।

इत्युक्तिं सफली कुर्वन्ति ।

तथा च संस्कृतसभाजे विश्वविश्रुतयशसः श्री बलदेवोपाध्यायाः अनिवार्य-रूपेणावकाशग्रहणकालं यावत् भारतस्यात्यन्तं सुप्रतिष्ठिते काशीहिन्दूविश्वविद्यालये संस्कृतविभागाध्यक्षपदमलङ्कुर्वन्तोऽनन्तरञ्च गुणैकपक्षपातिभिः वाराणसेयसंस्कृत-विश्वविद्यालयस्य प्रथमोपकुलपतिभिः श्री आदित्यनाथझामहाभागैः पुराणविभागा-ध्यक्षपदे प्रतिष्ठापिताः शिष्यैः प्रशिष्यैश्च प्रशंसिताः स्वीयां काञ्चनापूर्वामध्यापन-क्षमतां प्रकटीकृतवन्तः । पुनश्च बह्वीषु संस्कृतहिन्दीपरिषत्सु साभापत्यं विधाय स्वीयमपूर्वं प्रवचनपाटवञ्च प्रख्यापयन्तस्तथा च विश्वविद्यालयीयोच्चतमकक्षासु पाठ्यत्वेनाङ्गीकृतांस्तथा सहृदयानां संस्कृतज्ञानाञ्च कृते ज्ञानवर्धकान् परीक्षार्ण-वोत्तरणाय च पोतस्वरूपान् बहून् विशालान् ग्रन्थान् हिन्दीभाषायां विलिख्य संस्कृते चानेकेषां ग्रन्थानामनुशीलनात्मकं सम्पादनम्विधाय बहुमाना ह्येते देशस्य मान्यै-र्मनीषिभिरभिनन्दिताः सभाजिताश्च बभूवुः ।

## लेखने राष्ट्रियभावना

आङ्गलानां शासनकाले भारतीयशिक्षापद्धतौ महत्परिवर्त्तनं जातमित्या-कलयन्त्येव शिक्षाविदो विपश्चितः । भावे भाषायां भूषायाञ्चैते भारतीया अभारतीया यथा भवेयुर्येनास्माकं शासनं सुदृढं स्यादित्यासीन्मैकालेप्रभृतिकूटनीतिज्ञानां नीतिरत एव संस्कृतं वैकल्पिकविषयमङ्गीकृत्याध्येतॄणां कृते सर्वास्वपि परीक्षासु संस्कृतस्यापि प्रश्नानां समाधानमाङ्ग्लभाषायामेवानिवार्यमभूत्तथा च ए० बी० कीथ, विण्टरनित्ज, मैकडानल्प्रभृतीनामाङ्ग्ललेखकानामेव पुस्तकानि पठित्वा छात्राः परीक्षासूत्तीर्णतां लब्धवन्तः । तैर्लिखिता एव संस्कृतवाङ्मयसम्बद्धा ऐतिहासिका विषया उचिता अनुचिता वाऽस्माकं कृते मान्या अभवन् । ये खल्वाङ्ग्लभाषायां नैपुण्यमभजन् ते श्रेष्ठरङ्कैः समुत्तीर्णा बभूवुरथ ये च तत्रानिपुणास्ते संस्कृतग्रन्थानां स्फुटतरमाशयं जानन्तोऽप्याङ्ग्लभाषायां यथावत्तत्प्रकटयितुमक्षमा मध्यमावरश्रेण्यामेवोत्तीर्णा अभवन् । विषमामिमां परिस्थितिं विलोक्योपाध्याय-महाभागैर्विमृष्टं यद् यावद्धि नास्माकं हिन्दीभाषा समृद्धा भविष्यति तावन्नैव जनोत्साहो भविष्यति तस्यामेव सर्वकार्यसम्पादनार्थमथतदर्थमाग्रहादिविधानञ्च । यथार्थतस्तदानीं हिन्दीभाषायां संस्कृतवाङ्मयस्य विषयानवबोधयितुं कीथादिलिखितग्रन्थवत् संस्कृतकाव्य-नाटकादि-प्रणेतॄणामितिहासः काव्यादिसमीक्षासारश्च नोपष्टब्ध आसीत् । तथा चैभिराङ्ग्लभाषायां वर्त्तमानान् तादृशान् ग्रन्थान् सम्यगालोड्य तेषां त्रुटीः सुसङ्गतेन तर्केण सुदृढेन प्रमाणेन च निराकृत्य अनेकानुपादेयान् आवश्यकग्रन्थान-लिखन् ।

एतैर्लिखितानां ग्रन्थानामिदमस्ति किञ्चिदपूर्वं वैशिष्ट्यं यद्दुरूहा दुर्बोधा अपि शास्त्रीयाः भावाः सरलातिसरलास्तथा मन्दैरपिसुबोधाः सञ्जायन्ते चिराय हृदि प्रतिष्ठाञ्च लभन्ते । बहुभिरुपेक्षितं कञ्चनोपादेयं नूतनं विषयमाश्रित्य लिखितेष्वेतेषां ग्रन्थेष्वैतिहासिकानि नूतनानि तथ्यान्युपलभ्यन्ते । आद्यशङ्कराचार्यविषये तथा सायणमाधवयोर्विषये हिन्दीभाषया लिखितयोर्पुस्तकयोर्विदुषां कृते सन्ति बहूनि ज्ञातव्यान्यैतिहासिकानि तथ्यानि यानि बहूनां ग्रन्थानामालोडनेनोपाध्यायमहाभागैर्नव-नीतवत् समुद्धृतानि ।

**एतेषां लेखनप्रकारः**

संस्कृतविश्व-विद्यालयेऽनुसन्धानसञ्चालकपदे प्रतिष्ठितानामेषां प्रायः प्रत्यहं दर्शनेनाहमेतेषां स्नेहपात्रं जातः । एकदा धार्ष्ट्यादहमपृच्छम्—उपाध्यायमहाभागाः ! आदिवसं विश्वविद्यालयीयकार्येषु व्यापृताः भवन्तः कदा गभीरमध्ययनं कुर्वन्ति कदा च ग्रन्थराशीन् लिखन्ति ? तैरुत्तरितम्—समयच्युतिं परां हानिं मन्यमानानां कृते नास्ति कस्यचिदपि कार्यस्य कृते समयाभावः । यद्यपि सूर्येऽस्तङ्गते नाहं लिखामि नैव च पठामि तथाऽप्यस्ति बहुः कालः । लेखनार्थमहं सर्वमपि क्षणं चिन्तयामि किं लेख्यम्, कथं लेख्यं केषाञ्च कृते लेख्यमिति अथ लब्धे स्वल्पेऽप्यवकाशेऽहं लेखने प्रवृत्तो भवामि । तदर्थमहं सर्वदैवास्यच्छ्वसुर-गृहादानीतस्य "ठाकुर जी" विग्रहस्य समक्षं स्वल्पं काष्ठफलकमाधारीकृत्य लिखामि ।

इतो बहोः कालात् पूर्वं मया कतिपयसंस्कृतविदुषामितिवृत्तं हिन्दीभाषायां लिखितं यत् "संस्कृत के विद्वान् और पण्डित" इति नाम्ना पुस्तकरूपेण प्रकाशितम-भूत् । उपाध्यायमहोदयैस्तदपि पठितं पुनश्चाशीर्वादरूपेणोक्तं नवीनोऽयं शुभोपक्रमो हिन्दीभाषायामतोऽन्येषामपि विदुषां वृत्तं लेखनीयम् । एतदनन्तरं संकटमोचनदर्शन-प्रसङ्गेन यदायदाऽऽवयोर्मेलनं जातं तदा तदोपाध्यायमहोदयैः बहुशः प्रेरितोऽप्यहं परिस्थितिपारतन्त्र्यात्तेषां सत्प्रेरणां सफलीकर्त्तुं नापारयम् । परन्त्वचिरादेव हिन्दू-विश्वविद्यालयीयप्राङ्गणे निष्पन्ने विश्व-संस्कृत-सम्मेलने संयोगादेव संमिलितैरुपाध्याय-महोदयैः सर्वप्रथममेतदेव निगदितं यद् भोः भवान् बहुशः प्रेरितोऽपि न किञ्चिद-करोतिति मया यथाशक्ति ज्ञातानां समेषां संस्कृतविदुषां विषये यावद्धि ज्ञातव्य-मासीत्तत्सर्वं विलिख्य मुद्रणाय दत्तम् । श्रुत्वैतन्मे मनसि महानाह्लादः समजायत यदे-तेषां महानुभावानां मनोहारिण्या शैल्या विलिखितं विद्वच्चरितं किञ्चिदपूर्वमेव मधुरिमोद्गारं भविष्यति विदुषां छात्राणाञ्च कृते येन तपः पूतानामध्ययनाध्यापनं-व्यतिरिक्तविषयविमुखानां प्राचां विदुषां विलोभनीयं वृत्तं विविच्य यदि नाम केचनाल्प-सङ्ख्याका अपि छात्रा आधुनिकान् दोषान्विहाय स्वाध्यायं समाचरिष्यन्ति तर्हि नून-मिदानीमस्माकं ह्रासमुपेयुषी सुरगवी पूर्ववज्जाज्वल्यमानं गौरवमवाप्स्यति ।

## भारतीयसंस्कृतेरनुगमनम्

सरलता शुचिताऽऽडम्बरहीनता च भारतीयसंस्कृतेर्वैशिष्ट्यम् । तथाहि राष्ट्रपतिसकाशात्पुरस्कारमवाप्तुमथवा प्रात्यहिककार्यसम्पादनायापणादिगतानामेतेषां वेषाकारयोः स्वल्पोऽपि विभ्रमो नैव विलोकितः । आकण्ठमावृतं सोत्तरीयं कञ्चुकं धार्यमाणानां कुङ्कुमोज्ज्वलभालदेशानामेषां वेषः सर्वथा भारतीयः । पुनश्च संस्कृत-विदुषां कृते यस्य कस्यापि देवस्येष्टत्वेनाराधनं स्वाभाविकं भवतीति काशीस्थाः सहृदया जानन्त्येव कथमेते नियतेषु दिवसेषु नियतं देवमन्दिरेषु दर्शनार्थं गच्छन्ति प्रात्यहिक-भोजनपानादिवन्नियमेन सप्तशत्यादिपाठस्तुप्रचलत्येव । सततं काश्यां निवसन्तोऽपीमे ताम्बूलतमालपत्रादिसेवनव्यसनानभिभूता सदैव व्यसनानभिभूताः सुखं तिष्ठन्ति ।

एतेषां सम्मानार्थं गङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठस्य सहृदयधुरीणानां शास्त्रमर्मज्ञानां प्राचार्यमहोदयानां डा० गयाचरणत्रिपाठिमहोदयानामभिनन्दन-विशेषांकप्रकाशनरूपः प्रयासः सर्वथा प्रशंसार्हः ।



# संस्मरण

***डा० बाबूराम सक्सेना***

**इलाहाबाद**

१९२० में म्योर सेण्ट्रल कालेज से एम० ए० पास करके गुरुदेव डा० गंगानाथ झा के आदेश से मैं संस्कृत का उच्चतर अध्ययन करने के लिये बनारस गया। पण्डित जी उस समय गवर्नमेंट संस्कृत कालेज के प्रिंसिपल थे। उनके निर्देश से मैंने गुरुवर पं० गोपीनाथ कविराज के पास "संस्कृत साहित्य में अलंकारों का विकास" पर अनुसन्धान करना आरम्भ किया। रहने की कोई सन्तोषपूर्ण व्यवस्था नहीं थी। मित्रवर पं० परशुराम चतुर्वेदी के सुझाव पर मैंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में प्रो० ए० बी० ध्रुव तथा प्रो० रामावतार शर्मा के पास भी काम करना आरम्भ किया और मुझे किंग एडवर्ड होस्टल में रहने के लिये कमरा मिल गया। वहीं रहकर मैंने जून १९२२ तक अनुसन्धान किया। अन्तिम डेढ़ वर्ष मैंने प्रायः सर्वांश में प्रो० आर० एल० टर्नर के चरणों में बैठकर 'अवधी का विकास' विषय लेकर रिसच का काम किया।

पं० बलदेव उपाध्याय उसी काल में संस्कृत-विषय में एम० ए० की पढ़ाई कर रहे थे। उनके सहपाठी पं० चिम्मन लाल गोस्वामी, पं० हरदत्त शर्मा और पं० उमेश मिश्र थे। एक ही विषय के विद्यार्थी होने के कारण हम सब का परस्पर अच्छा परिचय हो गया। बलदेव जी कविराज जी के पास भी आते थे और इसलिये परिचय और गाढ़ा हो गया।

बलदेव जी ने साहित्य विषय लेकर अध्ययन किया था पर संस्कृत-वाङ्मय की वेद, दर्शनादि अन्य शाखाओं का भी उन्होंने अच्छा अध्ययन किया था। रिसर्च में उनकी विशेष रुचि नहीं थी। इसीलिये उन्होंने रिसर्च की कोई डिग्री नहीं ली। हिन्दी में संस्कृत साहित्य के विविध अंगों पर उन्होंने बहुत अच्छी पुस्तकें लिखी हैं जो संस्कृत के अध्यापकों तथा विद्यार्थियों के लिये बड़े काम की हैं। बलदेव जी को लिखने का व्यसन रहा है। भर्तृहरि ने महात्मा के प्रकृति सिद्ध लक्षणों में लिखने-पढ़ने के व्यसन को एक लक्षण बताया है जो कि बलदेव जी में पर्याप्त मात्रा में है।

कई वर्ष पहले की बात है कि बलदेव जी ने भेंट होने पर मुझसे पूछा कि "आप नियमपूर्वक ग्रंथ सृजन करते हैं या नहीं।" मैंने कहा कि, "मुझे तो जब अन्दर से बहुत प्रेरणा मिलती है तभी मैं लिखने बैठता हूँ।" बलदेव जी ने हँसकर कहा "तभी आपके प्रकाशन बहुत कम हैं। मेरा तो नियम है कि जब तक मैं कम से कम ३-४ पन्ने लिख नहीं लेता तब तक भोजन नहीं करता"। मुझे विश्वास है कि इस वृद्धावस्था में भी उनका यही क्रम जारी है। निस्सन्देह उनके ग्रंथ बड़े उपयोगी और ज्ञानवर्धक हैं और यह उनकी संस्कृत जगत् को अमूल्य देन है।

आचार विचार में वे कट्टर ब्राह्मण हैं और बड़ी निष्ठा से आचार के नियम का पालन करते हैं। वे मेरे समवयस्क हैं। ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि वे ऐसे ही काम करते हुए सौ वर्ष तथा उससे भी आगे जियें।



# स्वाध्याय की प्रतिमूर्ति पण्डित बलदेव उपाध्याय

*डा० भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी 'वागीश शास्त्री'*

वाराणसी

लम्बी सुडौल काया, तेजोद्दीप्त विहँसता मुखमण्डल, घुटनों तक साधारण धोती, कुर्ता और चप्पल, विशेष अवसरों पर दुपट्टा और कभी-कभी टोपी—यह है अकृत्रिम सीधा-सादा व्यक्तित्व पण्डित बलदेव उपाध्याय का। प्रातःकाल गंगास्नान और देवदर्शन—भारतीय संस्कृति पर पूर्ण आस्थावान्।

उपाध्याय जी का सिद्धान्त है—'मस्तिष्क की खिड़कियाँ खुली रखो, चारों तरफ से ज्ञानरूपी मातरिश्वा का निर्बाध प्रवेश होने दो।' उनका स्वाध्याय यज्ञ निर्बाधरूप से आज भी चल रहा है। उसके लिये वे समिधाओं का समाहरण चलते-फिरते स्वयं किया करते हैं। अपरिसीम ज्ञानपिपासा! ऋषि-ऋण-निर्यातन के प्रति अटूट जागरूकता।

श्री उपाध्याय के स्वाध्यायी व्यक्तित्व को उजागर करने वाले कुछ संस्मरणों को छाँटकर यहाँ ज्यों का त्यों प्रस्तुत कर रहा हूँ, जिन्हें सन् १९६७ से ६९ तक दैनन्दिन पुस्तिकाओं में लिखा गया था।

## विद्वत्प्रेमी

दिनांक ११-२-६९। आज पण्डित बलदेव उपाध्याय का भाषण आयोजित था। इंग्लिशिया लाइन स्थित डॉ० मंगलदेव शास्त्री के घर पाँच बजे सायंकाल। वे मुझे साथ ले गये। ४॥ बजे डॉ० मंगलदेव शास्त्री के निवास पर पहुँचे। वहाँ डॉ० शास्त्री तथा श्री ब्रजवल्लभ द्विवेदी बैठे थे। पश्चात् काशी विद्यापीठ के पीठ-स्थविर डॉ० राजाराम शास्त्री तथा पुस्तकाध्यक्ष श्री खुशालचन्द्र गोरावाला आ गये। उसके अनन्तर श्री जगन्नाथ उपाध्याय, श्री रामशंकर त्रिपाठी, श्री मित्तल, डॉ० चौहान, डॉ० रायगोविन्दचन्द्र तथा श्री गौरीनाथ पाठक पहुँचे। भाषण प्रारम्भ हुआ। श्री उपाध्यायजी ने बताया—यद्यपि भक्ति शब्द ऋग्वेदादि में उपलब्ध नहीं होता तथापि भक्तिभाव-परक मन्त्र वहाँ मिलते हैं—पितृभक्ति-परक, पतिभक्ति-परक। यह भक्ति '**सा परानुरक्तिरीश्वरे**' है। गोपियों में वह भक्ति विद्यमान है। एक

बार नारद जी द्वारका पहुँचे और श्रीकृष्ण ने पूछा—आपको सबसे अधिक स्नेह कौन करता है? श्रीकृष्ण ने कहा—गोपियाँ। नारद जी बोले—'सत्यभामा, रुक्मिणी आदि की बात कहते तो ठीक था, बात कहीं आपने गोपियों की। श्रीकृष्ण ने कहा—अच्छा आप स्वयं जाँच लीजिये। जाकर कहिये, श्रीकृष्ण का सिर पीड़ा के मारे फटा जा रहा है। अपने पैरों की एक मुट्ठी धूल दे दो तो ठीक हो जायेगा। नारद जी ने रुक्मिणी, सत्यभामा के घर पहुँच कर श्रीकृष्ण की बात सुनाई, तो रानियाँ बोलीं—हमें क्यों नरक में ढकेलते हो, जाओ अपना काम करो। पश्चात् नारद जी वृन्दावन गये। गोपियों से कहा तो वे बोलीं—'एक मुट्ठी क्या, दो मुट्ठी ले जाओ, जिससे हमारे कन्हैया का कष्ट दूर हो।' नारद जी ने कहा—तुम नरक में पड़ोगी? गोपियों ने कहा—'हम नरक में पड़ें कोई चिन्ता नहीं, हमारे कन्हैया का दुःख तो दूर हो जायेगा। विलम्ब मत कीजिये, जल्दी जाकर यह धूल लगाइये।'

श्री उपाध्यायजी ने कहा—वैदिककालीन इन्द्र का स्थान धीरे धीरे विष्णु लेने लगे। श्रीकृष्ण ने उनका मानमर्दन भी किया। जो लोग कहते हैं कि श्रीकृष्ण दो हुए—एक रास रचाने वाला तथा दूसरा गीतोपदेश करने वाला—वे लोग कान खोल कर सुन लें—कृष्ण एक ही हुए थे। राजसूय यज्ञ में जब यह प्रश्न उठा कि अग्रपूजा किसकी हो तो भीष्मपितामह ने श्रीकृष्ण का नाम सुझाया। शिशुपाल से यह बात सह्य नहीं हुई। उसने कृष्ण की एक एक लीला को लेकर आलोचना करनी प्रारम्भ की। "वह छकड़ा क्या था? पूतना क्या थी? एक चिड़िया थी, गोवर्धन-पर्वत क्या था? बाँबी थी"। इस प्रकार शिशुपाल ने यह सिद्ध कर दिया कि अग्रपूजाभाक् श्रीकृष्ण गोपियों के साथ लीला करने वाले श्रीकृष्ण से भिन्न नहीं थे।

राधा का नाम वस्तुतः प्राकृत भाषा की 'गाथासप्तशती' में मिलता है। उसके पश्चात् यह भास के नाटक में और तदनन्तर पद्मपुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण, गीतगोविन्द और राधा सम्प्रदाय-प्रवर्तक के ग्रन्थ में मिलता है। श्रीमद्भागवत में राधा नाम का सुस्पष्ट उल्लेख नहीं है पर "एक सखी रह गई, पदचिह्न कृष्ण के साथ देखे गये" लिखा है।

भक्ति का तात्पर्य वस्तुतः 'समर्पण' है। जिसमें स्वार्थ रहित दान हो, वह भक्ति और जिसमें स्वार्थ हो वह काम। दसवीं शताब्दी में राधा को बंगाल में तान्त्रिकों ने अपनाया परकीया के रूप में।

श्री उपाध्याय जी ने कथावाचकों की शैली में मंगलाचरण श्लोक पाठ से प्रारम्भ कर "रट ले हरि नाम अरी रसने, फिर अन्त समय में हिली न हिली" से समाप्त किया। उन्होंने बताया कि राधा साहित्य गुजरात से आया था। श्री रामकुमार चौबे बोल पड़े—इसीलिये तो गोपियों को गूजरी कहा जाता है।

पीठस्थविर श्री राजाराम शास्त्री ने परकीया को लेकर एक मजाक सा बनाया 'किसी दूसरे की स्त्री हुए बिना वह परकीया हो नहीं सकती, तब राधा दूसरे किसकी स्त्री थी' ?

## जिज्ञासा

दिनांक ३१-५-६८। मैं उनके संचालकीय कक्ष में बैठा था कि डॉ० रामशंकर जी भट्टाचार्य आ गये। उपाध्याय जी ने उनसे पूछा—"**यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्**" का उदाहरण दीजिये। भट्टाचार्य ने—"**त्वकत्पितृकः, मकत्पितृकः** तथा **त्वत्कपितृकः, मत्कपितृकः**" उदाहरण दिये। महाभाष्यकार के अनुसार **त्वकत्पितृकः मकत्पितृकः** "**अव्ययसर्वनाम्नामकच् प्राक् टेः**" और सूत्रकार के अनुसार '**मत्कपितृकः स्वार्थे कः**'। उपाध्याय जी बोले—युधिष्ठिर मीमांसक "**यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्**" को सिद्धान्त-कौमुदी की उपज बताते हैं। मैं बोला—"कैयट ने लिखा है सर्वप्रथम उसे।

दिनांक ३-६-६८। श्री उपाध्याय जी ने बुलवाया मुझे डॉ० रामशंकर भट्टाचार्य से। उपाध्याय जी ने मुझसे पूछा—**गृहाः दाराः बालुकाः** और **वर्षा** ये शब्द बहुवचन के रूप में ही क्यों प्रयुक्त होते हैं, इसका कारण बताइये। मैंने कहा—**गृहिणी गृहमुच्यते**। गृह शब्द बहुवचनान्त तथा पुंलिंग है। कुल्लूकी और स्त्री पुरुषवत् होती है। इसलिये **दाराः** शब्द पुंलिग और बहुवचन है। पुरुष को ससुराल में रहना पड़ता है। कुछ स्त्रियाँ परिवारों का विदारण करने में चतुर होती हैं। बुन्देलखण्ड में तो दारी शब्द गाली के रूप में प्रचलित है। वर्षा में अनेक बूंदे तथा बालू में अनेक कण होते है। अतः उनका भी बहुवचन होना जंचता है। बोले—यार आपने बात तो खूब सुझायी।

उन्होंने मुझे एक पुस्तक दिखाई "Enquiry of relation in Sanskrit and Tamil"। वे शिव को द्राविड़ शब्द न बताकर संस्कृत ही दिखाने के लिए उस पुस्तक से सहायता ले रहे थे। उपाध्याय जी बोले—आर्य अग्निपूजक थे, यह भस्म-लेपन आदि कहाँ से आ गया ? बात यों है—अग्नि-ज्वाला का प्रतीक शिव-प्रतिमा है। गँड़ारी अग्निकुण्ड का द्योतक है और अग्नि से निकलने वाली भस्म त्रिपुण्ड है।

दिनांक १३-६-६८। श्री उपाध्याय जी ने मुझे अपने संचालकीय कक्ष में बुलवाया। वहाँ पण्डित बदरीनाथ शुक्ल के अतिरिक्त एक और सज्जन बैठे थे—श्वेत केश और दाढ़ी, कुर्ता कुछ भगवा वर्ण का था। श्री उपाध्याय जी व्याकरण के सम्बन्ध में अपनी नवीन उपलब्धियाँ बता रहे थे। वे "**अपमित्यं याचते**" आदि कह रहे थे। मैंने कहा—"**आपमित्यकम्**" भी होता है। बोले—कहाँ होता है ? क्या अर्थ है ?"

मुझे अर्थ ध्यान में नहीं आया उस समय कि याञ्चयाप्तं याचितकं निमयादापमित्य-कम् (२।९।४) अमरकोश में है। वे श्वेतकेश बोले—"यह तद्धितान्त प्रयोग है"। उन्होंने उपाध्याय जी से मेरा परिचय पूछा। वे बोले—"ये हमारे सहायक हैं। व्याकरण के अच्छे विद्वान् हैं। यह देखिए इनके द्वारा लिखा गया ग्रन्थ।" यह कह कर उन्होंने **पाणिनीयधातुपाठसमीक्षा** दिखा दी।

## निरन्तर अन्वेषण की ललक

दिनांक ११-९-६८। श्री उपाध्यायजी ने बताया—रायमुकुटमणि की 'पदचन्द्रिका' नामक व्याख्या **अमरकोश** पर प्रकाशित हुई है संस्कृत कालेज कलकत्ता से। अद्भुत व्याख्या है। मैं कल कुलपति डॉ० गौरीनाथ शास्त्री जी की टेबुल से यह पुस्तक ले गया और रात के ११ बजे तक पढ़ता रहा। प्रतिदिन ९ बजे ही सो जाता हूँ। उसमें **चन्द्रमाः** शब्द पर व्याडि की उत्पलिनी का उदाहरण है, जिसमें मास् शब्द का ही अर्थ चन्द्रमा बताया है। चन्द्र शब्द मास् का विशेषण है। जब मैं पढ़ता था तब मैक्समूलर के Lectures on Science of the Language नामक पुस्तक में इस शब्द के सम्बन्ध में पढ़ा था। उसमें मास का अर्थ चन्द्रमा और चन्द्र को उसका विशेषण बताया था। पर्सियन में महताब—चन्द्रमा और आफ़ताब्—सूर्य। इसी मास (चन्द्र) से मासों का निर्माण, गणना-कार्य आदि होते हैं।

इसके आगे उपाध्याय जी बोले—**'पदचन्द्रिका'** में माठर शब्द के विवरण में सूर्य के ११ गण बताये गये हैं। 'अलगर्त' शब्द का पाठान्तर "अलगर्द" है। इसका अर्थ **पदचन्द्रिका** में बताया गया है—"वह सर्प जिसका अर्ध भाग अलग पृथ्वी पर न लगता हो—अ + लग् + अर्ध"।

## प्रतिक्षण स्वाध्याय

दिनांक १९-१२-६८। श्री उपाध्याय ने मुझे नारायण बहादुर (अर्दली) द्वारा बुलवाया। बोले—सुना है आज के डायरेक्टर आप हैं। 'आज' के इसलिए कहा, क्योंकि प्रायः प्रतिदिन डायरेक्टर बदला करते हैं। कृपया आप अपने अधिकार से मुझे "**प्रक्रियाकौमुदी**" मँगा दें लाइब्रेरी से। शेषकृष्ण की टीका उसपर है। भट्टोजि दीक्षित के दो अन्य शिष्यों का पता लगा है—(१) वनमाली मिश्र (कुरुक्षेत्र) तथा (२) श्री नीलकण्ठ शुक्ल (**शब्दशोभा** ग्रन्थ के लेखक)।"

योगशास्त्र में "स्वाध्याय" को क्रियायोग कहा है। "**तपःस्वाध्यायेश्वर-प्रणिधानानि क्रियायोगः**" (२, १)। इसका आश्रय लेने वाले व्यक्ति को इष्टदेवता का साक्षात्कार होता है। "**स्वाध्यायादिष्टदेवतासंप्रयोगः**" (२, ४४)। श्रीमद्-

भगवद्गीता में स्वाध्याय को यज्ञ कहा गया है—**स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च** । उपाध्याय जी एक तपस्वी और समाधिस्थित उस मुनि की अपेक्षा श्रेष्ठ हैं, जो स्वयं के लिये तप करता है, समाधि लगाता है, वह पुण्य उसे स्वयं मिलता है । उपाध्याय जी तो ज्ञान-धारा में पहले स्वयं अवगाहन करते हैं, तब उसे प्रकाशित कर समष्टि को अवगाहन के लिए अवसर देते हैं । ऐसे कर्मयोगी मनीषी के शतायुष्ट्व के लिए जगदीश्वर से प्रार्थना है ।

**कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः ।**
**एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ।।** (ईशावास्य० २)

—८—

# पण्डित श्री बलदेव उपाध्याय : एक अलंघनीय व्यक्तित्व

डा० जगन्नाथ पाठक

इलाहाबाद

तुङ्गत्वमितरा नाद्रौ नेदं सिन्धावगाधता ।
अलङ्घनीयताहेतुरुभयं तन्मनस्विनि ।।

माघ, शिशुपालवध २।४८

भगवान् विश्वनाथ की परम पावन नगरी काशी तपःस्वाध्यायनिरत विद्वानों की "खनि" रही है। प्रवर्तमान में उसके अलंकरणस्वरूप जिन अंगुलिपरिगणनीय विद्वानों का नामोल्लेख किया जा सकता है उनमें पूज्य पण्डित बलदेव उपाध्यायजी अन्यतम हैं। जहाँ पण्डितजी का व्यक्तित्व हिमालय की सी ऊँचाई को अपने आप में समेटे हुए प्रतीत होता है वहीं वह समुद्र की सी गहराई से भी व्याप्त है।

स्मृतियों के पलटते हुए पन्ने....काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का शान्त-स्निग्ध परिसर....एक धोतीधारी लबी कायावाला व्यक्ति, जिसकी लम्बाई सिर की गोल टोपी के कारण कुछ और बढ़ गयी है, माथे पर तिलक....सहज प्रसन्न आकृति। फिर भी चिन्तन में डूबा-डूबा....गम्भीर गति से अकेला शनैः शनैः बढ़ता जा रहा है, अपने पीछे दूर तक अनुभूतिगम्य सी आभा-राशि बिखेरता हुआ....हम जैसे अज्ञात-अपरिचित शिष्यों की "मनहिं मन" प्रणतियों को स्वीकार करता हुआ वह फिर कुछ ही क्षणों में ओझल हो जाता है, वृक्षों के झुण्ड में। क्या यही तो पूज्य पं० बलदेव उपाध्यायजी नहीं हैं ?

मैंने १९५० ई० में का० हि० वि० वि० में संस्कृत की शास्त्री कक्षा में प्रवेश लिया। संस्कृत साहित्य के इतिहास के अध्ययन के क्रम में पण्डितजी की रचना अंशतः पढ़ी और पुनः कुछ समय बाद "भागवतसम्प्रदाय" पढ़ने का अवसर मिला। पण्डितजी के अनेक शिष्यों के मुख से उनके बारे में सुनकर उनका अन्तेवासित्व प्राप्त करने की उत्कण्ठा हुई। अध्ययन के क्रम में उनकी **बौद्धदर्शन मीमांसा** भी पढ़ने का अवसर मिला। हिन्दी में लिखित अन्य ग्रन्थ भी पढ़ने को मिलते, किन्तु जिज्ञासा की

सहजपूर्ति पण्डितजी के ही ग्रन्थों से होती और यह भी होता कि अब कौन सा ग्रन्थ पण्डितजी की लेखनी से निर्मित हो रहा है।

उन्हीं दिनों २५ दिसम्बर की एक संध्या में स्व० महामना मालवीय जी महाराज की जयन्ती के प्रसंग में सभा का आयोजन रुइया छात्रावास के सामने हुआ। पण्डितजी मुख्य वक्ता थे। तब प्रथम बार उनके श्री मुख से महामना के विषय में सुनने का सौभाग्य मिला। उसी क्रम में उन्होंने बताया था कि मालवीय महाराज हिन्दी भाषा के प्रबल समर्थक थे। उसमें दूसरी भाषाओं के शब्दों की "छौंक" के विरोधी थे। पण्डितजी ने महामना के श्रीमुख से सुनकर ही इस शब्द का प्रयोग किया था। स्वयं पण्डितजी की भाषा भी कुछ उसी प्रकार छौंक-निर्मुक्त होती है। जहाँ तक उनके लेखन की विशिष्टता को मैं समझ सका हूँ, पण्डितजी बड़े गम्भीर विषय को बड़ी सरलता से थोड़े में कह जाते हैं। तब नैषध की वह बात सही लगती है—**"मितञ्च सारञ्च वचो हि वाग्मिता"**।

यथासम्भव १९५९ की बात है। पण्डितजी विश्वविद्यालय में अध्यापन से अवकाश ग्रहण करने वाले थे। मैं संस्कृत एम० ए० (प्रथम वर्ष) का छात्र था। भारती संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० राजवली पाण्डेय, जो पंडितजी के शिष्य थे, की प्रेरणा से सबने मिलकर पंडितजी का सौप्रस्थानिक अभिनन्दन का आयोजन किया था। सभा हुई तो पंडितजी के ही प्रिय शिष्य, हिन्दी-विभाग के अध्यक्ष आचार्य पं० हजारी प्रसाद द्विवेदीजी ने सभापतित्व किया। मुख्य वक्ताओं में डॉ० सूर्यकान्त, डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल और डॉ० टी० आर० वी० मूर्ति थे। डॉ० मूर्ति ने, जो बौद्ध दर्शन के विश्वविख्यात विद्वान् माने जाते हैं, यह कहा कि पण्डितजी की **"बौद्ध दर्शन मीमांसा"** से उन्हें बौद्धदर्शन के विषय में सही जानकारी हुई है।

सभापति के पद से पंडित हजारी प्रसाद द्विवेदीजी ने अपनी सहज वैनोदिक शैली में "आलोचकजी" और "लक्ष्मीजी" वाली कहानी सुनाई थी। और निष्कर्ष रूप में कहा था, "वास्तव में पण्डितजी इतने अच्छे हैं कि इन्हें इतना अच्छा नहीं होना चाहिए। कुछ कम अच्छे होते तो अच्छा होता।"

मुझे जब से पंडितजी की निकटता प्राप्त हुई तब से मैंने अनुभव किया है कि **"गीता"** में जो "विद्याविनय सम्पन्न ब्राह्मण" का उल्लेख हुआ है वह यदि पंडितजी के समग्र व्यक्तित्व का आकलन किया जाय (जो सम्भव नहीं) तो अक्षरशः सत्य सिद्ध होगा। एक दिन बात-चीत के प्रसंग में मैंने देखा कि पंडितजी के शिष्य श्रद्धेय डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल का गला भर आया और पंडितजी की विद्योपासना की प्रशंसा वे नहीं कर पाये।

उस वर्ष पंडितजी हम शिष्यों को मेघदूत पढ़ा रहे थे। तव पंडितजी का कक्षा में पहुँचना, श्लोक पढ़ना और कुछ विशेष स्थलों पर रुककर रहस्य खोलना मुझे सर्वाधिक प्रभावोत्पादक लगा था।

स्व० पंडित हजारी प्रसादजी द्विवेदी ने आचार्य रामानन्दजी के विषय में लिखते हुए "महागुरु" शब्द की व्याख्या की है और कहा है कि महागुरु का व्यक्तित्व "आकाशधर्मा" होता है, उसमें नाना परस्परविरोधी जीव अपनी सामर्थ्य के अनुसार उड़ते रहते हैं, किन्तु वह निर्लिप्त बना रहता है। एक प्रसंग में उन्होंने यह भी सम्भवतः लिखा है कि वह (गुरु) अपना सब कुछ उलीच कर शिष्यों को अर्पित कर देने वाला होता है। वास्तव में पूज्य पंडितजी कुछ इसी प्रकार के "महागुरु" हैं। उन्हें मेरा शतशत प्रणाम ! इस प्रसंग में "पंडितराज" का यह पद्य पंडितजी के विषय में उद्धृत करने की इच्छा का संवरण नहीं कर पा रहा हूँ—

"अन्या जगद्धितमयी मनसः प्रवृत्ति-
रन्यैव कापि रचना वचनावलीनाम्।
लोकोत्तरा च कृतिराकृतिरार्तहृद्या
विद्यावतां सकलमेव गिरां दवीयः ॥"

# आचार्य बलदेव उपाध्याय : अध्यापक के रूप में

*डॉ० ब्रजमोहन चतुर्वेदी*

**दिल्ली**

आचार्य बलदेव उपाध्याय मेरे पूज्य गुरू हैं। उन्होंने मुझे न केवल एम० ए० के दोनों वर्षों में विधिवत् पढ़ाया है अपितु महिमभट्ट की महनीय कृति "व्यक्ति-विवेक" को लेकर शोध करने की प्रेरणा के स्रोत भी वही रहे। ऐसा प्रायः देखा जाता है कि जो सफल लेखक है वह उत्तम कोटि का अध्यापक नहीं होता तथा उत्तम अध्यापक की प्रवृत्ति लेखन में अधिक नहीं होती, पर पण्डितजी इसके अपवाद हैं। उनका लेखन जितना पुष्कल एवं सप्राण है, अध्यापक के रूप में उतने ही वे छात्रों की अनन्य श्रद्धा के भाजन भी हैं। कक्षा में उनसे पढ़ने का एक विशेष ही सुख था। पढ़ाते-पढ़ाते विषय के साथ वे इतने विभोर हो जाते थे कि उनका चेहरा तमतमा जाता था।

कक्षा में छात्रों को प्रश्न पूछने के लिए वे सदा प्रोत्साहित करते थे। उनका कहना था कि अध्यापक तो मधु की मक्खियों की तरह ही होता है जिनका यदि लिहाज ही किया जाये तो वे अपना मधु स्वयं ही चाट जाती है। अतः निर्मोह होकर उनको खोदा जाता है तभी शहद प्राप्त होता है। पर ऊटपटांग प्रश्न पूछने पर वे बिगड़ते भी कम नहीं थे। उन्होंने छात्रों के ज्ञान एवं श्रम का कभी शोषण नहीं किया प्रत्युत शायद ही कोई छात्र ऐसा हो जिसे किसी न किसी रूप में उपकृत न किया हो। अतएव आज भी उनसे पढ़ा हुआ प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो गया हो, उनके प्रति कृतज्ञता से अवनत है।

जब मैं आगरा कालेज में नियुक्त हुआ तो एक पत्र लिखकर मैंने उन्हें इस बात की सूचना दी। उत्तर में उन्होंने जो लिखा था वह मुझे अब भी याद है— "अध्यापक का सर्वस्व छात्र ही होता है, उसकी पूर्ण तुष्टि ही अध्यापक-जीवन की सफलता है।"

मेरी पुस्तक महिमभट्ट की भूमिका लिखकर उन्होंने मुझे बहुत ही अनुगृहीत किया। इधर जब बहुत दिनों तक मैं उनसे मिल नहीं पाया, न ही मेरी कोई कृति

उन्हें दृष्टिगोचर हुई तो उन्हें लगा कि मैं कुछ कर नहीं रहा हूँ। उनका पत्र मुझे मिला—"सरस्वती की आराधना में शिथिलता नहीं आनी चाहिये।" मेरी बुद्धितन्त्री झंकृत हो उठी जिसका परिणाम मेरी नयी कृति 'रससिद्धान्त के अनालोचित पक्ष" है। उसे देखकर वे बहुत ही प्रसन्न हुए और अपने आशीर्वचनों से हमें कृतकृत्य कर दिया।

छात्र-जीवन का एक संस्मरण सुनाये बिना नहीं रहूँगा। हम लोग एम० ए० फाइनल में थे। सत्र का अवसान हो रहा था। हम फाइनल के छात्रों की विदाई का आयोजन पूर्ववर्षीय छात्रों ने बड़ी धूमधाम से किया। संयोग की ही बात थी, उन दिनों भारत के प्रायः सभी राज्यों के छात्र हमारी कक्षा में पढ़ते थे। सबसे आग्रह किया गया कि वे अपने अपने यहाँ के लोकगीत गायें। मैसूर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के वर्तमान अध्यक्ष डॉ० मल्लदेवरु उसी बैच में थे। उन्होंने कन्नड़ का गीत गाया। सिंहल के छात्र वीर सिंह ने सिंहली गीत सुनाया, आन्ध्र की पी० सीता ने तेलुगु का गीत सुनाया। केन्द्रीय विद्यापीठ, पुरी के वर्तमान प्राचार्य डॉ० हरिहर झा ने भी मैथिली में रचित विद्यापति का गीत सुनाया। इसी प्रकार गुजराती, बंगला एवं भोजपुरी के गीत भी सुनाये गये। जब सभी गीत सुनाये जा चुके और पण्डितजी से कुछ बोलने का आग्रह किया गया तो उन्होंने कहा कि मैथिली और बंगला के गीत ठीक से सुनाये नहीं गये अतः वे स्वयं उनके गीत सुनायेंगे। लोगों के आश्चर्य एवं प्रसन्नता का ठिकाना न रहा जब पण्डितजी ने बड़े ही मधुर स्वरों में दोनों के गीत गाकर सुनाये। इस पर हम सभी अभिभूत थे।

पू० गुरुदेव का स्वभाव गंगा की तरह निर्मल तथा वैदुष्य चन्द्रिका की तरह धवल है। इन जैसे के लिए ही भवभूति ने कहा है—

**रहस्यं साधूनामनुपधि विशुद्धं विजयते।**



# संस्कृत साहित्य के मन्दराचल

*डॉ० गंगासागर राय*

**वाराणसी**

## आदर्श व्याख्याता

उपाध्याय जी की विषय-प्रतिपादन-शैली अपूर्व है, चाहे कक्षा हो या सभा-मंच। उनकी "अन्तर्हृदा" मनसा "पूयमाना" सरस्वती जब मुखरित होती है तो चाहे कक्षा के विद्यार्थी हों या सभा के विचारक श्रोता या भागवत् प्रेमी सामान्य जन, सभी समभावेन, आप्यान्वित होते हैं। वस्तुतः यथार्थ में उपाध्यायजी का ज्ञान उनके जीवन में ओत-प्रोत हो गया है। वे जो कहते हैं वह उनके अन्तर्हृत् से निकल कर वाणी के माध्यम से मुखरित होता है। शुष्क मानसिक व्यायाम नहीं होता--ज्ञान का नाटकीय मन्थन नहीं होता। इस लेखक को उपाध्याय जी का विद्यार्थी होने का सौभाग्य प्राप्त था। जो बात दूसरे अध्यापक एक घण्टे के कठिन परिश्रम के बाद समझाने में समर्थ होते थे, उपाध्याय जी उसी बात को पाँच मिनट में छात्रों में संक्रमित कर देते थे। कालिदास का वह पद्य, जिसमें अवबोध और संक्रमित करना ये दो गुण अध्यापकों में गिनाये गये थे और जिसमें वे दोनों गुण एकत्र हों वह अध्यापकों का मूर्धन्य बताया गया है, उपाध्याय जी में पूर्णतः चरितार्थ होता है। शिक्षकों में मूर्धन्य स्थान के अधिकारी आदर्श शिक्षक की इस कमनीय पद्य में प्रशस्त प्रशंसा की गई है—

> श्लिष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था
> संक्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता।
> यस्योभयं साधु स शिक्षकाणां
> धुरिप्रतिष्ठापयितव्य एव ॥
>
> (मालविकाग्निमित्रम् १।१६)

जब ज्ञान जीवन रस से सिक्त होता है, तब यह चरम स्थिति प्राप्त होती है।

उपाध्यायजी के व्याख्याता रूप का भव्य दर्शन लेखक को १९६२-६३ के वर्षों में मिला था। थियोसोफिकल सोसाइटी कमच्छा के सभागृह में उपाध्याय जी के व्याख्यान की घोषणा थी। सभागृह प्रबुद्ध श्रोताओं से खचाखच भरा था। उपाध्याय जी का व्याख्यान प्रारम्भ हुआ। विषय था "दक्षयज्ञ" और "प्रह्लाद चरित" का प्रतिपादन—उनकी प्रतीकात्मकता। उपाध्याय जी के व्याख्यान का सारांश यह था कि दक्ष "कलाकार" का प्रतीक है। दक्ष का शब्दार्थ है 'चतुर', 'कुशल' या 'कलाकार'। शिव लोकमंगल के प्रतीक हैं। सती—दक्ष की कृति, शिव—लोकमंगल से संगत होती है जिसका फल सर्वथा भव्य और कल्याणमय होता है। पर जब दक्ष शिव के विरुद्ध होता है, तो दक्ष भी नष्ट, कृति भी नष्ट और दक्ष के सहकर्मी भी ध्वस्त। कलाकार की कला का समन्वय लोकमंगल से होना आवश्यक है। जब वह लोकमंगल के विरोध से खड़ा होता है, कला-कला के लिये घोषित करता है तो कला और कलाकार दोनों नष्ट होते ही हैं, महाविनाश भी होता है।

"प्रह्लाद चरित" की व्याख्या में इन्होंने कहा कि "प्रह्लाद" का अर्थ है "आनन्द"। हिरण्यकशिपु का अर्थ है स्वर्ण की शय्या वाला—महासमृद्ध। "कशिपु" का अर्थ है 'शय्या'। जब समृद्धि का उपयोग "ईशावास्यमिदं सर्वम्" की भावना से होता है तो वह आनन्दोत्पादक होती है, जब वह भोग-विलास की वस्तु होती है तो आनन्द तो दूर, वहाँ भी सर्वनाश ही होता है। प्रह्लाद उससे दूर भाग जाता है। उपाध्यायजी ने जिस स्वाभाविक मुद्रा में सरलता के साथ आवर्जक रूप में इसका प्रतिपादन किया उससे सभी श्रोता मंत्रमुग्ध की भाँति सुनते रहे। व्याख्यान के बाद बधाई देने वालों का तांता लग गया।

### प्रकृष्ट रचनाकार

उपाध्याय जी ने अपने सम्पूर्ण ज्ञान को, शिष्यों को प्रत्यक्ष दान के अतिरिक्त, अपने साहित्य के माध्यम से लोकहिताय लिपिबद्ध किया। वस्तुतः सम्पूर्ण हिन्दी क्षेत्र में उपाध्याय जी ही ऐसे प्रकृष्ट लेखक हैं जिनके साहित्य के माध्यम से सम्पूर्ण भारतीय साहित्य, धर्म और शास्त्र का प्रामाणिक ज्ञान प्राप्त होता है। इस दृष्टि से कालिदास की भाँति वे "कनिष्ठिकाधिष्ठित" हो गये हैं और "अनामिका" सार्थवती हो गयी है। १९२० से ५० के बीच जब पठन-पाठन-लेखन का माध्यम एकमात्र अँग्रेजी थी उपाध्याय जी ने राष्ट्र भाषा की सेवा का व्रत लिया और हिन्दी के माध्यम से ग्रन्थों का निर्माण प्रारम्भ किया। इसमें तत्कालीन विद्वत् समाज में उनको त्याग करना पड़ा और देश तथा राष्ट्रभाषा की सेवा के निमित्त आंग्लभाषा-भाषी विद्वानों का तिरस्कार भी सहना पड़ा, परन्तु "प्रारभ्य चोत्तमजना न परित्यजन्ति" को लक्ष्य रख

कर उन्होंने हिन्दी-सेवा की। नागरी प्रचारिणी सभा, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, राष्ट्र-भाषा परिषद्, हिन्दी समिति और हिन्दुतानी एकेडमी के वे सदा सहयोगी रहे। उनकी कृतियाँ इन संस्थाओं के माध्यम से प्रचारित हुईं। तत्कालीन हिन्दी साहित्य के मूर्धन्य विद्वान्—आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामचन्द्र शुक्ल, श्यामसुन्दर दास, हजारी प्रसाद द्विवेदी आदि—किसी शास्त्रीय समस्या के आने पर उपाध्याय जी का ही एक मात्र स्मरण करते थे। उपाध्याय जी में प्रामाणिकता के साथ ही साथ प्रतिपादन कौशल था जिसकी वे भूरिशः प्रशंसा करते थे।

## शिष्यों की सुदीर्घ परम्परा

उपाध्याय जी ने अपने अध्यापन के ४५ वर्षों में व्युत्पन्न शिष्यों की सुदीर्घ परम्परा खड़ी कर दी है। इन शिष्यों में अनेकों ने विद्या के क्षेत्र में चरम प्रतिष्ठा प्राप्त की और अनेकों ने प्रशासन में सफलता प्राप्त की। उपाध्याय जी ने कभी वैदिक ऋषियों के तुल्य वेद का प्रवचन किया तो कभी नैमिषीय ऋषियों की भाँति इतिहास-पुराण का उपदेश किया। कभी साहित्य के मूर्धन्य ग्रन्थों का पाठन किया तो कभी दर्शन में जीव-जगत् का यथार्थ विवेचन किया। ज्ञान की जिज्ञासा और यथार्थ प्रति-पादन उनका लक्ष्य रहा है। आजकल के लेखकों की भाँति बिना पढ़े ही पढ़ाने या लिखने बैठ जाना उपाध्याय जी ने कभी नहीं किया। १९८० ई० में जब वे भारतीय दर्शन लिख रहे थे तो शास्त्र पढ़ने के साथ ही एक विशुद्ध आस्तिक की भाँति माघ मास में वेदव्यास का दर्शन किया जिससे वे ब्रह्मसूत्र का यथावत् प्रतिपादन कर सकें। कौन आज यह करने जाता है? इसी निष्ठा और पाण्डित्य के कारण उनके विद्यार्थी आज भी उनमें वही अनुराग, भक्ति और श्रद्धा रखते हैं। अब तो उनके प्रशिष्यों की भी सुदीर्घ परम्परा खड़ी हो गयी है।

"शिष्योपशिष्यैरुपगीयमानाः"।

## सर्वत्र समादृत

उपाध्याय जी अपने पाण्डित्य, विद्या-सेवा एवं दान तथा उत्तम मानवीय गुणों के कारण सर्वत्र समभावेन समादृत हुए हैं। इनके ग्रन्थों पर मंगलाप्रसाद पुरस्कार, डालमिया पुरस्कार और प्रान्तीय सरकारों के पुरस्कार बहुशः दिये गये। उत्तर प्रदेश ने शास्त्र-सेवा के लिये विशिष्ट पुरस्कार भी प्रदान किया। भारत के राष्ट्रपति ने संस्कृत के विशिष्ट विद्वान् के रूप में उन्हें सम्मानित किया। संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय ने उन्हें अपनी सर्वोच्च वाचस्पति उपाधि देकर अपने को गौरवान्वित किया। किन्तु उपाध्याय जी इन सम्मानों से निर्लिप्त रहकर एकाग्र भाव से सरस्वती की सेवा कर रहे हैं।



# आचार्य बलदेव प्रसाद उपाध्याय–एक संस्मरण

डॉ० देवव्रत सेन शर्मा

कुरुक्षेत्र

सन् १९४७ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में बी० ए० कक्षा में छात्र के रूप में प्रविष्ट होने के बाद मैंने श्रद्धेय आचार्य पण्डित बलदेव उपाध्याय जी के प्रथम दर्शन किये। प्रथम दर्शन से ही उनके असामान्य व्यक्तित्व, सौम्य मूर्ति, मुस्कराता चेहरा, प्रशस्त ललाट पर कुङ्कुम का टीका आदि की एक छवि मानस पटल पर अंकित हो गयी जिसे आज ३५ वर्षों के बाद भी मैं भुला नहीं सका। उपाध्याय जी अध्ययन के कार्य को सुचारु तथा नियमित रूप से करते थे। वे प्रतिदिन ठीक समय पर कक्षा में आते तथा पाठ्यपुस्तक को इस प्रकार पढ़ाते थे जिसका हृदय पर सीधा प्रभाव पड़ता था। उन दिनों पठन-पाठन का माध्यम अँग्रेजी था, और अँग्रेजी में ही अपने अध्यापन विषय को बड़ी सुन्दर नपी तुली भाषा में प्रस्तुत करते, जिसे सभी विद्यार्थी बड़े ध्यान से मुग्ध होकर सुनते थे।

उनके अध्यापन की दो विशेषतायें मुझे सदा स्मरण रहेंगी, एक—शब्दों का सुन्दर चयन; दूसरे—कम शब्दों में गम्भीर भाव को स्पष्ट रूप में प्रकट करने का सामर्थ्य। उनका संस्कृत उच्चारण बहुत स्पष्ट था और छन्दोबद्ध प्रकरणों को छन्द तथा यति का ध्यान रखते हुए मधुर स्वर में प्रस्तुत करते थे। भवभूति के उत्तररामचरित को पढ़ते समय ऐसा लगता था कि मानों हम आँखों से उत्तररामचरित को देख रहे हों। वाचन कला से ही विषय को सजीव बना देना उनके अध्यापन की विशेषता रही है जो सहृदय श्रोता में साहित्य के प्रति रुचि को उत्पन्न कर देती है। एम० ए० कक्षा में जब उन्होंने भारतीय दर्शन के कतिपय ग्रन्थों को पढ़ाया तब ऐसा प्रतीत हुआ कि आचार्य प्रवर का विशेष क्षेत्र साहित्य नहीं अपितु दर्शन ही है। वास्तव में वे जिस विषय को पढ़ाते उसे इतनी तन्मयता और योग्यता से प्रस्तुत करते थे कि विद्यार्थियों को यह पता नहीं चल पाता था कि उनकी विशेष योग्यता का क्षेत्र कौन सा है। संस्कृत वाङ्मय में सभी विधाओं के साधिकार अध्यापन की विलक्षण क्षमता उनमें पायी जाती है।

स्व० डॉ० पी० एल० वैद्य के प्रेरणा, सत्परामर्श और आशीर्वाद से जब मैं अनुसन्धान के कार्य में प्रवृत्त हुआ तब आचार्य जी के अधिक निकट जाने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। मैंने शोध-विषय के रूप में काश्मीर के अद्वैत शैव दर्शन को चुना था जिसके आधारभूत ग्रन्थों को पारिभाषिक शब्द-बहुलता के कारण पढ़ना और उनके अर्थ को समझना बड़ा ही दुरूह व्यापार था। उपाध्याय जी ने बड़े परिश्रम के साथ **शिवसूत्र विमर्शिनी** नामक ग्रन्थ को आद्योपान्त पढ़ाया और दर्शन की जटिलताओं तथा रहस्यमय आध्यात्मिक विचारों से अवगत कराया। बाद में जब काशी के विख्यात महामनीषी महामहोपाध्याय पं० गोपीनाथ कविराज जी से इस विचारधारा के अन्य ग्रन्थ जैसे **ईश्वरप्रत्यभिज्ञा विमर्शिनी, परमार्थसार, तन्त्रसार, तन्त्रालोकादि** को वर्षों तक पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तब आचार्य प्रवर के चरणों में बैठ कर प्राप्त विद्या बहुत काम आई। त्रिक दर्शन की दृष्टि में साधना पर जब मैंने पी० एच० डी० स्तर का शोधनिबन्ध लिख लिया तब आपने इसका आद्योपान्त निरीक्षण कर उसका संशोधन कराया। इस अवसर पर अनेक बार समय असमय उन्हें कष्ट दिया लेकिन आचार्य प्रवर ने सर्वदा प्रसन्न मुख से मेरी समस्त शंकाओं तथा समस्याओं का समाधान कर उत्साह बढ़ाया, कभी मुझे हताश या निरुत्साहित होने नहीं दिया। सर्वदा विद्यार्थियों की सब प्रकार से सहायता करना, उनके समय असमय में मार्गदर्शन करते रहना---उनकी महनीय विशेषता है।

वास्तव में उन जैसे पूज्य गुरुचरणों के आशीर्वाद का ही यह फल है कि मेरे जैसे नगण्य मन्दबुद्धि विद्यार्थी भी वाग्देवी सरस्वती की सेवा में यत्किञ्चित् योगदान दे सके हैं।

●

# सात्विक अध्यवसाय की प्रतिमूर्ति

*श्री शिवदत्त त्रिवेदी*

**इलाहाबाद**

आचार्य बलदेव प्रसाद उपाध्याय भारतवर्ष के उन समादृत विद्वानों में हैं जिन पर राष्ट्र को गर्व है। संस्कृत साहित्य को समृद्ध बनाने के लिये उन्होंने जो कृतियाँ प्रस्तुत की हैं, वे उज्ज्वल रत्न के सदृश स्वतः प्रकाशित हैं।

आचार्य जी से परिचय का सौभाग्य मुझे उनके सुयोग्य पुत्र श्री गौरी शंकर उपाध्याय के माध्यम से प्राप्त हुआ। वे अनेक स्थानों पर मेरे सहकर्मी रहे हैं और सम्प्रति अवकाश प्राप्त करके काशी में ही निवास कर रहे हैं।

आचार्य जी से मैंने प्रथम दर्शन के अवसर पर ही जिज्ञासा की थी कि उनके शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक चेतना का क्या रहस्य है। उन्होंने संक्षिप्त उत्तर दिया था 'सात्विक अध्यवसाय'। ये दो शब्द मेरी स्मृति-पटल पर अमिट छाप छोड़ गये हैं। यदि हमारे विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य शिक्षा संस्थाओं में सात्विक अध्वसाय की उज्ज्वल परम्परा दीप्तिमय हो उठे तो भारत एक बार फिर गौरव के शिखर पर पहुँच जाय।

आचार्य जी के सम्बन्ध में एक और संस्मरण स्मृति को दीप्त कर रहा है। उनके एक परम प्रिय शिष्य उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की प्रशंसा कर रहे थे। आचार्य जी को अपनी प्रशंसा सुनकर बड़ा संकोच हो रहा था। जब बात और आगे बढ़ी तब संकोचपूर्वक उन्होंने कहा कि मैं साहित्य रचना क्या करता हूँ—केवल एक कोठरी के धान दूसरी कोठरी में रखता हूँ। शिष्य भी कुछ कम न थे उन्होंने विनम्रतापूर्वक निवेदन किया कि एक कोठी के धान दूसरी कोठी में यदि न रखें जायें तो वे सड़ जाएंगे। इस पर वातावरण हँसी और ठहाकों से गूंज उठा।

आचार्य जी केवल संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान् ही नहीं वरन् भारतीय संस्कृति के जीते जागते स्वरूप हैं। उन्होंने न केवल भारतीय संस्कृति को आत्मसात् किया है वरन् युगानुरूप उसकी नवीन व्याख्या भी की है जिससे उसकी श्री में वृद्धि हुई है।

वे सच्चे अर्थों में एक सद्गृहस्थ हैं जो साधना का प्रत्यक्ष सुफल है।

परम प्रभु परमात्मा उन्हें शतायु बनावें जिससे वे संस्कृत वाङ्मय की सेवा अबाध रूप से करते रहें।

# आचार्य बलदेव प्रसाद उपाध्याय

## दिव्य मनीषा की एक झलक

*पं० सत्य नारायण मिश्र*

**वाराणसी**

**वाल्मीकि रामायण** में अंगद के भाषण पर हनुमान् ने यह अनुमान लगाया कि इनमें बुद्धि के जो आठ गुण हैं, वे निश्चित रूप से वर्तमान हैं। ठीक उसी प्रकार हमारे चरित नायक में भी बुद्धि के नीचे लिखे हुए आठ गुणों का समावेश पाया जाता है। वे आठ ये हैं—

शुश्रूषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा।
ऊहोऽपोहोऽर्थविज्ञानं, तत्त्वज्ञानं च धीगुणाः॥

कामन्दकीय नीतिसार ४।२१

तदनुसार छात्रों के अध्यापन काल में बुद्धि के इन आठ गुणों का आपने सर्वथा उपयोग किया है। लेखन कला में भी आपने स्वान्तःसुख और मानव समाज की कल्याणसाधिका श्रुति और स्मृति के अविरुद्ध अष्टाङ्ग बुद्धि का पूर्ण परिचय दिया है। जैसा कि स्कंदपुराण माहेश्वरखण्ड कुमारिका खण्ड ४६।२३ में इसकी चर्चा है—

"अष्टाङ्गां बुद्धिमाहुर्या, सर्वश्रेयोविधायिनी।
श्रुतिस्मृत्यविरुद्धा सा बुद्धिस्त्वय्यस्ति निर्मला॥

आपने जो अपनी संचित विद्यानिधि ज्ञानराशि का पुस्तक-लेखन अध्यवसाय से भारत तथा विश्व में प्रचार किया है तथा करते जा रहे हैं वह भारतीय संस्कृत-विद्वानों के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय है। बीसवीं शताब्दी में संस्कृत साहित्य का ऐसा कोई मर्मज्ञ पौरस्त्य विद्वान् नहीं दिखलाई पड़ता है, जो हमारे वेदों, शास्त्रों, पुराणों, उपनिषदों, दर्शनों, काव्यों, नाटकों और इतिहास में पड़ी हुई गम्भीर गुत्थियों

के सुलझाने का प्रयास करे। आपने जिस अष्टाङ्ग बुद्धि का लेखन एवं स्वाध्याय में परिचय दिया है और जिससे समस्त विश्व का निस्संदेह कल्याण सम्भव है और जिसकी ज्ञानराशि से सारा विश्व आलोकित होता है उस सम्बन्ध में कामन्दक का नीचे लिखा श्लोक विद्वत् समाज के लिए सर्वथा अनुकरणीय और श्लाघनीय है। यथा—

गुरुस्तु विद्याधिगमाय सेव्यते,
श्रुता च विद्या मतये महात्मनाम्।
श्रुतानुवर्तीनि मतानि वेधसा
ह्यसंशयं साधु भवन्ति भूतये॥

(कामन्दक १।६९)

प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक का आपके चरणों से सम्पर्क सम्वत् १९८४ में हुआ। आपके छोटे भाई डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय से मेरी मित्रता ने ही आपके श्री चरणों तक मुझे पहुँचाया। वे साहित्य के छात्र थे और मैं साहित्य पढ़ रहा था। **साहित्य दर्पण** पढ़ने के विचार से मैं आपके यहाँ जाने लगा। उन दिनों 'राजकीय संस्कृत कालेज' की परीक्षा की स्थिति बड़ी दयनीय थी। उत्तर पुस्तिकाओं पर गुरुओं का नाम लिखना अनिवार्य था। काशी के संस्कृत पंडितों का राग द्वेष चरम सीमा पर था। एक परीक्षक दूसरे परीक्षक के छात्र को अनुत्तीर्ण कर दिया करते थे। उस समय इस प्रकार के अनेक त्रुटिपूर्ण दोष परीक्षा प्रणाली में विद्यमान थे। आपके सत् परामर्श से मैंने तथा डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने एक "संस्कृत छात्रसंघ" की स्थापना की। लेखक को मन्त्री बनाया गया और तत्कालीन भारत प्रसिद्ध वैद्यराज कविराज स्वर्गीय पंडित सत्यनारायण शास्त्री उस "संघ" के अध्यक्ष नियुक्त हुए। संघ ने अपनी तत्परता एवं कर्मण्यता से अनेक दोषों को तत्कालीन गवर्नर के पास लिखकर और उनसे मिलकर दूर किया, इसका संस्कृत छात्रों पर बड़ा आश्चर्य-जनक प्रभाव पड़ा। इसका समस्त श्रेय आपको ही है।

आप जन-सम्पर्क से प्रायः मुक्त रहते हैं। आप में अहंकार का नाम भी नहीं है। आप किसी कार्य को धैर्य और उत्साह से करते हैं। कार्य में यदि कदाचित् असफलता भी मिली तो उससे आपके मन में विकृति नहीं होती है। आप सात्विक कर्त्तव्यपरायण व्यक्ति हैं। भगवद्गीता का निम्नांकित श्लोक आपके जीवन में अक्षरशः चरितार्थ होता है—

मुक्तसङ्गोऽनहंवादी धृत्युत्साहसमन्वितः।
सिद्ध्यसिद्ध्योर्निर्विकारः कर्ता सात्विक उच्यते। २६ (अ० १८)

specially later on, the Mother Goddess which was symbolically represented by the crude female figures with particular emphasis on their pudenda. The discovery of ivory mother goddesses in the Mesolithic and Neolithic chalcolithic horizon at Mahagara[6] in the Ganga Valley further testifies the prevalence of the Mother Goddess cult that had originated there.

The Mother Goddess cult and the tree-worship continued in the Harappa culture. Apart from terracotta figurines of the Mother Goddess, many Harappan seals represent a tree-god standing under the arched leaves suggesting thereby an arched doorway decorated with the tassels of green leaves as is the fashion today in many parts of the country. However, we are yet to discover, at Harappan sites, any such structure as may be identified with a temple. The solitary example at Mohenjodaro in H. R. area is the so-called House No. A1. The nucleus of its plan is a high oblong structure approached from the south by two symmetrically disposed stairs parallel with the frontage access to which was provided in turn by a monumental double gateway between two irregular blocks of building. In the court of this gateway was a ring of brick-work representing perhaps, a protective enclosure round sacred trees. Just inside the room to the east of the gateway was found a stone statue, about 38 cms. in height representing a bearded *yogī* in a squatting posture.[7] The combination of circumstances incines towards the identification of the struc-

6. Sharma, G. R., *History to Prehistory, Allahabad,* 1980, p. 96.

7. Marshall, *Mohenjodaro And the Indus Civilization,* Vol. 1, p. 178 ; Vol. 3, pl. C, 4-6.

ture as a temple.[8] Recently, small platforms with cylindrical clay phaluses, thick accumulation of ash and a lot of terracotta balls have been discovered at Kalibangan.[9] These are square or circular in plan. The thick accumulation of ash and burnt clay probably suggest a railing of wood, bamboo or reed filled with wattle-and-daub. These open-air, but enclosed structures, with some kind of aniconic representation may be termed as temples or *Agnivedikās* i. e. fire-altars.[10]

In chalcolithic period, too, structures consisting of circular platform with triangular clay figurines of the Mother Goddess and an assemblage of a variety of ceramic vessels and fire-altars were unearthed at Dangwadi (Ujjain). V. S. Vakankar, the excavator of the site, is of the view that it was a part of a temple complex situated along the bank of the river.[11] Fire-altars of the same period have also been discovered at Navadāṭolī.[12]

On the evidence of Bhagwanpura (Haryana) it may be postulated that the old tradition continued in the vedic period as well. There were raised thatched or wooden structures which served the purpose of a temple wherein the image of a god or goddess made of clay, wood or gold was installed and sometimes, taken out into procession on

---

8. Wheeler, Sir Mortimer, *Indus Valley Civilization*, p. 53.

9. See *Indian Archaeology: A Review*, 1963-64, pl. XXa; Lal, B. B., *Archaeology Since Independence*, pp. 17-18, pl. IV.

10. Agrawala, V. S., *Evolution of the Hindu Temple*, p. 1.

11. Vakankar, V. S., 'Archaeology in Madhya Pradesh', *The Illustrated Weekly*, Sept. 5, 1981, p. 35.

12. Sankalia, H. D., *Indian Archaeology Today*, 1962, p. 84

certain ceremonial occasions or festivals. Such processions are taken out in India even today.

It is interesting to recall that on the auspicious day of *Devotthānī Ekādaśī* (the 11th bright day of the month of Kārtika) a temple-like structure built of four sugar-cane sticks whose long leaves are tied atop simulating a rudimentary *śikhara* with the crowning *āmalaka* and the finial is raised over the clay images placed on a small wooden plank. This crude and humble structure certainly imitates the archaic wooden structures over the images. This is also quite evident from the punch-marked coins as well as those belonging to the Audumbaras and the Pañcālas.[13] Again, the temples of Saṅkarṣaṇa and Vāsudeva at Nāgarī and Mathura were of this archaic type. The Nārāyaṇa Vāṭikā at Nāgarī is a platform with a square railing around it.[14] Stray references like the one found in the *Taraṅgāvatī*, a literary work of the 1st century B.C. suggest the erection of a wood temple[15] on thousand pillars, looking like the *Vimāna* of the Sun-god rising above the white clouds.

Thus, in its initial stage a shrine was originally something like a raised platform with an image of some god, yakṣa or nāga installed on it. The second stage of its development was reached by the construction of a railing–originally of wood or bamboo and still later on, of stone as at Mathura, Sanchi, Bharhut, Amaravati, etc. These open-air platforms were sometimes covered with a canopy of straw or stone.

---

13. Cunningham, A., *Coins of Ancient India*, p. 68, pl. IV, fig. 2 ; p. 84, pl. VII, fig. 19.

14. Agrawala, V. S. *op. cit.*, p. 1.

15. Acharya Padalipta, *Taraṅgāvatī*, p. 83, Jaipur, 1964.

Obviously, the inspiration for this kind of architecture came from man himself. The anatomical divisions of a fully developed temple—stupendous and extravagant in plan and execution—as found in the later texts seem to have been made after human physiognomy. The different parts of the elaborate body-temple are called *pāda* (feet), *jaṅghā* (thigh), *varandī* (bust), *mastaka* (forehead), *śīrṣa* (head), *śikhara* (spire), etc. Even the literary sources bespeak of this analogous kinship as a source of inspiration on a metaphysical plane. On the earthly or terrestrial plane the temple is symbolic form of the plan of the universe—a world of deities, spirits, celestial beings, dancers and musicians of the heaven (*gandharvas*), even beautiful divine beauties and mortal maidens.[16] Moreover, the enshrined deity is also accorded the same place, position and paraphernalia as the temporal king on this earth. He is provided with a bedecked throne, umbrella and fly-whisk and His worship is attended by regal pageantry, together with music, dance and lighting of lamps.[17]

Thus, the concept of the temple derived from the mountain, the tree and the human body took the material shape and acquired great dimensions having taken inspiration from the human body, the tree and the mountain respectively from the earliest times to the early medieval period.

---

16. Mehta, R. N., *Masterpieces of Indian Temples*, Bombay, p. 44.

17. Deva, K., *op. cit.*, p. 1.

# FRESH LINGUISTIC EVIDENCE TO DETERMINE YĀSKA'S PERIOD

DR. (MRS.) HARIPRIYA MISRA

*Varanasi*

Basing her arguments on new linguistic evidences, the author tries to fix Yāska's time before Pāṇini, in 8th century B.C. in which the MIA stage has already been started.

Prof. Baladeva Upadhyaya has aptly remarked that Yāska must belong to a period earlier to Pāṇīni.[1] Western scholars also mostly accept Yāska to be of an earlier date than Pāṇīni; Macdonell[2] places Pāṇīni in the 4th century B.C. and Yāska in the 5th century B.C.

Yāska belongs to a period earlier to Pāṇini, in which although Middle Indo-Aryan has already started (the period of OIA being over) it has not yet been recognised as a clearly variant stage of Indo-Aryan differing from Old Indo-Aryan on several linguistic factors. The language change was so natural and slow that although Yāska has observed the linguistic change of Middle Indo-Aryan type in the language, he has not been able to recognise that a new stage has come into being. This fact re-establishes Yāska in the 8th century B.C., which is the date proposed by some scholars and challenged by others. Besides in a recent work Misra[3] has shown that Middle Indo-Aryan has started

---

1. Vide: *Saṃskṛta sāhitya kā itihāsa,* p. 38 and *vaidika sāhitya aur saṃskṛti,* p. 241.

2. Vide: *History of Sanskrit Literature,* p. 22.

3. Vide: *Fresh Light on Indo-European Classification and Chronology,* p. 98.

from the 10th century B.C. instead of the earlier proposed date by Chatterji at 5th century B.C. The date proposed by Misra explains the peculiar linguistic environment in Yāska's time. The peculiarity lies in the fact that his approach to etymology and his style clearly shows that he belongs to a period of Middle Indo-Aryan and he is earlier to Pāṇini.

Evidences for the above fact are given below.

Yāska uses the term *bhāṣā* in the sense of classical Sanskrit. The following uses of Yāska may be compared—*teṣāṃ ete catvāra upamārthe bhavanti. iveti bhāṣāyāṃ cānvadhyāyaṃ ca. agnir iva. indra iva. neti pratiṣedhārthīyo bhāṣāyāṃ. ubhayaṃ anvadhyāyaṃ.*[4] In this passage Yāska freely uses *anvadhyāyaṃ* (lit. learned speech) and *bhāṣā* (lit. learned speech or spoken language) in the sense of Vedic and Classical Sanskrit. The word *bhāṣā* has been used subsequently in the sense of common speech or spoken language referring to Middle Indo-Aryan and New Indo-Aryan in course of time. The use of the term *bhāṣā* in Yāska in the sense of Classical Sanskrit shows that Cl. Skt. also was not considered as a learned speech in his time.

Moreover evidences are being presented to show that Middle Indo-Aryan sound changes were recognised by Yāska in the etymological investigations.

In the statement *"nighaṇṭavaḥ kasmāt. nigamā ime bhavanti"*, derives *nighaṇṭavaḥ*<*nigantavaḥ*. Such changes of spontaneous aspiration of non-aspirates (i. e. *g*>*gh*) and of cerebralization of dentals (i. e. *t*>*ṭ*) are Middle Indo-

4. *Nirukta*, I.4.

Aryan characteristics.

cp MIA aspirates for Skt. non-aspirates

Mahārāṣṭrī *ṇihasa* <Skt. *nikaṣa*

*bharaha* <Skt. *Bharata*

Amg. *kacchabha*<Skt. *kacchapa*

cp also MIA cerebrals for Skt. dentals.

Pali *ḍamsa*<Skt. *daṃśa* 'gnat, an insect' Mahārāṣṭrī *paḍia*<Skt. *patita*

Pali *paṭhama*, S, M *paḍhama*<Skt. *prathama* and paḍi<Skt. *prati*.

This phenomenon of cerebralization of dentals is quite common with Amg.

Likewise he states *kaṇṭakaḥ kṛntateḥ* (IX.32) which means he derives *kaṇṭakaḥ*<*kṛntakaḥ*. Such a form shows Skt. *ṛ*>*a* and cerebralization of dentals as in Middle Indo-Aryan. In the forms *kitavaḥ kṛtavān* (v.22) (i. e. gambler <successful) he derives *kitavaḥ*<*kṛtavaḥ* which is a case of Skt. *ṛ*>*i*.

cp. MIA Aśokan Insc. *maga-* and *miga-*<Skt. *mṛgaḥ*

Śaurasenī *kada*, Mahā. *kaa*<Skt. *kṛta*

Śaurasenī *diḍha*<Skt. *dṛḍha*

Moreover he derives kīkaṭāḥ<kiṃkṛtāḥ (VI.32) which shows cerebralization of dentals as well as lengthening of vowel after loss of a nasal.

cp. MIA *sīha*<*siṃha* and *vīsa*<*viṃśati*.

It is obvious from Yāska's treatment that root concept was not clear in his time. The concept of root is clear from Pāṇini's treatment who distinctly categories *gam, bhū* etc. as roots. But Yāska who belongs to a period earlier

to Pāṇini used 3rd person singular of the verb to indicate root just like the Old Greek grammarians who use 1st person singular to indicate root. e. g. Yāska gives—

*vīro vīrayati amitrān* (I.7).

(II.17) *vṛtra vṛṇatervā vartatervā, vardhatervā.*

(III.18) *vyāghro vyāghrāṇāt, vyādāya hantītivā.*

Besides sometimes he uses a noun instead of showing the root for his etymology as *vyāghro vyāghrāṇāt.*

Old Greek grammarians used 1st person sg. of the verb to indicate the root instead of giving the original root. It shows that they had no clear idea of the original root, e. g., they use *baskō* 'to go', *pherō* 'to bear', *luō* 'to loose', *tīmāō* 'to honour' to indicate roots which are actually 1st person sg. forms. Modern Greek grammar however uses infinitive forms to indicate roots like Latin and English.

cp. Old Greek root *pherō,* Modern Greek *pherein,* Lat. *ferre,* Eng. 'to bear'.

The above investigation fully helps us to ascertain that Yāska belongs to a period earlier to Pāṇini. In Yāska's period the root concept (as found in Pāṇīni's treatment) was not discovered. Had it been discovered a great scholar like Yāska would have used it in his treatment which would have made his work more convenient and more practical. Beside MIA was already in vogue at Yāska's time, but it had not special stamp differentiating from OIA. MIA was treated by Yāska as a short of local dialect. But by Pāṇini's time the roots have been fully established and MIA has already been fully differentiated from OIA. To Yāska Vd. Skt. was a learned speech, a language worth studying,

and Cl. Skt. was merely *bhāṣā* i. e. common speech as shown above. On the other hand, to Pāṇini, Cl. Skt. was the main object to study. His grammar is mainly meant for the study of Cl. Skt. The Vd. Skt. is of secondary importance to Pāṇini. Cl. Skt. is standard and Vd. Skt. is exceptional to Pāṇini. Therefore, he has sūtras like *'chandasi bahulam*. These factors prove that Yāska belongs to a date earlier to Pāṇini and his date may be 8th century B.C. as proposed by some scholars. Further it is also proved that the MIA stage has already come at Yāska's time and therefore the recent date of the starting point of MIA proposed by Misra in his *Fresh Light on IE Classification and Chronology* seems to be ascertained further by the present analysis.

## BIBLIOGRAPHY

1. Woolner, A. C.: *Introduction to Prakrit*, Rep., Delhi, 1975.

2. Misra, S. S.: *Fresh Light on Indo-European Classification & Chronology*, Varanasi, 1980.

3. Geiger (Tr. by Ghosh, B.) : *Pali Literature & Language*, Rep., Delhi, 1968.

4. Pischel, R. (Tr. by Jha, S.) : *Comparative Grammar of the Prakrit Languages*, 2nd Edn., Delhi, 1965.

5. Varma, S.: *The Etymologies of Yāska*, Hoshiarpur, 1953.

6. Rajavade, V. K.: *Nirukta*, Pune, 1940.

7. Pharr, Clyde: *Homeric Greek*, Rep., 1966, U.S.A.

8. Smyth: *Greek Grammar*, Rep., 1972, U.S.A.

9. Upadhyay, B.: *Vaidika Sāhitya*, Varanasi, 1955.

10. Upadhyay, B.: *Saṃskṛta Sāhitya kā itihāsa*, Varanasi, 1956.

11. Macdonell, A. A.: *History of Sanskrit Literature*, New Delhi, 1958.

# A WRONG CONJECTURE REGARDING THE READING *GRANTHAVISTARA* IN THE MAITRĀYAṆĪ-BRĀHMAṆA-UPANIṢAD

Dr. Ram Shankar Bhattacharya

*Varanasi*

The *Maitrāyaṇi Br. Up.* (i. e., *Maitrāyaṇī Āraṇyaka*) reads:

तावन्मनो निरोद्धव्यं हृदि यावत् क्षयं गतम् ।
एतज् ज्ञानं च मोक्षं च शेषोऽन्यो ग्रन्थविस्तरः ॥

(6.34) [1]

Max Müller thinks that in the above verse the correct or the original reading is *granthi Vistaraḥ* and not *grantha-Vistaraḥ*. He renders the expression as 'extensions of the ties which bind us to this life (*Sacred Books of the East*. Vol. 15, p. 333). He further remarks that "Prof. Cowell translates *granthavistara* by book-prolixity, but this sounds very strange in an Upaniṣad. I am not satisfied with my own translation but it may stand till a better one is found" (footnote No. 9 on pp. 333).

We are of opinion that there is no fault in the reading *granthavistaraḥ* and that the amended reading *granthivis-*

---

1. The commentator Rāmatīrtha seems to read *gatakṣayaṃ* for *kṣayam gataṃ* and *śeṣānye granthavistarāḥ* for *śeṣo'nyo grantha-vistaraḥ* (vide the Ānandāśrama ed. of *Upaniṣadāṃ samuccayaḥ*, p. 190). The *Amṛtabindu-up.* has a similar verse. The comm. *Dīpikā* by Śaṅkarānanda reads *yāvad hṛdi gataṃ kṣayaṃ* and *śeṣo nyāyaśca vistaraḥ* (vide *Upaniṣadāṃ samuccayaḥ*, p. 72). All these readings are evidently of later age.

*taraḥ* does not suit the context, inspite of the fact that the use of the word *granthi* is found in the ancient Upaniṣads.[2]

The word *granthavistara* refers to the knowledge derived through reading or hearing the śāstras ; in fact the word stands for what is called *śravaṇajāta jñāna*. This form of *jñāna* has no value if compared with direct experience described in the phrase *tāvanmano.....mokṣaṃ ca*. The expression *śeṣo'nyaḥ* has been used to clearly point out or to lay stress on the difference between these forms of knowledge, namely the practical and the theoretical knowledge concerning *ātmajñāna* or *ātmasthiti*. A similar distinction in a more sharply form is in the following verse of a later 'Upaniṣad' :

ग्रन्थमभ्यस्य मेधावी ज्ञानविज्ञानतत्परः ।
पलालमिव धान्यार्थी त्यजेद् ग्रन्थमशेषतः ।।

(*Amṛtabindu* 5).

The use of the word *vistara* (diffuseness, prolixity, abundance) also shows that *granthivistara* cannot be taken as the original reading, for in the present context no useful purpose is served if *vistara* is used after the word *granthi*. Moreover the use of the form *vistara* in connection with *granthi* is grammatically indensible, vide Pāṇini 3.3.33 according to which the form would be *Vistara*. There would arise a metrical fault if *Vistāra* is used in the place of *Vistara* in the fourth foot of this stanza.

It cannot be urged that such an ancient text as the *Maitrāyaṇī Ār*. cannot use the word *grantha*, for the word is found in such ancient works as the *Nirukta* (1.20), *Pāṇini* (6.3.79) and the *Manusaṃhitā* (12.103).

2. *Avidyāgranthiṃ* (*Muṇḍaka-up*. 2.1.10) ; *hṛdayagranthi* (*ibid*. 2.2.8) ; *sarvagranthīnāṃ* (*Chāndogya-up*. 7.26.2).

It is remarkable to note that the *granthavistara* is found in a large number of similar verses contained in different works, vide *Dakṣasmṛti* (7.21), *Amṛtabindu Up.* (5), *Brahmabindu-Up.* (5), *Tripurā-tāpinī Up.* (5.8); *Agni-p.* 165.113.[3]

3. *Sarvabhāvavinirmuktaṃ kṣetrajñaṃ brahmaṇi nyaset/*
*etajjñānaṃ ca dhyānaṃ ca śeṣo'nyo granthavistaraḥ//*
(*Dakṣasmṛti* 7.21); *Brahmabindu* (5) reads *ato'nyo granthavistaraḥ. tāvadeva niroddhavyaṃ yāvad hṛdi kṣayam gataṃ/*
*etajjñānaṃ ca dhyānaṃ ca śeṣo'nyo granthavistaraḥ//* (*Tripurātāpinyupaniṣad* 5.8).

# हिन्दी-संस्कृत खण्ड

# गीतगोविन्द : शाश्वत विरह की अभिव्यक्ति

*डा० विद्यानिवास मिश्र*

आगरा

Every Gīta of *Gītagovinda* is *Govinda* itself which is not only *Sādhya* but *Sādhaka* also, implying in itself a blend of the emotions of joy, agony, separation and union together. The socalled sensual love of the *Gītagovinda* is a prefix only, in the sense that if leads one to the depth of divine love. Union and separation reaching at their climax get converted into another and thus together they perform the eternal play of the Absolute which does not remain contended with its oneness only.

महाकवि जयदेव की अमरकृति **गीतगोविन्द** की सरसता की ओर इधर लोगों का ध्यान जाने लगा है। पहले जैसी उपेक्षा अब कम दिखायी पड़ती है। लगभग एक शताब्दी तक **गीतगोविन्द** को घोर शृंगारी काव्य मान कर हेय दृष्टि से देखा गया। एकाएक एक स्वस्थ मोड़ आया है और महाकवि जयदेव की रससृष्टि का महत्त्व आँका जाने लगा है। प्रारम्भ प्रयोगधर्मी कलारूपों में **गीतगोविन्द** की व्याप्तता की पहचान से हुआ है, संगीत और नृत्य, चित्रकला (शास्त्रीय और लोक) और शिल्प में **गीतगोविन्द** की वर्णित लीला किस तरह नयी सम्भावनाओं का निरन्तर सर्जन करती रही और किस प्रकार उनके माध्यम से भारतीय जनमानस अपने चित्त का संस्कार एक अद्भुत द्रुति के व्यापार के द्वारा करता रहा, इसकी मीमांसा विगत दशक में अनेक कलामर्मज्ञों ने की है, और यह कहा जाने लगा है कि महाकवि जयदेव द्वारा राधा-माधव के तीन वासन्ती दिनों की सृष्टि भारतीय साहित्य के इतिहास में अपूर्व घटना है। ऐसा नहीं है कि इसके पूर्व राधा-माधव नहीं थे, राधा-माधव केलि का रस वर्णित नहीं हुआ था, न ऐसा ही है कि रागाकुलता और भगवद्भक्ति को एक विन्दु में, श्याम विन्दु में पहले समाहित नहीं किया गया था, बस इतना है कि जयदेव के पहले किसी भी कवि ने श्यामविन्दु को अपने में समाहित गौर छवि के चारों ओर नाच नाच कर वृत्त बनते नहीं देखा था। यही **गीतगोविन्द** की अपूर्वता है।

**गीतगोविन्द** में प्रत्येक गीत गोविन्द है, गोचर रूपसम्भार के लिए, गोचर प्राण-पुकार के लिए, गोचर निःश्वास सुरभि के लिए विश्वमोहन की बेचैन तलाश है। **गीतगोविन्द** का मंगलश्लोक बड़ी सूक्ष्मता के साथ यह व्यंजित करता है कि सच्चिदानन्दघन श्रीकृष्ण अपनी व्यापकता से घबरा गये हैं, सारा आकाश रसवर्षी घनश्याममय है, नीचे सारी जमीन तमाल की घनी छाया से श्यामा हो गयी है, बीच के अन्तराल को श्यामा रात्रि भर रही है श्याम अपनी ही इस विश्वम्भर श्यामलता से भयभीत हो गये हैं, कहाँ जायें, उन्हें राह नहीं सूझती, क्योंकि सभी राहें गन्तव्य बन गयीं हैं, मंजिल बन गयी हैं। नन्द को चिन्ता होती है, चैतन्य के सुख-भाव को चिन्ता होती है श्याम कैसे पहुँचें, अपने उस स्वभाव को कैसे पायें, जिसके ऊपर श्यामता न्यौछावर हो जाय। वे राधा से कहते हैं, इसे घर पहुँचाओ। इसका घर मुक्त आकाश के नीचे है, यमुनाकूल के बलुहे निकुन्जों में है, सघन तमाल की छाया में है, इसका घर अध्वा अर्थात् पथ में है इसका घर व्रजन में है, व्रज में है, इस सघन श्यामभाव को साध्य न रहने दो इसे साधक बनाओ। इसे गन्तव्य न रहने दो, इसे पथ बनाओ, इसे अनन्त रस समुद्र न रहने दो, इसे उद्वेलित तट-ध्वंसी ज्वार बनाओ, इसे रस न रहने दो, इसे रास बनाओ—

> मेघैर्मेदुरमम्बरं वनभुवः श्यामास्तमालद्रुमै—
> र्नक्तं भीरुरयं त्वमेव तदिमं राधे गृहं प्रापय।
> इत्थं नन्दनिदेशतश्चलितयोः प्रत्यध्वकुञ्जद्रुमं
> राधामाधवयोर्जयन्ति यमुनाकूले रहःकेलयः॥ १-१

जयदेव से चार सौ वर्ष पूर्व भट्टनारायण अपने **वेणीसंहार** के मंगलश्लोक में **गीतगोविन्द** की भूमिका तैयार कर चुके थे—

> कालिन्द्याः पुलिनेषु केलिकुपितामुत्सृज्य रासे रसं
> गच्छन्तीमनुगच्छतोऽश्रुकलुषां कंसद्विषो राधिकाम्।
> तत्पादप्रतिमानिवेशितपदस्योद्भूतरोमोद्गते—
> —रक्षुण्णोऽनुनयः प्रसन्नदयितादृष्टस्य पुष्णातु वः॥

रास में एकाएक राधिका नाराज हो गयीं और जमुना के बलुहे तट पर रास छोड़ कर चल पड़ीं, रोती-बिलखती हुई। श्रीकृष्ण पीछे पीछे चले, राधिका के पैरों की छाप निहारते चले, उन्हीं पदचिन्हों पर जब वे पैर रखते तो उन्हें रोमांच हो जाता, मनाते रहे और एकाएक प्रियतमा ने रीझ कर देखा और श्रीकृष्ण निहाल हो गये।

ध्यान से देखने पर भट्टनारायण के मंगल से जयदेव के मंगल में एक वैशिष्टच है, भट्टनारायण में श्रीकृष्ण का निहाल होना मुख्य रहता है परन्तु जयदेव के मंगल में राधामाधव दोनों एक होकर रस वनते हैं। **गीतगोविन्द** की अपूर्वता इसी वात में है कि वह श्रीकृष्ण को अकेले नहीं रहने देता, राधा का साहचर्य देता है, ऐसा साहचर्य देता है, जो ईर्ष्या, मान, उत्कंठा, विरह में भी कभी साथ नहीं छोड़ता ! कुछ और गहराई में जाकर कहा जा सकता है कि साहचर्य के साथ साथ साहचर्य की एक ऐसी बेचैनी भी देता है, जो मिलन में भी साथ नहीं छोड़ती। श्रीकृष्ण एक साथ ही विप्रयोगात्मक-सम्प्रयोगात्मक शृंगार हो जाते हैं, एक ही शरीर में वे नट हैं अर्थात् जिसका अभिनय कर रहे हैं, वे नहीं हैं और वर हैं, अपने लिये निर्धारित प्रियतम पति हैं। गीतगोविन्द की प्रत्येक अष्टपदी में संयोग-वियोग एक दूसरे में ओत-प्रोत हैं, संयोग कभी स्मृति के रूप में, कभी आकांक्षा के रूप में, कभी दंश के रूप में, कभी अतृप्ति के रूप में बरावर वियोग को तीव्रतर बनाता है और वियोग अपनी तीव्रता में ध्यान-लय से संयोग उपस्थित करता है, ऐसा संयोग जिसमें विश्व तन्मय हो जाता है, यहाँ तक कि स्वयं राधिका अपने को मधुरिपु समझ कर श्रीकृष्ण की चेष्टायें करने लगती हैं। श्रीकृष्ण रास में विहार करते करते एकाएक रास की केन्द्रविन्दु का अभाव अनुभव करते हैं और उन्मन हो जाते हैं। एक दिन एक रात तो सन्देशों के आदान-प्रदान में वीत जाती है, श्रीकृष्ण जहाँ प्रतीक्षा करते हैं, वहाँ राधा नहीं पहुँच पाती और श्री राधा के निकुंज में श्रीकृष्ण नहीं पहुँच पाते, राधा अपने को वंचित, ठगी-ठगी मान कर और विह्वल होती हैं। अन्त में श्रीकृष्ण राधा को मनाने आते हैं, राधा झिड़क देती हैं—जाओ, मुझसे झूठी बातें न करो, श्रीकृष्ण चले जाते हैं। अव राधा से नहीं रहा जाता और वे स्वयं प्रतीक्षातुर श्रीकृष्ण से मिलने चल पड़ती हैं और जव पाती हैं कि वे एकरस हो गये, उनकी बेचैनी भी इस उत्कर्ष पर पहुँच गयी है कि वे राधामय हो चुके हैं तो उनसे मिलती हैं। राधामय श्रीकृष्ण की छवि जयदेव ने इन उपमानों से (११-२२) उकेरी है—

राधावदनविलोकनविकसितविविधविकारविभङ्गम्।
जलनिधिमिव विधुमण्डलदर्शनतरलिततुङ्गतरङ्गम्॥३

हरिमेकरसं चिरमभिलषितविलासं
सा ददर्श गुरुहर्षवशंवदवदनमनङ्गनिवासम्॥ ध्रुवपदम्
स्फुटतरफेनकदम्बकरम्बितमिव यमुनाजलपूरम्॥४

नीलनलिनमिव पीतपरागपटलभरवलयितमूलम्॥५

स्फुटकमलोदरखेलितखञ्जनयुगमिव शरदि तडागम्॥६

शशिकिरणच्छुरितोदरजलधरसुन्दरसकुसुमकेशम् ।।७

तिमिरोदितविधुमंडलनिर्मलमलयजतिलकनिवेशम् ।।८

पहली उपमा है राधा के चन्द्रवदन को देखने की अकुलाहट में, ज्वार में आये हुए उज्ज्वलित रंग वाले समुद्र की । समुद्र चन्द्रमा की पूर्णता प्राप्त करने के लिये अपनी नीलता मथ कर केवल उज्ज्वलता धारण करता है क्योंकि पाने की अभिलाषा है तो होने की ही अभिलाषा न । दूसरी उपमा है यमुना के जल प्रवाह से। हरि ने राधामय होने के लिये मोतियों के हार पहने हैं, लगता है शतसहस्र फेनों के कदम्ब के फूलों से जमुना पट गयी है । तीसरी उपमा है पीताम्बर की । लगता है नीलकमल ऐसा खिल आया है कि उसका पीतपराग उड़ उड़ कर पूरी तरह आवेष्टित कर चुका है, उसकी आकांक्षा उसकी आपूर्त्ति बन गयी है । चौथी उपमा है आँखों की, शरद् ऋतु के सरोवर जैसा पारदर्शी श्यामल शरीर, उसमें खिला हुआ कमल जैसा मुख, उसमें चंचल चटुल खंजन के जोड़े जैसी दो आँखें, जिनमें श्वेत रंग काले रंग को उभार रहा है, काला रंग श्वेत को । पाँचवी उपमा है श्वेत कुसुमों से गुंथे घुँघराले मेघ सरीखे केशों की, चन्द्रमा की मेघों के बीच आँखमिचौनी से और छठीं उपमा है मलयज चन्दन के तिलक की उस चन्द्रमा से जो तिमिर भेद कर निकलता है । ये सभी उपमायें श्रीकृष्ण की कृष्णता के ऊपर राधा की गोराई को प्रतिष्ठापित करते हैं, तभी तो श्रीकृष्ण एकरस हैं, राधा की तरह हरि विक्षुब्ध हैं, उत्कंठित हैं । ऐसे एकरस प्रियतम के आगे मान विगलित हो जाता है, राधा का आग्रह नहीं रहता कि प्रिय मेरे निकुंज में आयें, वह स्वयं श्याम के राधामय निकुंज में प्रवेश करती हैं श्याममय होकर । पर मिलन सब गड़बड़ कर देता है। प्रातःकाल दर्पण में राधा अपनी छवि देखती हैं तो पाती हैं कि मैं राधामय में डूबकर श्याममय नहीं रही और अन्तिम अष्टपदी में निवेदन करती हैं कि यदुनन्दन मुझे वैसा ही अपने हाथों रच दो जैसे मैं आयी थी, तुम मेरे वक्षस्थल पर कस्तूरी के लेप बन जाओ, तुम्हारे ही चुम्बन से काजल फैला, तुम्ही अपने हाथों अपने को काजल बनाकर मेरी आँखें आँज दो, वे चमक उठें, तुम मेरे मस्तक पर कस्तूरी के तिलक बन जाओ और तुम्हारे हाथों शिथिलित कबरी में अपने मोर-मुकुट सदृश इन्द्रधनुषी रंग के फूल सजा दो । फिर मुझे प्रिय से श्यामा बना दो, राधा बन कर मुझसे रहा नहीं जायेगा ।

इस अष्टपदी में दो कड़ियाँ विशेष मर्मस्पर्शी हैं—

अलिकुलगञ्जनसञ्जनकं रतिनायकसायकमोचने

त्वदधरचुम्बनलम्बितकज्ज्वलमुज्ज्वलय प्रिय लोचने ।।१२.२४.१०

और

**मृगमदरसवलितं ललितं कुरु तिलकमलिकरजनीकरे**
**विहितकलङ्ककलं कमलानन विश्रमितश्रमसीकरे ।।१२ २४.१३**

तुमने जो मेरी आँखों का काजल फैला दिया है उन आँखों की ज्योति तुम्हीं हो, उन आँखों के सन्दिष्ट तुम्हीं हो, इसीलिये तो तुम जब काजल बनकर इनमें अँजोगे, तो वसन्त का गुणगान करने वाले भौंरो की भीर लजा जायेगी, काम के हाथ से धनुष छूट कर गिर जायेगा, तुम उत्सर्ग की उत्कंठा बन कर उज्ज्वल शृंगार बन कर वसन्त ऋतु के ऊपर छा जाओ, राधा की चम्पई छवि की मोहक दृष्टि के सम्मोहन मन्त्र बन जाओ । और अब यह प्यार छिपाये नहीं छिपता, अब आँखों में हरि नहीं मेरे भाल पर मेरे भाग्य में श्रीकृष्ण का रंग अंकित हो जाय, श्रीकृष्ण कस्तूरी के रस से बने तिलक बन जायें, मेरे अष्टमी के चन्द्र जैसे भाल के कलंक की कला बन जायें । यह रहःकेलि, यह गोपन प्यार, विश्वमोहन को मोहते-मोहते थक कर उनसे मोहित होने का खुला स्वीकार बन जाय । राधा एक चित्र नहीं है, वह उन्मथित चित्र मात्र है, वह एक की एक के लिए उत्कंठा नहीं है, वह सर्व के लिये सर्व की उत्कंठा की ही एक विचित्र संज्ञा है, पहचान है । राधा शब्द में दो भाव निहित हैं, एक भाव है आराधना का, अनन्यता का, दूसरा भाव है पकाये जाने का, सिझाये जाने का, राँधे जाने का । गीतगोविन्द का प्रारम्भ तो होता है राधा के पथदर्शक भाव से, आराधिका बन कर राधिका श्रीकृष्ण को उनकी लीला का प्रयोजन सिखलाती हैं, तुम्हारा यह अव्यक्त अगोचर प्रसार तभी सार्थक है जब व्यक्ति के गह्वर को भरने के लिये आकुल हो, जब वह बूँदे बनकर बिखरने के लिये आतुर हो और अन्त होता है राधिका के श्याम रंग में ऊपर से नीचे तक सराबोर होने में ।

**गीतगोविन्द** में एक और विलक्षणता है । **श्रीमद्भागवत** में एक शब्द आया है **शरत्काव्य**, वह सचमुच शरत्काव्य है, तृप्ति का काव्य है, उसमें गोपियों का उद्दाम प्रेम मन्मथमन्मथ श्रीकृष्ण को उन्मथित करने में समर्थ नहीं होता । हाँ वे इस उद्दाम प्रेम के द्वारा श्रीकृष्णभाव को अवश्य प्राप्त करती हैं । **गीतगोविन्द** में दो ऋतुएँ हैं, स्मृति के रूप में या आकांक्षा के रूप में वर्षा, उद्दाम प्यार की ऋतु और प्रत्यक्ष अनुभव के रूप में वसन्त, उत्कंठा की ऋतु, जो नहीं है, वह होने की उत्कंठा ही तो वसन्त है, पेड़ है, पेड़ की डाली है, पर ये फूल होना चाहते हैं, पल्लव होना चाहते हैं, पेड़ या डाली बने रहने को तैयार नहीं हैं । वर्षा के मंगल से काव्य प्रारम्भ होता है और दामोदर, रस्सी में बंधे श्रीकृष्ण का दाम खुल जाता है । पहले सर्ग का नाम सामोददामोदर इसलिये उचित ही है । अनन्तता भी एक बन्धन है, निःस्सीमता भी एक विवशता है, श्रीकृष्ण उससे मुक्त कर दिये जाते हैं, जब सब कुछ

घनश्याममय हो जाता है तो श्याम तरल उज्ज्वल रसविन्दु बनने के लिये आकुल हो जाते हैं। उनकी रसवृद्धि की आकुलता जब पूरी तरह झहरा लेती है, जब तमाल निपात हो जाता है, तब निपात होकर चम्पई रसविन्दु से भर उठता है। वर्षा की उद्दामता ही वसन्त को जन्म देती है। समष्टिचित्त का विक्षोभ ही व्यष्टि चित्त को आकांक्षा से भरता है, उससे सब कुछ रखवा लेता है, उसे एकदम निःस्व बना देता है, निरुपाय और असहाय बना देता है, पहले ऐसा भाव भरता है कि तुम वंचित हो, तुम्हें किसी ने ठग लिया है, धोखा देकर तुम्हें कहीं का नहीं रखा है, फिर एक से एक नये पल्लव, नयी कलियाँ, नये फूल उगाता है। मैं ही विक्षुब्ध नहीं हूँ, वे भी मेरे लिये सविकार हैं, मैं आँच में पक कर यदि दूध से दही हुई जा रही हूँ, तो वे भी नवनीत के पिण्ड से पिघलकर आहूत होने के लिये घृत बनते जा रहे हैं।

**सखि हे केशिमथनमुदारम्**
**रमय मया सह मदनमनोरथभावितया सविकारम्।**

**गीतगोविन्द** एक चिर अभिलाषा का, सनातन आकुलता का काव्य है। यह मोक्ष का भी मोक्ष है, कृष्ण का अर्थ होता है आकर्षक, खींचने वाला, वह अर्थ पीछे छूट जाता है, श्रीकृष्ण खिंचते चले जाते हैं, जुतते चले जाते हैं और खिंचते खिंचते वे शाश्वत भाव न रह कर रस के नूतन से नूतनतर प्रवाह बन जाते हैं। इसी अर्थ में **गीतगोविन्द** पावस और वसन्त की भूमिकाओं की हेराफेरी का काव्य है। काव्य के मन में पावस रूपी कृष्ण और काव्य की देह में वसन्त रूपी राधा छायी हुई है, पावस वसन्त होना चाहता है, वसन्त पावस। दोनों मिल कर वन और वन के निकुंज होना चाहते हैं पुलिन और पुलिन के सैकत होना चाहते हैं, ठूंठ से ठूंठ हृदय की प्रसुप्त आकांक्षा के अंकुर होना चाहते हैं, सूखी से सूखी और तपी से तपी बालू के कण में रस भरने की चाह होना चाहते हैं। **गीतगोविन्द** घर का, आँगन का, प्रासाद का, हर्म्य का, रत्नजटित गवाक्षों का काव्य नहीं है। जो लोग इसे अपनी कामुकता के कारण कामुकता से जोड़ते हैं, वे इसकी जमीन नहीं देखते, वह जमीन है यमुनापुलिन-सूर्य की बेटी का बलुहा तट, उस जमीन के ऊपर जो आसमान है वह है उत्तरायण का सूर्य-मधु का छत्ता।

इस काव्य में ऐन्द्रियता नहीं है, यह बात कोई कोरा भक्त कहे तो कहे, मैं ऐन्द्रियता का खंडन नहीं करूँगा, पर ऐन्द्रियता इस काव्य का प्रत्यायक गुण नहीं है, वह केवल उपसर्ग है, जो लौकिक साधारण प्रेमव्यापार के विशेष से जोड़कर अलौकिक असाधारण प्यार की गहराई को आकार देते हैं। इस ग्रन्थ के प्रत्यय दो हैं। एक है वियोग में संयोग का आधान। श्रीकृष्ण को लगता है—

दृश्यसे पुरतो गतागतमेव विदधासि ।

मेरे सामने तुम आ रही हो, जा रही हो परन्तु ?

किं पुरेव ससम्भ्रमं परिरम्भणं न ददासि ॥ ३.७.८

पर यही है कि पहले जैसा घबड़ा कर तुम गले क्यों नहीं लग रही हो ?

राधा को भी ध्यान-लय के बल से दुष्प्राप्य श्रीकृष्ण प्राप्त हो जाते हैं, वह उन्हें पाकर भी बिलखती है, हँसती है, उदास होती है, रोती है, छनछना उठती है और मन के सब ताप धो देती है।

ध्यानलयेन पुरः परिकल्प्य भवन्तमतीव दुरापं
विलपति हसति विषीदति रोदिति चञ्चति मुञ्चति तापम् ॥ ४.८.८

दूसरा प्रत्यय है नाम के द्वारा एकाकारता प्राप्त करने का उपाय । राधा भी—

हरिरिति हरिरिति जपति सकामम् विरहविहितमरणेव निकामम् ।

विरह में जीना सम्भव नहीं है, इसलिये मरने का, राधा रूप में अस्तित्वहीन होने का निश्चय करके "हरि हरि" जपती रहती है । श्रीकृष्ण भी—

वसति विपिनविताने त्यजति निजधाम
लुठति धरणिशयने बहु विलपति तव नाम ॥ ५.१०.५

अपना घर छोड़ कर, वैकुण्ठ धाम छोड़कर, सूर्य की ऊर्ध्वरश्मियों का देश गोलोक छोड़ कर, जंगल में जमीन पर लोट रहे हैं, बार बार तुम्हारे नाम (राधा-राधा) की करुण पुकार लगा रहे हैं।

ये दोनों प्रत्यय ही गीतगोविन्द की ऐन्द्रियता को ऐसी भूमि तक पहुँचा देते हैं जहाँ इन्द्रिय इन्द्रिय नहीं रह जाती, विषय विषय नहीं रह जाते, विषयसुख सुख नहीं रह जाता, कोई भी सुख सुख नहीं रह जाता, इन्द्रिय विषय बन जाती है दूसरे शब्दों में आदमी का उपभोक्ता भाव उपभुक्त हो जाता है और विषय इन्द्रिय बन जाते हैं । वन, नदी, मेघ, चन्द्र ये सभी प्राकृत विषय, हार, तिलक, अंजन ये सभी वैकृत विषय प्राणवान् होकर, प्राणपीड़ित होकर इन्द्रिय हो जाते हैं । हर प्रकार का समागम सुख दुरन्त दुःख बन जाता है और विरह का दुरन्त दुःख असीम अपरिमित सुख बन जाता है । सही बात तो यह है कि सुख-दुःख दोनों ही केलि-रस बन जाते हैं, क्रीड़ा बन जाते हैं, और क्रीड़ामात्र राधाकृष्ण बन जाती है ।

गीतगोविन्द श्रव्य-दृश्य काव्य है, यह गीतिनाट्य प्रबन्ध है, यह देखने और सुनने दोनों के लिये है। इसमें गोचर व्यक्त संसार का दर्शन है और अव्यक्त अगोचर का निनाद है, इसमें बाह्य प्रयोगात्मक गान्धर्व कलाओं का कौशल है और अन्तर्योगात्मक वैष्णव ध्यान की अन्तर्मुखता है, इसमें शृंगार का विवेकतत्त्व ही लीलायित है और यह सब श्रीकृष्ण के एक साथ एकतान राधा के साथ एकाकार है। इसे साधना हो तो भूल जाओ कि केलिकला और हरि दो अलग सत्तायें हैं, सत्ता एक है, वह एक होते हुए भी अपनी ही एक के लिये सदा आकुल है, क्योंकि वह सत्ता मात्र नहीं, इच्छा या काम मात्र नहीं, वह चैतन्य है, स्वरूप विमर्श है और चैतन्यमात्र भी नहीं, वह रस है, पूर्णता का, पूर्णतर होने का, सनातन साध्य व्यापार है। जयदेव के ही शब्दों में—

> यद्गन्धर्वकलासु कौशलमनुध्यानं च यद्वैष्णवं
> यच्छृंगारविवेकतत्त्वमपि यत्काव्येषु लीलायितम्।
> तत्सर्वं जयदेवपण्डितकवेः कृष्णैकतानात्मनः
> सानन्दाः परिशोधयन्तु सुधियः श्रीगीतगोविन्दतः ।। १२.१८



# 'अवन्तिसुन्दरी' तथा 'दशकुमारचरित'

## परस्पर सम्बन्ध*

डा० मानसिंह

शिमला

The present *Avantisundarī* and the *Daśakumāracarita* (except *Pūrva-pīṭhikā* and *Uttarapīṭhikā*) are the two available portions of Daṇḍī's one and the same big work *Avantisundarī*. The *Avantisundarīkathāsāra* closely follows the *Avantisundarī*.

दशकुमारचरित के मध्य भाग अर्थात् प्रथम से अष्टम उच्छ्वास के दण्डिकर्तृकत्व के विषय में विद्वान् एकमत हैं।[1] दण्डी के नाम से सम्बद्ध अवन्तिसुन्दरी नामक एक अन्य गद्य-काव्य भी उपलब्ध हुआ है। इसका कुछ अंश अवन्तिसुन्दरीकथासार के साथ श्रीयुत एस० के० रामनाथ शास्त्री द्वारा सम्पादित तथा दक्षिणभारती ग्रन्थमाला (संख्या ३) के अन्तर्गत मद्रास से श्री एम० आर० कवि

---

* श्री गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, प्रयाग में मार्च २६, १९७९ को दिया विशिष्ट व्याख्यान।

१. श्री जी० जे० अगाशे (*Indian Antiquary*, Vol. 54, 1915, p. 65); (दशकुमारचरित की भूमिका, बम्बई, १९१९, पृ० २५ तथा आगे), के० पी० त्रिवेदी (प्रतापरुद्रीययशोभूषण, भूमिका, बम्बई, १९०९, पृ० ३१), एस० के० वेल्वेलकर (काव्यादर्श १।६३ पर टिप्पण, बम्बई, १९१९, पृ० ५३) तथा पी० वी० कुलकर्णी (दशकुमारचरित, भूमिका, बम्बई, १९१९, पृ० ३-६) 'दशकुमारचरित' के रचयिता दण्डी को 'काव्यादर्श' के प्रणेता आचार्य दण्डी से भिन्न व्यक्ति मानते हैं। इसकी आलोचना के लिये द्रष्टव्य प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक का ग्रन्थ: *Subandhu and Daṇḍin*, पृ० ७२-७३, दिल्ली: मेहरचन्द लछमनदास, १९७९; धर्मेन्द्रकुमार गुप्त *A Critical study of Daṇḍin and His Works*, मेहरचन्द लच्छमनदास, दिल्ली, १९७०, पृ० ३ तथा आगे।

द्वारा १९२४ ई० में प्रकाशित किया गया था। यह संस्करण मलाबार में कोट्टक्कल से उपलब्ध एक खण्डित तथा दोषपूर्ण पाण्डुलिपि पर आधृत है और इसमें २५ मुद्रित पृष्ठ हैं।[२] 'अवन्तिसुन्दरी' का द्वितीय संस्करण श्री शूरनाड़ कुञ्जन पिल्लै ने १०५४ ई० में त्रिवेन्द्रम से अनन्तशयनसंस्कृतग्रन्थावली (संख्या १७२) के अन्तर्गत प्रकाशित किया। इसमें २४६ मुद्रित पृष्ठ हैं, जिनमें कादम्बरी की कथा तक की कथा आ गई है। यह संस्करण अनेकत्र खण्डित तथापि अपेक्षाकृत पूर्ण एवं लम्बी पाण्डुलिपि पर आधृत है। इसकी पुष्पिका में लिपिक ने इसे पूर्ण घोषित किया है: "इत्याचार्यदण्डिना कृता अवन्तिसुन्दरी समाप्ता"; किन्तु वस्तुतः यह अपूर्ण है। सम्भवतः उसे आगे का भाग उपलब्ध नहीं हो सका और उसने ग्रन्थ को यहीं समाप्त समझ लिया। 'अवन्तिसुन्दरी' का दण्डिकर्तृत्व अनेक प्रमाणों से सिद्ध है। इसके आद्यांश में, बाणविरचित हर्षचरित' की भाँति दण्डी ने अपने वंश का तथा स्वयं अपना विवरण प्रस्तुत किया है,[३] जिससे यह भी पता चलता है कि उन्होंने 'अवन्ति-सुन्दरी की कथा अपने मित्रों के अनुरोध पर कही।[४] उपलब्ध अंश की पुष्पिका भी इसे उन्हीं की कृति घोषित करती है। अप्पयदीक्षित (१६वीं शती ई० का मध्य भाग) ने अपनी 'नामसंग्रहमाला' में 'अवन्तिसुन्दरी' से एक उद्धरण दिया है और उसे दण्डी से सम्बद्ध किया है: "निरस्ता पल्लवेषु काञ्ची नाम नगरी इत्यवन्तिसुन्दरीये दण्डि-प्रयोगात्।"[५] कलिङ्गराय सूर्य (१३वीं शती ई० का मध्य भाग अथवा १४वीं शती ई० का पूर्वार्द्ध) ने अपने 'सूक्तिरत्नहार' में दण्डी के नाम से अवन्तिसुन्दरी के प्रस्तावना-भाग से अधोलिखित तृतीय पद्य उद्धृत किया है:

---

२. इसी संस्करण को देखकर ए० बी० कीथ (*A History of Sanskrit Literature*, प्रस्तावना, पृ० १६) ने कहा था कि केवल एक खण्डित पाण्डुलिपि के आधार पर इस ग्रन्थ का प्रकाशन नहीं होना चाहिये था।

३. अवन्तिसुन्दरी, त्रिवेन्द्रम संस्करण, १९५४, पृ० ९-१७। प्रस्तुत लेख में में पाठ-संकेत इसी संस्करण से है।

४. वही, पृ० १७: "शुश्रूषवे सुहृद्गणाय कथामवन्तिसुन्दरीमाचिख्या-सुरित्यभाषत।"

५. मद्रास राजकीय प्राच्य पाण्डुलिपि-ग्रन्थागार, पृ० ५८। तुलना कीजिये अवन्तिसुन्दरी, पृ० ८: "नयसम्भावनापल्लवेषु (पल्लवेषु) राजा बभूव।" पृ० ६: "काञ्चीपुरं नाम राजधानी।" डॉ० वी राघवन् अप्पय दीक्षित के उद्धरण को 'दशकुमारचरित' के षष्ठ उच्छ्वास से मानते हैं: "अस्ति द्रविडेषु काञ्ची नाम नगरी।" (गोमिनीवृत्तान्त, निर्णयसागर प्रेस संस्करण १५, बम्बई, १९५१, पृ० २२०)।

**मर्त्ययन्त्रेषु चैतन्यं महाभारतविद्यया।**
**अर्पयामास तत्पूर्वं यस्तस्मै मुनये नमः॥**[६]

'काव्यादर्श' की एक अज्ञातकर्तृक टीका में 'अवन्तिसुन्दरी' को एक आख्यायिका माना गया है : "आख्यायिकेति कादम्बर्यवन्तिसुन्दर्यादि"। वादिजङ्घाल (९६३ ई०) ने इसी ग्रन्थ (१।८१) की अपनी 'श्रुतानुपालिनी' नाम्नी टीका में इसे एक कथा माना है : "आख्यायिका शूद्रकचरितप्रभृतिः सादिर्येषाम् (? यासाम्) अवन्तिसुन्दर्यादिकथानां तेष्वित्यर्थः"। इन प्रमाणों से यह सुतराम् स्पष्ट है कि इस ग्रन्थ का नाम 'अवन्तिसुन्दरी' है[७] और वह दण्डी ही की कृति है। कतिपय विद्वानों ने इसके दण्डी की रचना होने में सन्देह व्यक्त किया है,[८] जो असमीचीन है।

'अवन्तिसुन्दरी' का 'अवन्तिसुन्दरीकथासार' नाम से एक अज्ञातकर्तृक पद्यात्मक सार भी उपलब्ध हुआ है। इसका कुछ भाग १९२४ ई० में श्री एम० आर० कवि ने 'अवन्तिसुन्दरी' के अंश के साथ मद्रास से दक्षिणभारती ग्रन्थमाला (संख्या ३) के अन्तर्गत प्रकाशित किया था। इसका अन्य संस्करण १९५७ ई० में श्री जी० हरिहर शास्त्री ने कुप्पुस्वामी शास्त्री प्राच्यविद्या-संशोधन-संस्थान, मायलापुर, मद्रास से प्रकाशित किया, जो अष्टपरिच्छेदात्मक तथापि अपूर्ण है।[९] इसका अष्टम

---

६. अवन्तिसुन्दरी, पृ० ४, श्लोक १७,। डॉ० वी० राघवन् (*Journal of Oriental Research*, मद्रास, खण्ड १३, पृ० २९४) ने संकेत किया है कि मद्रास पाण्डुलिपि सं० ३५१३ तथा ४१२७ में इस पद्य के साथ दण्डी का नाम दिया गया है (जो त्रिवेन्द्रम संस्करण में नहीं है)। कलिंगराय सूर्य के स्थिति-काल के लिये द्रष्टव्य डॉ० वी० राघवन् : वही, पृ० २९३-३०६।

७. अवन्तिसुन्दरी, पृ० १७ : शुश्रूषवे सुहृद्गणाय कथामवन्तिसुन्दरीमाचिख्यासुरित्यभाषत।" से भी यह नाम स्पष्ट है।

८. यथा डॉ० सुशीलकुमार दे (*Indian Historical Quarterly*, खण्ड ३, पृ० ३९५-४०३); ए० बी० कीथ (पूर्वोद्धृत ग्रन्थ, प्रस्तावना पृ० १६); महामहोपाध्याय कुप्पुस्वामी शास्त्री (*Journal of Oriental Research*, खण्ड १, पृ० २००-२०१ तथा टिप्पण ५)। महामहोपाध्याय डॉ० पाण्डुरंग वामन काणे किञ्चित् संकोचपूर्वक इसे दण्डिकृत मानते हैं। (*History of Sanskrit Poetics*, तृतीय संस्करण दिल्ली, १९६१, पृ० ९८-९९)।

९. एस० कुप्पुस्वामी शास्त्री ने अवन्तिसुन्दरीकथासार को पञ्चशिख की रचना माना है। इस ग्रंथ के सात परिच्छेदों के अन्तिम पद्य में लेखक ने 'आनन्द' शब्द का प्रयोग किया है (अष्टम परिच्छेद तो अपूर्ण है ही)। भोज विरचित शृङ्गार-

परिच्छेद भी अपूर्ण है। 'अवन्तिसुन्दरीकथासार' में सम्प्रति उपलब्ध सम्पूर्ण 'अवन्ति-सुन्दरी' से लेकर 'दशकुमारचरित' के तृतीय उच्छ्वास के मध्य भाग तक का सार प्रस्तुत किया गया है। अवन्तिसुन्दरीकथासार अवन्तिसुन्दरी का यथार्थ सार उपस्थित करता है, क्योंकि इसमें तत्तत्प्रसंगों में प्रयुक्त मूल ग्रन्थ के भावों, शब्दों, उक्तियों एवं सम्पूर्ण पद्यों को भी ग्रहण किया गया है।[10] यही नहीं, इसमें हमें वे पद्य भी प्राप्त हो जाते हैं जो अवन्तिसुन्दरी के लुप्त पाठ में विद्यमान रहे होंगे। अवन्ति-सुन्दरीकथासार में उद्धृत तथा 'अवन्तिसुन्दरी' में प्राप्य पद्य है :

(१) दनुजपतिहृदयभूधरविभेदविज्ञातशक्तिनखकुलिशम्।
जगदुदयहेतु विष्णोरवतु वपुर्नारसिंहं वः॥

(अवन्तिसुन्दरी पृ० ९, पंक्ति ४-५; अवन्तिसुन्दरीकथासार १।१६)

(२) मुग्धा पञ्जरहंसी चन्द्रं निर्वर्ण्य पुण्डरीकधिया।
स्फुरितानि कानि कान्याभिलाषबलात्कृता कुरुते॥

(अवन्तिसुन्दरी पृ० २०२, पंक्ति १४-१५; अवन्तिसुन्दरीकथासार ४।२०९)

'अवन्तिसुन्दरीकथासार' में 'कानि कान्य-' के स्थान पर' तानि तान्य-' पाठ मिलता है। कदाचित् इसके लेखक को ऐसा ही पाठ उपलब्ध रहा होगा।

(३) सप्तच्छदस्तबकचामरधूननोऽयं
जातो मरुद्घनसितं वियदातपत्रम्।

---

प्रकाश (जोस्येर सं०, द्वितीय, पृ० ६७४) के अनुसार पञ्चशिख ने प्रत्येक सर्ग के अन्तिम पद्य में 'आनन्द' शब्द का प्रयोग किया। यही बात हेमचन्द्र के काव्यानु-शासन की स्वोपज्ञातवृत्ति 'विवेक' से भी पता चलती है : "अभ्युदयः कृष्णचरिते, जय उषाहरणे, आनन्दः पञ्चशिखशूद्रककथायाम्।" (सं० प्रो० रसिकलाल सी० पारिख तथा डॉ० वी० एम० कुलकर्णी, श्रीमहावीर जैन विद्यालय, बम्बई, द्वितीय सं० १९६४, पृ० ४५७)। भोज तथा हेमचन्द्र दोनों ने पञ्चशिखकृत शूद्रककथा का उल्लेख किया है, अवन्तिसुन्दरीकथासार का नहीं।

श्री मोरेश्वर रामचन्द्र काले (दशकुमारचरित, तृतीय सं० बम्बई, १९२५, भूमिका, पृ० १६) ने त्रुटिवश इस ग्रन्थ को दण्डी से सम्बद्ध कर दिया है।

१०. विस्तर हेतु द्रष्टव्य इन पंक्तियों के लेखक का पूर्वोद्धृत ग्रन्थ, परि-शिष्ट ४, पृ० ५०२-५०७।

हारप्रसादिसरिदम्बुसरोजलीलः

कालोऽयमुद्भवति नन्दितराजहंसः ॥

(अवन्तिसुन्दरी, पृ० २२३, पंक्ति १-४; अवन्तिसुन्दरीकथासार ५।३८)

इसके अतिरिक्त दो पद्य ऐसे भी 'अवन्तिसुन्दरीकथासार' में प्राप्त होते हैं जो 'अवन्तिसुन्दरी' के अधुना अनुपलभ्य पाठ में विद्यमान रहे होंगे :

(१) यद्यभिलषसि द्विजवरमवेहि तं राजहंसि ! जलमध्ये ।

गतमेव चरणगोचरमचिरात्प्रतिमामुखेनापि ॥

(४।२१२)[११]

(२) अरुन्धतीमरिशरपीडितात्मनो

यदाश्रमे तरुणि ! पुराप्यदर्शयः ।

तदद्य ते हृदि मदनास्त्रमुद्रितं

मृदुस्मिते ! लिखितमिवात्र तिष्ठति ॥ (६।१६९)

यहाँ 'अरि-' के स्थान पर 'स्मर-' पाठान्तर भी मिलता है ।

इससे यह सिद्ध है कि 'अवन्तिसुन्दरीकथासार' 'अवन्तिसुन्दरी' का सार प्रस्तुत करने में मूल ग्रंथ का अतिसमीपतः अनुगमन करता है । 'अवन्तिसुन्दरी' के अधुनोपलब्ध पाठ में नमुचि-तनया मन्दाकिनी द्वारा राजकुमार राजवाहन के समक्ष 'कादम्बरी' की कथा के वर्णन तक की कथा आती है, जो 'दशकुमारचरित' की पूर्वपीठिका के लगभग अर्द्ध भाग की कथा के बराबर पड़ती है; किन्तु अवन्तिसुन्दरीकथासार कथासार के प्रवाह को पूर्वपीठिका की सम्पूर्ण कथा को पार करते हुए दशकुमारचरित के तृतीय उच्छ्वास में उपहारवर्मा तथा कल्पसुन्दरी के प्रणय-प्रसंग[१२] तक आगे ले जाता है । यद्यपि अवन्तिसुन्दरी तथा पूर्वपीठिका का वर्ण्य-विषय समान है तथापि उनमें रचना-शैली तथा अनेक कथागत विवरणों की दृष्टि से वैषम्य है ।

---

११. जी० हरिहर शास्त्री द्वारा सम्पादित संस्करण । प्रस्तुत लेख में पाठ-संकेत इसी संस्करण से हैं ।

१२. श्री नारायण राम आचार्य द्वारा सम्पादित तथा निर्णयसागर प्रेस बम्बई से प्रकाशित, संस्करण १५, १९५१ के पृ० १५०, पंक्ति ४ तक । इस लेख में पाठसंकेत इसी संस्करण से हैं ।

**अवन्तिसुन्दरीकथासार** भी पूर्वपीठिका से अनेक विवरणों की दृष्टि से भिन्न है;[१३] और न ही इसमें **अवन्तिसुन्दरी** की भाँति पूर्वपीठिका से तत्तत्प्रसंगों में प्रयुक्त भाव, शब्द, उक्तियाँ तथा पद्य आदि ही ग्रहण किये गये हैं।[१४] इन तथ्यों से भी **दशकुमारचरित** की पूर्वपीठिका दण्डी के अतिरिक्त किसी अन्य लेखक की रचना सिद्ध होती है।[१५]

अनेक प्रमाणों से यह सिद्ध हो जाता है कि अवन्तिसुन्दरी **'दशकुमारचरित'** का आद्य भाग है और **'दशकुमारचरित'** उसका मध्यवर्ती अंश। पूर्वपीठिका तथा **'दशकुमारचरित'** में अवश्य ही अनेक असंगतियाँ प्राप्त होती हैं; किन्तु **'अवन्तिसुन्दरी'** तथा **'दशकुमारचरित'** में कोई भी नहीं।[१६] **'अवन्तिसुन्दरी'** से हमें कितने ही ऐसे

---

१३. विस्तरहेतु द्रष्टव्य इन पंक्तियों के लेखक का पूर्वोद्धृत ग्रन्थ, परिशिष्ट २, पृ० ४७८-९७। इसमें **'अवन्तिसुन्दरी'** तथा **'अवन्तिसुन्दरीकथासार'** और पूर्वपीठिका के कथागत विवरणों की विषमताओं पर विचार करते हुए भट्टनारायण रचित **पूर्ववृत्तान्तदर्शन** को भी दृष्टि में रखा गया है।

१४. पूर्वपीठिका में दो ही पद्य हैं—एक तो आरम्भ में 'ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः' आदि और दूसरा 'सुभग ! कुसुमसुकुमारं' आदि (पृ० ५३, पंक्ति १४-१५)। यदि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** के लेखक ने इसीसे कथा का सार प्रस्तुत किया होता तो वह कम से कम इस द्वितीय पद को अवश्य उद्धृत करता, जिसमें राजवाहन के प्रति अवन्तिसुन्दरी का कामलेख उपनिबद्ध है।

१५. पूर्वपीठिका तथा उत्तरपीठिका निश्चिततः दण्डी की रचना नहीं है। द्रष्टव्य प्रस्तुत लेखक का पूर्वोद्धृत ग्रन्थ, पृ० ६७-७१। तथापि, कुछ विद्वानों ने पूर्वपीठिका को दण्डिकृत मानना चाहा है। यथा—डॉ० आर० एन० दाण्डेकर (फर्गूसन कॉलेज पूना पत्रिका, खण्ड ३२, संख्या १, सित० १९४० में प्रकाशित *Professor Meyer on Daṇḍin* नामक लेख, पृ० ९-१०) पूर्वपीठिका को दण्डी की रचना मानना चाहते हैं। ए० बी० गजेन्द्रगडकर (**दशकुमारचरित**, धारवाड़, १९१९ प्रस्तावना, पृ० २५) पूर्वपीठिका के पञ्चम उच्छ्वास को अतिकाव्यात्मक एवं उच्चस्तरीय शैली के कारण दण्डी की रचना मानते हैं। किन्तु ऐसी मान्यताएँ अन्य अपेक्षाकृत सबल प्रमाणों की दृष्टि से असमीचीन एवं अयुक्त हैं।

१६. द्रष्टव्य प्रस्तुत लेखक का पूर्वोद्धृत ग्रन्थ, परिशिष्ट २। केवल एक बात में भेद मिलता है—**अवन्तिसुन्दरी** में विश्रुत के पिता सुश्रुत को पद्मोद्भव का पुत्र वर्णित किया गया है (पृ० १८५, पंक्ति १२-१५), जिसकी पुष्टि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** से भी होती है (४.१६६-६८) और पूर्वपीठिका (पृ० ४, पंक्ति ६-८) में भी

तथ्यों को भी समझने में सहायता मिलती है जो 'दशकुमारचरित' में संकेतित भर कर छोड़ दिये गये हैं। उदाहरणार्थं 'दशकुमारचरित' के तृतीय उच्छ्वास में उपहारवर्मा की बचपन में पालन-पोषण करने वाली धात्री उसे उनके बाल्यकाल की करुण-कथा संक्षेपतः कहती है; किन्तु वह यह नहीं बतलाती कि वन में व्याध-बालों द्वारा ले जाये जाने के बाद उसे महाराज राजहंस के पास किस प्रकार पहुँचाया गया। इस सबका ज्ञान तो अवन्तिसुन्दरी से ही हो पाता है, जहाँ उसे व्याधों से बचाने के उपरान्त महाराज के पास लाने वाला एक ऋषि विस्तरशः उसकी प्राप्ति की कथा का वर्णन करता है।[१७] हम उससे शार्दूल द्वारा आक्रमण करने तथा उपहारवर्मा के माता-पिता की कथा के वर्णन की अपेक्षा नहीं कर सकते; उनका वर्णन तो 'दशकुमारचरित' में स्वयं उस धात्री ने किया है;[१८] चूंकि उसे इन सबका पता नहीं हो सकता था, क्योंकि वह तो उस आहत वृद्धा को वन में छोड़कर बालक की खोज में निकल पड़ा था और उसे व्याधों से उपलब्ध कर उसके पास लौटे विना ही महाराज राजहंस के पास पहुँच गया था।[१९] इसी प्रकार, दशकुमारचरित में राजवाहन हंस-कथा का स्मरण कराकर अपनी प्रा समा अवन्तिसुन्दरी को दो मास का विश्लेष सहन करने को कहता है।[२०] सुरसुन्दरी सुरतमञ्जरी भी रजत शृङ्खला के रूप में राजवाहन के चरणों में दो मास तक रहती है।[२१] अवन्तिसुन्दरीकथासार (६।१२९) में हंस-कथा के प्रसंग में इस अवधि को 'अल्पकाल' के रूप में संकेतित किया गया है। अवन्ति-

---

जो इसी रूप में वर्णित है; किन्तु दशकुमारचरित' (अष्टमोच्छ्वास, पृ० २७१, पंक्ति १२-१६) में उसे सिन्धुदत्त का पुत्र कहा गया है। इस असंगति की व्याख्या 'सिन्धुदत्त' के स्थान पर सिन्धुदत्ता' पाठ मानकर हो जाती है, जो सम्भवतः मौलिक पाठ रहा होगा। श्री अगाशे (दशकुमारचरित, पृ० १३९) तथा काले महोदय (दशकुमारचरित, पृ० २०२) ने 'सिन्धुदत्ता' पाठ ही स्वीकार किया है।

१७. अवन्तिसुन्दरी, पृ० १७३, पंक्ति १२—पृ० १७४, पंक्ति १२। इस कथा के पाठ का आद्यांश लुप्त है। अतः समग्र कथा के सारार्थं द्रष्टव्य 'अवन्तिसुन्दरीकथासार, ३।९४-११५।

१८. अवन्तिसुन्दरी, पृ० १४०, पंक्ति ३—पृ० १४१, पंक्ति ६।

१९. वही, पृ० १७४, पंक्ति ८-१० : "अहमप्यात्मनस्तद्ग्रामीणैर्दर्शनं परिजिहीर्षुरस्य हेतोः स्तुत्वा सुम्भसूदिनीं निष्क्रान्तस्तयैव यामवत्या महान्तमध्वानमत्यलङ्घयम्। अर्पयितुं च ते प्रजापालाय प्रजामिमां कृतमतिरुपस्थितः।"

२०. दशकुमारचरित, प्रथमोच्छ्वास, पृ० ६४, पंक्ति १-२।

२१. वही, प्रथमोच्छ्वास, पृ० ६९, पंक्ति ३-४; पृ० ७१, पंक्ति ४।

**सुन्दरी** के सम्प्रति उपलब्ध मूल पाठ में यह कथा नहीं आ पाती। इस दो मास की अवधि के रहस्य का पूर्ण उद्‌घाटन हमें **अवन्तिसुन्दरी** में आए हुए महर्षि वामदेव के राजवाहन के प्रति इस कथन से होता है कि तुम दो मास तक परिभव का अनुभव करोगे।[२२] महर्षि जरितारि के शाप की दो मास की अवधि की विवृति इससे भलीभाँति हो जाती है। ऐसे ही **दशकुमारचरित** में तारावली द्वारा, कुबेर द्वारा बतलाये गये, स्वयं अपने, अपने पतिदेव कामपाल, उसकी अन्य दो पत्नियों तथा बालक अर्थपाल के पूर्वजन्मों का वृत्तान्त का अतिसंक्षिप्त वर्णन[२३] तब तक सम्यग्रूपेण बोधगम्य नहीं हो सकता जब तक कि हम **अवन्तिसुन्दरी** में न इसे खोज लें। दण्डी इन कथाओं का पूर्वतः सविस्तर वर्णन किये बिना **दशकुमारचरित** में इनका संकेत-मात्र नहीं कर सकते थे। इन कथाओं का विस्तरशः वर्णन हमें पूर्वपीठिका में नहीं प्रत्युत केवल **अवन्तिसुन्दरी** ही में उपलब्ध हो पाता है।[२४] वहाँ स्वयं तारावली वाराणसी की श्मशान-भूमि से प्राप्त बालक अर्थपाल को कुबेर के आदेश से महारानी वसुमती को सौंपते समय इन कथाओं का वर्णन करती है। हमें यह भी पता चलता है कि वह महारानी वसुमती के पास आने से पूर्व बालक अर्थपाल को लेकर कुबेर के पास गई थी और कुबेर ने बालक के प्रति उसकी वत्सलता की व्याख्याहेतु उसे ये कथाएँ बतलाई थीं। इसी प्रकार **दशकुमारचरित** के पञ्चम उच्छ्वास में प्रमति द्वारा किये गये अपने मित्रों के चम्पा में मिलने के संकेत[२५] का रहस्य तब तक उद्‌घाटित नहीं हो पाता जब तक कि हम राजकुमार राजवाहन को पुष्पोद्‌भव द्वारा पहले दी गई इस सूचना पर ध्यान न दें कि राजकुमार जिस बिल में प्रविष्ट होकर मातंग के साथ रसातल गये थे उसके मुख पर देवरक्षित को स्थापित कर राजकुमार की खोज में विभिन्न दिशाओं में जाते समय मित्रों ने वर्ष के अन्त में चम्पा नगरी में मिलने का निश्चय किया था।[२६] ये सब बातें **अवन्तिसुन्दरी** तथा **दशकुमार-**

---

२२. **अवन्तिसुन्दरी**, पृ० २१७, पंक्ति ८; **अवन्तिसुन्दरीकथासार**, ५।३०।

२३. **दशकुमारचरित**, पृ० १७४, पंक्ति ४—पृ० १७५, पंक्ति ११।

२४. **अवन्तिसुन्दरी**, पृ० २००, पंक्ति ९—पृ० २०३, पंक्ति १। पाठ का आद्य तथा अन्त्य अंश लुप्त है और प्राप्य पाठ भी अनेकत्र खण्डित है; अतः द्रष्टव्य **अवन्तिसुन्दरीकथासार**, ४।१५६-२३०, में कथासार।

२५. पृ० २०६, पंक्ति ८-१० : "अस्य राज्ञः सिंहवर्मणः साहाय्यदानं **सुहृत्संकेतभूमिगमन**मित्युभयमपेक्ष्य सर्वबलसन्दोहेन चम्पामिमामुपगतो दैवाद्देवदर्शन-सुखमनुभवामि।"

२६. तुलना कीजिये अवन्तिसुन्दरीकथासार, ६-४।६। दण्डी का अपना मूल पाठ अनुपलब्ध है।

चरित (पूर्वपीठिका तथा उत्तरपीठिका को छोड़कर मध्य भाग मात्र) के एक ही कृति के दो भाग होने की ओर संकेत करती हैं। इन दोनों अपूर्ण पाठों का एक ही कृति के दो भाग होना **अवन्तिसुन्दरीकथासार** से सर्वथा प्रमाणित हो जाता है, जिसमें **अवन्तिसुन्दरी** से लेकर **दशकुमारचरित** के तृतीय उच्छ्वास के अन्तर्गत उपहारवर्मा तथा कल्पसुन्दरी के प्रणय-प्रसंग तक की कथा आ जाती है। **अवन्तिसुन्दरीकथासार** **अवन्तिसुन्दरी** की भाँति, 'दशकुमारचरित' के इस अंश का भी समीपतः सार प्रस्तुत करता है और मूल पाठ में तत्तत्प्रसंगों में प्रयुक्त भावों, शब्दों, उक्तियों तथा एकमात्र पद्य—

> **त्वामयमाबद्धाञ्जलि दासजनस्तमिममर्थमर्थयते।**
> **स्वपिहि मया सह सुरतव्यतिकरखिन्नैव मा मैवम्।**
>
> (पृ० १३३२, पंक्ति ४-५)[२७]

को ग्रहण करता है।[२८] **अवन्तिसुन्दरीकथासार** तथा **दशकुमारचरित** में कथागत गौण विवरणों में कुछ अन्तर भी मिलता है :

(१) **अवन्तिसुन्दरीकथासार** में उस दारुपंजर का उल्लेख नहीं है जिसमें राजवाहन को निबद्ध किया जाता है (**दशकुमारचरित**, प्रथमोच्छ्वास, पृ० ६५, पंक्ति ३)। सम्भव है कि इसका उल्लेख ७।८२-८४ में रहा हो; किन्तु इन पद्यों का समग्र पाठ उपलब्ध नहीं है।

(२) **अवन्तिसुंदरीकथासार** (७-८७) में **दशकुमारचरित** (प्रथमोच्छ्वास, पृ० ६८, पं० ६) की **सुरतमञ्जरी** नाम्नी सुरसुन्दरी का नाम 'सुमञ्जरी' दिया गया है। यह असम्भव नहीं है कि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** के रचयिता को 'सुरतमञ्जरी' के स्थान पर 'सुमञ्जरी' पाठ ही उपलब्ध रहा हो, क्योंकि अन्यत्र कहीं भी व्यक्तिवाची नाम परिवर्तित नहीं किये गये हैं; अथवा, यह उसके प्रमाद का फल है।

(३) **दशकुमारचरित** के अनुसार इस सुरसुन्दरी की हारयष्टि मन्दोदक सरोवर में स्नान करते हुए महर्षि मार्कण्डेय के मस्तक पर गिर पड़ी (प्रथमोच्छ्वास;

---

२७. **अवन्तिसुन्दरीकथासार** (८।९८) में 'एव मा मैवम्' के स्थान पर 'एवमेव त्वम्' पाठ है।

२८. विस्तरहेतु द्रष्टव्य इन पंक्तियों के लेखक का उपर्युद्धृत ग्रन्थ परिशिष्ट ५, पृ० ५०८-११।

—३—

पृ० ६८-६९)। **अवन्तिसुन्दरीकथासार** (७।८८) में मार्कण्डेय का नामतः उल्लेख नहीं है; केवल 'द्विज' शब्द से उनका संकेत कर दिया गया है और कहा गया है कि हारयष्टि उसके ऊपर अघमर्षण के अन्त में गिरी। सम्भवतः यह अन्तर **अवन्तिसुन्दरीकथासार** के लेखक के प्रमाद का परिणाम है।

(४) **दशकुमारचरित** के अनुसार चम्पेश्वर सिंह वर्मा को धनमित्र ने मुक्त किया (पृ० ७५, पंक्ति ४) और वही उपहारवर्मा, अर्थपाल, प्रमति, मित्रगुप्त, मन्त्रगुप्त, विश्रुत, मैथिल, प्रहारवर्मा, काशीनरेश कामपाल और चम्पेश्वर सिंहवर्मा को साथ लेकर राजवाहन के पास आया (पृ० ७६, पंक्ति ३-५), जबकि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** में विवहनविधि में चण्डवर्मा का अन्त करने वाले अपहार वर्मा, मुक्त चम्पेश्वर तथा उसके साहाय्यहेतु वहाँ उपस्थित मित्रलोक का संकेत है (७।९३-९४)। उसमें धनमित्र द्वारा चम्पेश्वर के मुक्त किये जाने का शब्दतः उल्लेख नहीं है। सम्भवतः संक्षेप की दृष्टि से लेखक ने ऐसा किया है।

(५) **अवन्तिसुन्दरीकथासार** में धनमित्र से राजवाहन का परिचय अन्य मित्रों के बाद होता है (८।१-२), जबकि **दशकुमारचरित** में उपहारवर्मा आदि अन्य मित्रों से मिलने से पूर्व ही राजकुमार राजवाहन का परिचय अपहारवर्मा द्वारा धनमित्र से करा दिया जाता है (पृ० ७५, पंक्ति १-२)। सम्भवतः संक्षेप की दृष्टि से लेखक ने इस पूर्व परिचय की बात को छोड़ दिया।

(६) **दशकुमारचरित** के अनुसार गणिका काममञ्जरी तथा उसकी माता माधवसेना कुलस्त्रीवृत्त के आचरणार्थ कृतसंकल्पा रागमञ्जरी को चम्पानरेश के पास ले जाती हैं, जिससे राजा की आज्ञा से वह प्रकृतिस्थ हो और गणिका-धर्म का पालन करने में प्रवृत्त हो जाये। साथ ही उन्होंने रोकर राजा से यह भी कहा कि यदि कोई भुजंग हम लोगों की इच्छा के बिना इस लड़की को ठगकर बिगाड़ेगा तो वह तस्करवत् वध्य होगा (द्वितीयोच्छ्वास, पृ० १११-१२)। **अवन्तिसुन्दरीकथासार** का रचयिता इस विवरण को सम्भवतः संक्षेप की दृष्टि से छोड़ देता है, यद्यपि वह रागमञ्जरी के गुणशुल्का होने के संकल्प की ओर संकेत करता है (८।८६)।

(७) **दशकुमारचरित** में प्रवाहवर्मा के अपने ज्येष्ठ भ्राता संहारवर्मा के विकटवर्मा आदि पुत्रों द्वारा राज्य हड़प लेने (तृतीयोच्छ्वास, पृ० १३९, पंक्ति ३-४) और युद्ध कर उसे सपत्नीक बन्दी बना लेने (पृ० १४१, पंक्ति ३-४; पृ० १६४, पंक्ति ५-६) का उल्लेख है; जबकि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** में केवल ज्येष्ठ भ्राता के पुत्र विकटवर्मा द्वारा ही उसके निग्रह कर बन्दी बनाने का संकेत है (८।११८)। लेखक ने विकटवर्मा के अन्य भाइयों तथा युद्ध की ओर संकेत नहीं किया। सम्भवतः

मुख्य कथा तथा संक्षेप की दृष्टि से उसने इन विवरणों को गौण समझकर छोड़ दिया।

इस प्रकार उपरिपरिगणित अन्तर बहुत महत्त्वपूर्ण नहीं हैं और न ही उनके आधार पर इस कल्पना को ही बल मिल सकता है कि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** का आधार 'दशकुमारचरित' नहीं है।[२९] जैसा कि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** नाम से तथा इसके प्रथम परिच्छेद के दशम श्लोक[३०] से स्पष्ट है, यह दण्डिप्रणीत **अवन्तिसुन्दरी** की कान्ता कथा का सार प्रस्तुत करता है। इसमें अधुनोपलब्ध अपूर्ण **अवन्तिसुन्दरी** तथा **दशकुमारचरित** को एक ही ग्रन्थ **अवन्तिसुन्दरी** के भाग मानकर सार प्रस्तुत किया गया है। इसका अभिप्राय यह है कि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** के समय अधुना पृथक् रूप में उपलब्ध **दशकुमारचरित अवन्तिसुन्दरी** ही का एक अभिन्न अंग था। **अवन्तिसुन्दरीकथासार** के रचयिता को सारार्थ **अवन्तिसुन्दरी** का समग्र पाठ उपलब्ध रहा होगा। यदि उसके समय **दशकुमारचरित** एक पृथक् ग्रन्थ के रूप में विद्यमान रहा होता तो वह निश्चय ही दो भिन्न ग्रन्थों **अवन्तिसुन्दरी** तथा **दशकुमारचरित**—का सार एक ही शीर्षक अथवा नाम **अवन्तिसुन्दरीकथासार** से न उपस्थित करता। इसका अर्थ तो यह हुआ कि अधुना पृथक् रूप में समुपलब्ध **दशकुमारचरित** मूलतः कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ न होकर **अवन्तिसुन्दरी** ही का एक मध्यवर्ती भाग था;[३१] और सम्पूर्ण ग्रन्थ का नाम **अवन्तिसुन्दरी** था, **दशकुमारचरित** नहीं।

---

२९. डॉ० धर्मेन्द्रकुमार गुप्त (पूर्वोद्धृत ग्रन्थ, पृ० ५८-५९) ने ऊपर परिगणित षष्ठ के अतिरिक्त अन्य छह भेदक बातों को आधार बनाकर यह मान्यता व्यक्त की है कि **अवन्तिसुन्दरीकथासार** के रचयिता के सार का आधार अधुनोपलब्ध **दशकुमारचरित** नहीं था, जो समीचीन प्रतीत नहीं होता।

३०. **सत्कथाकथनप्रीत्या तथापि कथयाम्यहम्।**
**कान्तामवन्तिसुन्दर्याः कथामनतिविस्तराम्॥**

३१. डॉ० वी० राघवन् (*Bhoja's Śṛṅgāra-Prakāśa* मद्रास, १९६३, पृ० ८३७; *Journal of the Travancore University Oriental Manuscripts Library*, त्रिवेन्द्रम खण्ड ८, संख्या २, १९५५, पृ० ४; *Sanskrit Literature*, दिल्ली, १९६१, पृ० ८३) जी० हरिहर शास्त्री (*Journal of the Travancore University Oriental Manuscript Library*, त्रिवेन्द्रम, खण्ड ८, संख्या २, १९५५, पृ० ६-७), तथा के० एस० महादेव शास्त्री (**अवन्तिसुन्दरी**, त्रिवेन्द्रम, १०५४, भूमिका, पृ० २२) तथा के० वी० लक्ष्मणराव (विविधज्ञानविस्तार, मराठी पत्रिका, खण्ड ५४, संख्या ८) भी **अवन्तिसुन्दरी** को **दशकुमारचरित** का आद्य भाग

इन दोनों के एकत्व की पुष्टि **दशकुमारचरित** की पाण्डुलिपि में प्रथम उच्छ्वास की इस पुष्पिका से भी होती है : "इत्यवन्तिसुन्दर्यां दशकुमारचरिते प्रथमं चरितम्, "[३२] जो '**अवन्तिसुन्दरी**' नामक विशाल गद्य-काव्य के अन्तर्गत दशकुमारों के चरितों से सम्बद्ध भाग में (**दशकुमारचरित**) प्रथम चरित की समाप्ति का सूचक है। यही कारण है कि परवर्ती लेखकों ने '**अवन्तिसुन्दरी**' का तो उल्लेख किया है पर **दशकुमारचरित** का नहीं।[३३]

कुछ विद्वानों ने[३४] शैलीगत 'अतीव भिन्नता' को आधार मानकर अधुनोपलब्ध **अवन्तिसुन्दरी** के दण्डिकर्तृत्व तथा **दशकुमारचरित** के आद्य भाग होने में सन्देह

---

मानते हैं; किन्तु उनकी मान्यता का मुख्य आधार अवन्तिसुन्दरी तथा पूर्वपीठिका के वर्ण्य विषय की समानता है, पाठगत अन्तःसाक्ष्यों से वे अपरिचित रहे हैं।

डॉ० धर्मेन्द्रकुमार गुप्त (पूर्वोद्धृत ग्रन्थ, पृ० ३३, ५७, ५९) के मतानुसार **अवन्तिसुन्दरी** तथा **दशकुमारचरित** दो भिन्न-भिन्न ग्रन्थ रहे होंगे। दण्डी ने पहले सरल शैली में **दशकुमारचरित** की रचना की और बाद में इसी का तात्कालिक साहित्यिक प्रवृत्तियों को दृष्टि में रखते हुए अलंकृत शैली में उपबृंहण किया; किन्तु उनका यह सुझाव सहज तथा सरलतया मान्य प्रतीत नहीं होता, क्योंकि साहित्य में कदाचित् ही कोई ऐसा उदाहरण मिले कि कोई कवि पहले एक कथा को सरल शैली में और पुनः उसी विधा (गद्य अथवा पद्य) के माध्यम से उसे कठिन एवं अलंकृत शैली में प्रस्तुत करे। हाँ, एक ही कथा को भिन्न-भिन्न विधाओं के माध्यम से प्रस्तुत करने के उदाहरण अवश्य मिलते हैं, यथा—बाणभट्ट ने कादम्बरी की कथा को **कादम्बरी** नामक गद्य-काव्य, **पद्यकादम्बरी** नामक पद्य-काव्य, और **शारदचन्द्रिका** नामक रूपक के रूप में लिखा।

३२. विश्वविद्यालयीय पाण्डुलिपि-ग्रन्थागार त्रिवेन्द्रम, संग्रह-संख्या ४:२; श्री के० एस० महादेव शास्त्री (**अवन्तिसुन्दरी**, त्रिवेन्द्रम संस्करण, १९५४, भूमिका, पृ० २२) द्वारा संकेतित। डॉ० धर्मेन्द्रकुमार गुप्त (पूर्वोद्धृत ग्रन्थ, पृ० २२) द्वारा इस पुष्पिका के विरोध में उठाई गई आपत्ति कष्टकल्पित ही प्रतीत होती है, सहज नहीं।

३३ द्रष्टव्य वी० राघवन् : *Bhoja's Śṛṅgāra-Prakāśa* पृ० ८३६-७।

३४. डॉ० सुशीलकुमार दे : *Indian Historical Quarterly*, खण्ड, पृ० ३१ तथा आगे; खण्ड ३, पृ० ३९४ तथा आगे; *Aspects of Sanskrit Literature*, कलकत्ता, १९५९, पृ० ३०३ तथा आगे; ए० बी० कीथ : *A History of Sanskrit Literature* पृ० २९६ पादटिप्पण; प्रस्तावना, पृ० १६।

व्यक्त किया है; किन्तु इतने प्रवल प्रमाणों को दृष्टि में रखते हुए इसे समीचीन नहीं माना जा सकता। जहाँ तक रचना-शैली का प्रश्न है, स्वयम् **अवन्तिसुन्दरी** में भी शैलीगत भिन्नता विद्यमान है। प्रारम्भिक अवस्था में दण्डी की शैली अत्यधिक विवरणपूर्ण एवं अलंकृत है, जिसमें दीर्घकाय समास, एक-एक पृष्ठ से भी लम्बे-लम्बे वाक्य और विविध प्रकार के श्लेष एवं श्लिष्टोपमाएँ आदि प्रयुक्त हैं; किन्तु ज्यों-ज्यों हम आगे बढ़ते जाते हैं रचना-शैली विषयानुकूल परिवर्तित होती जाती है ('रचना विषयापेक्षम्'—आनन्दवर्धन); और हमें अपेक्षाकृत सरल शैली, मनोहर सुव्यवस्थित मसृण पदावली और लम्बे-लम्बे वर्णनों के साथ-साथ इतिवृत्त की गति की तीव्रता से युक्त दृश्यों एवं वाक्यावली के दर्शन होने लगते हैं। पाठ के अतीव खण्डित स्वरूप में भी पाठक को दण्डी के पदलालित्य एवं माधुर्य, मनोरम एवं विलक्षण चरित्रांकन आदि उन सभी तत्त्वों की उपलब्धि होती है जो उसे **दशकुमारचरित** में प्राप्त होते हैं।[३५] **दशकुमारचरित** की शैली भी सर्वत्र एक-सी कहाँ है! यहाँ भी शैली विषयानुरूप परिवर्तित होती है। कहीं कवि दीर्घ समासों से विरहित सरल शैली का अवलम्बन करता है तो कहीं सुदीर्घ समासों से संवलित कठिन एवं अलंकृत शैली का; यथा—निद्रालीन राजकुमारी अम्बालिका[३६] तथा नवमालिका,[३७] तारावती,[३८] राजकुमारी कन्दुकावती के कन्दुक नृत्य,[३९] वसन्त-काल तथा कलिंगनरेश कर्दन की क्रीडाओं[४०] और सूर्य[४१] के वर्णनों में पर्याप्त दीर्घ समासों एवं समलंकृत शैली का आश्रय लिया गया है।[४२] इसके अतिरिक्त, सप्तम उच्छ्वास में ओष्ठ्य वर्णों के अप्रयोग में विलक्षण भाषा-क्रीडा के दर्शन होते हैं।[४३] अतः **अवन्तिसुन्दरी** तथा

---

३५. द्रष्टव्य जी० हरिहर शास्त्री : अवन्तिसुन्दरीकथासार भूमिका, पृ० ५।

३६. पृ० १२८, पंक्ति ९—पृ० १३१, पंक्ति ३।

३७. पृ० १९१, पंक्ति ६—पृ० १९६, पंक्ति १।

३८. पृ० १९६, पंक्ति ९—पृ० १९७, पंक्ति ४।

३९. पृ० २११, पंक्ति ७—पृ० २१३, पंक्ति ३।

४०. पृ० २४१, पंक्ति १०—पृ० २४२, पंक्ति ९।

४१. पृ० २४६, पंक्ति १-४।

४२. दण्डी समासभूयस्त्व रूप ओजस् को गद्य का जीवित मानते हैं। द्रष्टव्य **काव्यादर्श** १।८० : "ओजः समासभूयस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्।"

४३. इसी प्रकार **अवन्तिसुन्दरीकथासार** (७।१४) से पता चलता है कि दण्डी ने सोमदत्त द्वारा स्वचरितवर्णन पाँच खरों (आद्य पाँच वर्ग-वर्णों), पाँच अनुनासिकों, चार अन्तस्थों तथा ऋकार एवं लृकार रहित दश स्वरों, इन २४ वर्णों में करवाया।

**दशकुमारचरित** में मानी गयी तथाकथित शैलीगत 'असाधारण विषमता' में कोई विशेष बल नहीं है और इसे **अवन्तिसुन्दरी** के दण्डिकर्तृकत्व तथा **दशकुमारचरित** के आद्य भाग होने के विरुद्ध प्रबल युक्ति के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता ।

**दशकुमारचरित** को **दशकुमारचरित** नाम किसी अन्य लेखक ने बाद में प्रदान किया होगा । अधुनोपलब्ध **अवन्तिसुन्दरी** उच्छ्वासों में विभक्त नहीं है; अतः उसी का मध्यवर्ती भाग होने के कारण 'दशकुमारचरित' का विभाजन भी उच्छ्वासों में नहीं होना चाहिये । इसका उच्छ्वासों में विभाजन निश्चय ही कुमारों के चरितों के वर्णनों के विभाजन हेतु बाद में किया गया । सम्भवतः दण्डी के विशालकाय तथा सुदीर्घ गद्य-काव्य **अवन्तिसुन्दरी** में से दश कुमारों—राजकुमार राजवाहन तथा उसके नौ सखा पुष्पोद्भव, सोमदत्त, अपहारवर्मा, उपहारवर्मा, अर्थपाल, प्रमति, मित्रगुप्त, मन्त्रगुप्त तथा विश्रुत के माता-पिता, समुपलब्धि एवं चरितों से सम्बद्ध भाग को पृथक् करके उसे **दशकुमारचरित** नाम दे दिया गया । दण्डी के इस गद्य-काव्य के आद्य तथा अन्तिम भाग किसी कारण लुप्त हो गये और शताब्दियों तक पृथक् मध्यवर्ती भाग—**दशकुमारचरित**—ही उपलब्ध होता रहा । किसी परवर्ती लेखक ने दण्डी के सम्पूर्ण ग्रन्थ के प्राप्य न होने के कारण यह सोचकर कि दण्डी का ग्रन्थ केवल दश कुमारों ही से सम्बद्ध रहा होगा अपूर्ण **दशकुमारचरित** के आद्य भाग की पूर्तिहेतु किसी रूपान्तरादि का आश्रय लेकर अधुना प्रचलित पूर्वपीठिका की रचना की और उसे उसके साथ जोड़ दिया, जिसमें भूमिका, सोमदत्त तथा पुष्पोद्भव के चरित और राजवाहन के चरित का आद्य भाग आता है । अधुना प्रचलित पूर्वपीठिका की रचना सम्भवतः **दशकुमारचरित** के केतन (१३वीं शती ई० का मध्य भाग) द्वारा किये गये तेलुगु रूपान्तर के बाद की है, क्योंकि इन दोनों में अतीव समानता है[४४] और पूर्वपीठिका में ऐसी अनेक अभिव्यक्तियाँ तथा प्रयोग उपलब्ध होते हैं जो केवल तेलुगु भाषा ही में प्रचलित हैं ।[४५] पूर्वपीठिका का **ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः** आदि मंगलश्लोक लेखक ने कहीं और से ग्रहण किया होगा । यह एक सामान्य श्लोक रहा प्रतीत होता है, क्योंकि यह भोजदेव द्वारा अपने **सरस्वती-**

---

४४. उनमें कतिपय गौण भेद भी हैं; यथा—तेलुगु रूपान्तर में सोमदत्त की कथा राजवाहन तथा अवन्तिसुन्दरी के मिलन के पश्चात्, किन्तु उनके विवाह से पूर्व आती है (जैसे **अवन्तिसुन्दरी** में तुलना कीजिये '**अवन्तिसुन्दरीकथासार** ७।१ आदि) और अन्तिम भाग को बहुत संक्षिप्त कर दिया गया है । द्रष्टव्य एम० आर० कवि : **अवन्तिसुन्दरी**, प्रस्तावना, पृ० १४ ।

**४५. एम० आर० कवि : वही पृ० १४ ।**

**कण्ठाभरण**[४६] तथा **सुभाषितप्रबन्ध**[४७] में भी उद्धृत किया गया है। इस पूर्वपीठिका के अतिरिक्त कतिपय अन्य पूर्वपीठिकाएँ भी लिखी गई हैं, यथा—भट्टनारायण-विरचित '**पूर्ववृत्तान्तदर्शन**',[४८] अज्ञातकर्तृक '**दशकुमारचरितसंग्रह**'[४९] गोपीनाथ महाराजाधिराज की '**दशकुमारकथा**' विनायकविरचित' **दशकुमारचरितपूर्वपीठिका,**[५०] अप्पयामात्यरचित '**दशकुमारकथासार**'[५१] और आर० वी० कृष्णमाचारियरकृत **दशकुमारचरितसंग्रह**।[५२] इसी प्रकार कुछ लेखकों ने **दशकुमारचरित** के अष्टम उच्छ्वास की विश्रुत की अपूर्ण कथा की पूर्ति तथा सम्पूर्ण ग्रन्थ की उपसंहृति हेतु उत्तरपीठिकाओं की रचना की। अधुना प्रचलित अज्ञातकर्तृक उत्तरपीठिका[५३] के अतिरिक्त हमें पद्मनाभविरचित नवम अथवा उपसंहारात्मक उच्छ्वास, गोपीनाथ

---

४६. सं० जीवानन्द विद्यासागर, द्वितीय संस्करण, कलकत्ता, १८९४, परिच्छेद २, पद्य १० (लाटानुप्रसास के अन्तर्गत)।

४७. डेक्कन कॉलेज (पूना) संग्रह, संख्या २४८-vis, पृ० १; जी० जे० अगाशे : **दशकुमारचरित**, टिप्पण, पृ० १५६।

४८. इसे अगाशे महोदय ने अपने **दशकुमारचरित** के संस्करण में परिशिष्ट के रूप में दिया है (पृ० १४७-१५५)।

४९. इसके विषय में केवल इतना ही मालुम है कि यह दक्षिण में ऑफ्र्ट द्वारा परिगणित एक व्यक्तिगत पुस्तकालय में विद्यमान है (द्वितीय, ३१६५)।

५०. गोपीनाथ तथा विनायक की कृतियों की एक-एक पाण्डुलिपि कॉमनवेल्थ रिलेशन्ज् ऑफिस लायब्रेरी में प्राप्य है (एगेलिङ्ग का सूचीपत्र, सप्तम खण्ड, संख्या ४०७०।१८५०, पृ० १५५४; ४०६७।५८६ ए. पृ० १५५३)।

५१. एगेलिङ्ग : वही, सप्तम खण्ड, संख्या ४०६८।१७६४ ए. पृ० १५५३; एच० जी० नरहरि द्वारा सम्पादित, अड्यार लाइब्रेरी, १९४९। एच० एच० विल्सन (*Adventures of Ten Princes*, लन्दन, १८४६, पृ० ५) तथा एम० कृष्णमाचारियर (*History of Classical Sanskrit Literature*, दिल्ली, १९७०, पृ० ४६४) इस अप्पय को 'कुवलयानन्द' के प्रणेता अप्पय्यदीक्षित से अभिन्न मानते हैं; किन्तु यह नि:संदिग्ध नहीं है, क्योंकि उसने अपने आपको प्रस्ताविक पद्य २ में अप्पयमन्त्री तथा पुष्पिका में अप्पयामात्य कहा कहा है। द्रष्टव्य एच० जे० नरहरि, पूर्वोद्धृत ग्रंथ, भूमिका, पृ० ७-८।

५२. श्रीरङ्गम् से प्रकाशित।

५३. मोरेश्वर रामचन्द्र काले (**दशकुमारचरित**, भूमिका, पृ० ३८) तथा एन० भक्तवत्सलम् **दशकुमारचरित**, मद्रास, १९५५. भूमिका, पृ० ६) इसे चक्रपाणि दीक्षित की रचना मानते हैं, जो अयुक्त है।

महाराजाधिराज की **'दशकुमारकथा'** और चन्द्रमौलि के पुत्र अपेक्षाकृत अर्वाचीन डेक्कन लेखक चक्रपाणि दीक्षित की **'उत्तरपीठिका'** अथवा **'शेष'** प्राप्त होते हैं। यह ध्यातव्य है कि उत्तरपीठिका दण्डी के विशालकाय गद्य-काव्य **'अवन्तिसुन्दरी'** की वास्तविक उपसंहृति का प्रतिनिधित्व नहीं करती, क्योंकि, जैसा कि **'अवन्तिसुन्दरी'** के प्रस्तावनात्मक भाग में प्राप्य दण्डी के अपने कथन से सुस्पष्ट है, उनके इस काव्य की कथा का अवसान भगवान् पुण्डरीकाक्ष के प्रसाद से जलनिधि में एक कमल की विद्याधरत्व-प्राप्ति के साथ होना चाहिये,[५४] जिससे दण्डी तथा उनके मित्रों द्वारा इष्ट महामल्लापुरम् के जलनिधि में तैरने वाले और सागरतट पर स्थित भगवान् विष्णु की मूर्ति के चरणों का स्पर्श कर विद्याधरत्व को प्राप्त कर आकाश में अदृश्य हो जाने वाले कमल का रहस्योद्घाटन हो सके।[५५] सम्भवतः यह विद्याधर राजवाहन ही रहा होगा, जो किसी पुष्पसम्बन्धी अपराध से अपकृत किसी क्रुद्ध महर्षि के शाप के फलस्वरूप कमल-रूप को प्राप्त कर जलनिधि में गिर पड़ा तथा जल में अनेक वर्षों तक तैरता रहा[५६] और अन्त में भगवान् विष्णु की प्रतिमा के चरणों का स्पर्श पाकर पुनः विद्याधरत्व को प्राप्त हो गया और भगवान् विष्णु को प्रणाम कर आकाश में अदृश्य हो गया। सर्वमनुजगन्धर्वसिद्धविद्याधरेश्वर राजवाहन से सम्बद्ध यह कथा सभी पुरुषार्थों के उपदेश के गौरव से युक्त, सब द्वीपों के वृत्तान्त से युक्त अनेक रस वाली, सम्पूर्ण कलाकलाप से युक्त होने के कारण गम्भीर, समग्र परम्पराओं तथा रसों से युक्त, सभी आदिराजाओं के वंशों के वर्णनों से युक्त मनोहर कथाओं वाली और सब देवों तथा असुरों के वृत्त के कीर्तन के कारण अद्भुत होनी चाहिये।[५७] अधुना **'दशकुमारचरित'** नाम से पृथक् उपलब्ध भाग के अष्टम उच्छ्वास

---

५४. **अवन्तिसुन्दरी**, पृ० १७, पंक्ति १५-१९ : "युष्मत्प्रार्थितानुष्ठितप्रयत्नेन मया मधुनरकारिष्टकेशिकंसध्वंसनस्य त्रिभुवनैकमङ्गलस्य भगवतो भवतभयहरण-विधिविचक्षणस्याम्बुजेक्षणस्य प्रसादादम्बुनिधावम्बुजस्याम्बरेचरत्वप्राप्त्यवसानमद्भुत-मतिमहत् कथाशरीरं दृष्टम्।"

५५. **वही**, पृ० १५-१७।

५६. तुलना कीजिये वही, पृ० १६, पंक्ति १८—पृ० १७, पंक्ति २ : "एष कोऽपि नभश्चरेश्वरः कस्यापि रोषणस्य महर्षेः पुष्पसम्बन्धापराधापकारितादनुव्या-हारादम्बुरुहत्वमवाप्याम्बरादम्भसां निधौ पतितः स्रोतोभिर्वा स्थलादुपहृतः कालकल्प-मनल्पं वारिधेः क्षारवारिणि परिभ्रम्यति। अस्यापि हि मेऽस्मिन् विस्मयवस्तुनि जिज्ञासया समाक्रान्तमेव हृदयम्।"

५७. **वही**, पृ० १७, पंक्ति ८-११ : "प्रतिभातु तवैतदाश्चर्यभूतं सर्व-पुरुषार्थोपदेशगुरु सर्वद्वीपवृत्तान्तबहुरसं सर्वकलाकलापगर्भगम्भीरं सर्वसमयरससम्भेद-सम्मतं सर्वादिराजवंशवर्णनमनोहरकथं सर्वदेवासुरवृत्तकीर्त्तनाद्भुतं सर्वमनुजगन्धर्व-सिद्धविद्याधरेश्वरस्य राजवाहननाम्नो''''पारमत्।"

की विश्रुत की कथा के वाद के अंश में राजवाहन द्वारा पृथिवीलोक की विजय के उपरान्त गन्धर्वों, सिद्धों तथा विद्याधरों के लोकों की विजय एवं आधिपत्यावाप्ति, हंसरूप धारण कर एक विद्याधर द्वारा उठाकर ले जाये गये अपने अग्रज हंसवाहन की विद्याधरलोक से समुपलब्धि[५८] और अन्त में किसी पुष्प सम्बन्धी अपराध से अपकृत किसी क्रुद्ध महर्षि के शापवश कमलरूप में परिणत होकर जलनिधि में गिरने अथवा स्थल से जल-धाराओं द्वारा जलनिधि में बहा ले जाये जाने और अनेक युगों तक जल में तैरकर अन्ततः महामल्लपुरम् के समुद्रतट पर स्थित भगवान् विष्णु का चरण स्पर्श कर पुनः विद्याधरत्व की प्राप्ति और भगवान् विष्णु को प्रणाम कर आकाश में अदृश्य हो जाने का वर्णन अवश्य रहा होगा, जो सम्प्रति अनुपलब्ध है।

इस प्रकार दण्डी के विशालकाय गद्य-काव्य '**अवन्तिसुन्दरी**' का आद्य भाग अधुनोपलब्ध '**अवन्तिसुन्दरी**' के रूप में प्राप्य है; '**अवन्तिसुन्दरी**' के वाद और '**दशकुमारचरित**' नाम से अधुना पृथक् उपलब्ध मध्यवर्ती भाग के प्रारम्भ होने तक का अंश लुप्त हो गया है तथा इसकी संक्षिप्त कथा हमें '**अवन्तिसुन्दरीकथासार**' में मिलती है; और इस भाग के अकस्मात् ही समाप्त हो जाने वाले अष्टम उच्छ्वास के बाद का पाठ अभी तक मिल नहीं सका है तथा वर्तमान उत्तरपीठिकाएँ कथा की वास्तविक उपसंहृति का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं।



---

५८. वही, पृ० ११७, पंक्ति ६-७; पृ० १२१; पृ० १२४, पंक्ति १७-१९; पृ० १३५, पंक्ति ५।

—४—

# श्री भास्करराय भारती दीक्षित और उनकी गणेशसहस्रनाम पर 'खद्योत' व्याख्या

*पं० बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते*

**वाराणसी**

The commentary of "Khadyota on *Gaṇeśasahasranāma stotra of Gaṇeśa-purāṇa*, written by Bhaskara Raya Bharatī is very important in the sense that it explains the stotra on the basis of our Scriptures, according to the appropriateness of the context and refutes the ambiguous points of former commentators with instances.

भारतीय विद्वत्परम्परा में विशेषतः मीमांसा और आगमशास्त्र की विचार-धारा में विमर्शशील विद्वानों को प्रातः स्मरणीय श्री भास्करराय भारती दीक्षित का नाम अपरिचित न होगा।

यद्यपि श्री भास्करराय जी का कार्यक्षेत्र अत्यन्त व्यापक रहा है, शताधिक ग्रंथों की रचना भी उन्होंने की है परन्तु दुर्दैव से उनका सुसंबद्ध ऐतिहासिक परिचय अभीं तक नहीं लिखा गया। उनके प्रिय शिष्य **'नित्योत्सव'** ग्रन्थ के लेखक पण्डित जगन्नाथ ने एक छोटा सा परिचयात्मक काव्य **'भुवनाभोग'** या **'श्रीभास्करविलास'** नामक लिखा है जो उनके **'ललितासहस्रनाम'** भाष्य "सौभाग्य भास्कर" के साथ निर्णय सागर प्रेस बम्बई से मुद्रित हुआ है। तदनुसार उनके विविध शास्त्रों पर लगभग ३८ ग्रन्थों की सूचना उसने दी है, जिनमें कतिपय मुद्रित भी हुए परन्तु इस समय प्रायः दुर्लभ हो रहे हैं।

निर्णयसागर से "सौभाग्य भास्कर" के कई संस्करण निकले परन्तु अब वह दुर्लभ हैं। हाल ही पूना के "आनन्दाश्रमग्रन्थमाला" में उनका 'सेतुबन्ध' (**नित्याषोड-शिकार्णव** की टीका) पुनर्मुद्रित हुआ है। ये दोनों ग्रन्थ त्रिपुरासम्प्रदाय की परिष्कृत तथा विस्तृत व्याख्या के लिये सर्वथा उपादेय हैं।

सत्रहवीं शताब्दी के मध्यकाल में श्रीभास्करराय जी का उदय हुआ। दक्षिण भारत में विशेष रहने पर भी काशी का उनसे विशेष सम्बन्ध था, उनका उपनयन संस्कार उनके पिता ने काशी में ही किया था। अनेक ग्रन्थों की रचना भी काशी में ही उनके द्वारा सम्पन्न हुई थी। उनके पिता श्रीगम्भीर राज भारती दक्षिण भारत के बीजापुर के यवन अधिपति के दीवान थे और उनके अनुरोध से सम्पूर्ण **महाभारत** का फारसी भाषा में उन्होंने अनुवाद किया था।

श्रीभास्करराय जी का विद्याध्ययन लोकापल्ली नामक स्थान में रहने वाले महाविद्वान् श्रीनृसिंहाध्वरी के पास हुआ था। श्रीभास्करराय जी का कथन है कि—

**'विद्याष्टादशकस्य मर्मविदभूद्यःश्रीनृसिंहाद्गुरोः'**

अर्थात् श्रीनृसिंहाध्वरीजी से अष्टादशविद्याओं का सूक्ष्म ज्ञान श्रीभास्कररायजी ने प्राप्त किया। यह उनकी उक्ति वास्तविक है न कि प्रौढ़िवादमात्र है। उनके टीका ग्रन्थों में अनेक शास्त्रों का तलस्पर्शी पांडित्य विचार करने पर प्रत्यय सिद्ध है।

श्रीभास्कररायजी की पूर्ण दीक्षा गुजरात के सूरत निवासी श्री शिवदत्त शुक्ल जी से हुई थी और उसी यात्रा में वल्लभ सम्प्रदाय के आचार्य को शास्त्रार्थ में उन्होंने पराजित किया था। अस्तु।

उनका विस्तृत जीवन परिचय और कृतियों की समीक्षा एक स्वतन्त्र प्रबन्ध का विषय है।

प्रस्तुत लेख में उनकी एक कृति **गणेशसहस्रनाम** की टीका 'खद्योत' का संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है।

श्रीभास्कररायजी के विषय में यह जानना सर्वप्रथम आवश्यक है कि वे भगवान् शंकराचार्य के सम्प्रदाय ही के अविच्छिन्न गृहस्थ शिष्यपरम्परा में थे और आचार्य की वैदिक मर्यादा की रक्षा के लिये आजीवन तत्पर थे। जैसे सुप्रसिद्ध मनीषी अप्पयदीक्षित जी आचार्य शङ्कर के अनुगामी होते हुए भी शिवोपासना के विषय को अधिक अनुराग से लिखते रहे उसी प्रकार आचार्य शङ्कर की श्रीविद्योपासना परम्परा की रक्षा और संवर्धन को श्रीभास्करराय जी ने जीवन का लक्ष्य बनाया और उसमें पर्याप्त सफल रहे। आज श्रीभास्कर के ग्रन्थ ही इस विषय के लिये प्रकाश-स्तम्भ हैं।

उन्होंने **सप्तशती** की 'गुप्तवती' टीका के प्रारम्भ में निम्नाङ्कित श्लोक से आचार्य शङ्कर का वन्दन किया है—

**सत्सम्प्रदायप्रथनाय तिष्ये शिष्यैश्चतुर्भिःसह योऽवतीर्णः ।**
**उक्तो बृहत्सङ्गमतन्त्रराजे श्रीशङ्कराचार्यगुरुं तमीडे ।।**

**शक्तिसङ्गमतन्त्र** में भविष्य में होने वाले आचार्यों में श्रीशंकराचार्य का उल्लेख है, जिसे श्रीभास्करराय ने सूचित किया है ।

श्री भास्कररायजी की कृतियों में **गणेशपुराणान्तर्गत गणेशसहस्रनाम** स्तोत्र पर टीका खद्योत' नाम से लिखी गई है ।

काशी में त्रिलोचन घाट के समीप सम्भवतः श्रीभास्करराय जी ने सोमयाग किया था, और उसके बाद वहीं पर **गणेशसहस्रनाम** की व्याख्या लिखी थी, जो 'खद्योत' के अन्तिम श्लोकों से प्रतीत होता है ।
श्लोक इस प्रकार है—

**गभीरबुधयज्वनस्तनुभवोऽधिवाराणसि**
**त्रिलोचनपदानुगः कृतमखोऽग्निचिद्भास्करः ।**
**महागणपतेर्महान्त्यपि सहस्रनामानि तद्—**
**दयाजनितया धिया सुजनतुष्टये व्याकरोत् ।।**

यह व्याख्या प्रायः श्लोकबद्ध वार्तिक के रूप में है, यत्र-तत्र गद्य में प्रासङ्गिक विचार भी किया गया है । व्याख्या का कलेवर संक्षिप्त होने के कारण इसका नाम है 'खद्योत' । 'खद्योत' शब्द के दो अर्थ हैं सूर्य और जुगनू । सम्प्रदाय से पठित विद्वान् के लिये खद्योत सूर्य है, तथा 'ग्रन्थविस्तर नहीं है' केवल यह कहने वालों के लिये 'जुगनू' है ।

**सम्प्रदायजुषामेष खद्योतो लोकबान्धवः**
**ग्रन्थविस्तरलुब्धानां खद्योतो ज्योतिरिगणः ।**

श्रीभास्कररायजी की शैली की विशेषता यह है कि अपने प्रत्येक ग्रन्थ के प्रारम्भ में उपोद्घात में विषय का पूर्ण शास्त्रीय विवेचन प्रारम्भ कर उसके बाद ही व्याख्या का उपक्रम होता है । तदनुसार **गणेशसहस्रनाम** के 'खद्योत' का आरम्भ विवेचनात्मक है ।

किसी प्राचीन पण्डित ने **गणेशसहस्रनाम** पर आपाततः शब्दार्थज्ञान के बल पर टीका कर डाली, परन्तु शास्त्र और सम्प्रदाय का गम्भीर ज्ञान न होने से उसमें त्रुटियाँ रह गई थी । यह देखकर सम्भवतः विद्वानों के अनुरोध पर श्रीभास्कररायजी टीका लिखने में प्रवृत्त हुए थे ।

**प्राचां कुसृष्टिरचनैकमयस्वभावा-**
**मज्ञातगाणपततन्त्रपुराणभावाम् ।**
**व्याख्यामुदस्य सुविभाव्य गणेशनामा-**
**न्यर्थापयामि तदुपासकतोषहेतोः ॥**

इस पद्य से यही ज्ञात होता है ।

इस व्याख्या में उपोद्धात में कहा गया है—

सम्पूर्ण उपनिषदादि शास्त्रों के द्वारा स्वप्रकाश मुक्तोपसृप्य परब्रह्म कहा गया है । निर्विकल्प चित्तवृत्ति से अज्ञाननिवृत्ति होने पर 'कण्ठचामीकर' न्याय से ब्रह्म-स्वरूप का अनुभव होता है । इसी को मोक्ष कहा गया है ।

निर्विकल्पवृत्ति शुद्धचित्त वालों को ही प्राप्य है, मलिन बुद्धि वाले उसे प्राप्त नहीं कर सकते । चित्त शुद्धि होने के लिये वर्णाश्रम धर्मानुसार श्रौतस्मार्त कर्म करना वेद में कर्मकाण्ड स्वरूप बहिरंग उपाय है ।

उसी ब्रह्म की उपासना सगुण और निर्गुण भेद से दो प्रकार की है । जिसे वेद का रहस्य भाग उपनिषद् बतलाता है, यह अन्तरङ्ग उपाय है ।

वहिरङ्ग अनुष्ठान करने के बाद ही अन्तरङ्ग अनुष्ठान का अधिकार प्राप्त होता है ।

सगुणरूप उपासक के रुचिवैचित्र्य के कारण अनुग्रह से कल्पित होता है । तदनुसार शास्त्रों में **'आदित्यमम्बिकां विष्णुं गणनाथं महेश्वरम्'** इत्यादि रूप से उपवर्णित है । अनेक जन्म की संस्कारधारा के अनुसार तत्तद् देवता विशेष में भक्ति और उपासना की प्रवृत्ति होती है । अतः पञ्चदेवतोपासना की परम्परा शिष्टों के द्वारा प्रवर्तित एवं प्रचलित है । उपासक के लिये उपास्यदेवता ईश्वर और ब्रह्म का पूर्ण रूप है ।

विभिन्न उपासकों के अधिकारानुसार शास्त्रों में विधि और निषेध का विधान है । निषेध का अर्थ निन्दा न होकर अनधिकारियों के लिये निवृत्तिपरक है । कल्प-भेद से देवताओं की परस्पर से उत्पत्ति भी शास्त्रतः प्रमाण सिद्ध है ।

श्रीमहागणपति के विषय में **हेरम्बोपनिषद्, गणेशोपनिषद्** आदि श्रुतियाँ गणपति परक तन्त्रग्रंथ, **गणेशोपपुराण** एवं अन्य पुराणादि में गणेशप्रशस्तिपरक भाग तथा उनका सर्वोत्तमत्व निरूपण आदि शतशःप्रमाण उपलब्ध हैं ।

इस प्रसङ्ग में प्राचीन टीकाकार ने वैदिक **निघण्टु** ग्रन्थ में अग्न्यादि देवपत्न्यन्त देवताओं में गणेश का नाम न देखकर **महतो गणानामधिपतयः** इत्यादि अभ्यातान मंत्र को प्रमाणस्वरूप दिखाने की जो चेष्टा की है वह व्यर्थ है। कर्मकाण्डीय देवताओं में गणेश का उल्लेख न होना कोई दोष नहीं है। उस ग्रन्थ में केवल एकसौ पचास देवताओं की ही गणना है। उससे भी कितने ही अधिक देवताओं का वेदों और पुराणों में वर्णन है, क्या उन्हें कोई अप्रामाणिक कह सकता है ?

उपनिषद् आदि मूर्धन्य प्रमाणों के रहते किसी मंत्र से खींच तान कर अर्थ करना उचित नहीं है। और एक विशेष बात है **'पुराणेष्वर्थवादत्वं ये वदन्ति नराधमाः'** इत्यादि **बृहन्नारदीयपुराण** के वचनानुसार अर्थवादजटिलकर्मकाण्ड की अपेक्षा देवतास्वरूपनिर्णय में पुराण ही प्रबल प्रमाण हैं।

**श्रुति-स्मृती हि द्वे नेत्रे पुराणं हृदयं मतम्**
**श्रुतिस्मृतिभ्यां हीनोऽन्धः काणः स्यादेकया विना।**
**पुराणहीनात् हृच्छून्यात्काणान्धावपि तो वरौ॥**

इत्यादि वचनों से देवतातत्त्वनिर्णय के विषय में पुराणों का प्रामाण्य कर्मकाण्ड की अपेक्षा अधिक है इसका विचार भक्ति मीमांसातन्त्र में किया गया है।

शिव, विष्णु, देवी विषयक उपनिषदों की तरह गणपति विषयक उपनिषद् भी हैं।

पूर्वोक्त अभ्यातानमंत्र को छोड़कर **गणानां त्वा गणपतिं हवामहे** इसी मंत्र को यदि प्रमाण माना जाये तो ठीक होगा, यह मन्त्र तीनों वेदो में पठित है।

गणेश की उपासना एकाक्षर, षडक्षर, अष्टाविंशत्यक्षर आदि बहुविध गणेश मंत्रों से तंत्रों में विहित है। उस उपासना के अङ्गरूप से यह सहस्रनाम 'क्रत्वर्थ' हो सकता है। स्वतन्त्रतया भी इसका पाठ पुरुषार्थ है।

सहस्रनाम भी पुराणतन्त्रों के भेद से अनेक हैं, परन्तु यही सहस्रनाम व्यूह के मुख्य देवता महागणपति का होने के कारण, तथा प्राचीन आचार्यों से परिगृहीत होने से इसी की व्याख्या करना उचित है।

इस प्रकार उपक्रम दिखाकर श्रीभास्कररायजी ने **पद्मपुराण** और **गणेशपुराण** दोनों में से **गणेशपुराण** के पाठकों को प्रामाणिक मानकर उसकी व्याख्या की है।

त्रिपुरासुर से युद्ध के लिये जाते समय भगवान शङ्कर को अनेक विघ्न आने लगे। उन्होंने ध्यानमय होकर प्रश्न किया। तब उनके मुख से महागणपति आवि-

भूत हुए और उन्होंने कहा कि मेरी अर्चना न करने से आपको विघ्न हो रहे हैं। उसके बाद भगवान् शंकर ने विधिवत् गणेश की पूजा की और उपाय पूछा। उसके उत्तर में भगवान् गणेश ने—

सर्वविघ्नैकहरणं सर्वकामफलप्रदम्
ततस्तस्मै स्वकं नाम्नां सहस्रमिदमब्रवीत् ॥

इस प्रकार सहस्रनाम का उपदेश दिया। शङ्कर के मुख से प्रादुर्भूत होने के कारण इस सहस्रनाम के पूर्व गणेश का ध्यान शिव और गणेश उभयात्मक है—

पञ्चवक्त्रो दशभुजो भालचन्द्रः शशिप्रभः
मुण्डमालः सर्पभूषो मुकुटाङ्गदभूषणः ॥
अग्न्यर्कशशिनो भाभिस्तिरकुर्वन् दशायुधः

सहस्रनाम के अन्तर्गत 'शम्भुवक्त्रोद्भवः' भी उक्त कथा का सूचक है। श्लोकार्थ प्रायः श्लोकबद्ध वार्तिक रूप से वर्णित है, विशेष स्थलों पर गद्य से विवेचना की गई है। परम्परानुसार देवता और गुरु का अभेद सिद्ध है। श्रीभास्कररायजी ने यथास्थान गाणपत्य सम्प्रदाय के अनुसार जो गुरुओं के नाम आये हैं उन्हें श्रीविद्यारण्यजी के 'श्रीविद्यार्णव' ग्रन्थ से प्रमाणित किया है।

व्याख्या के कतिपय उदाहरण निम्नांकित हैं—'कुमारगुरुः'

व्याख्या— सनत्कुमाररूपोऽपि विद्यामुपदिशन् गुरुः
स्कन्दपूर्वभवत्वाद्वा कुमारगुरुरीरितः ॥

'सर्वनेत्राधिवासकः'

सर्वनेत्रेषु वसति य एषोऽक्षीणि पुरुषः।
एष आत्मेति वचनात्सर्वनेत्राधिवासकः ॥

'मृत्युञ्जयः'

कालमृत्युं प्रमादं वा हरन् मृत्युञ्जयो मतः
प्रमादं वा मृत्युमहं ब्रवीमीति तु भारतात् ॥

प्रमाणप्रत्ययातीतः

प्रमाणप्रत्ययातीतो नित्यज्ञानैकविग्रहः
प्रमाकरणजानां हि प्रमितीनामनित्यता ॥

मन्दगतिः

येषां काऽपि गतिर्नास्ति मन्दानां ज्ञानकर्मणोः
अभावेन गतिस्तेषामपि मन्दगतिस्ततः ॥

क्षेमानन्दः

क्षेमं सांसारिकं सौख्यमानन्दः पारमार्थिकः
उभयात्मा त्वमेवेति क्षेमानन्द इतीर्यसे ॥

पञ्चप्रणवभावितः

तार-वाग्भव-लज्जा-माः प्रासादपरया सह
प्रणवाः पञ्च तैर्वाच्यः पञ्चप्रणवभावितः ॥

इत्यादि स्थलों में वेदान्त, उपनिषद्, तन्त्र, पुराण तथा प्रसङ्गौचित्य के अनुसार अर्थ कुशलता से किया गया है। प्राचीन टीकाकार ने जहाँ भ्रामक अर्थ किये हैं उनका भी सप्रमाण खण्डन कर सम्प्रदायानुकूल अर्थ निश्चित किया गया है।

इस प्रकार यह व्याख्या आकार में संक्षिप्त होने पर भी व्यापक विषयों पर प्रकाश डालती है तथा वैदिक मर्यादाओं की महत्ता को प्रतिष्ठापित करती है। इसका साङ्गोपाङ्ग अध्ययन कर विशेष निष्कर्ष प्राप्त हो सकता है।



—५—

# महाभाष्य का पस्पशाह्निक और व्याकरण के प्रयोजन

पं० करुणापति त्रिपाठी

वाराणसी

The author here throws light on the characteristics of *Mahābhāṣya's* 'Paspaśāhnika' and the purpose of studying *Vyākaraṇa.*

**महाभाष्य** के पस्पशाह्निक अर्थात् प्रथम आह्निक का महत्त्व इसलिये अत्यधिक है कि उसमें अन्य बातों के अतिरिक्त शब्द-शास्त्र के अध्ययन का प्रयोजन बताया गया है। पतञ्जलि ने व्याकरण शास्त्र को—'शब्दानुशासन' (शब्दशास्त्र) कहा है। अर्थात् यह लक्ष्यग्रंथ न होकर लक्षणशास्त्र है। लक्ष्यानुसारी तथा प्रयोगों को देखकर विश्लेषण-विधि से प्रयोग-नियमों का आकलन करना इसका सिद्धान्त है। भाषा के पीछे व्याकरण चलता है। व्याकरण भाषा का नियामक न होकर अनुशासक होता है। **महाभाष्य** के प्रारम्भ में 'अथ शब्दानुशासनम्' द्वारा यही अभिव्यक्त किया गया है।

महाकवि माघ ने भी **'शिशुपाल वध'** महाकाव्य के द्वितीय सर्ग में पस्पशाह्निक को शब्दशास्त्र में अत्यन्त महनीय मानते हुए कहा है—

> अनुत्सूत्रपदन्यासा सद्वृत्तिः सन्निबन्धना।
> शब्दविद्येव नो भाति राजनीतिरपस्पशा॥
>
> (सर्ग २ श्लोक ११२)

अर्थात् जिस प्रकार व्याकरणशास्त्र पस्पशाह्निक के बिना निस्तेज हो जाता है, उसी प्रकार गुप्तचर प्रणाली के प्रयोग बिना राजनीति भी वर्चस्वहीन प्रतीत होती है। तात्पर्य यह है कि किसी शासन की राजनीति में गुप्तचरों के जाल का जैसा महत्त्व

है, वैसा महत्त्व व्याकरणशास्त्र पढ़ने वालों के लिये **महाभाष्य** के पस्पशाह्निक का है ।[1]

पाणिनि का व्याकरण लौकिक और वैदिक द्विविध-संस्कृत-प्रयोगों का अनुशासक है। व्याकरण के अध्ययन-प्रयोगों का उल्लेख करते हुए पतञ्जलि ने सबसे प्रथम प्रयोजन बताया है वेदों की रक्षा—

**"रक्षोहागमलध्वसंदेहाः प्रयोजनम्" रक्षार्थं वेदानामध्येयं व्याकरणम् । लोपागमवर्णविकारज्ञो हि सम्यग्वेदान्परिपालयिष्यतीति ।।**

वर्णलोप, वर्णआगम, वर्णविकार आदि को वैदिक प्रयोगों में लौकिक की अपेक्षा विचित्र देखकर पाठक की बुद्धि भ्रमित न हो और पाठान्तर की कल्पना करके अशुद्ध पाठ न करे, इसके लिये व्याकरण पढ़ना आवश्यक है। यहाँ एक उदाहरण दिया जा रहा है—

"त्मनाव्योमन्" "त्मनादेवेभिः" को देखकर लौकिक संस्कृत जानने वाला व्यक्ति 'त्मना' को 'आत्मना और 'देवेभिः' को 'देवैः' के रूप में पाठ परिवर्तन करले, इसके लिये पाणिनि व्याकरण का अध्ययन आवश्यक है। तभी वैदिक पाठ की शुद्धता सुरक्षित रह सकती है। कारण यह है कि यज्ञादि में वेद मन्त्रों का जो स्वरतः वर्णतः शुद्ध पाठ होता है वही शास्त्र-विहित फल-साधक होता है।

वैदिक मन्त्रों की पाठ शुद्धि के लिये उनकी आठ पाठ विकृतियाँ परिकल्पित की गई हैं—संहिता पाठ, पदपाठ, क्रमपाठ आदि। इन विकृति-पाठों द्वारा क्रम, अनुक्रम, प्रतिक्रम, विलोम के अनुलोम पाठों और उनमें वैदिक व्याकरणानुसारी संधियों के अनुसार पाठ निर्धारित होता है। और इस प्रकार विकृतियों के माध्यम से वर्ण शुद्धि, स्वर शुद्धि और सन्धि शुद्धि निर्भ्रान्त हो जाती है। वर्ण-प्रयोग और स्वर-प्रयोग में विशेष रूप से अशुद्धि होने पर दोष या अपराध होता है।

यज्ञ-कर्त्ता यजमान के लिये अशुद्ध मन्त्रपाठ कभी-कभी वाग्वज्र बनकर यज-

---

१. **शिशुपालवध** का यह श्लोक दो अर्थों के पक्षों का बोधक है। एक पक्ष में व्याकरण शब्दविद्या की और दूसरे पक्ष में राजनीति की निरर्थकता तब मानी गई है जब वह पस्पशाह्निकोक्त प्रयोजन बिना जाने पढ़े और दूसरे पक्ष में गुप्तचर-प्रणाली (स्पशप्रयोग) से हीन हो। एक पक्ष में सूचनानुसारी वृत्ति अर्थात् जयादित्य-वामनकृत **काशिकावृत्ति** कृत **'न्यास'** **पदमंजरी** आदि टीकाओं की ओर संकेत है तथा दूसरी ओर राजनीति व्यवस्था का (देखिये उक्त श्लोक की मल्लिनाथी टीका)।

मान का नाश कर देता है। इसी का स्पष्टीकरण करते हुए पतञ्जलि ने पस्पशाह्निक में आगे कहा है—

दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति,
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्॥इति॥

"दुष्टाञ्छब्दान्मा प्रयुक्ष्महीत्यध्येयं व्याकरणम्"।[२]

महर्षि पतञ्जलि ने यहाँ संकेत किया है कि 'इन्द्रशत्रु' शब्द में वृत्रासुर द्वारा "इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व" मन्त्र के प्रयोग में तत्पुरुष या बहुव्रीहि समास होने पर दोनों के स्वर-प्रयोग में अन्तर आ जाता है। शत्रु शब्द यहाँ क्रिया-शब्द है। शातयिता को शत्रु कहा गया है। यदि बहुव्रीहि समास होगा तो उसका अर्थ होगा— इन्द्र है शातन अर्थात् दण्ड देने वाला है जिसका। और तत्पुरुष समास होने पर अर्थ होगा इन्द्र है जिसका शातयिता। इन समासों का यथार्थ ज्ञान मन्त्रोच्चारण में 'शत्रु'— शब्द के पाठ स्वर (उच्चारणस्वर) द्वारा ज्ञात होता है। गलत स्वर का प्रयोग करने से यहाँ समास-भेद हों गया है उसी कारण अर्थ भेद भी हो जाता है। यज्ञकर्ता वृत्रासुर अपने ही अभिचार-प्रयोग में अभीष्टार्थ बोधक स्वर वाले समास के स्थान पर भिन्न स्वर वाले पाठस्वर का प्रयोग करने से अभीप्सितार्थक फल का भागी होकर मारा गया।

दूसरा प्रयोजन है :—'ऊहः'। यह विषय बहुत कुछ मीमांसा शास्त्र से सम्बद्ध है। पतञ्जलि ने कहा है कि वेद में मन्त्रों का निगदन अर्थात् समुपदेश सभी लिंगों और विभक्तियों में नहीं किया गया है। यज्ञ के पुरोहित, आचार्य और यजमान उनके परिणाम की परिकल्पना करके अनुष्ठान के अनुसार उनकी विभक्तियों, वचनों और लिंगों का आवश्यक विपरिणाम करके प्रयोग करते हैं। मीमांसा-शास्त्र बताता है कि —

'प्रकृतिवत् विकृतिः कर्तव्या'। मन्त्रों की प्रकृति, प्रत्ययों का विपरिणाम यज्ञ में अनुष्ठान प्रकृति के अनुसार किया जाता है। इसका विस्तार यहाँ अनावश्यक है। इतना ही कहना है कि वैयाकरण ही इन प्रकृति-प्रत्ययों और लिंगों की विकृति का शुद्ध निर्धारण और विकृति-विपरिणाम कर सकता है। तभी यज्ञ का सम्पादन समुचित हो पाता है।

---

२. महाभाष्य पृ० २२।

तीसरा प्रयोजन है 'आगम'। कहा है :—**"ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयः"**। अर्थात् ब्राह्मण के लिए आवश्यक धर्माचरण है कि बिना किसी अन्य स्वार्थ के षडङ्ग (शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, वैदिक-छन्द-शास्त्र और ज्योतिष सहित) वेद का अध्ययन करें। पतञ्जलि ने कहा है कि इन छह वेदाङ्गों में व्याकरण सर्वप्रधान है।

व्याकरण के अध्ययन का चतुर्थ प्रयोजन है लाघव पूर्वक शब्दज्ञान। व्याकरण के बिना लघूपाय द्वारा शब्दों का विज्ञान हो सकना कथमपि संभव नहीं है। व्याकरणज्ञ प्रतिपद-पाठ सुने बिना भी व्याकरण के ज्ञान से शब्दों का अवगम कर लेता है जैसे भू धातु के सैकड़ों तिङन्त और कृदन्त रूप हो सकते हैं, और उनसे बनने वाले पदों में अलग-अलग उदात्त, अनुदात्त, स्वरित,आदि स्वर का अवस्थान होता है। वैयाकरण ही उसे समझ सकता है। व्याकरण पढ़ने से लघु-उपाय द्वारा शब्दों का ज्ञान हो जाता है। प्रकृति-प्रत्यय विभाग के द्वारा रूपज्ञान, पदज्ञान इस प्रयोजन द्वारा विवक्षित है।

अन्तिम प्रयोजन है :—'असन्देह'। सन्देह के अपाकरणार्थ व्याकरण का अध्ययन अपरिहार्य रूप में अपेक्षित है। याज्ञिक लोग पढ़ते हैं—**'स्थूलपृषतीमाग्निवारुणीमनड्वाहीमालभेत'** यहाँ पर यह संदेह होता है कि **'स्थूलपृषती'** का विग्रह रूप क्या है ? **'स्थूला चासौ पृषती च'** अथवा **'स्थूलानि पृषन्ति यस्यां सा स्थूलपृषती'**। जो वैयाकरण होगा वही वैदिकों के द्वारा पठित वाक्य में स्वर के प्रयोग को देखकर समझता है कि यदि पठन में पूर्वप्रकृति स्वर है तो बहुव्रीहि समास होगा और यदि अन्तोदात्त है तो तत्पुरुष समास समझा जायेगा। अतः ऐसे स्थानों पर संदेह न हो और असंदिग्ध रूप से याज्ञिक क्रिया का सम्पादन हो, एतदर्थ शब्दानुशासनशास्त्र का सम्यक् नियम ज्ञान रहना चाहिए।

इन प्रयोजनों के अतिरिक्त महर्षि पतञ्जलि ने व्याकरणाध्ययन के लगभग एक दर्जन इतर प्रयोजनों की चर्चा करते हुए कहा है :—

**इमानि च भूयः शब्दानुशासनस्य प्रयोजनानि-तेऽसुराः। दुष्टः शब्दः। यदधीतम्। यस्तु प्रयुङ्क्ते। अविद्वांसः। विभक्तिं कुर्वन्ति। यो वा इमाम्। चत्वारि। उतत्वः। सक्तुमिव। सारस्वतीम्। दशम्यां पुत्रस्य। सुदेवो असि। वरुण इति[३]।**

इन में से कतिपय आरम्भिक प्रयोजनों की चर्चा की जाती है।

---

३ (महा० वही, पृ० २१)।

**(१) तेऽसुराः—**

संभवतः पाणिनि के समय में अपशब्द अर्थात् शब्द के विकृत रूपों का प्रयोग करने वाले, अपभाषण करने वाले 'म्लेच्छ' पद से अभिहित होते थे। यह म्लेच्छ पद नीचता का बोधक न होकर शुद्ध शब्दोच्चारण की अक्षमता का बोधक था। आज म्लेच्छ का विकृत 'मलिच्छ' शब्द का प्रयोग हिन्दी की पूर्वी बोलियों में निकृष्ट कर्म और निकृष्ट खान-पान वाले तथा निकृष्ट वेश-भूषा वालों के प्रति या इन्हीं के समान अर्थों में होता है। उस समय ऐसा नहीं था। असुरों का जो वर्ग संस्कृत शब्दों के साधु और शुद्ध उच्चारण से असमर्थ था वह 'म्लेच्छ' पद से अभिहित होता था। उनका असाधु उच्चारण उनके यज्ञादि अनुष्ठानों को फलहीन कर देता था। इसीलिए असुर लोग अभिचारादि के अवसर पर 'हेऽरयो हेऽरयः' के स्थान पर 'हेऽलयो हेऽलयः' उच्चारण करते हुए पराभूत हो गए। यह पराभव अपभाषण के कारण अर्थहीन प्रयोग का हुआ। इस लिए द्विज को म्लेच्छ-भाषा (अपभाषा) का प्रयोग नहीं करना चाहिए। 'हम म्लेच्छ न हों, अपभाषण के प्रयोग से दूर रहें, एतदर्थ व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए। क्योकि किसी प्रकार के अनुष्ठान, पुरश्चरण या अभिचार-प्रयोग में लक्ष्यभूत व्यक्ति, वस्तु या पदार्थ का अत्यन्त शुद्ध उच्चारण अनिवार्यतः अपेक्षित होता है। यहाँ 'अरि' की जगह 'अलि' का प्रयोग होने से पदवाच्य पदार्थबोध बाधित हो गया। फलतः यज्ञानुष्ठान व्यर्थ होकर देवों के वध में समर्थन हुआ और अनुष्ठाता असुर ही मारे गए।

**(२) दुष्टः शब्दः—**

इस संदर्भ में अत्यन्त प्रसिद्ध श्लोक है। ऊपर उसका उद्धरण दिया गया है **'दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा'** इत्यादि।

स्वरदोष या वर्णदोष से युक्तदुष्ट शब्दों का प्रयोग न करें—एतदर्थ व्याकरण का ज्ञान अपरिहार्य है। इस प्रसंग में 'इन्द्रशत्रु' शब्द का उदाहरण दिया जाता है। 'शत्रु' शब्द का अर्थ होता है शातयिता दण्डदाता। इन्द्र है शत्रु अर्थात् शातयिता जिसका इस प्रकार के बहुव्रीहि समास में 'इन्द्रशत्रु' शब्द बोध्य वृत्रासुर होता है और इन्द्र उक्त अभिचार प्रयोग में शातन का कर्म न होकर शातनकर्ता हो जाता है। यदि तत्पुरुष समास में प्रयोग होता तो उसका अर्थ होता इन्द्र का शातन कर्ता अर्थात् वृत्रासुर और उसकी विजय, उत्कर्ष, वर्धन होता।

यहाँ एक वैदिक पुराणोपाख्यान का प्रदीपकार कैयट ने उल्लेख किया है—

प्राचीन काल में त्वष्टा के पुत्र विश्वरूप का जब इन्द्र ने वध कर दिया तब त्वष्टा ने इन्द्र के शातयिता अर्थात् इन्द्रहन्ता ( इन्द्र का वध करने में समर्थ ) पुत्र की

उत्पत्ति के लिए यज्ञ किया और चाहता था कि उसका पुत्र 'इन्द्रशत्रु' हो, इन्द्रवधकर्ता हो। परन्तु तत्पुरुष समासानुसारी स्वरवाले उच्चारण के स्थान पर विपरीतार्थ वाले बहुव्रीहि समास युक्त 'इन्द्रशत्रु' शब्द का प्रयोग होने से आभिचारिक अनुष्ठान अनुष्ठाता के लिए विपरीतार्थ दायक होकर यजमान के पुत्र का ही नाशक हो गया। ऐसी स्थिति न हो, एतदर्थ व्याकरणाध्ययन अपेक्षित है।

**(३) यदधीतम्—**

**यदधीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते ।**
**अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित् ।।**

जो कुछ पाठ किया जाता है वह यदि प्रकृति-प्रत्यय ज्ञानरहित अथवा अर्थज्ञानहीन होता है तो वह उसी प्रकार निष्फल (निरर्थक) होता है जिस प्रकार विना आग जलाये यज्ञकुण्ड में सूखा ईंधन डालना निष्फल होता है। अतः पाठकों के वेदादि पठन, यज्ञादि निष्फल न हो इसलिए व्याकरण अधीतव्य है। व्याकरण पढ़कर अर्थ-बोधपूर्वक वैदिक मंत्रों का प्रयोग उपयोग करते हुए प्रयोक्ता का कर्म सार्थक सफल होता है।

**(४) यस्तु प्रयुङ्क्ते—**

**यस्तु प्रयुङ्क्ते कुशलो विशेषे शब्दान्यथावद् व्यवहारकाले ।**
**सोऽनन्तमाप्नोति जयं परत्र वाग्योगविद् दुष्यति चापशब्दैः ।।**

इस प्रयोजन के संवन्ध में इतना ही कहना है कि व्यवहार के अवसर पर चाहे लौकिक शब्द हो अथवा वैदिक, उनका जो कुशलतापूर्वक प्रयोग करता है (वाक्योगवित् है) उसके अभ्युदय और निःश्रेयस दोनों सिद्ध होते हैं। लौकिक जीवन में सफलता मिलती है और पारमार्थिक पुरुषार्थ श्रेय भी प्राप्त होता है। जो अपशब्द का प्रयोग करता है (वाक् प्रयोगों में कुशल नहीं है—अवाग्योगविद् है) वह दोषभाक् होता है, असफल होता है, अकीर्ति प्राप्त करता है, उसके लौकिक अनुष्ठान और पारमार्थिक कर्म सभी बेकार हैं, फलहीन हो जाते हैं।

इस प्रसङ्ग में **महाभाष्यकार** ने कहा है कि 'शुद्ध' शब्द अल्प होते हैं और अपशब्द बहुसंख्यक होते हैं। एक ही शब्द के देश-भेद, संस्कार-भेद और कभी कभी काल-भेद से अनेक अपभ्रंशरूप विकसित या व्युत्पन्न हो जाते हैं, जैसे एक ही 'गो' शब्द के अनेक अपभ्रंश रूप होते हैं :—**गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका**[४]।

---

४. (वही, पृ० २५ में देखिए)।

यहाँ यह स्मरणीय है कि प्राचीन ग्रन्थों में 'अपभ्रंश' शब्द के सबसे पुराने प्रयोग पतञ्जलि के **महाभाष्य** में अथवा भरत के **नाट्यशास्त्र** में मिलते हैं।

यह ऐतिहासिक महत्त्व की बात है। क्योंकि अपभ्रंश काव्यों और व्याकरणों का विकास परवर्ती अनेक शताब्दियों के बाद हुआ है। यहाँ अपभ्रंश अर्थ भी विशिष्ट है।

**(५) अविद्वांस: —**

**अविद्वांसः प्रत्यभिवादे नाम्नो ये न प्लुतिं विदुः।**
**कामं तेषु तु विप्रोष्य स्त्रीष्विवायमहं वदेत् ॥**

विद्वान् के अभिवादन में दूसरे तरह का प्रयोग होता है और अविद्वान् के अभिवादन में दूसरे प्रकार का। विद्वान् के अभिवादन में कृष्णशर्मा कहेंगे :—'अभिवादये अमुकगोत्रः कृष्णशर्माऽहं भोः' परन्तु स्त्री और अविद्वान् के अभिवादन में कहा जाता था —'अहं नमामि'। विद्वान् आचार्य के अभिवादन में स्व-नाम, गोत्र-पूर्वक पादग्रहण किया जाता था। अविद्वान अथवा महिला के अभिवादन में हाथ जोड़कर 'अयमहं प्रणमामि' कहा जाता था।

अभिवादन प्रसंग में **'स्त्रीवन्माभूमेत्यध्येयं व्याकरणम्'**। अर्थात् अभिवादन प्रसङ्ग में स्त्रीवत् न हो, एतदर्थ व्याकरण का अध्ययन अपेक्षित है।

**(६) विभक्तिं कुर्वन्ति।**

**(७) यो वा इमाम्।**

ये दो प्रयोजन मुख्य रूप से वैदिक-व्यवहार से संबद्ध हैं। अतः आज की दृष्टि से लौकिक आचार में स्वल्प-प्रयोजन है। केवल यज्ञों में उसकी उपयोगिता है।

**(८) चत्वारि—**

इस सम्बन्ध में 'चत्वारि' प्रतीक को लेकर **महाभाष्यकार** ने विकल्परूप से दो छन्द उद्धृत किये हैं :—

**चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा**
**द्वे शीर्षे सप्तहस्तासो अस्य।**

त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति,
महो देवो मर्त्यां आ विवेश ।।इति।।

चत्वारि वाक्परिमिता पदानि,
तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः ।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति,
तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ।।इति।।२।।

इन दोनों छन्दों से सम्बद्ध व्याख्यायें महाभाष्य[५] में देखी जा सकती हैं । प्रथम छन्द के अन्त में कहा गया है—

'महता देवेन नः साम्यम यथास्यादित्यध्येयं व्याकरणम्' महान् देव के साथ साम्य हो, यह व्याकरण के अध्ययन का एक प्रयोजन है । इस मन्त्र का अर्थ लौकिक भी है और आध्यात्मिक भी है । उद्योतकार ने शब्द-शास्त्र प्रतिपाद्य शब्दों को अत्यन्त महत्त्व दिया है। प्रदीपकार ने महता देवेन का तात्पर्य परब्रह्म के साथ किया । उद्योतकार ने शब्द-शास्त्र प्रतिपाद्य शब्द को अत्यन्त महत्त्व दिया है । उद्योतकार ने महान् देव को अन्तर्यामी शब्द से व्याख्यात किया है । शब्द-ब्रह्म की कल्पना भी इससे ध्वनित होती है । इससे यह सिद्ध करने का सफल प्रयास किया गया है कि वाक्यपदीयकार 'हरि' ने वैयाकरणों के दर्शनशास्त्रीय पक्ष में जिस शब्द-ब्रह्म का सिद्धान्त प्रतिष्ठापित किया है उसका मूल बीज व्याकरण 'महाभाष्य' में उपलब्ध है और दाक्षायण 'व्याडि' के संग्रह में भी उसका बीज विस्तार से व्याख्यात है (महा० पृ० ४६) ।

अंग्रेजी के व्याकरण में हमलोग 'पार्ट्स् ऑफ स्पीच्' के अन्तर्गत आठ अवैज्ञानिक, अशास्त्रीय, भेदों की कल्पना देखते हैं । 'नाउन' 'प्रोनाउन' आदि । पश्चिमी व्याकरण के इतिहास में पश्चिमी देश के वैयाकरणों ने भाषा-शास्त्र के सन्दर्भ में इसकी विभिन्न संख्याओं का उल्लेख किया । इस प्रसंग में चत्वारि शृङ्गा की व्याख्या करते हुए पतञ्जलि ने 'नामाख्यातोपसर्गनिपातश्च' कहा है । यास्क ने अपने निरुक्त में—"चत्वारि पदजातानि नामाख्यातोपसर्गनिपाताः" कहा है। 'पदजात' के विषय में निरुक्तकार का पदजात विभाजन सबसे अधिक भाषा वैज्ञानिक, ठोस और स्पष्ट है ।

'चत्वारि' की व्याख्या करते हुए उद्धृत दूसरे छन्द में इन्हीं चार 'पदजातो' का उल्लेख है । इस दूसरे छन्द की ओर भी व्याख्या की जाती है । 'चत्वारि' का अर्थ है—मूलतः नित्य, कूटस्थ शब्द के चार स्तर । (१) परा, (२) पश्यन्ती,

५. पृ० ३०-३४ तक ।

(३) मध्यमा और (४) वैखरी। व्याकरण-दर्शन में आगे चलकर तथा अन्य दर्शनों में भी इनकी बृहत् चर्चा हुई है। इन छन्दों का प्रतिपाद्य शब्द ब्रह्म-स्वरूप अविनाशी नित्य, कूटस्थ शब्द के विषय में **वाक्यपदीयकार** ने शब्द तत्त्व कहकर शब्द ब्रह्म का स्वरूप वतलाया है। आगे कहा है कि वही अनादि अनन्त, शाश्वत, कूटस्थ शब्द तत्त्व है जिसका विवर्त स्वरूप यह समस्त पदार्थ या विश्व प्रपंच है। व्याकरण में ही नहीं अनेक आस्तिक दर्शनों में भी और शैव-शाक्त तन्त्रों में भी इसका बड़ा ही गूढ़ विचार किया है।

**महाभाष्य** का पस्पशाह्निक अपने समकालीन भारत का शास्त्रीय, आध्यात्मिक, भाषा-वैज्ञानिक, ऐतिहासिक दृष्टि से वैदिक समाज के स्वरूप-परिचय देने का असामान्य स्रोत है।

# ऋग्वेद में अङ्गिरा

## अग्निदेव के विशेषण के रूप में

डा० कपिलदेव शास्त्री

कुरुक्षेत्र

The word *Aṅgirā*, like any other *nāma* in the Vedas is *yaugika* and used as an adjective of *Agni*. In the *Ṛgveda*, the word connotes three different meanings, viz., first, the divine light or power, god or consciousness; second, the *ṛṣi* having realisation of that supreme consciousness, and third the *Pitaras*. A study of such mantras with the use of *Aṅgirā* in the sense of God *Agni* is presented here.

'अङ्गिराः' शब्द ऋषि नाम के रूप में संस्कृत वाङ्मय में विशेष प्रसिद्ध है। वेदों में भी इस शब्द के प्रचुर प्रयोग मिलते हैं। परन्तु वेदों की शब्दावली यौगिक मानी गई है। वैदिक भाषा के शब्द, लौकिक भाषा के अनेक शब्दों के समान रूढ़ि न होकर, आख्यातज हैं, प्रकृति-प्रत्यय के योग से निष्पन्न हैं। 'सभी नाम आख्यातज (धातुज) हैं'[1], नैरुक्तों के इस सिद्धान्त का विशेष सम्बन्ध वैदिक भाषा से है। वैदिक शब्दावली स्वयं इस बात का प्रमाण है कि उसमें प्रयुक्त 'नाम' शब्द यौगिक हैं, किसी विशेषता के बोधक हैं और इस रूप में विशेषण मात्र हैं। वेदों में अनेक शब्दों की व्युत्पत्ति भी उपलब्ध हो जाती है[2]। एक देवता के लिये दूसरे देवता-

---

१. निरुक्त, १, १२, तत्र नामान्याख्यातजानि इति शाकटायनो नैरुक्तसमयश्च।

२. द्र० ऋग्वेद ६. १५. १३ में 'जातवेदाः' शब्द की व्युत्पत्ति "विश्वा वेद जनिमा जातवेदाः" तथा ऋग्वेद ८. ४४. ८ में 'अग्नि' शब्द की व्युत्पत्ति "अग्ने यज्ञं नय" दी गयी है।

वाचक शब्द का प्रयोग[३] तथा नाम के रूप में प्रतीयमान इन्द्र, अङ्गिरस् जैसे शब्दों के साथ 'तमप्' प्रत्यय का प्रयोग[४] भी यही प्रमाणित करता है। इसलिये 'अङ्गिरस्' शब्द की व्युत्पत्ति और तदनुसार इसके अर्थ के सम्बन्ध में विचार करना आवश्यक है।

**ऋग्वेद** के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि यह नाम वहाँ तीन अर्थों में प्रयुक्त हुआ है अथवा अङ्गिरा के तीन स्वरूप पाये जाते हैं। इसका पहला अभिप्राय अथवा स्वरूप अग्नि है, जिसे आध्यात्मिक व्याख्या के अनुसार, प्रमुख, प्राण, ईश्वर या परमेश्वर भागवती चेतना, दैवी संकल्प अथवा दिव्य प्रकाश या ज्वाला की शक्ति कहना उपयुक्त होगा। इस अङ्गिरस् रूप अग्नि को ब्राह्मण-ग्रन्थों[५] तथा उपनिषदों[६] में प्रमुख प्राण कहा गया है। स्वामी दयानन्द ने इस अङ्गिरस् का प्रमुख अर्थ ईश्वर परमेश्वर अथवा भगवान् माना है[७]। श्री अरविन्द ने दिव्य चेतना रूप अग्नि की जाज्वल्यमान अथवा प्रकाश से परिपूर्ण आध्यात्मिक शक्तियों को अङ्गिरस कहा है[८]।

इस अङ्गिरस् नाम वाली दैवी चेतनामयी शक्ति को जिन ऋषियों ने अपनी अन्तश्चेतना में उतार लिया, प्रकट कर लिया और इस रूप में परम तत्त्व का साक्षात्कार कर लिया वे ऋषि भी अङ्गिरस् के नाम से प्रसिद्ध हुए, यह अङ्गिरस् का दूसरा अभिप्राय अथवा स्वरूप है। इन अङ्गिरस् ऋषियों का कुछ समय पश्चात् मानव जाति के पितरों के रूप में मानवीयकरण हो गया[९], यह अङ्गिरस् का तीसरा स्वरूप है।

---

३. उदाहरणार्थ—सूर्य के लिये 'जातवेदस्' शब्द का प्रयोग—ऋग्वेद (१. ५०. १) में **उदु त्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः। दृशे विश्वाय सूर्यम्** इस मन्त्र में किया गया है।

४. उदाहरणार्थ—'इन्द्र' तथा 'अङ्गिरस्' शब्दों के साथ 'तमप्' प्रत्यय का प्रयोग **ऋग्वेद** में उपलब्ध है।

५. द्र० **शतपथ** ५. २. ३. ४; ६. १. २, २८ **प्राणो वा अङ्गिराः।**

६. द्र० **छान्दोग्योपनिषद्**, १. २. १० तथा इसकी शंकराचार्य कृत व्याख्या।

७. द्र० **ऋग्वेद भाष्य** १. १, ६; १. ३१. १, २।

८. द्र०, **वेद-रहस्य** (अनु० अभयदेव, पाण्डिचेरी, १९४८), पृ० २१४; **अग्निमन्त्रमाला** (अनु० जगन्नाथ वेदालंकार, पाण्डिचेरी), पृ० ८५, १७८, २२८।

९. द्र० **वेदरहस्य**, पृ० २१४।

परन्तु ऋग्वेद में कुछ ऐसे मन्त्र हैं जिनमें अङ्गिरस् का प्रथम स्वरूप अर्थात् उसका अग्निरूप अर्थ ही अभिप्रेत है। इन मन्त्रों के अध्ययन से पूर्व अङ्गिरस् शब्द के निर्वचन पर ध्यान देना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित विकल्प प्रस्तुत किये जा सकते हैं —

(क) **अङ्ग + इरस्** - पाणिनि व्याकरण में 'अग्' तथा 'अङ्ग्' (अगि) धातुएँ मानी गई हैं[१०]। ये दोनों ही गति अर्थवाली हैं। एक निरनुनसिक है तथा दूसरी सानुनासिक है। संस्कृत व्याकरण में अनेक धातुओं के ये दोनों रूप मिलते हैं। जैसे—**मद्, मन्द्, इध्, इन्ध्, रध्, रन्ध्, मिद्, मिन्द्**। इन धातुओं से द्विविध शब्द-निष्पत्ति भी देखी जाती है। जैसे '**मद्**' से मद, मदन, मदिर तथा '**मन्द्**' से मन्द, मन्द्र मन्दता, मन्दिर इत्यादि। इसी प्रकार '**इध्**' से इद्ध, इध्म और '**इन्ध्** से इन्ध, इन्धन, इन्धनवत् इत्यादि शब्द निष्पन्न होते हैं।

यहाँ भी '**अग्**' धातु से अग्नि, अग्र, अग्रि तथा '**अङ्ग्**' से अङ्गार, अङ्गिर, अङ्गिरस् इत्यादि शब्द निष्पन्न होते हैं। ये दोनों ही धातुएँ समानार्थक हैं, दोनों गति अर्थ वाली हैं। 'गति' के तीन अर्थ माने गये हैं—ज्ञान, गमन तथा प्राप्ति। अर्थात् सभी गत्यर्थक धातुएँ ज्ञान अर्थ वाली, गति अर्थ वाली तथा प्राप्ति अर्थ वाली हैं। **अष्टाध्यायी** के परिशिष्ट उणादिकोष के सूत्र "**अङ्गिराः**" में यह शब्द निपातन से सिद्ध किया गया है। किन्हीं अन्य संस्करणों में इस सूत्र के स्थान पर "**अङ्गेरसिः**" पाठ मिलता है। इस सूत्र के अनुसार "**अङ्ग्**" धातु से 'असि' प्रत्यय तथा 'इट्' आगम के द्वारा यह शब्द निष्पन्न होगा। स्वामी दयानन्द ने इस शब्द के निर्वचन में यह कहा है—**अङ्गति प्राप्नोति जानाति वा स अङ्गिराः', ईश्वरोऽग्निः, ऋषिभेदो वा**" अर्थात् जो गतिशील है, सर्वत्र प्राप्त है तथा सब कुछ जानता है वह अङ्गिराः है। इस रूप में वह ईश्वर का नाम है अथवा इस नाम वाले ऋषि का बोधक है[११]। 'अङ्गिराः' शब्द की इस व्युत्पत्ति के आधार पर स्वामी दयानन्द ने अपने वेदभाष्य में 'अङ्गिराः' शब्द का अर्थ ईश्वर, प्राण, विद्वान्, इत्यादि किया है। श्री अरविन्द 'अङ्गिराः' शब्द के अर्थ में ऊर्ध्वगति एवं ऊर्ध्वारोहण अभिप्रेत मानते हैं। उनके अनुसार, जिस शक्ति से मानव का ऊर्द्ध्वारोहण हो, जो मानव-चेतन में अङ्गारे के समान गतिशील हो ऐसी, जाज्वल्यमान शक्ति अङ्गिराः है[१२]। शतपथ

---

१०. द्र० **धातुपाठ** सं० वी० एस्० पाठक), धातु संख्या ७९३ तथा १४६।

११. द्र० **उणादिकोष** ४. २३७ (सं० युधिष्ठिर मीमांसक, सोनीपत, १९७४), पृ० १६६।

१२. द्र०, **अग्निमन्त्रमाला**, पृ० ८५।

ब्राह्मण तथा छान्दोग्योपनिषद् में अङ्गिराः का अर्थ प्राण (प्रमुख प्राण) भी, इसी निर्वचन की दृष्टि से, किया गया है। प्राणों के कारण ही प्राणी में चेतना अथवा गति होती है।

'अङ्ग्' धातु से 'अङ्गिरस्' शब्द' को व्युत्पन्न मानते हुए आचार्य सायण ने 'अङ्गिरस् शब्द का अर्थ विकल्प के रूप में 'सर्वत्र गन्ता' किया है[१३]।

स्वामी दयानन्द ने 'अङ्ग्' धातु से अङ्गिराः को निष्पन्न मानते हुए 'अङ्गिरस्' शब्द की व्युत्पत्ति की है—'अङ्गति जानाति यो विद्वान्'[१४]। स्वामी दयानन्द ने 'अङ्गिराः' का अर्थ प्राण मानते हुए, अनेक स्थलों पर इस शब्द से प्राणों के समान प्रिय (बृहस्पति, विद्वान्, राजन् इत्यादि) अभिप्राय प्रकट किया है[१५] तथा कुछ स्थलों पर 'प्राण-विद्या का ज्ञाता' अर्थ भी किया है।[१६]

(ख) अङ्ग + रस—'अङ्गिरस्' शब्द की दूसरी व्युत्पत्ति 'अङ्ग' तथा 'रस' इन दो शब्दों के योग से की गई है। गोपथ ब्राह्मण में 'अङ्गिरस्' शब्द की व्याख्या में कहा गया है—'येऽङ्गिरसः स रसः''[१७]। गोपथ ब्राह्मण में ही एक अन्य स्थान पर कहा गया है कि वरुण के सब अंगों से रस क्षरित हुआ और वह अङ्गिरस् बना, उसे ही अङ्गिरा कहा जाता[१८] है। छान्दोग्योपनिषद् में अङ्गिरस् उद्गीथ को कहा गया है क्योंकि वह अङ्गों के रस के समान महत्त्वपूर्ण है। उस उद्गीथ रूप अङ्गिरस् की उपासना करने वाले भी अङ्गिरस् कहलाते[१९] हैं। इस व्युत्पत्ति के अनुसार स्वामी दयानन्द ने ऋग्वेद १. १. ६ के भाष्य में 'अङ्गिराः' शब्द का अर्थ ईश्वर किया है। उनका कथन है कि ''ब्राह्मण के अंग पृथ्वी आदि पदार्थों को प्राण रूप से और शरीर के अंगों को अन्तर्यामी रूप से रस रूप होकर रक्षा करने वाले

---

१३. ऋग्वेद, सायणभाष्य ५. ८. ४., ८. ७४. ११, इस दृष्टि से सायण की कुछ अन्य व्याख्याएँ भी द्रष्टव्य हैं। जैसे ऋ० ८. ६०. २ में अङ्गतिर्गतिकर्मा, सर्वत्र संगत तथा ऋ० ७. ७९. ३ में 'अङ्गिरस्तमा गन्तृतमा' इत्यादि।

१४. ऋग्वेद भाष्य १. ११२. १८., तु० १. ७५. २।

१५. ऋग्वेद २. २३. १८; ४. ३. १५; ४. ९. ७; ५. १०. ७ इत्यादि।

१६. द्र० ऋ० भाष्य १. ६२. २; १. १०७. २; १. १३९. ७, ९।

१७. गोपथ ब्राह्मण, १. ३. ४।

१८. वही १. १७।

१९. छान्दोग्योपनिषद्, १. २. १०।

होने से यहाँ 'अङ्गिरस्' शब्द से ईश्वर लिया गया है''। इस व्युत्पत्ति के अनुसार भी 'अङ्गिरस्' का अर्थ प्राण किया जा सकता है क्योंकि वह भी अंगों के रसों के समान आवश्यक तत्त्व है। स्वामी जी ने अपने भाष्य में **"अङ्गेषु रसवद् वर्तमानः"**[२०] **'अङ्गानां रसरूपः प्राण इव'**[२१] इत्यादि अर्थ इसी दृष्टि से किया है।

(ग) तीसरे विकल्प के अनुसार 'अङ्गार' शब्द से 'अङ्गिरस्' शब्द को निष्पन्न माना जा सकता है। **ऐतरेय ब्राह्मण** (३. ३४) तथा **शतपथ ब्राह्मण** (४. ५. १. ८) में कहा गया है कि 'जो अङ्गार थे वही अङ्गिरस बन गये अथवा अङ्गारों से अङ्गिरस् उत्पन्न हुए। इसी दृष्टि से **निरुक्त** (३. १७. १) में 'अङ्गार' शब्द से 'अङ्गिरस्' शब्द को व्युत्पन्न किया गया है। इसका अभिप्राय यह है कि 'अङ्गिरस्' और 'अङ्गार' दोनों ही शब्द एकार्थक हैं और दोनों का मूल एक ही धातु है। **शतपथ ब्राह्मण** में इसी दृष्टि से 'अङ्गिराः' का अर्थ अग्नि किया गया[२२] है। वस्तुतः अग्नि अथवा अङ्गार के समान पवित्र, प्रदीप्त, प्रकाशयुक्त, तेजस्वी इत्यादि विशेषताओं को 'अङ्गिरस्' शब्द व्यक्त करता है।

'अङ्गिरस्' शब्द से सम्बद्ध इस पृष्ठ-भूमि के साथ **ऋग्वेद** के उन मन्त्रों का अध्ययन प्रस्तुत है जिनमें 'अङ्गिरस्' शब्द अग्नि का विशेषण है।

**ऋग्वेद** के अनेक मन्त्रों में 'अङ्गिरस्' का सम्बोधनात्मक रूप 'अङ्गिरः' मिलता है। आमन्त्रित अथवा सम्बोधनान्त होने के कारण ही यह पद सर्वानुदात्त है[२३]। यह सम्बोधनान्त 'अङ्गिरः' पद ऋग्वेद के जिन मन्त्रों में प्रयुक्त है उनमें दो प्रकार की स्थिति पायी जाती है। कुछ स्थल ऐसे हैं जिनमें केवल अङ्गिरस् शब्द ही सम्बोधन के रूप में प्रयुक्त है। ऐसे स्थलों में विशेष्यभूत 'अग्ने' पद का अध्याहार करके 'अग्नि' तथा 'अङ्गिरस्' में विशेष्य-विशेषण भाव की संगति लगानी होगी। दूसरे स्थल ऐसे हैं जिनमें 'अग्नि' तथा 'अङ्गिरस्' दोनों पदों का सम्बोधनात्मक प्रयोग उपलब्ध है। ऐसे स्थलों में इन दोनों का विशेष्य-विशेषण भाव स्पष्ट है—

हे अङ्गिरः! देने वाले, जीवन रूप हवि देने वाले (दाशुषे) का जो तुम कल्याण

---

२०. **ऋग्वेद भाष्य** ३. ३१. ७।

२१. **वही**, ५. ४५. ७।

२२. **शतपथ** १. ४. १. २५ **अङ्गिरा उ ह्यग्निः**, ६. ४. ४. ४ **अङ्गिरा वा अग्निः**।

२३. **अष्टाध्यायी**, (सं० वी० एस० पाठक, पूना, १९३५) ८. १. १९।

करते हो वह तुम्हारे सम्बन्ध में ही सत्य है (अन्य कोई भी उतना कल्याण नहीं कर सकता जितना तुम करते हो[२४])।

हे तेज के पुत्र अङ्गिरः ! तुम जिसके दूत हो तथा हव्य-भक्षण के लिये जिसके घर जाते हो उस यजमान को लोग सुहव्य, सुदेव तथा सुबर्हिष् कहते हैं, अर्थात् वही सुन्दर हवि, देवता तथा आसन वाला माना जाता है[२५]।

हे अङ्गिरः ! तुम हमारी स्तुतियों को सुनो[२६]।

हे अङ्गिरः ! हमारे अध्वर का, यज्ञ का, सेवन करो तथा हमारी पुकार को सुनो[२७]।

हे प्रदीप्त अङ्गिरः ! मुझ मर्त्य की पुकार को यश तथा तेज के साथ सुनो[२८]।

हे अङ्गिरस् ! तुम हमारी (जीवन-) हवि का सेवन करो[२९]।

हे अङ्गिरः ! तुमको हम समिधाओं से और घृत से बढ़ाते हैं। हे युवकतम ! तुम विस्तृत, विशाल रूप से चमको[३०]।

---

२४. ऋग्वेद १. १. ६, यदङ्ग दाशुषे भद्रं करिष्यसि ।
तवेतत् सत्यमङ्गिरः ॥

२५. वही, १. ७४, ४-५, यस्य दूतो असि क्षये वेषि हव्यानि वीतये ।
दस्मत् कृणोष्यध्वरम् ॥
तमित् सुहव्यमङ्गिरः सुदेवं सहसो यहो ।
जना आहुः सुबर्हिषम् ॥

२६. वही, ४. ३. १५, उत ब्रह्माण्यङ्गिरो जुषस्व सं ते शस्तिर्देववाता जरेत ।

२७. वही, ४. ९. ७ अस्माकं जोष्यध्वरमस्माकं यज्ञमङ्गिरः ।
अस्माकं शृणुधी हवम् ।

२८. वही, ५. ८. ४,
स नो जुषस्व समिधानो अङ्गिरो देवो मर्तस्य यशसा सुदीतिभिः ॥

२९. वही, ६. २. १०, जुषस्व हव्यमङ्गिरः ।

३०. वही ६. १६. ११, तं त्वा समिद्भिरङ्गिरो घृतेन वर्धयामसि ।
बृहच्छोचा यविष्ठ्य ॥

हे तेज अथवा शक्ति के पुत्र अङ्‌गिरस् ! अध्वर में स्रुक् (घृत को हवि देने की कलछी) तुम्हें प्राप्त होते हैं। तुम पराक्रम के पौत्र, घृत-युक्त केश वाले (घृत-युक्त ज्वाला वाले) तथा यज्ञ में सबसे पूर्व उपस्थित होने वाले, अग्नि हो[३१]। हे अङ्‌गिरस् ! नेमि को ऋभुओं के समान (जिस प्रकार ऋभु अथवा दिव्य शिल्पी रथ-नेमि को उत्तम रूप से बनाते हैं उसी प्रकार) पुकारों के द्वारा इस यज्ञ को अपने समीप उत्तम रूप से प्राप्त करो[३२]।

हे अङ्‌गिरः ! तुझ कवि, हव्यवाहक एवं अमर्त्य को देवों ने, माता की तरह, उत्पन्न किया।[३३]

इन स्थलों में अग्नि देव के लिये केवल 'अङ्‌गिरः' शब्द का प्रयोग किया गया है, उसके विशेष्यभूत 'अग्नि' शब्द का प्रयोग अनुपलब्ध है। अतः इन स्थलों में 'अग्नि' पद का अध्याहार करके विशेष्य-विशेषण भाव की संगति लगानी होगी अथवा 'अङ्‌गिरस्' और 'अग्नि' को वाच्य-वाचक रूप से अभिन्न मानना होगा।

नीचे वे स्थल प्रस्तुत हैं जहाँ 'अग्नि' तथा 'अङ्‌गिरस्' दोनों पदों का सम्बोधन में प्रयोग हुआ है। इन स्थलों में 'अग्नि' पद को विशेष्य तथा 'अङ्गिरस्' को विशेषण मानना होगा। इन मन्त्रों में निम्नलिखित भाव अंकित है—

हे पवित्र अङ्गिरः ! तुम मनु, अङ्‌गिराः तथा ययाति के समान पूर्ववत् अपने अपने सदन में आओ, दिव्य जन को लाओ, आसन पर बिठाओ तथा प्रिय यज्ञ करो[३४]।

हे अङ्‌गिरः अग्नि ! स्तुत एवं स्तूयमान तुम हम स्तोताओं को स्तुति करने के लिये असाधारण रयि दो तथा युद्धों में हमारी वृद्धि के लिये तुम बढ़ो[३५]।

---

३१. वही ८. ६०. २, अच्छा हि त्वा सहसः सूनो अङ्‌गिरः स्रुचश्चरन्त्यध्वरे।
ऊर्जो नपातं घृतकेशमीमहेऽग्निं यज्ञेषु पूर्व्यम् ॥

३२. वही ८. ७५. ५, तं नेमिमृभवो यथा नमस्व सहूतिभिः।
नेदीयो यज्ञमङ्‌गिरः ॥

३३. ऋग्वेद ८. १०२. १७ तं त्वाजनन्त मातरः कविं देवासो अङ्‌गिरः। हव्यवाहममर्त्यम् ॥

३४. वही १. ३१. १७, मनुष्वदग्ने अङ्‌गिरस्वदङ्‌गिरो ययातिवत् सदने पूर्ववच्छुचे। अच्छ याह्या वहा दैव्यं जनमा सादय बर्हिषि यक्षि च प्रियम् ॥

३५. वही ५. १०. ७ त्वं नो अग्ने अङ्‌गिरः स्तुतः स्तवान आ भर।
होतर्विभ्वासहं रयिं स्तोतृभ्यः स्तवसे च न उतैधि पृत्सु नो वृधे ॥

हे अग्नि ! प्रत्येक वन में आश्रित एवं रहस्य से समावृत अथवा हृदयरूप गुफा में स्थित तुमको अङ्गिरसों ने प्राप्त किया । हे अङ्गिरः ! वह तुम मथने से उत्पन्न होते हो, प्रकट होते हो, तुझ तेज के पुत्र को तेज की महत्ता कहते हैं[३६] ।

हे अङ्गिरः ! हम मनुष्य बनकर तुम्हें (अपने अन्तर्हृदय की वेदी में) स्थापित करते हैं । मनुष्य के समान तुम्हें प्रदीप्त करते हैं । तुम, मनुष्य के समान दिव्यताओं की कामना वाले साधक को (दिव्य गुणों से) सुसंगत करो[३७] ।

हे अङ्गिरः, पावक अग्ने ! जिस तुम को गोपवन (व्याख्याकार सातवलेकर के अनुसार 'वाणी का पति') अपनी स्तुति से अतिशय बलशाली बनाता है, वह तुम हमारी पुकार को सुनो[३८] ।

हे पराक्रम के पौत्र अङ्गिरः देव ! तुझ श्रेष्ठ एवं मन्युयुक्त के लिये किस वाणी से स्तुति करूँ[३९] ।

इनके अतिरिक्त ऋग्वेद के एक मन्त्र में 'अङ्गिरस्' पद का सम्बोधन एक वचन में प्रयोग मिलता है तथा मन्त्र का देवता अश्विनौ है । 'अङ्गिरस्' पद के साथ कोई क्रिया भी नहीं दिखलायी देती है । एकवचनान्त होने के कारण 'अङ्गिरस्' पद की संगति 'अश्विनौ' के साथ नहीं लग सकती । इसलिये आचार्य सायण[४०] ने यह कल्पना की है कि 'अङ्गिरस्' यहाँ ऋषि का नाम है । अङ्गिरा ऋषि स्वयं अपने आपको सम्बोधित करके अश्विनों की स्तुति करने के लिये प्रेरित करता है । स्कन्द स्वामी[४१] ने यहाँ 'अङ्गिरस्' शब्द का अर्थ अङ्गिरस् सम्बन्धी

---

३६. वही ५. ११. ६,

त्वामग्ने अङ्गिरसो गुहा हितमन्वविन्दञ्छिश्रियाणं वने वने ।
स जायसे मथ्यमानः सहो महत् त्वामाहुः सहसस्पुत्रमङ्गिरः ॥

३७. वही ५. २१. १, मनुष्वत् त्वा नि धीमहि मनुष्ववत् समिधीमहि ।

३८. वही ८. ७४. ११ यं त्वा गोपवनो गिरा चनिष्ठदग्ने अङ्गिरः ।
स पावक श्रुधी हवम् ॥

३९. वही ८. ८४. ४, कया ते अग्ने अङ्गिरः ऊर्जो नपादुपस्तुतिम् ।
वराय देव मन्यवे ॥

४०. द्र०, सायण भाष्य, ऋ०, १. ११२. १८ ।

४१. स्कन्दस्वामी भाष्य (विश्वबन्धु सम्पा०, होशियारपुर, १९६३) १. ११२. १८, अङ्गिरश्शब्देन अत्राङ्गिरःसम्बद्धाश्विनौ उच्येते ।

अश्विनौ' किया है अर्थात् अङ्गिरस् ऋषि द्वारा स्तुत्य। वेंकट माधव[४२], 'अङ्गिरस्' पद को विशुद्ध यौगिक मानते हुए तथा उसे अश्विनौ का विशेषण मानते हुए, इस पद का अर्थ **'गमनशीलौ अश्विनौ'** करते हैं। इन दोनों ही व्याख्याकारों ने 'अङ्गिरस्' पद में, व्यत्यय के सिद्धान्त के आधार पर, द्विवचन के स्थान पर एक वचन का प्रयोग माना है। मुद्गल[४३] ने अपनी व्याख्या में सायण का ही अनुसरण किया है। स्वाभाविकता की दृष्टि से 'अङ्गिरः' को अश्विनों का विशेषण मानना ही उपयुक्त प्रतीत होता है।

मन्त्र का अभिप्राय है—हे गमनशील अश्विनौ! तुम दोनों मन से जिन संरक्षणों के द्वारा स्तोताओं को आनन्दित करते हो तथा गो-प्रवाहों के मूल में सबसे आगे पहुँचते हो और जिन संरक्षणों से वीर मनुष्य की सम्पत्ति से (उसे सम्पत्ति देकर) रक्षा करते हो उसके साथ हमारे पास भी आओ"[४४]।

एक अन्य मन्त्र में मन्त्र का देवता वृहस्पति है तथा उसके लिये 'अङ्गिरस्' सम्बोधन विशेषण के रूप में प्रयुक्त है। सायण ने इसकी व्याख्या में वृहस्पति को 'अङ्गिरस्' माना है। मन्त्र का अभिप्राय है—"हे आङ्गिरस् वृहस्पति! इन्द्र की सहायता से जब तुमने गायों के समूह को ऊपर की ओर प्रेरित किया तथा अन्धकार से आच्छादित जल-समूह को नीचे की ओर भेजा तब गायों (को छिपाने वाला, उन्हें सुरक्षित रूप से रखने वाला) का पर्वत तुम्हारे श्रेय के लिये उन्मुक्त (द्वार वाला) हो गया"[४५]।

अब तक **ऋग्वेद** के उन मन्त्रों का संक्षिप्त भाव प्रस्तुत किया गया जिनमें 'अङ्गिरस्' पद केवल अथवा 'अग्नि' पद के साथ सम्बोधन के रूप में तथा एक स्थल पर अश्विनौ और दूसरे स्थल पर वृहस्पति के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

---

४२. द्र० वही।

४३. द्र०, वही।

४४. वही, १. ११२. १८—

> याभिरङ्गिरो मनसा निरण्यथोऽग्रं गच्छथो विवरे गोअर्णसः।
> याभिर्मनुं शूरमिषा समावतं ताभिरू षु ऊतिभिरश्विना गतम्॥

४५. ऋ० २. २३. १८—

> तव श्रिये व्यजिहीत पर्वतो गवां गोत्रमुदसृजो यदङ्गिरः।
> इन्द्रेण युजा तमसा परीवृतं बृहस्पते निरपामौब्जो अर्णवम्॥

इन स्थलों के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि 'अङ्गिरस्' पद यहाँ, ऋषि का वाचक न होकर, अग्नि देव का तथा अश्विनों और बृहस्पति का विशेषण है। इस प्रसंग में यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि 'अङ्गिरस्' के विशेष्यभूत 'अग्नि' शब्द का अर्थ, आध्यात्मिक के अनुसार, ब्रह्म अग्नि है। यज्ञाग्नि अथवा अन्य किसी प्रकार की पार्थिव अग्नि, वैद्युत अग्नि अथवा सौर्य अग्नि का कारणभूत यह ब्रह्माग्नि ही अग्नि शब्द का वास्तविक एवं प्रधानरूप से अभिप्रेत अर्थ है। यज्ञ-अग्नि उस ब्रह्म-अग्नि का स्थूल, पर एकदम सटीक, प्रतीक है। नैरुक्तों के अनुसार भले ही वह—अग्नि पार्थिव, अन्तरिक्षीय, तथा द्युस्थानीय इस रूप में—तीन प्रकार की हो, पर इन सभी में उस मौलिक अग्नि (ब्रह्म-अग्नि) की शक्ति ही कार्यरत है, उसी के प्रकाश से ये सभी प्रकाशित हैं[४६]। वही सबकी प्रकृति है तथा सब नाम उसी के हैं[४७]। नैरुक्त प्रक्रिया के पोषक आचार्य यास्क ने भी एक मन्त्र की व्याख्या में इस ब्रह्माग्नि को विशेष्य (वाच्य) माना है तथा इन्द्र, मित्र, वरुण इत्यादि सभी अन्य देवता-वाचक शब्दों को विशेषण (वाचक) माना है[४८]।

**ऋग्वेद** के अनेक मन्त्रों में अग्नि के लिये असाधारण, सर्वातिशायी, अतिभव्य विशेषणों से मण्डित वर्णन उपलब्ध है। उसे—मर्त्यों में अमर्त्य, प्रकृष्ट चेतना वाला, कवि के संकल्प से युक्त, सत्य द्रष्टा, सत्य श्रोता इत्यादि—कहा गया है[४९]। ये कथन इस बात के ज्वलन्त प्रमाण हैं कि वेदों में 'अग्नि' पद का प्रधान एवं परम अर्थ ब्रह्मरूप अग्नि है[५०] और सभी अर्थ उसकी अपेक्षा गौण हैं, व्यावहारिक हैं। अग्नि की इस प्रमुख विशेषता को ध्यान में रखते हुए अङ्गिरस् के स्वरूप के सम्बन्ध में यहाँ कुछ विचार प्रस्तुत किया जाता है।

**ऋग्वेद** ५. ११. ६ (द्र० पूर्व पृष्ठ ५, पा० टि० सं० ४) में अग्नि के सम्बन्ध

---

४६. तु० कठोपनिषद् ५. १५,

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥

४७. द्र० निरुक्त, ७. ४, महाभाग्यात् देवताया एक आत्मा बहुधा स्तूयते। प्रकृतिसार्वनाम्न्याच्च।

४८. द्र० निरुक्त, ७. १८, इममेवाग्निं महान्तमात्मानं बहुधा मेधाविनो वदन्ति। इन्द्रं मित्रं वरुणं अग्निं च गरुत्मन्तम्।

४९. द्र०, ऋ० १. १. ५; १. ७७. १; ५. २५. ४; ६. ५. ५; ७. ४. ४।

५०. द्र०, यजुर्वेद ४. ११, व्रतं कृणुताग्निर्ब्रह्माग्निर्यज्ञो वनस्पतिर्यज्ञियः।

में यह कहा गया है कि 'यह अग्नि गुहाहित' है, अर्थात् रहस्य से आच्छादित है अथवा हृदयरूप गुहा में स्थित है[५१]। इसे अङ्गिरसों ने प्राप्त किया और वह मथने से उत्पन्न होता है तथा उसे तेज की महत्ता कहते हैं। यहाँ 'अङ्गिरस्' शब्द का उभयविध—अङ्गिरस् ऋषि के नाम के रूप में तथा अग्नि देव के विशेषण के रूप में—प्रयोग मिलता है। अग्नि का मन्थन करके उसे प्रकट करने वाले ऋषि को अङ्गिरस् कहा गया है।

यहाँ के 'वने-वने' शब्द का अर्थ सेवनीय, सम्भजनीय[५२] (आदर्श साधक) किया जा सकता है, जिसके हृदय में दिव्य संकल्प की अग्नि अव्यक्त रूप से विद्यमान है। मथने से—निरन्तर तपस्या, संयम एवं साधना के संघर्षपूर्ण जीवन से—यह अग्नि प्रकट होती है (स जायसे मथ्यमानः)। इसी दृष्टि से उपनिषद्[५३] में कहा गया है कि अपने शरीर को नीचे की अरणि तथा भगवान् के नाम (प्रणव) को ऊपर की अरणि बनाकर ध्यान की प्रक्रिया से मथने का अभ्यास करके सुगुप्त देव को प्रकट किया जा सकता है।

ऋग्वेद ६. १६. ११ (द्र० पूर्व पृष्ठ ४, पा० टि० सं० ७) में समिधा तथा घृत से अग्नि को बढ़ाने की बात कही गई है। यहाँ समिधा तथा घृत का रूपक अथवा प्रतीक यज्ञ की प्रक्रिया से लिया गया है। परन्तु इन्हें वहीं तक सीमित नहीं मानना चाहिये। अग्नि के लिये इस मन्त्र में 'बृहत् रूप से चमकने' (**बृहच्छोचा**) की शुभ कामना यह संकेत देती है कि यहाँ अध्यात्म अग्नि को जीवन में प्रदीप्त करने, उससे जीवन को पूर्णतः परिमार्जित करने तथा अध्यात्म तेज से जीवन को तेजस्वी बनाने की भावना ऋषि को अभिप्रेत है।

ऋग्वेद ५. १०. ७ (द्र० पूर्व पृष्ठ ५, पा० टि० सं० ३) में अङ्गिरस् अग्नि से जो यह प्रार्थना की गई है कि "वह स्तोता को व्यापक एवं अपराजेय (विभ्वासह) रयि (सम्पत्ति) प्रदान करे तथा युद्धों में हमारी वृद्धि के लिये वह स्वयं भी वृद्धि को

---

५१. परमतत्त्व के गुहा-हित होने की बात वेदों में अन्यत्र भी कही गयी है। द्र० यजुर्वेद ३२. ८, **वेनस्तत्पश्यन्निहितं गुहा सद् यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्।**

**तस्मिन्निदं सं च वि चैति सर्वं स ओतः प्रोतश्च विभूः प्रजासु ॥**

५२. द्र० धातुपाठ धातु सं० ४६३-६४, **वनषणसम्भक्तौ।**

५३. **श्वेताश्वतरोपनिषत्** २. १. १४

**स्वदेहमरणिं कृत्वा प्रणवं चोत्तरारणिम्।**

**ध्याननिर्मथनाभ्यासाद् देवं पश्येन्निगूढवत् ॥**

प्राप्त हो," इस प्रार्थना में युद्ध को, आसुरी वृत्तियों के साथ दैवी वृत्तियों के, संघर्ष का प्रतीक माना जा सकता है। जब अग्नि (दिव्य संकल्प) बढ़ा हुआ होगा तभी इस युद्ध में आसुरी शक्ति पर विजय प्राप्त की जा सकती है तथा साधक की वास्तविक वृद्धि अथवा उन्नति हो सकती है।

**ऋग्वेद** २. २३. १८ (द्र० पूर्व पृष्ठ ६, पा० टि० सं० ६) में गायों के गोत्र (समूह) को ऊपर की ओर प्रेरित करने तथा अन्धकार से आच्छादित जल-प्रवाह को अन्धकार से उन्मुक्त करके नीचे की ओर प्रेरित करने के लिये अङ्गिरस् बृहस्पति से जो प्रार्थना की गई है उसका भी प्रतीक की दृष्टि से विशेष महत्त्व है। दिव्य ज्ञान-रश्मि तथा अन्तश्चेतना ही यहाँ क्रमशः गायों के गोत्र (गो-समूह अथवा गायों को छिपाने वाला पर्वत) एवं जल-प्रवाह के रूप में अभिप्रेत प्रतीत होते हैं। अध्यात्मसाधक की साधना में सत्ता के तमोमय निश्चेतन समुद्र से परिमार्जित एवं समुन्नत चेतना की रश्मियाँ ऊपर की ओर गति करती हैं तथा ऊर्ध्व चेतना का समुद्र अपनी सत्य, ज्योति तथा आनन्द की लहरियों को नीचे की ओर, साधक की अन्नमय सत्ता की ओर, भेजता है[५४]।

इस प्रकार गो-समूह (गवां गोत्रम्) को ज्ञान रश्मियों के समूह तथा जलधाराओं (अपाम् और्णवम्) को दिव्य चेतना का प्रवाह मानने पर वेद के ये स्थल बड़े महत्त्वपूर्ण बन जाते हैं तथा आध्यात्मिक साधना एवं आध्यात्मिक आरोहण के गीत का रूप ले लेते हैं।

इस मन्त्र में 'अङ्गिरः' पद 'बृहस्पते' का विशेषण है। बृहस्पति (ब्रह्म अथवा वेदवाणी का अधिपति[५५]) वह परमात्मा है जो दिव्य चेतना के रूप में अध्यात्म-साधक के हृदय में प्रादुर्भूत होता है। अध्यात्म तेज से जाज्वल्यमान अथवा अत्यधिक प्रदीप्त एवं प्रकाशित होने के कारण चेतना को 'अङ्गिरस्' कहा गया है। यह दिव्य चेतना जब साधक में प्रकट होती है तो ज्ञान की रश्मियाँ चेतना के निम्न स्तर से ऊपर की ओर तथा ऊपर की चेतना से नीचे की ओर प्रवाहित होती हैं और इस प्रकार उसकी सम्पूर्ण चेतना, भावना तथा अनुभूति सभी कुछ दिव्य बन जाता है।

सम्भवतः इसी दृष्टि से इस दिव्य चेतनामयी अग्नि को ऋग्वेद के अनेक

---

**५४. द्र०, अग्निमन्त्रमाला, पृ० ७२-७३।**

**५५. द्र० छान्दोग्योपनिषत् १. २. ११, वाग् हि बृहती, तस्या एष पतिः।**

मन्त्रों में 'अङ्गिरस्तम' शब्द के द्वारा भी सम्बोधित किया गया है तथा उससे निम्नलिखित प्रार्थना की गयी है—

हे विधातृतम (विधाताओं में श्रेष्ठ) अङ्गिरस्तम अग्निदेव ! हम तुम्हारे लिये सेवन योग्य प्रिय वाणी का उच्चारण करें[५६]। हे अङ्गिरस्तम अग्नि ! वे सभी प्रजाएँ कामनाओं की पूर्ति के लिये तुमसे प्रार्थना करती हैं[५७]। हे अङ्गिरस्तम अग्नि ! जिस तुम को (साधक) जन या लोग प्रदीप्त करते हैं वह तुम हमारी पुकार को सुनो[५८]। हे अङ्गिरस्तम ! इन (जीवन) हवियों का निरन्तर सेवन करते हुए (जीवन) यज्ञ को ऋतु के अनुकूल (प्रत्येक अवसर पर) आगे बढ़ाओ, समुन्नत करो[५९]।

यहाँ के 'अग्ने नय' अंश से 'अग्नि' शब्द के निर्वचन 'अग्रणीर्भवति'[६०] का मूल आधार प्राप्त हो जाता है जो 'अग्नि' तथा 'अङ्गिरः' के विशेष्य-विशेशण भाव का पोषक है।

सामान्य अथवा भौतिक अग्नि को भी अङ्गिरा कहा जा सकता है। वेद-मन्त्रों का प्रथम बार पारमार्थिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार का अर्थ करने वाले, अद्भुत मेधा-सम्पन्न, स्वामी दयानन्द ने 'अङ्गिरस्' पद का—ईश्वराग्नि तथा मौलिक अग्नि—दोनों प्रकार का अर्थ किया भी है,[६१] क्योंकि सामान्य अग्नि में भी स्वयं प्रकाशयुक्त होने, अन्यों को प्रकाशित करने, प्रज्वलित होने तथा परिमार्जित करने का गुण विद्यमान है। परन्तु सामान्य अग्नि की अपेक्षा ब्रह्माग्नि का विशेष

---

५६. ऋग्वेद १. ७५. २, अथा ते अङ्गिरस्तमाग्ने वेधस्तम प्रियम्।
वोचेम ब्रह्म सानसि॥

५७. ऋग्वेद ८. ४३. १८, तुभ्यं ता अङ्गिरस्तम विश्वाः सुक्षितयः पृथक्।
अग्ने कामाय येमिरे॥

५८. ऋग्वेद ८. ४३. २७, यं त्वा जनास इन्धते मनुष्वदङ्गिरस्तम।
अग्ने स बोधि मे वचः।

५९. वही ८. ४४. ८, जुषाणो अङ्गिरस्तमेमा हव्यान्यानुषक्।
अग्ने यज्ञं नय ऋतुथा॥

६०. निरुक्त, ७. १४, अग्निः कस्मात्। अग्रणीर्भवति।

६१. द्र० वैदिककोष, राजवीरशास्त्री (आर्ष साहित्य प्रचार ट्रस्ट, दिल्ली, १९७५)।

रूप से बोध ऋषि को इन मन्त्रों में अभीष्ट प्रतीत होता है। इसी कारण इन मन्त्रों में 'अङ्गिरस्तम' (अत्यधिक प्रज्ज्वलित), 'वेधस्तम' (विधान, रचना तथा सृष्टि करने में अत्यन्त समर्थ) जैसे 'तमप्' प्रत्ययान्त विशेषणों का प्रयोग किया गया है। इन 'तमप्' प्रत्ययान्त 'अङ्गिरस्तम' जैसे विशेषणों के प्रयोग से भी यह स्पष्ट है कि इन प्रसंगों में 'अङ्गिरस्' पद, किसी व्यक्ति अथवा ऋषि-विशेष का नाम न होकर विशेषण मात्र हैं।

'अग्नि' के विशेषण के रूप में 'अङ्गिरस्तम' पद का प्रयोग ऋग्वेद में प्रथमा अथवा द्वितीया विभक्ति के एक वचन में भी मिलता है। प्रथमा विभक्ति का प्रयोग जिस मन्त्र में हुआ है उसका आशय है—"हे अग्नि ! तुम अङ्गिरस्तम हो, कवि हो तथा देवों के कर्मों को अलंकृत करते हो[६२]"। द्वितीया विभक्ति में 'अङ्गिरस्तम' शब्द का प्रयोग जिस मन्त्र में हुआ है उसमें यह प्रार्थना की गई है कि—"अङ्गिरस्तम अग्नि को हमारे संयमपूर्ण यज्ञ प्राप्त हों। वह होता है तथा प्रजाओं में सर्वाधिक यशस्वी है[६३]।"

अग्नि देव के अतिरिक्त इन्द्र, सोम तथा उषा के लिये भी ऋग्वेद में 'अङ्गिरस्तम' विशेषण-प्रयुक्त हुआ है[६४] है—क्योंकि वे भी प्रकाश के देवता हैं तथा आध्यात्मिक व्याख्याताओं के अनुसार क्रमशः दिव्य चेतना, आनन्द तथा प्रकाश के प्रतीक हैं[६५]। ऋग्वेद १. ३१. १ में यह तथ्य स्पष्ट शब्दों में प्रतिपादित किया गया है कि मूलतः अग्नि ही अङ्गिरा है और वही ऋषि भी है। मन्त्र का भाव है—"हे अग्नि ! तुम (आद्य) अङ्गिराः हो, ऋषि हो, देवों में देव हो, कल्याणकारी हो तथा सखा हो। तुम्हारे कर्म में (कर्म के अनुसार) क्रान्त द्रष्टा (दूरदर्शी), ज्ञानयुक्त कर्म वाले तथा तेजस्वी मरुत् प्रकट होते हैं। मरुतों को एक अन्य मन्त्र में सत्य-द्रष्टा,

---

६२. ऋग्वेद १. ३१. २, त्वमग्ने प्रथमो अङ्गिरस्तमः कविर्देवानां परि भूषसि व्रतम्।

६३. ८. २३. १० अच्छा नो अङ्गिरस्तमं यज्ञासो यन्तु संयतः।
होता यो अस्ति विक्ष्वा यशस्तमः॥

६४. द्र० इन्द्र के लिये 'अङ्गिरस्तम' शब्द का प्रयोग ऋग्वेद १. १००. ४; १. १३०. ३ में, सोम के लिये ९. १०७. ६ में तथा उषा के लिये ऋग्वेद ७, ७५. १; ७. ७९. ३ में उपलब्ध है।

६५. द्र० वेदरहस्य पृ० १११-१२, १७२-८०।

तरुण, अमर सत्यवेत्ता, सत्य-श्रोता देव कहा गया है[६६]। स्पष्ट है कि अध्यात्म-साधक की अदम्य शक्ति, जो इन विशेषताओं से युक्त है तथा दैवी संकल्प अथवा भागवत चेतना से सुनियमित होकर अपना कार्य करती है, उसे ही सम्भवतः 'मरुत्' शब्द द्वारा संकेतित किया गया है। यहीं ऋग्वेद १. ३१. २ में पुनः इसी बात को और प्रबल शब्दों में कहा गया है कि "हे अग्ने! तुम प्रथम अङ्गिरस्तम हो, कवि हो, देवों के कर्म को अलंकृत करने वाले हो" इत्यादि।

एक अन्य मन्त्र में अग्नि को 'अङ्गिरसों में ज्येष्ठ' कहा गया है[६७]। ऋग्वेद १० ६७. २ में यह कहा गया है कि "ऋत का शंसन करते हुए ऋजु मार्ग का ध्यान करते हुए, प्राण-शक्ति एवं दिव्यता के पुत्र वीर अङ्गिरस्, प्रेरक बनकर यज्ञ के मूल (अग्नि) का सर्वप्रथम स्तवन करते हैं"।

इस प्रकार, ऋग्वेद के इन स्थलों के अध्ययन से, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि कम से कम ऋग्वेद के इन मन्त्रों में 'अग्नि' तथा 'अङ्गिरस्' शब्द विशेष्य-विशेषणभाव से सम्बद्ध हैं अथवा अङ्गिरस् अग्नि की वह विशेषता है जो अग्नि से ही उत्पन्न होती है। जिन ऋषियों ने इस विशेषता को, दैव्य अग्नि अथवा आत्म-चैतन्य के अंगारे को, जीवन में प्रकट किया, अनुभव किया, चरितार्थ किया, वे भी इसी नाम से प्रसिद्ध हुए, उन्हें भी 'अङ्गिरस्' नाम दिया गया है। ये अङ्गिरस् ऋषि ही कुछ समय बाद पितर कहलाये। अङ्गिरस् ऋषियों का उल्लेख ऋग्वेद में इन्द्र और वृत्र तथा पणि आदि के प्रसंगों में अनेक बार हुआ है, वह अलग विचारणीय विषय है।



---

६६. ऋग्वेद ५. ५७. ८, हये नरो मरुतो मृळा नस्तुवीमघासो अमृता ऋतज्ञाः।
सत्यश्रुतः कवयो युवानो बृहद्गिरयो बृहदुक्षमाणाः॥

६७. ऋग्वेद १. १२७. २, यजिष्ठं त्वा यजमाना हुवेम ज्येष्ठमङ्गिरसां विप्र....।

# वेदव्याख्या में कर्मकाण्ड-सिद्धान्त की भूमिका

डा० कृष्ण लाल

दिल्ली

The ritual explanation and application of each and every mantra of the Vedas even through false etymologies and far-fetched imaginations makes the Vedas more unintelligible. The commentators only followed the tradition of the Brahmaṇas and Kalpa-sūtras. In fact, the true sense of the Vedas can be grasped only by the independent study of the mantra itself.

वेदव्याख्या में कर्मकाण्ड-सिद्धान्त की भूमिका पर्याप्त महत्त्वपूर्ण रही है क्योंकि अधिकांश वेदभाष्यों का आधार यही है। सुप्रसिद्ध भाष्यकार स्कन्दस्वामी, वेंकटमाधव, सायण, उव्वट एवं महीधर यद्यपि कुछ स्थानों पर आधिदैविक और आध्यात्मिक अर्थ भी देते हैं, परन्तु अधिकांशतः उनकी व्याख्या कर्मकाण्ड-परक ही है।

वस्तुतः कर्मकाण्डपरक-व्याख्या की आधारभूमि ब्राह्मण ग्रन्थों में ही निर्मित हो गई थी। ब्राह्मणों का प्रमुख विषय यज्ञ-विद्या की व्याख्या है। श्रौतसूत्रों में जिस जटिल कर्मकाण्ड का सूक्ष्म वर्णन प्राप्त होता है, उसका सूत्रपात ब्राह्मणों में हो चुका था। उसी प्रसंग में ब्राह्मणों में यज्ञ क्रियाओं में मन्त्रों का विनियोग निर्दिष्ट है और उनकी व्याख्या भी की गई है। इन्हें ही हम वेदव्याख्या के प्रथम प्रयास कह सकते हैं। इससे एक बात और स्पष्ट हो जाती है कि संहिताओं और ब्राह्मणों में पर्याप्त कालान्तर है जिससे ब्राह्मणों में मन्त्रों की व्याख्या की आवश्यकता समझी गई। यह भी सम्भव है कि मन्त्रों को कर्मकाण्ड के अनुकूल सिद्ध करने के लिये उनकी विशेष व्याख्या की आवश्यकता पड़ी हो। इससे यह सिद्ध होता है कि व्यापक दृष्टि से यज्ञ-सामान्य के अनुकूल कुछ मन्त्रों के होने पर भी सभी मन्त्र जटिल कर्मकाण्ड के अनुकूल नहीं रहे होंगे। उदाहरणार्थ दर्शपूर्णमास याग के आरम्भ में श० ब्रा० १।७।१।२ में, 'इषे त्वोर्जे त्वा' मन्त्रांश का विनियोग शाखाच्छेदन निमित्त दर्शाया गया है 'तमा-

च्छिनत्ति' परन्तु मन्त्र के शब्दों से ऐसा कोई निर्देश प्राप्त नहीं होता। 'त्वा' को किसी अन्य पदार्थ का प्रतिनिधि भी माना जा सकता है। इसी प्रकार 'द्यौरसि पृथिव्यसि' मन्त्रांश का विनियोग उखा को ग्रहण करने की क्रिया में किया गया है **(अथोखामादत्ते-द्यौरसि पृथिव्यसीति—श० ब्रा० १।७।१।११)** जब कि मन्त्र में ऐसा संकेत नहीं है। इसीलिये इसकी सार्थकता सिद्ध करने के निमित्त कहा गया है कि इस मन्त्र के द्वारा उखा की उपस्तुति करता है, उसका महत्त्व प्रतिपादित करता है।[1] इसके अतिरिक्त **वा० सं०** और **श० ब्रा०** के क्रम में भेद भी ध्यातव्य है। **वा० सं०** का प्रारम्भ **'इषे त्वा'** आदि मन्त्र से होता है जब कि श० ब्रा० में सर्वप्रथम व्रत धारण करने के निमित्त **'अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि' (वा० सं० १।५)** का विनियोग बताया गया है। यदि मन्त्र मूलतः विनियोगार्थ होते तो मन्त्रक्रम और विनियोगक्रम एक ही होने चाहिये थे।

ब्राह्मण ग्रन्थों द्वारा प्रारम्भ किये गये इस मन्त्र विनियोग का और अधिक विस्तार श्रौतसूत्रों तथा गृह्यसूत्रों में हुआ। एक एक सूक्ष्मातिसूक्ष्म यज्ञक्रिया के लिये किसी न किसी प्रकार सम्बद्ध, अप्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध अथवा नितान्त असम्बद्ध कोई न कोई मन्त्र जोड़ा ही गया है। ऐसे स्थानों पर गो० ब्रा० (२।२।६) के उस वचन की भी अवहेलना हो जाती है जिसके अनुसार यज्ञ की समृद्धि इसी बात में है कि उसमें कर्म ऋचा अथवा यजुर्मन्त्र के अनुकूल हो।[2] 'इषे त्वोर्जे त्वा' आदि के उदाहरण ऊपर भी दिये जा चुके हैं। इसी प्रकार आ० श्रौ० (१०।६) में अश्वमेध यज्ञ में सवन के पश्चात् तीन सावित्री इष्टियों का विधान है। उनमें से द्वितीय इष्टि की याज्या के रूप में **'आ देवो यातु सविता'**—इत्यादि[3] का विनियोग किया गया है। यहाँ केवल इसी सावित्री ऋचा के विशेष विनियोग का कोई विशेष औचित्य नहीं दिखाई देता। कुछ गृह्यसूत्रों[4] में वरवधू द्वारा दधि-भक्षणनिमित्त **'दधिक्राव्णोऽकारिषं जिष्णोरश्वस्य वाजिनः'** इत्यादि[5] मन्त्र का विनियोग केवल मन्त्र के आद्य दो अक्षरों के आधार पर किया गया प्रतीत होता है यद्यपि प्रसंगानुसार यह दधिक्रा अश्व के विषय में है और इसका दही से कोई सम्बन्ध नहीं।

सम्भवतया ऐसे विनियोगों को देखकर ही आदित्यदर्शन अपनी **पाकयज्ञविवृति**

---

१. **उपस्तौत्येवैनामेतन्महयत्येव यदाह द्यौरसि पृथिव्यसीति।**

२. **एतद्वै यज्ञस्य समृद्धं यद्रूपसमृद्धं यत् कर्म क्रियमाणमृग्यजुर्वाभिवदति।**

३. **ऋ० ७।४५।१।**

४. **शां० गृ० १।१७।१; का० गृ० २८।५; वा० गृ० १५।२।**

५. **ऋ० ४।३९।६।**

में यह कहने को बाध्य हुआ कि—"प्रायः सभी पुरोहित वेद पढ़ने में लगे रहते हैं, परन्तु कभी भी उसमें से एक शब्द का भी अर्थ नहीं समझते। वेद के पठनमात्र से ही अपने आपको कृतकृत्य समझते हुए वे घर में उसी प्रकार निष्फल गर्जना करते हैं जैसे शरद् ऋतु के मेघ। वे परस्पर एक दूसरे को कहते हैं कि हमें वेद के अर्थ से क्या लेना, और यह कर वेदार्थ ज्ञान में लगे हुए अर्थज्ञ विद्वानों का उपहास करते हैं।"[६]

वेदार्थ के विषय में यह उपेक्षा और मन्त्रों के मूल उद्देश्य से हटकर विनियोग की यह प्रवृत्ति आगे के युग में लगभग वेदव्याख्या पर पूर्णरूपेण छा गई। सम्भवतया इसीलिये स्कन्दस्वामी, उव्वट, वेंकट, महीधर, सायण प्रभृति भाष्यकारों ने अपने भाष्य इस विनियोगपरक कर्मकाण्ड पर आधारित किये हैं और सभी मन्त्रों के अर्थों की संगति येन केन प्रकारेण तत्तत् से बिठाई है। ऐसा करने में बहुधा कठिनाई सामने आई, उन्हें मन्त्रों के शब्दों के दूराकृष्ट अर्थ करने पड़े। इस प्रक्रिया में कई बार कृत्रिम निर्वचनों, कल्पनाओं तथा व्यत्ययों का आश्रय लेना पड़ता है।

उदाहरणार्थ निम्नलिखित मन्त्र लिया जा सकता है—

**स्रक्वे द्रप्सस्य धमतः समस्वरन्**

**ऋतस्य योना समरन्त नाभयः।**

**त्रीन्त्स मूर्ध्नो असुरश्चक्र आरभे**

**सत्यस्य नावः सुकृतमपीपरन्॥** (ऋ० ९।७३।१)

आ० श्रौ० (४।६) का अनुसरण करते हुए सायण ने इस मन्त्र से आरब्ध सम्पूर्ण सूक्त का विनियोग सोमयाग से पूर्व प्रवर्ग्य में अभिष्टव के अन्तर्गत निर्दिष्ट किया

---

६. **इहैतेच्छान्दसाः प्रायः सर्वे वेदमधीयते।**
**पदमप्येकमेतस्मान्न बुध्यन्ते कदाचन॥**
**पाठमात्रेण वेदस्य मन्यमानाः कृतार्थताम्।**
**गर्जन्ति श्रोत्रिया गेहे निष्फलं शरदभ्रवत्॥**
**अर्थेन किं नो वेदस्य वदन्ति इति ते मिथः।**
**अर्थज्ञानसमासक्तानर्थज्ञान् विहसन्ति च।**

(पं० मधुसूदन कौल द्वारा लौगाक्षिगृह्यसूत्र की भूमिका (पृ० ७-८) में पाण्डुलिपि से उद्धृत)।

है ।[७] तदनुसार सृक्व (ओष्ठप्रान्त) को यज्ञ का जबड़ा या अधिषवण फलक बताया है ।[८] ऋत का अर्थ यज्ञ बताया है, और 'नाभयः' सोमरस है ।[९] नाभि के सोमरस होने का कोई आधार नहीं बताया गया । तृतीय पाद का अर्थ यह किया गया है—'मनुष्यों, देवों आदि के संचरण के लिये सोम तीन ऊँचे लोकों को बनाता है'।[१०] अन्तिम पाद में "सत्यस्य नावः" का अर्थ करने के लिये सायण ने पहले तो सत्य को सोम बताया है और फिर नावः' को नौका के समान रखी हुई चार आदित्य, आग्रयण, उक्थ्य और ध्रुव हाँडियाँ ( स्थालियाँ ) बताया है ।[११] दूसरी ओर इसका सीधा सा अर्थ "सत्य की नौकायें" अर्थात् सत्यरूपी नौकायें (शोभन कार्य करने वाले को पार करती हैं, जीवन में सफल बनाती हैं)" होगा ।

इसी सूक्त के नवम् मन्त्र के निम्नलिखित पूर्वार्ध का सायणभाष्य भी ध्यान देने योग्य है—

> ऋतस्य तन्तुर्विततः पवित्र आ
> जिह्वाया अग्रे वरुणस्य मायया ।

सायण के अनुसार प्रथम पाद का अर्थ होगा—'सत्यरूप यज्ञ का विस्तारक (सोम) वस्त्र के छलने में फैला हुआ है ।'[१२] ऋत का अर्थ सत्य और यज्ञ सर्वथा सीधा न होते हुए भी किसी प्रकार संगत हो जाता है । परन्तु द्वितीय पाद के अर्थ में सायण को अर्थ सिद्ध करने में कठिनाई का अनुभव करना पड़ा है । उसने निम्नलिखित रूप में व्याख्या की है —'सोम वरुण की जिह्वा के आगे माया अर्थात् कर्म से स्थित है । वरुण की जिह्वा के आगे जल रहता है । उस जल में सोम रहता है, इस प्रकार वसतीवरी आदि जल में स्थित है, यह अर्थ हुआ ।'[१३] अब यहाँ वरुण की

---

७. प्रवर्ग्येऽभिष्टव एतत् सूक्तम् ।

८. सृक्वे यज्ञस्य हनुस्थानीये.....अधिषवणफलके ।

९. ऋतस्य सत्यभूतस्य यज्ञस्य.....नाभयः सोमरसाः ।

१०. सोमः समुच्छ्रितांल्लोकान् मनुष्यदेवादीनां सञ्चरणाय करोति ।

११. सत्यस्य सत्यभूतस्य सोमस्य नावो नौका इव स्थिताश्चतस्रः स्थाल्यः आदित्याग्रयणोक्थ्यध्रुवस्थाल्य इति ।

१२. ऋतस्य सत्यभूतस्य यज्ञस्य तन्तुस्तनिता पवित्रेऽविवालमये दशापवित्रे विततो विस्तृतः ।

१३. वरुणस्य जिह्वाया अग्रे मायया कर्मणा आ । आस्थितः । वरुणजिह्वाग्र आपस्तिष्ठन्ति । तासु सोमो वसतीति वसतीवर्याद्युदकेषु स्थित इत्यर्थः ।

जिह्वा की उपर्युक्त व्याख्या सायण ने इन शब्दों के यौगिक अथवा रूढ़ दोनों अर्थों की अवहेलना करके कर दी है। वरुण की जिह्वा क्या है, उसके अग्रभाग में जल कैसे होगा—इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं है।

इसी प्रकार **अथर्ववेद** पर सायणभाष्य का एक उदाहरण उपलक्षणार्थ लिया जा सकता है। **अथर्व०** २।२७ में पाठा नामक ओषधि की स्तुति है और उससे शत्रुओं को पराजित करने, विवाद के समय उन्हें शुष्ककण्ठ करने (परिणामतः प्रार्थी के कण्ठ को सशक्त करने) और विरोधी से उत्कृष्ट बनाने की प्रार्थना की गई है। स्पष्ट है कि पाठा का औषध-गुण कण्ठ को शक्ति प्रदान करने वाला है। इस प्रसंग में आयुर्वेदिक ग्रन्थ **भावप्रकाशनिघण्टु** द्रष्टव्य है जहाँ पाठा को कटु, तीक्ष्ण, वायु और श्लेष्मा का हरण करने वाली, हल्की, वेदना, ज्वर, वमन, कुष्ठ, अतिसार, हृदयरोग, दाह, खुजली, विष, श्वासरोग, कीड़ों, गुल्मों आदि के व्रणों को नष्ट करने वाली बताया गया है।[१४] इन गुणों में से वायु और श्लेष्मा का हरण तथा श्वास रोग का नाश, ये दोनों गुण वादविवाद से सम्बद्ध हैं क्योंकि इन रोगों से युक्त व्यक्ति में अधिक तथा ऊंचे स्वर में बोलने की क्षमता में कमी आ जाती है। स्वाभाविक रूप से पाठा का भक्षण द्वारा सेवन करने वाले व्यक्ति को वह (पाठा) प्रभावित करेगी। परन्तु सायण ने इस औषध गुण की उपेक्षा करके केवल **कौशिकसूत्र** के आधार पर इस सूक्त (**अथर्व०** २।२७) का विनियोग पाठा की जड़ को पीस कर बाँधने तथा सिर पर बाँधने के लिये पाठा के सात पदों से बनाई गई माला के अभिमन्त्रण के लिये बताया है।[१५] इन विनियोगों से इस सूक्त के प्रति जादू टोने की भावना जागृत होती है। वस्तुतः सूक्त के मन्त्रों में कहीं भी ऐसा संकेत नहीं है। एक मन्त्र में तो स्पष्ट ही इन्द्र द्वारा इसके भक्षण का उल्लेख है।[१६] इसके अतिरिक्त यह सर्वविदित है कि कालसूक्त (**अथर्व०** १९।५३) विशुद्ध दार्शनिक सूक्त है, परन्तु कर्मकाण्ड के मोह में सायण ने **अथर्व-परिशिष्ट** के आधार पर इसका विनियोग सुवर्णभूषण या भूमि के दान के प्रसंग में आज्यहोम की आहुतियों के लिये किया है।[१७] किन्तु सूक्त की

---

१४. पाठोष्णा कटुका तीक्ष्णा वातश्लेष्महरी लघुः। हन्ति शूलज्वरच्छर्दिकुष्ठातिसारहृद्रुजः। दाहकण्डुविषश्वासकृमिगुल्मगरव्रणान्॥ गुडुच्यादिवर्ग—१९१-९२।

१५. एवं पाठामूलं सम्पात्य अनेनाभिमन्त्र्य बध्नीयात्। एवमेवानेनाभिमन्त्रितां पाठामालां सप्तभिः पत्रैर्विरचितां शिरसि धारयेत्। (कौशिक० ३८-१८-२१)

१६. पाटामिन्द्रो व्याऽश्नादसुरेभ्यस्तरीतवे।

१७. कालो अश्वो वहतीति सूक्तद्वयस्य सौवर्णभूमिदाने आज्यहोमे विनियोगः, उक्तं हि परिशिष्टे अन्वारभ्याथ जुहुयात् कामसूक्तं कालसूक्तं पुरुषसूक्तम्। (अथर्व० परि० १०।१)।

सम्पूर्ण व्याख्या सायण को दार्शनिक ढंग से ही करनी पड़ी, वहाँ उक्त विनियोग तिरोहित हो गया।

उव्वट तथा महीधर को **वाजसनेयीसंहिता** के भाष्य में कर्मकाण्ड का अत्यधिक आग्रह होने के कारण कई बार अनोखी कल्पनायें करनी पड़ी है। पूर्वोद्धृत मन्त्र **'द्यौरसि पृथिव्यसि'** (वा० सं० १।२) का विनियोग उखाग्रहण के लिये बता कर उसकी संगति बिठाने के लिये उव्वट और महीधर कहते हैं कि द्युलोक में प्राप्त जल से निर्मित होने के कारण वह द्यौः है और पृथिवी से प्राप्त मिट्टी द्वारा निर्मित होने के कारण वह पृथिवी है।[१८]

आगे चलकर (वा० सं० १।४ में) आज्य के निमित्त दही जमाने के प्रसंग में **'इन्द्रस्य त्वा भागं सोमेनातनच्मि'** का विनियोग बताया गया है। अब मन्त्र में जमाने का साधन सोम उल्लिखित है। परन्तु महीधर के अनुसार सोम दही जमाने के लिये प्रयुक्त नहीं होता और उससे दही जमना सम्भव भी नहीं। वस्तुतः दधिशेष ही आतञ्चनार्थ प्रयुक्त होता है। अतः महीधर को कहना पड़ा कि सोम की भावना यजमान के मन में होने के कारण दही का ही सोमत्व हो जाता है। भावना के लिये उसने **वसिष्ठ स्मृति** का वचन उद्धृत किया है कि भावना के आधार पर ही कोई मित्र या शत्रु हो जाता है।[१९] वस्तुतः मन्त्र का उद्देश्य विनियोग न होने के कारण ही महीधर को इतना प्रयास करना पड़ा है।

कर्मकाण्डपरता की पराकाष्ठा और तदनुसार कृत्रिम निर्वचन का एक रोचक उदाहरण **वा० सं०** १।१६ के 'कुक्कुटोऽसि' शब्दों के उव्वट तथा महीधर के भाष्य में प्राप्त होता है। **का० श्रौ०** (२।४।१५) के प्रमाण पर जिस सिलबाट पर चावल पीसे जाते हैं उन्हें शम्या से टकराने के लिये ये शब्द विनियुक्त हैं। कुक्कुट के सामान्य लोक प्रसिद्ध अर्थ की संगति इस विनियोग से नही होती, अतः संगति बताने के लिये दो कृत्रिम निर्वचन दिये गये हैं। प्रथम के अनुसार असुरों के नाश के लिये असुर विनाशक कटु शब्द का विस्तार करता है, अतः शम्यारूप आयुध

---

**१८. उव्वट—सा यद्दिवोऽवयवभूतेनोदकेन क्रियते तेन द्यौरित्युच्यते। यत्पृथिव्यवयवभूतया मृदा क्रियते तेन पृथिव्युच्यते।**

**१९. यद्यप्यत्रातञ्चनहेतुर्दधिशेषस्तथापि भावनया तस्यैव सोमत्वं संपाद्यते। यथा कश्चित् पुमान् बन्धुत्वेन भावितो बन्धुर्भवति प्रातिकूल्येन भावितः शत्रुश्च। तदुक्तं वसिष्ठेन बन्धुत्वे भावितो बन्धुः परत्वे भावितः परः। विषामृतदृशैवेह स्थितिर्भावनिबन्धिनी॥**

कुक्कुट है (कुक् + कुट्)। दूसरे निर्वचन में क्व से सम्प्रसारण की कल्पना करके बताया गया है कि शम्या कुक्कुट है क्योंकि वह असुर नामक शब्द करता हुआ यह बोलता हुआ इधर उधर घूमता है कि 'कहाँ है असुर, कहाँ है असुर ?'[२०] (क्व + क्व + अट्)।

इन उदाहरणों से यह अत्यन्त स्पष्ट हो जाता है कि किस प्रकार कर्मकाण्ड-परक व्याख्या को मन्त्रानुकूल बनाने के लिये उद्भावनाओं, कल्पनाओं एवं कृत्रिम निर्वचनों का आश्रय लेना पड़ता है।

यास्क के समय तक भी याज्ञिकों अथवा कर्मकाण्डानुसार वेद की व्याख्या करने वालों का प्रतिष्ठित सम्प्रदाय विकसित हो चुका था। अनेक स्थानों पर यास्क ने 'याज्ञिकों' का उल्लेख किया है। परन्तु कहीं कहीं अत्यल्प स्थलों पर व्याख्या के लिये कर्मकाण्ड के प्रति संकेत भर किया है। उदाहरणार्थ नि० २।११ में व्याख्यात मन्त्र **'आर्ष्टिषेणो होत्रमृषिर्निषीदन्'** आदि (ऋ० १०।९८।५) की भूमिका के रूप में यास्क ने इसे 'वर्षकाम सूक्त' बताया है।[२१] अन्यथा अधिकतर यास्क ने याज्ञिकों के मत को पूर्वपक्ष में रखकर उनकी आलोचना ही की है। उदाहरणार्थ अनादिष्ट-देवता मन्त्रों के प्रसंग में (नि० ७।४) यज या यज्ञांग के देवता को मन्त्र का देवता बताने के पश्चात् भी उसने यज्ञ के अतिरिक्त मन्त्रों का प्रश्न उठाया है।[२२] इससे यास्क की यह दृष्टि स्पष्ट है कि सभी मन्त्रों का विनियोग नहीं होता और बहुत से मन्त्र कर्मकाण्ड की परिधि से बाहर हैं। इसी प्रश्न के उत्तर में याज्ञिकों का पक्ष 'कि ये मन्त्र प्राजापत्य हैं' पूर्वपक्ष के रूप में उद्धृत करके अन्त में जो अपना मत 'यज्ञ सम्बन्धी देवता अर्थात् अग्नि देवता वाले हैं वे मन्त्र'[२३] दिया है वह अग्नि को व्यापक मानकर दिया है। इसी प्रकार वैश्वानर पर विचार करते हुए (नि० ७।२३)

---

२०. **कुकं कुत्सितं शब्दमनुरघ्नमसुराणां कुटति तनोतीति कुक्कुटः।**
**उव्वट—असुरघ्नीं वाचमुपादाय क्व, क्व असुरा एवं, योऽटति असौ कुक्कुटः।**
**महीo—असुराः क्व क्वेति तान् हन्तुमिच्छन्योऽटति सर्वत्र संचरति स कुक्कुटः।**

२१. **तस्यैतद् वर्षकामसूक्तम्।**

२२. **यद्देवतः स यज्ञो वा यज्ञांगं वा, तद्देवता भवन्ति। अथान्यत्र यज्ञात्।**

२३. **प्राजापत्या इति याज्ञिकाः...... ...याज्ञदैवतो मन्त्र इति।**

**द्र० दुर्ग—याज्ञो वा दैवतो वा; विष्णुर्वै यज्ञ इति ह विज्ञायते। अवशिष्टं हि देवतात्वमग्नावेव। सर्वदेवताभिवादात् 'अग्निर्वै सर्वा देवता' इति ह विज्ञायते।**

पूर्व पक्ष के रूप में 'वैश्वानर वह सूर्य है' यह याज्ञिकों का मत दिया है तथा उसकी युक्तियाँ दी हैं, परन्तु वहीं आगे चलकर उन युक्तियों का खण्डन करके वैश्वानर को यही अग्नि सिद्ध किया है। यास्क ने उदारहृदय से त्रिविध प्रक्रिया का आश्रय लेकर निरुक्त के आधार पर मन्त्रों की व्याख्या की है। यास्क के अनुसार मन्त्रों का प्रतिपाद्य मुख्यतया अध्यात्म ही है, वही उनका फल है। इसीलिये उसने कहा है कि वाणी का पुष्प और फल (वेद-) वाणी का अर्थ है। ये पुष्प और फल क्रमशः आधियाज्ञिक और आधिदैविक विज्ञान अथवा आध्यात्मिक विज्ञान है।[२४] यहाँ अन्ततः अध्यात्म को फल बताकर यास्क ने अध्यात्म के प्रति अपना झुकाव प्रकट कर दिया है। और इसीलिये उसने आगे चलकर देवता के महान् ऐश्वर्य की बात-बताकर कहा है कि एक ही आत्मा की अनेक रूपों में स्तुति होती है।[२५]

पं० भगवद्दत्त के शब्दों में, 'वेद का प्रतिपाद्य विषय अधिदैवत और अध्यात्म ही है। आधिदैविक अर्थ की भी परिणति अध्यात्म में ही होती है। इन दोनों अर्थों में भी अध्यात्म अर्थ प्रधान है। वेद का यही आध्यात्मिक विचार परा-विद्या है।'[२६]

विनयतोष भट्टाचार्य के मतानुसार तो वैदिक ज्ञान का कर्मकाण्ड अथवा यज्ञों से लेशमात्र भी सम्बन्ध नहीं है, वेद सृष्टि का, उसकी उत्पत्ति, रक्षा और संहार का ज्ञान प्रसारित करता है और इस सर्वोच्च दर्शन का विश्लेषण करता है जो उन शाश्वत प्रश्नों पर प्रकाश डालने के लिये प्रयत्नशील हैं जिनमें प्रत्येक देश तथा प्रत्येक युग में मनुष्य की गहन रुचि रही है।[२७] कर्मकाण्ड से सम्बद्ध न होने का

---

२४. अर्थं वाचः पुष्पफलमाह—याज्ञदैवते पुष्पफले देवताध्यात्मे वा।
(नि० १।२०)

२५. महाभाग्याद्देवताया एक आत्मा बहुधा स्तूयते।.....आत्मा सर्वं देवस्य।
(नि० ७।४)

२६. वैदिक वाङ्मय का इतिहास, भाग—२ (१९७६) पृ० १९।

२७. हरिबाबा पुराणिक कृत सूक्तार्थमुक्तावली की भूमिका।

"This (Vedic) knowledge can thus have no reference to Karmakaṇḍa or sacrifices; the Vedas seem to disseminate a knowledge of the creation, its origin, protection and destruction, and treats of the highest philosophy, which seeks to throw llght on those eternal questions in which man in every country and in every age is deeply interested."

अभिप्राय वस्तुतः यही होना चाहिये कि वेद मन्त्र प्रत्येक सूक्ष्म जटिल कर्मकाण्डीय कृत्य से सम्बद्ध नहीं है, व्यापक सामान्य जटिलताओं रहित यज्ञ तथा यज्ञभावना से तो वेदमन्त्रों का सम्बन्ध स्पष्ट हीं है। दूसरे शब्दों में प्रत्येक जटिल यज्ञकृत्य में मन्त्रों का विनियोग करके उनकी एकान्तिक कर्मकाण्डीय व्याख्या में कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं जिन्हें सुलझाने के लिये कृत्रिम एवं काल्पनिक दूराकृष्ट व्याख्याओं का आश्रय लेना पड़ता है। ये उपाय अवैज्ञानिक तथा तर्कहीन भी होते हैं और उनसे दुरूहता उत्पन्न होती है। परन्तु किसी अन्य इनसे पूर्ववर्ती व्याख्या के अभाव में इन कर्मकाण्डीय व्याख्याओं की उपादेयता का अवमूल्यन भी नहीं किया जा सकता। वस्तुतः इन व्याख्याकारों ने ब्राह्मणों और कल्प-सूत्रों की परम्परा का पालन किया और मन्त्रों को पूर्णतया दुर्बोध होने से बचा लिया। **'क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिः'** इत्यादि जैसे जो मन्त्र यज्ञकृत्यों से सीधे सम्बद्ध प्रतीत होते हैं उनके विनियोगों के स्पष्टीकरण के द्वारा उनकी कर्मकाण्डीय व्याख्या तो उनका अर्थ स्पष्ट कर ही देती है। किन्तु सभी मन्त्रों को बलात् कर्मकाण्ड की नौका पर चढ़ाकर व्याख्या करने से दुर्बोधता और अवैज्ञानिकता उत्पन्न होती है। मन्त्रों की भावना कल्पसूत्रों से नहीं, जितना सम्भव हो मन्त्रों से ही समझने का प्रयास करना श्रेयकर है।



# स्वस्वामिभाव

पं० बदरीनाथ शुक्ल

वाराणसी

The author in this paper has discussed the nature of स्वत्व and स्वामित्व. यथेष्टविनियोगकर्मत्वयोग्यता is स्वत्व and यथेष्टविनियोगकर्तृत्व-योग्यता is स्वामित्व ।

स्व और स्वामिभाव का अर्थ है स्वत्व और स्वामित्व । यह धन और धनी के मध्य का सम्बन्ध है । स्वत्व धन में रहता है और स्वामित्व धनी में रहता है । 'चैत्रस्य धनम्' (चैत्र का धन) इसमें चैत्र शब्द से लगी षष्ठी विभक्ति 'स्य' का अर्थ है स्वत्व किं वा स्वामित्व । षष्ठी के स्वत्व अर्थ में चैत्र का निरूपितत्व सम्बन्ध से और स्वत्व का धन में आश्रयता सम्बन्ध से अन्वय होने से 'चैत्रस्य धनम्' का अर्थ होता है चैत्र निरूपित स्वत्व का आश्रय धन । षष्ठी के स्वामित्व अर्थ में चैत्र का अन्वय होता है निष्ठत्व सम्बन्ध से, और स्वामित्व का धन में अन्वय होता है निरूपकता सम्बन्ध से । अतः 'चैत्रस्य धनम्' का दूसरा अर्थ होता है चैत्रनिष्ठ स्वामित्व का निरूपक धन । यदि स्वत्व और स्वामित्व सम्बन्ध न हो तो 'चैत्रस्य धनम्' में षष्ठी विभक्ति से उसका बोध नहीं होगा, क्योंकि 'चैत्रस्य धनम्' में चैत्र शब्द से सम्बन्ध अर्थ में ही षष्ठी सम्भव है ।

स्वत्व और स्वामित्व का विचार करने पर अपने सम्बन्धी से पृथक् उसका अस्तित्व नहीं सिद्ध होता । जैसे स्वत्व का अर्थ है यथेष्ट विनियोग कर्मत्वयोग्यता । मनुष्य जिस वस्तु का अपनी इच्छा के अनुसार विनियोग कर सके, जो वस्तु मनुष्य की इच्छा के अनुसार विनियुक्त की जा सके, उसी को मनुष्य का स्व-अपना कहा जाता है । यह क्रय-प्रतिग्रह विनिमय, वेतन, अधिकार के स्थानान्तरण आदि से उत्पन्न होता है विक्रय दान आदि से इनकी निवृत्ति होती है । जैसे चैत्र मैत्र से गौ का क्रय करता है । मैत्र चैत्र के हाथ अपनी गौ का विक्रय करता है । विक्रय से गौ में मैत्र के स्वत्व की निवृत्ति और क्रय से उस गौ में चैत्र के स्वत्व की उत्पत्ति होती है । राजा ब्राह्मण को गौ का दान करता है, ब्राह्मण राजा से गौ का प्रतिग्रह करता है ।

दान से गौ में राजा के स्वत्व की निवृत्ति और प्रतिग्रह से ब्राह्मण के स्वत्त्र की उत्पत्ति होती है ।

विचारणीय है कि स्वत्व-यथेष्ट विनियोग कर्मत्व योग्यता क्या है ? जिसकी उत्पत्ति और निवृत्ति क्रय, विक्रय आदि द्वारा गौ में सम्पन्न होती है, उसे द्रव्य मानने पर गौ आदि अन्तिम अवयवी में उसकी उत्पत्ति नहीं हो सकती, गुण कर्म आदि में भी उसका समावेश सम्भव प्रतीत नहीं होता है क्योंकि जो गुण और कर्म प्रमाण सिद्ध है क्रय विक्रय आदि से उनकी उत्पत्ति निवृत्ति नहीं होगी । अतः यही कहना होगा कि, यतः क्रय आदि के बाद क्रीत वस्तु क्रय कर्ता के यथेष्ट विनियोग के योग्य बनती है अतः क्रीत वस्तु में क्रयोत्तरकाल का तथा प्रतिगृहीत वस्तु में प्रतिग्रहोत्तरकाल का सम्बन्ध ही स्वत्व है । वस्तु और काल का कालिक सम्बन्ध होता है । कालिक सम्बन्ध का स्वरूप से भिन्न न होने के कारण स्वरूप सम्बन्ध विशेष कहा जाता है । विक्रय से विक्रय की जाने वाली वस्तु में विक्रयकर्त्ता के पहले से विद्यमान क्रयोत्तर सम्बन्ध रूप स्वत्व की निवृत्ति होती है, और क्रय से क्रय की जाने वाली वस्तु में नये क्रय कर्त्ता के क्रयोत्तरकाल सम्बन्ध रूप स्वत्व की उत्पत्ति होती है ।

स्वत्व के उक्त स्वरूप के सम्बन्ध में यह प्रश्न होता है कि किसी वस्तु में विद्यमान किसी व्यक्ति के क्रयोत्तर काल सम्बन्ध रूप स्वत्व की निवृत्ति विक्रय से नहीं हो सकती, क्योंकि विक्रेता द्वारा पूर्व में किये गये उस वस्तु के क्रय का उत्तरत्व आगामी सभी कालों में रहेगा, अतः विक्रय काल और उसके बाद का सभी काल विक्रेता के क्रय का उत्तर काल होगा, और उसका सम्बन्ध विक्रीत वस्तु के साथ बना ही रहेगा । इसका उत्तर यह है कि क्रय आदि से किसी वस्तु में क्रेता का स्वत्व तब तक रहता है, जब तक किसी अन्य मनुष्य के हाथ क्रेता उसका विक्रय नहीं कर देता । अतः स्वत्व की परिभाषा इस प्रकार होगी कि अमुक वस्तु में अमुक मनुष्य का स्वत्व है । अमुक मनुष्य द्वारा अमुक वस्तु के क्रय के उत्तर और उसके द्वारा अन्य मनुष्य के हाथ उस वस्तु के विक्रय के अनुत्तर काल का अमुक वस्तु के साथ सम्बन्ध ।

इस बात को शास्त्रीय शब्दों में इस प्रकार कहा जा सकता है । तन्निरूपित स्वत्व का अर्थ है, तत्कर्तृकक्रयविशिष्ट सम्बन्ध । सम्बन्ध में क्रयवैशिष्टय स्वकर्म प्रतियोगिकत्व स्वविशिष्टकालानुयोगिकत्व उभय सम्बन्ध से, काल में स्व स्व का वैशिष्टय स्वोत्तरत्व स्वविशिष्टविक्रयानुत्तरत्व उभय सम्बन्ध से, विक्रय में स्व-वैशिष्टय स्वसमानकर्मकत्व, स्वसमानकर्तृकत्व उभय सम्बन्ध से विक्रय कर देने पर उस वस्तु का क्रयोत्तर काल विक्रयादनुत्तरकाल नहीं होता । अतः विक्रयानुत्तरत्व की निवृत्ति होने से उससे विशिष्ट विक्रेता के क्रयोत्तर काल की निवृत्ति होने से

उक्तविशिष्ट कालसम्बन्धरूप विक्रेता के स्वत्व की निवृत्ति में विक्रय साध्यता निर्विवाद है।

स्वामित्व के स्वरूप का अवधारण स्वत्व के स्वरूप पर निर्भर होने से स्वत्व के स्वरूप वर्णन से अनायास सम्पन्न हो जाता है। जैसे यथेष्ट विनियोग कर्मत्व-योग्यता स्वत्व है और यथेष्ट विनियोगकर्तृत्वयोग्यता स्वामित्व है। जिस वस्तु का यथेष्ट विनियोग करने को जो अधिकृत होता है वह उस वस्तु का स्वामी कहा जाता है अतः किसी वस्तु का यथेष्ट विनियोग करने के लिये अधिकृत होना ही उस वस्तु का स्वामित्व है और किसी वस्तु का यथेष्ट विनियोग करने के लिये अधिकृत होने का अर्थ है उस वस्तु का यथेष्ट विनियोग करने पर अपराधी न होना, इस प्रकार अमुक वस्तु के स्वामित्व का अर्थ है—अमुक वस्तु का यथेष्ट विनियोग करने पर भी अपराधराहित्य। क्रय आदि द्वारा वस्तु में स्वत्व के सम्पादन से इसकी प्राप्ति होती है। उक्त स्वत्व और स्वामित्व भी अपने सम्बन्धी से भिन्न न होते हुए सम्बन्ध कार्य-कारी होने से स्वरूप सम्बन्ध की ही श्रेणी में आते हैं।

—१०—

# श्रृङ्गार-रसाभास

प्रो० चण्डिका प्रसाद शुक्ल

इलाहाबाद

According to Bharata, the *hāsya*, *karuṇa*, *adbhuta* and *bhayānaka* rasas are respectively the by-products of four basic rasas—the *śṛṅgāra*, *raudra*, *vīra* and *bībhatsa*. The author contends that this statement only propounds the theory of *rasābhāsa* which was further elaborated by the later ācaryas, whose views have been presented in this article.

नाटयशास्त्र में भरत ने चार मौलिक अथवा मुख्य एवं चार गौण रसों का विवेचन किया है। श्रृङ्गार, रौद्र, वीर और बीभत्स—ये चार मौलिक रस हैं। इन्हीं से क्रमशः हास्य, करुण, अद्भुत तथा भयानक इन चार गौण रसों की उत्पत्ति होती है।[1] इस प्रकार उन्होंने श्रृंगार से हास्य की उत्पत्ति बताई है। वस्तुतः जब श्रृंगार की नकल की जाती है तब श्रृंगार नहीं रहता। वहाँ स्वभावतः हास्यरस समुत्पन्न होता है। अर्थात् श्रृंगार की अनुकृति हास्य का विभाव है। इसी प्रकार रौद्र का जो कर्म अथवा चेष्टा होती है उसका पर्यवसान अथवा फल करुण में होता है, अर्थात् रौद्र करुण का विभाव है। वीर की चेष्टाएँ अद्भुत पैदा करती हैं। अर्थात् वीर अद्भुत का विभाव है और बीभत्स को देखकर स्वभावतः भय उत्पन्न होता है, अर्थात् बीभत्स, भयानक का विभाव है।[2] (यद्यपि भोज ने भरत के इस

---

१. तेषामुत्पत्तिहेतवश्चत्वारो रसाः। तद्यथा—श्रृंगारो रौद्रो वीरो बीभत्स इति। अत्र—

श्रृङ्गाराद्धि भवेद्धास्यो रौद्राच्च करुणो रसः।
वीराच्चैवाद्भुतोत्पत्तिर्बीभत्साच्च भयानकः॥—ना० शा० ६।३९

२. श्रृङ्गारानुकृतिर्या तु स हास्यस्तु प्रकीर्तितः।
रौद्रस्यैव च यत्कर्म स ज्ञेयः करुणो रसः॥
वीरस्यापि च यत्कर्म सोऽद्भुतः परिकीर्तितः।
बीभत्सदर्शनं यत्र ज्ञेयः स तु भयानकः॥—वही ६।४०, ४१

सिद्धान्त का विरोध किया है। उनका कहना है कि इस सिद्धान्त में अन्वय-व्यतिरेक दोनों रूप से व्यभिचार दोष उपस्थित होता है, क्योंकि यदि शृंगार की अनुकृति से हास्य है, तो वीर की अनुकृति को भी हास्य कहा जाना चाहिये, क्योंकि वह भी हास्य का विभाव है।[३] यद्यपि भरत के पूर्वोक्त सिद्धान्त को कुछ आधुनिक विद्वानों ने भी कोई अधिक महत्त्व नहीं दिया, और उनके अनुसार 'भरत का यह पूर्वोक्त कथन रसों के परस्पर सम्बन्ध की दृष्टि से केवल एक प्रकार की अध्ययन-दृष्टि की ओर संकेत करता है कि किस प्रकार भाव एक दूसरे से सम्बन्धित रहते हैं और किस प्रकार एक भाव दूसरे भाव तक पहुँचता है'[४] आदि। किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि इस रूप में भरत ने रसाभास के ही सिद्धान्त की अवतारणा की है। इस प्रसंग में अभिनव ने अपनी मौलिक व्याख्या प्रस्तुत की है। उनका मत है कि प्रत्येक रस का आभास अन्ततः हास्य में परिणत हो जाता है, क्योंकि आभास एक प्रकार से विकृत रूप ही होता है और विकृति हास्य का मूल आधार है। अनुचित विषय में स्थायी की प्रवृत्ति उसकी विकृति है जिससे प्रमाता का हास्य ही उद्‌बुद्ध होता है। किन्तु यह रसास्वादन प्रक्रिया में पश्चाद्‌वर्ती स्थिति है—हास्य की अनुभूति अनौचित्य का ज्ञान होने पर ही होती है, उससे पूर्व शृंगारादि रसों की अस्थायी प्रतीति हो लेती है। इस प्रकार आरम्भ में सहृदय शृंगाराभास आदि का अनुभव करता है और परिणति में हास्य रस का। आभास कहते हैं प्रतिबिम्ब आदि के समान अवास्तव स्वरूप को, जैसे शुक्ति में रजत के स्वरूप की प्रतीति रजत का आभास है। यह एक प्रकार से अतद् में तद् की प्रतीति रूप है। किन्तु जिस क्षण यह प्रतीति होती है उस क्षण तो वास्तविक ही रहती है—उसका मिथ्यात्व तो बाद में भासित होता है। इस प्रकार जहाँ रस या भाव अवास्तविक होते हुए भी पहले तो वास्तविक ही प्रतीत हों और बाद में अवास्तविक, वहाँ उन्हें रसाभास अथवा भावाभास कहा जायगा। अतः भरत ने शृंगार की अनुकृति को हास्य रस ठीक ही कहा है।[५] **नाट्यशास्त्र** की इस पूर्वोक्त पंक्ति का उल्लेख करते हुए अभिनव कहते हैं कि भरत का यह अनुकृति शब्द 'आभास' का ही पर्यायवाची है।[६] बाद में इस प्रश्न पर परवर्ती आचार्यों ने विस्तार से विचार किया। उद्‌भट ने यद्यपि आभास के लक्षण

---

३. अथोच्यते—शृंगारानुकृतिर्येह स हास्यरस इष्यते। तर्हि वीरस्यानुकृतिर्या हि सोऽपि हास्य इतीष्यताम्।—शृ० प्र०, भाग २।

४. एन० ओ० आर० में डा० राघवन्।

५. ना० शा० ६।४०

६. एतच्च शृंगारानुकृतिशब्दं प्रयुञ्जानो मुनिरपि सूचितवान्। अनुकृतिरमुख्यता आभास इति ह्येकोऽर्थः ॥—'लोचन', पृ० १७८-१७९

का अलग से उल्लेख नहीं किया है, किन्तु ऊर्जस्वि अलंकार का लक्षण वही किया है जो बाद के मम्मट आदि ने रसाभास-भावाभास का माना है। उनका कहना है है कि 'काम, क्रोध आदि के कारण अनुचित प्रवृत्त रसों तथा भावों को ऊर्जस्वि अलंकार कहते हैं।[७] सम्भवतः यही उद्भट का रसाभास भी था, क्योंकि रसाभास की सत्ता तो वे मानते ही थे, जैसा कि समाहित अलंकार के लक्षण में उन्होंने इसका उल्लेख किया है।[८] रुद्रट ने केवल श्रृंगाराभास का विवेचन किया है और अपने विरक्त के प्रति किसी के रक्त होने अथवा रति भाव होने को उसका लक्षण बताया है, साथ ही यह भी कहा है कि श्रृंगाराभास उत्तम प्रकृतियों (आभाष्य) में नहीं प्रयुक्त किया जाना चाहिये।[९] आनन्दवर्धन ने असंलक्ष्यक्रम ध्वनि के प्रसंग में रसाभास एवं भावाभास की भी गणना की है।[१०] तथा उसमें भी प्रधान रूप से व्यंग्यता होने से, ध्वनिकाव्यता का सद्भाव बताया है।[११] किन्तु इनकी आभासता कब माननी चाहिये, उसके क्या लक्षण हैं, इत्यादि प्रश्नों पर उन्होंने कोई विचार नहीं किया, सम्भवतः रुद्रटवाला 'विरक्ते-रक्तः' आदि लक्षण इन्हें स्वीकृत था। अभिनव ने ध्वन्यालोक की पूर्वोक्त कारिका के प्रसंग में विभाव की आभासता होने पर रत्यादि स्थायिओं की चर्वणाभासता मानी है तथा उसे रसाभासता का विषय बताया है।[१२] वस्तुतः इसमें रति की कामना या अभिलाषा मात्र होती है, जो स्थायिस्वरूप नहीं अपितु व्यभिचारि मात्र है। किन्तु उसका अनुभव करने वाले सहृदय को स्थायिभाव-सी प्रतीति होती है। रस रत्याभास या व्यभिचारिभावरूप-

---

७. अनौचित्यप्रवृत्तानां कामक्रोधादिकारणात्।
भावानां च रसानां च बन्ध ऊर्जस्वि कथ्यते।—का० सा० सा० ४।७॥

८. रसाभाव-तदाभासवृत्तेःप्रशमबन्धनम्।
अन्यानुभावनिःशून्यरूपं यत्तत्समाहितम्। वही

९. श्रृंगाराभासः स तु यत्रविरक्तेऽपि जायते रक्तः।
एकस्मिन्नपरोऽसौ नाभाष्येषु प्रयोक्तव्यः॥ काव्या १४।३६

१०. रसभाव-तदाभास-तत्प्रशान्त्यादिरक्रमः।
ध्वनेरात्माङ्गिभावेन भासमानो व्यवस्थितः॥ ध्व० २।३

११. रसभावतदाभासतत्प्रशमलक्षणं मुख्यमर्थमनुवर्तमाना यत्र शब्दार्थालंकारा गुणाश्च परस्परं ध्वन्यपेक्षया विभिन्नरूपा व्यवस्थितास्तत्र काव्ये ध्वनिरितिव्यपदेशः।
ध्व० २। प १९०

१२. 'यदा तु विभावाभासाद्रत्याभासोदयस्तदा विभावानुभासाच्चर्वणाभास इति रसाभासस्य विषयः।' 'लोचन', ध्व० २।३

रति के कारण विभावाद्याभास बन जाते हैं। इसीलिये वह रति स्थाय्याभासरूप में ही उपस्थित होती है। अर्थात् विभावाभास, अनुभावाभास तथा व्यभिचार्याभास के द्वारा रत्याभास के प्रतीत होने पर (रति का वास्तविक परिपाक न होकर जो केवल चर्वणाभास होता है) वह श्रृंगाराभास कहलाता है। जैसे सीता के प्रति रावण की दूराकर्षण-मोहमन्त्र इव मे—इत्यादि उक्ति को सुनकर श्रृंगाराभास की प्रतीति होती है। रावण द्वारा सीता के प्रति व्यक्त की गई रति वस्तुतः रति नहीं है, रत्याभास है, क्योंकि इसमें दोनों ओर से परस्पर आस्थाबन्ध नहीं है। रावण अपनी कामान्धता के कारण, अपने प्रति सीता की घृणा तथा उपेक्षा को समझ नहीं पा रहा है, क्योंकि जिस क्षण वह ऐसा जान जाय उसी क्षण उसका सीता के प्रति सारा अभिलाष विलीन हो जाय और न ही उसे इस बात का भी निश्चय है कि सीता उसके प्रति अनुरक्त ही हैं। अतएव रावण के उस अभिलाष को रति का आभास ही कहा जायगा, वैसे ही जैसे शुक्ति में रजत की प्रतीति रजतभास कही जाती है। इस प्रकार अभिलाष के एक पक्ष में ही रहने पर श्रृंगाराभास ही समझना चाहिये।

रुद्रट के लक्षण के अनुसार अभिनव ने भी विभाव की आभासता को ही रसाभास का हेतु माना है। मम्मट द्वारा दी गई आभास की परिभाषा में उद्भट के ऊर्जस्विगत अनौचित्य शब्द का प्रयोग दिखाई पड़ता है—जब रस तथा भाव अनुचित रूप में प्रवर्तित दिखाये जाँय तो क्रमशः रसाभास एवं भावाभास कहलाते हैं।[१३] अर्थात् जब किसी स्थायी भाव अथवा किसी संचारीभाव का विषय ऐसे को बनाया जाय जिसे नहीं बनाना चाहिये, तो वह, अनुचित प्रवर्तित होने के कारण, न पूर्ण, न वास्तविक ही आस्वाद्य होगा, अपितु वह उसका आभास कहा जायगा। उदाहरण में उन्होंने अनुभयनिष्ठ तथा बहुनायकनिष्ठ रतिविषयक पद्य प्रस्तुत किया है। यहाँ आस्वाद्यदशा में तो यह असंलक्ष्यक्रमरूप श्रृंगार आदि रस ही होगा—अनौचित्य की प्रतीति थोड़ी देर बाद होती है, और तब वह रसाभास तथा भावाभास कहलायेगा।[१४]

मम्मट ने तिर्यगादिकों के भावों को रसाभास नहीं माना था। भयानक रस के उदाहरण में उन्होंने शाकुन्तल का 'ग्रीवाभङ्गाभिरामं' आदि का पद्य उद्धृत किया, जिसमें मृग के भय का वर्णन है, तथा 'मित्रे क्वापिगते' आदि में पक्षी के विप्रलम्भ

---

१३. तदाभासा अनौचित्यप्रवर्तिताः।—का० प्र० ४

१४. तन्मयीभवनदशाया तु रतेरास्वाद्यतेति श्रृंगारतैव भाति पौर्वापर्यविवेकावधीरणेन।····तदसौ श्रृंगाराभास एव तदङ्गभावाभासः।—'लोचन, पृ ९, के० एस० एस०, ४०

का, क्योंकि इनमें उन्हें कोई अनौचित्य नहीं प्रतीत होता। किन्तु उनके सिद्धान्तों का बहुशः अनुगमन करने वाले आचार्य हेमचन्द्र ने अपने **काव्यानुशासन** में इस प्रश्न पर कुछ अधिक विस्तार में विचार किया है। उनका कहना है कि—'इन्द्रिय-रहितों (जैसे वृक्ष, लता, नदी आदि) में तथा पशुपक्षियों (तिर्यगादि) में तथा इसी प्रकार निशा, चन्द्रमा आदि में रत्यादि भावों का आरोप करने पर रसाभास तथा भावाभास माना जाता है।[१५] हेमचन्द्र ने ऐसे रसाभास तथा भावाभास को समासोक्ति, अर्थान्तरन्यास, उत्प्रेक्षा, रूपक, उपमा, श्लेष आदि अलंकारों के रूप में माना है, अर्थात् उन अलंकारों के सहारे से ही रसाभास तथा भावाभास की योजना की जा सकती है।[१६] किन्तु ध्वनिवादी रसाभास तथा भावाभास वहीं मानते हैं, जहाँ व्यंग्यार्थ प्रधान हो और उसको भी असंलक्ष्यव्यंग्य प्रकार का ध्वनिकाव्य कहते हैं। समासोक्ति आदि अलंकारों में तो व्यंग्यार्थ गुणीभूत रहता है, वाच्यार्थ प्रधान होता है। सबसे बड़ी बात तो यही है कि अभिनव तथा मम्मट के अनुसार तो निरिन्द्रियों एवं तिर्यगादिकों के भावों में रस-भाव ही होंगे, उनकी आभासता नहीं।

साथ ही हेमचन्द्र ने अनौचित्य के कारण भी आभास माना है।[१७] अन्योन्य के प्रति अनुरागादि के अभाव के कारण रत्यादि में अनौचित्य रहता है। अतएव उसे रसाभास तथा भावाभास कहते हैं।[१८] इसी प्रकार अनेक कामुकविषयक अभिलाष को भी आभास ही कहा जायगा।[१९] इस अनौचित्य-कृत रसाभास के प्रसंग में तो हेमचन्द्र ने मम्मट का ही अनुगमन किया है।

---

१५. निरिन्द्रियेषु तिर्यगादिषु चारोपाद्रसभावाभासो।... आदिशब्दान्निशा-चन्द्रमसोर्नायिकत्वाध्यारोपात्संभोगाभासः। —का० अनु०, पृ० १२०-२२।

१६. रसाभासस्य भावाभासस्य च समासोक्त्यर्थान्तरन्यासोत्प्रेक्षारूपकोपमा-श्लेषादयो जीवितम्। —का० अ०, पृ० १२२

१७. अनौचित्याच्च। —का० अनु०, पृ० १२३

१८. अन्योन्यानुरागाद्यभावेनानौचित्याद्रसभावाभासो॥ —का० अनु०, पृ० १२३

१९. यथा वा—स्तुमः कं वामाक्षि क्षणमपि विनायन्न रमसे।
........................................ध्यायसि तु यम्॥

अत्रानेककामुकविषयमभिलाषं तस्याः स्तुमः इत्याद्यनुगतं बहुव्यापारोपादानं व्यनक्ति॥ —का० अनु०, पृ० १२३।

**एकावलीकार** विद्याधर ने मम्मट के अनुसार केवल अनौचित्य-प्रवृत्त स्थायी (और व्यभिचारी) को रसाभास तथा भावाभास का हेतु माना है।[२०] हेमचन्द्र आदि द्वारा तिर्यगादिगत रसाभास वाले सिद्धान्त का उन्होंने प्रत्याख्यान किया है। उनका कहना है कि तिर्यक् प्राणियों को विभावादि का ज्ञान नहीं होता, अतः वे रसभाजन नहीं हो सकते—यह कहना ठीक नहीं, क्योंकि फिर तो कुछ मनुष्य भी विभावादि-ज्ञानशून्य होने के कारण इसके विषय नहीं हो सकते। रस के प्रति प्रयोजकता किसी का विभावादिरूप से सम्भव होना होता है, उसका विभावादि ज्ञान नहीं। विभावादिज्ञान उसे हो चाहे न हो और पशु-पक्षियों में इस प्रकार की विभावता को प्राप्त करने को योग्यता होती है, अतः उनके भावों का निरूपण रस का विषय बन सकता है—जैसे **कुमारसम्भव** के इस श्लोक में—

> **ददौ सरः (रसात्) पङ्कजरेणुगन्धि गजाय गण्डूषजलं करेणुः।**
> **अर्धोपभुक्तेन बिसेन जायां संभावयामास रथाङ्गनामा॥**

यहाँ पूर्वार्ध में गज-आलम्बनविभाव से उत्पन्न होकर, वसन्त आदि उद्दीपन विभावों से उद्दीपित होकर, सुगन्धित गण्डूषजलदानरूप अनुभाव से प्रकाशित होकर, तथा हर्षादि व्यभिचारी भावों से उपस्थित होकर करेणु (हथिनी) की रति सम्भोग शृंगार रूप में आस्वाद्य बनती है। इसी प्रकार उत्तरार्ध में चक्रवाक की रति सम्भोगशृंगार-रूप में प्रकाशित होती है।[२१]

**प्रतापरुद्रीय** में विद्यानाथ ने शृंगार को लोकोत्तरनायकाश्रित रहने पर तो रस माना है, किन्तु तिर्यक् म्लेच्छादिविषयक होने पर रसाभास रूप कहा है। उन्हें शृंगाराभास तीन प्रकार का स्वीकृत है—एकत्रानुराग (अनुभयनिष्ठरति) रूप, तिर्यङ्म्लेच्छादिगत तथा नायिका का बहुनायकनिष्ठ।[२२] तीनों प्रकारों के मूल में अनौचित्य ही माना जायगा। शारदातनय ने **भाव-प्रकाश** में अङ्गीरस के तृतीयांश में भी अङ्गरस के प्रविष्ट हो जाने पर मर्यादोल्लंघन होने के कारण रसाभासता

---

२०. यत्र पुनरेकतरानुरागस्तत्र स्थायिनोऽनौचित्येन प्रवृत्तत्वात् तदाभास एव॥ —**एकावली** उन्मेष ३, पृ० १०६, **बी० एस० एस०** १९०३।

२१ **एकावली,** उन्मेष ३, पृ० १०६-७।

२२. अतएव शृंगारस्य म्लेच्छादिविषयत्वेनाभासत्वम् तथा चोक्तम्—
**एकत्रैवानुरागश्चेत्तिर्यङ्म्लेच्छगतोऽपि वा।**
**योषितो बहुसक्तिश्चेद्रसाभासस्त्रिधा मतः॥ प्र० रु० पृ० २२८-२९**

मानी है।[२३] शिङ्गभूपाल ने अपने 'रसार्णवसुधाकर' में इस रसाभास के प्रश्न पर कुछ अधिक विस्तार के साथ विवेचन किया है। वे सिद्धान्ततः इस विषय में शारदातनय के अनुगामी हैं। उनका कहना है कि जैसे कोई अविनीत अमात्य स्वेच्छा से अपनी सम्पत्ति बढ़ाकर स्वामी (राजा) को आभास (गौण) दशा में पहुँचा देता है वैसे ही अङ्गरस के कारण अङ्गीरस आभास बन जाता है।[२४] इस विषय में उन्होंने **भावप्रकाश** की उन कारिकाओं को उद्धृत किया है, जिनमें प्रत्येक अङ्गरस के उद्रेक के कारण अङ्गीरस की आभासता कही गयी है।[२५] हास्य-भूयिष्ठ होने पर शृंगार शृंगाराभास कहलाता है, जो चार प्रकार का होता है—अराग, अर्थात् नायक-नायिका में एक में ही राग हो, दूसरे में नहीं, अनेकराग, अर्थात् स्त्री का अनेक पुरुषों अथवा पुरुष का अनेक स्त्रियों में राग (दक्षिण नायक का तो नायिका में ही प्रौढ़ राग होता है, अन्यों में केवल उसकी नायक वृत्ति ही रहती है, राग नहीं। अतः उसे आभास नहीं कहा जायगा, तिर्यग्राग, म्लेच्छराग अर्थात् अनुत्तम-प्रकृतिवाले व्यक्तियों का राग।[२६]।

शिङ्गभूपाल ने इस रसाभास के प्रसंग में 'एकावली' में विद्याधर के 'तिरश्चामस्त्येव रसः' वाले मत का बड़े तर्क के साथ खण्डन किया है। उनका

---

२३. भागद्वयप्रविष्टस्य प्रधानस्यैकभागता।
रसानां दृश्यते यत्र तत्स्यादाभासलक्षणम्॥

२४. अङ्गेनाङ्गी रसः स्वेच्छावृत्तिर्वर्धितसम्पदा।
अमात्येनाविनीतेन स्वामीवाभासतां व्रजेत्।'
—र० सु० २।२६३, टी० एस० एस०

२५. वे पंक्तियाँ इस प्रकार हैं—
शृङ्गारो हास्यभूयिष्ठः शृङ्गाराभास ईरितः॥
हास्यो बीभत्सभूयिष्ठो हास्याभास इतीरतः॥
वीरो भयानकप्रायो वीराभास इतीरितः।
अद्भुतः करुणाश्लेषाद‌द्भुताभास उच्यते॥
रौद्रः शोकभयाश्लेषाद् रौद्राभास इतीरितः।
करुणो हास्यभूयिष्ठःकरुणाभास उच्यते॥
बीभत्सोऽद्भुतशृङ्गारी भीमत्साभास उच्यते।
स स्याद्भयानकाभासो रौद्रवीरोपसंगमात्॥

२६. र० सु०; पृ० २०३-५।

कहना है कि मुनि (भरत) ने शृंगाररस में शुचि, समुज्ज्वल तथा दर्शनीय वस्तु को ही विभाव होने योग्य बताया है। तिर्यक् प्राणियों में उद्वर्तन, मज्जन, आकल्प-रचना आदि के अभाव के कारण उज्ज्वलत्व, शुचित्व तथा दर्शनीयत्व सम्भव हीं नहीं। और यह कहना कि अपने जातिगतोचित धर्मों से करी-करिणी के प्रति विभाव हो जायेगा, ठीक नहीं। क्योंकि उस रूप में करी करिणी के राग के प्रति कारण बनता है विभाव नहीं और स्वजातिगतोचितधर्मों के कारण कोई वस्तु विभाव नहीं बनती, अपितु भावक अथवा सामाजिक के चित्त में उल्लासोत्पत्ति के हेतु रत्यादि-विशिष्ट धर्मों के ही कारण। फिर, औचित्यविवेक ही विभावादि ज्ञान होता है। उससे रहित होने के कारण तिर्यक् प्राणी विभावत्व नहीं कर सकते। यद्यपि कुछ ऐसे भी मनुष्य होते हैं, जिन्हें विभावादि-ज्ञान नहीं होता। तो क्या उनमें भी रसा-भास ही माना जायगा ? हाँ, म्लेच्छगतराग ऐसे ही विवेकरहित मनुष्यों का तो उपलक्षण है। अतः उसे रसाभास ही कहना चाहिये। रसाभासता के लिए अविवेक-जन्य अनौचित्य ही मूल में रहता है।[२७]

वस्तुतः अनौचित्य ही रस-भाव की आभासता के मूल में माना जाना चाहिए। अनौचित्य भी दो प्रकार का होता है—असत्यरूप तथा अयोग्य रूप। वृक्ष, लता, नदी आदि अचेतन प्राणियों में वर्णित होने पर रत्यादिभाव असत्यरूप अनौचित्य से युक्त होता है, तथा नीच पुरुष एवं तिर्यक् प्राणियों में रहने पर अयोग्य रूप अनौचित्य से युक्त होता है। अतः वह उभयत्र आभास ही कहा जायगा।[२८]

रसाभास के प्रसंग में भानुदत्त ने एक बड़ा मार्मिक विवेचन किया है—जैसे एक नायिका का अनेक नायकविषयक रति आभास है, उसी प्रकार एक नायक का अनेक नायिका-विषयरति भी आभास ही है। किन्तु यहाँ (नायक की नायिका-विषयक रति में) एक विशेषता की ओर ध्यान रखना चाहिये, कि जिस नायक की बहुत-सी नायिकायें व्यवस्थित हैं वहाँ अनौचित्य के अभाव के कारण रसाभास नहीं माना जायेगा, नहीं तो, कृष्ण की रति, जो सकलोत्तम नायक माने जाते हैं, आभासरूप

---

२७. र० स० पृ०, २०६-७।

२८. आभासता भवेदेषामनौचित्यप्रवर्तिनाम्।
असत्यत्वादयोग्यत्वाद् अनौचित्यं द्विधा भवेत्।
असत्यत्वकृतं तत् स्याद् अचेतनगतं तु यत्।
अयोग्यत्वकृतं प्रोक्तं नीचतिर्यङ्नराश्रयम्॥
—दी० एन० ओ० आर० में उद्धृत पृ० १४९।

हो जायेगी, क्योंकि वह भी तो बहुकामिनी विषयक ही है। अतः अव्यवस्थितबहु-कामिनी-विषयिणी, वैशयिकविषयिणी तथा बहुनायकविषयिणी रति ही आभासरूप मानी जायगी। इसीलिये तो प्राचीन आचार्यों ने वैशयिकों तथा वेश्याओं के शृंगार को रसाभास ही कहा है।[२९]

शारदातनय ने हास्यरस से अभिभूत शृंगारस को शृंगाराभास कहा है।[३०] यह इसलिये कि जब एक रक्त हो और दूसरा अपरक्त हो तो उसकी चेष्टा लोगों में हासकरी होती ही है। अतः वह (चेष्टा) दृष्टा, श्रुता या सूचिता भी शृंगाराभास की हेतु बनती है।[३१] दो भागों में प्रविष्ट रस के प्रधान के एक भाग को लेकर उसका आभास कहा जाता है।[३२] जो रस पहिले दिखाई पड़े, सुनाई पड़े अथवा सूचित हो, उसे प्रधान कहते हैं।[३३]

हरिपालदेव ने तो नीच-तिर्यगाश्रितरति को शृंगार से पृथक् सम्भोग नाम से दूसरा रस ही करार दिया है।[३४] विश्वनाथ ने अनौचित्य प्रवृत्त रसाभास को रसाभास या भावाभास तो माना ही है, साथ ही शृंगार में कहाँ-कहाँ अनौचित्य होता है उसका भी लेखा गिना दिया है—"जब रति उपनायक में स्थित हो, मुनि-गुरुपत्नी-गत हो, बहुनायकविषयक हो, तथा अनुभयनिष्ठ हो तो उसमें अनौचित्य होता है।

---

२९. एवमेकस्या अनेकविषयारतिराभास एव। परन्त्वेष विशेषः यस्य व्यवस्थिता बह्व्यो नायिका भवन्ति तत्र न रसाभासस्तथा सति कृष्णस्य सकलोत्तम-नायकस्य बहुकामिनीविषययारतेराभासतापत्तेःतस्मादव्यवस्थितबहुकामिनीवैषयिक-बहुनायकपरमेतत्, अतएव वैशयिकानां वेश्यानां च रसाभास इति प्राचीनमतम्।

—र० त० ८

३०. हास्याभिभूतःशृङ्गारस्तदाभासो भविष्यति। भा० प्र० ६।१३२

३१. रक्तापरक्तयोश्चेष्टा यतो हासकरी नृणाम्।
दृष्टा श्रुता सूचितापि शृङ्गाराभासकारिका॥ वही ६।१३३

३२. भागद्वयं प्रविष्टस्य प्रधानस्यैकभागता।
रसानां दृश्यते यत्र तत्स्यादाभासलक्षणम्॥ वही ६।१३३

३३. प्रथमं दृश्यते यत्तु श्रूयते सूच्यतेऽपि वा।
तत्प्रधानमितिप्राहूरसप्राधान्यवेदिनः। भा० प्र० ६।१३३

३४. सर्वजन्तुषु दृश्यत्वात् संभोगस्यास्ति नित्यता।
अतोऽभ्यधायि संभोगो रसः शृङ्गारतः पृथक्'॥

.दी० एन० ओ० आर० में उद्धृत, पृ० १४५

इसी प्रकार जब शृंगार प्रतिनायकनिष्ठ अधमपात्रगत अथवा तिर्यगादिगत होता है तो उसमें अनौचित्य माना जाता है।[३५] इसी प्रकार लज्जादिभाव वेश्यादिगत होकर भावाभाव कहलाते हैं।[३६]

और अन्त में पण्डितराज ने रसाभास की अपने ढंग से मीमांसा की है। उनका कहना है कि कुछ आचार्यों के मत से जहाँ अनुचित विभाव का आलम्बन लिया जाय वह रसाभास होता है।[३७] विभावादिकों का अनौचित्य तो लोकव्यवहार से जाना जा सकता है—जिसे लोग अनुचित कहें वही अनुचित है।[३८] परन्तु रसाभास के उक्त लक्षण को दूसरे विद्वान् नहीं मानते। वे कहते हैं—इस लक्षण से यद्यपि मुनि-पत्नी, गुरु-पत्नी आदि के विषय में होने वाली रति का संग्रह हो जाता है, क्योंकि मुनिपत्नी आदि इतर मनुष्य की रति के लिये अनुचित हैं, यह बात लोगों की बुद्धि स्वीकार करती है, तथापि किसी नायिका की अनेक नायकों के विषय में जो रति होती है और नायक-नायिका की दोनों में से केवल एक एक में जो रति होती है, उनका संग्रह नहीं होगा, क्योंकि वहाँ विभाव अनुचित नहीं है। अतः अनुचित विशेषण विभाव में न लगाकर रति आदि स्थायी भावों में लगाना चाहिये—अर्थात् जिसके रति आदि स्थायी भाव अनुचित रूप से प्रवृत्त हुए हों, वे रसाभास कहलाते हैं। ऐसा करने पर अनुचितविभाव वाली बहुनायकगत, तथा अनुभयनिष्ठ तीनों का संग्रह हो जायगा। क्योंकि तीनों में रति ही अनुचितप्रवृत्त होती है। अनौचित्य का लक्षण वहाँ भी पूर्ववत् ही रहेगा, अर्थात् जिसे लोग अनुचित समझें।[३९]

---

३५. उपनायकसंस्थायां मुनिगुरुपत्नीगतायां च।
बहुनायकविषयां रतौ तथानुभयनिष्ठायाम्।
प्रतिनायकनिष्ठत्वे तद्वदधमपात्रतिर्यगादिगते शृंगारेऽनौचित्यम्।

सा० द० ३।२६३-२६४

३६. भावाभासोलज्जादिके तु वेश्यादिविषये स्यात्।—सा० द० ३।२६६

३७. अनुचितविभावालम्बनत्वं रसाभासत्वम्।—र० ग०

३८. 'विभावादावनौचित्यं पुनर्लोकानां व्यवहारतो विज्ञेयम्, यत्र तेषाम् अनुचितम् इति धीरिति केचित्।—र० ग०

३९. तदपरे न क्षमन्ते, मुनिपत्न्यादिवियपयकरत्यादेः संग्रहेऽपि बहुनायक-विषयाया अनुभयनिष्ठायाश्च रतेरसंग्रहात्। तत्र विभावगतानौचित्यस्याभावात्। तस्मादनौचित्येन रत्यादिर्विशेषणीयः। इत्थं चानुचितविभावालम्बनाया बहुनायक-विषयाया अनुभयानिष्ठायाश्च संग्रह इति। 'अनौचित्यं च प्राग्वदेव।'—र० ग० १

फिर पण्डितराज का कहना है कि कुछ लोग रसादि के आभास को रसादि के साथ समानाधिकरण नहीं मानते, क्योंकि रसादि तो वह है जो निर्मल अथवा निर्दोष हो। रसादि का आभास तो सदोष होता है। तो जैसे हेत्वाभास हेतु नहीं हो सकता, वैसे ही रसादि का आभास और रसादि एक हैसियत के नहीं माने जा सकते।[४०] किन्तु अन्य मत से रसादि का आभास भी रसादि ही है—अर्थात् उसमें अनुचितत्व अथवा सदोषत्व के कारण उसके रसादि स्वरूप में कोई क्षति नहीं आयेगी, और, जैसे सदोष अश्व को ही अश्वाभास कहा जाता है, वैसे ही उस सदोष रस को ही रसाभास कहा जायेगा।[४१] जैसा कि एक प्रकरण में स्पष्ट किया गया है 'आभास का अर्थ है अवास्तवप्रतीति—शुक्ति में रजत का आभास रजत की अवास्तव प्रतीति है, इसमें सन्देह नहीं, किन्तु अवास्तविकता का ज्ञान तब होता है, जब प्रतीति नष्ट हो जाती है—शुक्ति में जब तक रजत की प्रतीति होती है तब तक अवास्तविकता का ज्ञान नहीं होता। इसी प्रकार रसाभास में अनौचित्य का ज्ञान बाद में होता है। रस की प्रतीति पहले हो जाती है। जब तक प्रतीति रहती है तब तक अनौचित्य का ज्ञान नहीं रहता और जब अनौचित्य का ज्ञान हो जाता है तभी प्रतीति बाधित होती है। अतः रसाभास रस के अन्तर्गत ही आता है (I **"तथापि पश्चात्येयं सामाजिकानां स्थितिः, तन्मयीभवनदशायां तु रतेरास्वाद्यतेति शृङ्गारतैव भाति पौर्वापर्य-विवेकावधीरणेन।"** II **"अतएव तदाभाससत्वं वस्तुतस्तत्र स्थाप्यते शुक्तौ रजता-भासवत्।"**)

पण्डितराज ने नववधू के प्रति नायक की उस रति को, जो नववधू में नायक के प्रति अभी बिलकुल अंकुरित ही नहीं हो पाई है, उभयनिष्ठ होने के कारण, आभास रूप ही मानी है।[४२] उन्होंने बहुनायकनिष्ठता का उदाहरण रूप से,

---

४० तत्र रसाद्याभासत्वं रसत्ववादिना न समानाधिकरणम्। निर्मलस्यैव रसा-दित्वात् हेत्वाभासत्वमिव हेतुत्वेन, इत्येके॥ र० ग०

४१. नह्यनुचितत्वेनात्महानिः अपितु सदोषत्वादाभास-व्यवहारः। अश्वा-भासादिव्यवहारवत्, इत्यपरे॥—र० ग०

४२. यथा वा—**भुजपंजरे गृहीता नवपरिणीता वरेण वधूः।**
**तत्कालजालपतिता, बालकुरङ्गीव वेपते नितराम्॥**

अत्र रतेर्नववध्वामनागप्यस्पर्शादनुभयनिष्ठत्वेनाभासत्वम्।—र० ग०

(किन्तु नायक की इस रति को कौन सहृदय अनुचित कहेगा? पण्डितराज का यह विवेचन अधिक उचित नहीं समझ पड़ता। परिणीता के हृदय में तो परिणय के साथ ही नायक के प्रति रति का बीजारोपण हो जाता है। अतः उसके प्रति नायक की रति को अनुभयनिष्ठ दोष देना ही अनुचित है।)

द्रौपदी का पाँचों पाण्डवों की पत्नी बनने पर, उनके प्रति उसके रति-विषयक एक पद्य का उल्लेख किया है, और कहा कि इसे नव्य आचार्य तो रसाभास मानते हैं, किन्तु प्राचीन आचार्य तो उसी रति को आभास मानते हैं, जो बहुत से अपरिणेता नायकों के प्रति होती है, पाण्डव तो द्रौपदी के परिणेता थे।[४३] अतः अन्त में उन्होंने शृंगाररस की भाँति उसके आभास के भी दो भेद किये हैं—संयोगाभास तथा विप्रलम्भाभास[४४] और उनके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। वस्तुतः समाज में नैतिक सिद्धान्त अथवा शास्त्र लोकप्रकृति के नियामक हुआ करते हैं। भारतीय वाङ्मय में लोकशास्त्र का प्रयोग प्रायः एक साथ होता आया है। परन्तु कभी-कभी दोनों में तीव्र संघर्ष भी उत्पन्न हो ही जाता है।

---

४३. अथात्र किं व्यंग्यम्—व्यानम्राश्चलिताश्चैव, स्फारिताःपरमाकुलाः।
पाण्डुपुत्रेषु पांचाल्याः पतन्ति प्रथमा दृशः॥

अत्र व्यानम्रतया धर्मात्मताप्रयोज्यं युधिष्ठिरे सभक्तित्वम्, चलिततया स्थूलाकारताप्रयोज्यं भीमसेने सत्रासत्वम् स्फारिततया अलौकिकशौर्यश्रवणप्रयोज्यमर्जुने सहर्षत्वम् परमाकुलतया परमसौन्दर्यप्रयोज्यं नकुलसहदेवयोरौत्सुक्यं च व्यंजयन्तीभिर्दृग्भिः पांचाल्या बहुविषयाया रतेरभिव्यञ्जनाद् रसाभास एवेति नव्याः। प्राञ्चस्त्वपरिणेतृबहुनायकविषयत्वे रतेराभासतेत्याहुः।—र० ग०

४४. तत्र शृंगाररस इव शृंगाररसाभासोऽपि द्विविधः संयोगविप्रलम्भभेदात्।
—र० ग०।

# पालि भाषा : एक संक्षिप्त परिचय

डा० कोमलचन्द्र जैन

वाराणसी

The author in this paper has tried to give a general introduction regarding the etymology of the word *Pāli*; it's use in the sense of a dialect, regions of it's usage and the reason of it's availability only in the *Theravāda* literature.

पालि भाषा प्राचीन भारत की संस्कृत तथा प्राकृत के समान ही एक महत्त्वपूर्ण भाषा है। प्राचीन भारतीय साहित्य प्रधानतः इन्हीं तीन भाषाओं में उपलब्ध है। संस्कृत में भारतीय संस्कृति की ब्राह्मण और श्रमण—इन दोनों परम्पराओं का प्रचुर साहित्य है। प्राचीन मूलभूत जैन साहित्य प्राकृत में तथा आधारभूत प्राचीन बौद्ध साहित्य पालि में उपलब्ध है। अतः भारतीय संस्कृति के यथेष्ट ज्ञान के लिये संस्कृत एवं प्राकृत के समान पालि भाषा का भी ज्ञान अपेक्षित है।

थेरवाद परम्परा के अनुसार भगवान् बुद्ध ने अपने उपदेश बोलचाल की भाषा में दिये थे। उनके उपदेशों में आडम्बर नहीं था। वे भाषा एवं शैली—दोनों ही दृष्टि से इतने सरल और स्वाभाविक होते थे कि उन्हें साधारण नर-नारी से लेकर विशिष्ट व्यक्ति तक सभी सरलता से समझ लेते थे। बुद्ध की इच्छा थी कि उनके अनुयायी उनके उपदेशों को सुविधानुसार अपनी अपनी भाषा में सीखें। वे यह कदापि नहीं चाहते थे कि उनके उपदेशों को उस समय की श्रेष्ठ एवं पवित्र मानी जाने वाली संस्कृत भाषा में परिवर्तित कर उन्हें भाषागत श्रेष्ठता का जामा पहनाया जाय।

बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्धोपदेशों को सुरक्षित कर चिरस्थायी बनाने के लिये पर्याप्त सतर्कता अपनाई। समय-समय पर संगीतियों का आयोजन कर संकलन एवं संगायन किया गया। राजा अशोक के समय मोग्गलिपुत्त थेर की अध्यक्षता में सम्पन्न तृतीय संगीति में तिपिटक का संगायन कर अन्य देशों में बौद्ध धर्म के प्रचार एवं प्रसार के लिये बौद्ध भिक्षुओं को भेजने का निश्चय किया

गया। इसी निश्चय के अनुसार राजा अशोक के पुत्र महेन्द्र को लंका द्वीप भेजा गया। वहाँ उन्होंने बौद्ध धर्म का प्रचार किया। लंका द्वीप में महेन्द्र द्वारा ले जाये गये बुद्ध वचनों को वर्षों तक मौखिक परम्परा से सुरक्षित रखा गया। बाद में ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी में लंका के तत्कालीन राजा वट्टगामणि अभय ने बुद्ध के धर्मोपदेशों को चिरस्थायी बनाने के लिये लिपिबद्ध करवा दिया।

भारत में बुद्ध वचनों के संकलन एवं संगायन के तुरन्त बाद ही बौद्ध भिक्षुओं ने उन पर भाष्यात्मक साहित्य लिखना प्रारम्भ कर दिया था तथा बुद्ध के परिनिर्वाण के दो शताब्दियों बाद कुछ भाष्यात्मक साहित्य को मूल बुद्ध वचनों के साथ जोड़ दिया गया। किन्तु जब बौद्ध धर्म के ही कुछ सम्प्रदायों द्वारा थेरवाद के समर्थक बौद्ध भिक्षुओं को भारत से बाहर जाने के लिए विवश कर दिया गया तो वे श्रीलंका के विहारों में जा बसे। फलतः लंका के विहार थेरवादियों के प्रमुख गढ़ बन गये। पालि साहित्य में यही भाग कर गये हुए बौद्ध भिक्षु ही 'पोराणा' शब्द से अभिप्रेत हैं। कालान्तर में भाष्यात्मक साहित्य के बाद बौद्ध भिक्षुओं का काव्यात्मक साहित्य की ओर झुकाव हुआ। इससे पालि भाषा में काव्य साहित्य लिखने की प्रवृत्ति का विकास हुआ और यह प्रवृत्ति बुद्ध, धर्म एवं संघ पर जाकर केन्द्रित हो गई।

इस प्रकार पालि साहित्य की धारा जिसका उद्गम भगवान् बुद्ध के उपदेशों से हुआ था, आज तक अविच्छिन्न रूप से चली आ रही है। जैसे-जैसे पालि-साहित्य की धारा आगे बढ़ी, वैसे-वैसे वह संस्कृत साहित्य की धारा के समीप आती गई। यही कारण है कि नवीं-दसवीं शताब्दी के बाद से आज तक के पालि साहित्य के अधिकांश ग्रन्थों पर न केवल भाषा की दृष्टि से अपितु भावों एवं शैली की दृष्टि से भी संस्कृत साहित्य का बढ़ता हुआ प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

## व्युत्पत्ति एवं अर्थ

भिक्षु जगदीश काश्यप ने पालि शब्द की व्युत्पत्ति देते हुए उसकी उत्पत्ति **परियाय** शब्द से मानी है। उनके मतानुसार पालि बुद्ध के उपदेशों के अर्थ में प्रयुक्त **परियाय** शब्द का ही परिवर्तित रूप है। **परियाय** शब्द का प्रयोग पालि तिपिटक में बुद्ध उपदेशों के अर्थ में उपलब्ध होता है। यही शब्द इसी अर्थ में अशोक के शिलालेखों में **पलियाय** शब्द के रूप में दृष्टिगोचर होता है। उपसर्ग के प्रथम स्वर में दीर्घीकरण की प्रवृत्ति के कारण **पलियाय** शब्द कालान्तर में **पालियाय** और बाद में उसी से **पालि** बन गया। अतः इस मत को संक्षेप में इस प्रकार प्रदर्शित किया जा सकता है—

**परियाय > पलियाय > पालियाय > पालि।**

इस व्युत्पत्ति के अनुसार पालि शब्द का अर्थ बौद्धोपदेश किया जाता है। इस अर्थ की पुष्टि तिपिटक ग्रन्थों के साथ प्रयुक्त पालि शब्द से होती है। भाष्यात्मक एवं इतर पालि ग्रन्थों में भी पालि शब्द मूल बुद्धोपदेश के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। बुद्धोपदेशों की भाषा को पालिभाषा कहा जाने लगा। कालान्तर में पालिभाषा ही अपने लघु रूप पालि शब्द से व्यवहृत होने लगी।

इस विषय में दूसरा उल्लेखनीय मत पं० विधुशेखर भट्टाचार्य का है। उनके मतानुसार पालि शब्द का उद्‌भव **पङ्क्ति** शब्द से हुआ है। यही **पङ्क्ति** शब्द क्रमशः **पंति > पत्ति > पट्ठि > पल्लि** के रूपों में परिवर्तित होता हुआ **पालि** बन गया है। इस व्युत्पत्ति के अनुसार पालि शब्द का अर्थ मूल ग्रन्थ की पङ्क्ति होता है। पालि भाषा के कोशग्रन्थ '**अभिधानप्पदीपिका** से भी इस मत की पुष्टि होती है। उक्त कोश-ग्रन्थ में पालि शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार दी गई है—**पा पालेति रक्खतीति पालि** अर्थात् जो पालन करती है, रक्षा करती है, वह पालि है।

पर भिक्षु जगदीश काश्यप के अनुसार पङ्क्ति के लिये लिखित ग्रन्थ का होना आवश्यक है जब कि बुद्ध वचन तिपिटक के रूप में संकलित होने के बाद भी ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी तक मौखिक परम्परा में ही थे। इसके अतिरिक्त पालि साहित्य में कहीं भी पालि शब्द ग्रन्थ की पङ्क्ति के अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुआ है। मूलग्रन्थ के अन्त में पालि शब्द जुड़ा हुआ दृष्टिगोचर होता है जैसे **दीघनिकायपालि, मज्झिमनिकायपालि** आदि। यदि यहाँ **पालि** का अर्थ **पङ्क्ति** से लें तो अभीष्ट भाव नहीं निकलता है। इसी प्रकार यदि **पालि** शब्द का अर्थ **पङ्क्ति** लें तो उसका बहुवचनान्त रूप भी मिलना चाहिये किन्तु सर्वत्र एकवचनान्त रूप ही उपलब्ध होता है।

पं० भट्टाचार्य का मत **अभिधानप्पदीपिका** से पुष्ट होता है। पङ्क्तिबद्ध हो जाने से बुद्ध वचन अधिक सुरक्षित हो गये हैं—इस आशय को ध्यान में रखकर ही सम्भवतः यह व्युत्पत्ति की गई है। अतः इसे ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

पालि की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में तीसरा मत भिक्षु सिद्धार्थ का है। उनके मतानुसार पालि शब्द संस्कृत के **पाठ** शब्द का परिवर्तित रूप है। अपने मत के समर्थन में उनका कथन है कि जब बुद्ध के धर्म में ब्राह्मणों ने प्रवेश किया तो उन्होंने वेदपाठ की भाँति बुद्धवचनों की आवृत्ति के लिये पाठ का प्रयोग करना प्रारम्भ कर दिया। यही पाठ शब्द कालान्तर में **पाळ > पाळि > पालि** बन गया। भिक्षु

सिद्धार्थ ने अनेक उदाहरणों की सहायता से यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि **पाठ > पाळ > पाळि > पालि**—यह परिवर्तन का क्रम भाषा विज्ञान के नियमों के सर्वथा अनुरूप है। इस मत में सबसे बड़ी कमी यह है कि इसकी सिद्धि के लिये कोई ऐतिहासिक प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त पालि साहित्य में पालि शब्द के प्रयोग के साथ-साथ पाठ शब्द का भी प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। अतः विद्वानों ने भाषा-विज्ञान की कसौटी पर खरा उतरने भी पर इस मत को मान्य नहीं किया है।

इनके अतिरिक्त निम्न व्युत्पत्तियाँ भी हैं—

**पल्लि** (गाँव की भाषा) > **पालि**; (**प्राकृत**-बोलचाल की पुरानी बोली) > **पाकट** > **पाअड** > **पाअल** > **पालि**; प्रालेयक (पड़ोसी) > पालि; प्रकट > पाअड > **पाअल** > **पालि**; **पाटलि** (पाटलीपुत्र की भाषा) > **पालि** आदि।

इन सभी व्युत्पत्तियों में भिक्षु जगदीश काश्यप द्वारा प्रस्तुत व्युत्पत्ति एवं तज्जन्य अर्थ ही न केवल भाषा विज्ञान के नियमों के अनुकूल है अपितु ऐतिहासिक साक्ष्यों से भी समर्थित है। अतः विद्वानों ने उसी व्युत्पत्ति को मान्य किया है।

## पालि भाषा का मूल प्रदेश

दूसरा महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यदि पालि बोलचाल की बोली थी तो वह किस प्रदेश की थी ?

इस विषय में आज तक जितने मत व्यक्त किये गये हैं उन्हें स्थूल रूप से तीन विभागों में विभक्त किया जा सकता है। पहले विभाग में ऐसे मतों को रखा जा सकता है जिनमें पालि भाषा को किसी प्रदेश विशेष के बोल-चाल की बोली सिद्ध करने का प्रयास किया है। दूसरे विभाग में उन सभी मतों का समावेश किया जा सकता है जो बुद्धवचनों की भाषा को अनेक भाषाओं के सम्मिश्रण से बनी मागधी मूलक विशुद्ध साहित्यिक भाषा बतलाते हैं। अन्तिम विभाग में उन मतों की गणना की जा सकती है जो बुद्धवचन की भाषा को किसी अन्य भारतीय भाषा का अनुवाद मात्र मानते हैं।

प्रथम विभाग में जितने भी मत हैं वे सभी एक दूसरे से भिन्न हैं तथा अलग-अलग प्रान्तों की भाषा मानते हैं। उदाहरणार्थ—**रीज डेविड्स** के मतानुसार पालि कौशल प्रदेश की भाषा थी। कारण, कोशल प्रदेश के होने से भगवान् बुद्ध की मातृभाषा यही थी तथा परिनिर्वाण के बाद सौ वर्ष के भीतर उनके उपदेशों का

संग्रह कोशल प्रदेश में ही प्रधानरूप से हुआ। **वैस्टर गार्ड तथा ई० कुन्ह** इसे उज्जयिनी की भाषा मानते हैं। कारण, एक तो पालि गिरनार के अशोक के शिलालेखों से समानता रखती है और दूसरा यह महेन्द्र की मातृभाषा थी। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि महेन्द्र ही धर्म प्रचार के लिये लंका जाते समय तिपिटक (मौखिक रूप से) अपने साथ ले गये थे। **आर० ओ० फैंक** तथा **स्टेन कोनो** विन्ध्य प्रदेश को पालि का उद्गम स्थल मानते हैं। कारण, एक तो पालि का गिरनार शिलालेख से अधिक साम्य है तथा दूसरा यह कि विन्ध्य प्रदेश के आस पास बोली जाने वाली पैशाची प्राकृत से इसका अधिक साम्य है। **डा० ओल्डनबर्ग एवं ई० मूलर** पालि को कलिंग से सम्बन्धित करते हैं। कारण, एक तो यह कि पड़ोसी होने के कारण कलिंग से ही बौद्धधर्म लंका पहुँचा तथा दूसरा यह कि पालि खंडगिरि के शिलालेखों से मिलती है।

इस प्रकार पालि को किसी प्रदेश की बोली सिद्ध करने वाले सभी व्यक्तियों ने अपने अपने मत की सिद्धि के लिये जो अलग-अलग तर्क प्रस्तुत किये हैं वे किसी न किसी दृष्टि से सत्य भी हैं।

द्वितीय विभाग में जिन व्यक्तियों ने अपने मत प्रस्तुत किये हैं उनमें जेम्स एलिवस, चाइल्डर्स. विन्टरनित्ज, ग्रियर्सन, गायगर आदि प्रमुख हैं। इनमें से प्रथम दो व्यक्तियों ने पालि का मौलिक रूप मागधी भाषा को बतलाया है। विन्टरनित्ज ने पालि को अनेक भाषाओं के सम्मिश्रण से बनी बताया है जिनमें प्राचीन मागधी प्रमुख थी। ग्रियर्सन ने पालि का मूल विशुद्ध मागधी को न मान कर पश्चिमी बोली को माना है। गायगर पालि को मागधी भाषा का वह रूप मानते हैं जो सभ्य व्यक्तियों द्वारा बोलचाल में प्रयुक्त होता था। इस विभाग में रखे जाने वाले मतों को सरसरी दृष्टि से देखने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि पालि जनसाधारण के बोलचाल की बोली नहीं थी अपितु वह साहित्यिक भाषा या शिष्ट व्यक्तियों द्वारा प्रयुक्त भाषा थी।

अन्तिम विभाग में लूडर्स, सिलवां लेवी आदि के मत प्रमुख हैं। लूडर्स के मतानुसार पालि तिपिटक पहले अर्धमागधी प्राकृत में था। बाद में उसका अनुवाद वर्तमान पालि में कर दिया गया। सिलवां लेवी के मतानुसार पालि तिपिटक पूर्ववर्ती मागधी बोली का अनूदित रूप है।

उक्त तीन विभागों में से प्रथम विभाग के मत अंशतः सत्य होते हुये भी ग्राह्य नहीं हैं। कारण, यदि पालि वास्तव में किसी प्रदेश के बोलचाल की भाषा होती तो यह भाषा केवल बौद्धों के थेरवाद सम्प्रदाय तक ही क्यों

सीमित होकर रह गई, पालि तिपिटक में भाषा गत एकरूपता क्यों है तथा वह विशिष्ट नाम से अभिहित क्यों नहीं हुई इत्यादि प्रश्नों का समुचित समाधान प्राप्त नहीं होता। यहाँ यह स्मरणीय है कि पालि तिपिटक में प्रत्येक व्यक्ति के कथन में पालि भाषा का ही प्रयोग किया गया है। सबकी एक सी भाषा है। साथ ही जिस भाषा को आज पालि शब्द से कहा जाता है, वह उसका प्राचीन नाम नहीं है। इन सभी वातों को ध्यान में रखते हुए पालि तिपिटक की भाषा को किसी प्रदेश विशेष की बोली कहा ही नहीं जा सकता। कारण, जो बोल चाल की भाषा होती है वह न तो किसी सम्प्रदाय विशेष की होती है, न सर्वत्र एक रूप में रहती है और न ही संज्ञाहीन होती है। यही कारण है कि इस मत के पोषक विद्वानों में स्थान-निर्धारण के प्रश्न को लेकर गम्भीर मतभेद रहा है।

द्वितीय एवं तृतीय विभाग के मत पालि को बोल-चाल की बोली नहीं मानते हैं। द्वितीय विभाग के मतों में पालि को सामान्यतया साहित्यिक या वर्ग विशेष की भाषा माना गया है जब कि तीसरे विभाग के मतों में पालि तिपिटक की भाषा के मूल को खोजने का प्रयत्न किया गया है।

श्रमण संस्कृति में भगवान् बुद्ध ने मध्यम प्रतिपदा रूप धर्म का प्रवर्तन किया किन्तु अपने धर्म के प्रचार एवं प्रसार के लिए यह आवश्यक था कि वे किसी ब्राह्मण को अपना शिष्य बनायें। कारण, तत्कालीन परिस्थिति में ब्राह्मण का सहयोग लिए बिना धार्मिक प्रचार सम्भव नहीं था। बुद्ध ने भी यही किया। पञ्चवर्गीय भिक्षुओं को प्रथम धर्मोपदेश देने के बाद भगवान् बुद्ध ने वेदों के ज्ञाता ब्राह्मणों को शिष्य बनाने में क्षमता दिखायी। कुछ ही समय में बुद्ध के संघ में ब्राह्मणों का बाहुल्य-सा हो गया। तब कुछ ब्राह्मण जाति से प्रव्रज्या लेने वाले बौद्ध भिक्षुओं ने यह चाहा कि भगवान् बुद्ध के उपदेशों को वैदिक छन्द में परिवर्तित कर दिया जाय जिससे नाना प्रदेशों से आकर बौद्ध भिक्षु बने लोग उन उपदेशों को दूषित न कर सकें।

जब भगवान् बुद्ध को यह ज्ञात हुआ तो उन्होंने ऐसी इच्छा व्यक्त करने वाले भिक्षुओं को डांटा और अपने उपदेशों को अपनी-अपनी भाषा में सीखने की अनुमति दे दी।[१] दूसरे शब्दों में बुद्ध के उपदेशों को वैदिक छन्द में परिवर्तित करने के प्रयास को स्वयं बुद्ध ने कुचल दिया। फिर भी बुद्ध धर्म में ब्राह्मणों का प्रभाव बढ़ता गया। वैदिक धर्म के चार आश्रम की तरह बुद्ध के धर्म में गृहपति, श्रामणेर, भिक्षु तथा आरण्यक ये चार परिषदें बन गईं।

भगवान् बुद्ध के बाद बुद्ध संघ की स्थिति कुछ और बदल गई। महाकाश्यप संघ के प्रमुख बन गये। आनन्द ने २५ वर्षों तक बुद्ध की परिचर्या की, किन्तु प्रथम संगीति में सम्मिलित होने वाले भिक्षुओं का चुनाव करते समय उन्हें इस आधार

पर नहीं चुना जा सका क्योंकि वे अर्हत् पद को प्राप्त नहीं हुए थे। पहले संघ का आधिपत्य था, अब प्रमुख का आधिपत्य हो गया।

इस बदलती परिस्थिति में यह स्वाभाविक ही है कि बुद्ध के उपदेशों की भाषा को भी संस्कृतनिष्ठ बनाया गया हो। इस बात की सम्भावना उस समय और अधिक बढ़ जाती है जब संघ का प्रधान वैदिक आचार से प्रभावित व्यक्ति हो। अतः प्रथम संगीति के समय भगवान् बुद्ध के उपदेशों की भाषा में पर्याप्त परिवर्तन किये गये। प्रथम संगीति के पूर्व भिक्षुओं को बुद्ध के उपदेश अपनी भाषा में सीखने की अनुमति थी। फलतः प्रथम संगीति में इस विविधरूपता के स्थान पर एकरूपता लाई गई। उसके बाद बुद्धोपदेशों की बोली ने एक ऐसा विचित्र रूप धारण कर लिया जिसे स्पष्ट रूप से संस्कृत एवं प्राकृत के बीच का कह सकते हैं। कहीं संस्कृत की विशेषता ले ली गई तो कहीं प्राकृत की, तो कहीं दोनों की। बोल चाल की बोली में शब्द के प्रारम्भ में प्रायः संयुक्त व्यञ्जन नहीं आते, शब्द के मध्य में विद्यमान संयुक्त व्यञ्जन से पूर्व में आने वाले दीर्घस्वर को ह्रस्व स्वर हो जाता है तथा हकार एवं अनुनासिक व्यञ्जनों से बने संयुक्त व्यञ्जन में अनुनासिक व्यञ्जन पहले तथा हकार बाद में हो जाता है। किन्तु मजे की बात यह है कि पालि में उसके अपवाद में ब्राह्मण शब्द उपलब्ध होता है। फिर भी कुछ लोग उसे बोल चाल की बोली कहते हैं। प्रथम संगीति में थेरवादियों द्वारा निर्मित होने के कारण यह भाषा केवल थेरवाद की ही भाषा बन कर रह गई। इतना ही नहीं अपितु तृतीय संगीति के बाद महेन्द्र द्वारा, जिनकी मातृभाषा उज्जयिनी प्रदेश की भाषा थी, लङ्का में तिपिटक को मौखिक परम्परा में ले जाना तथा शताब्दियों बाद तिपिटक का लङ्का में लिपिबद्ध होना आदि ऐसी घटनायें हैं जिनसे संगीतियों में संकलित तिपिटक की भाषा प्रभावित हुये बिना नहीं रह सकती है। सारांश यह कि पालि भाषा कभी भी किसी प्रदेश में बोल-चाल की भाषा नहीं रही है। यह एक ऐसी कृत्रिम साहित्यिक भाषा है जो अनेक बोल चाल की भाषाओं को संस्कृतभाषानुगामी रूप देने से बनी है, यद्यपि इसका मुख्य आधार मागधी प्राकृत है।

●

# शिलष्टोपमा : एक समालोचन

डा० हरिदत्त शर्मा

इलाहाबाद

*Śliṣṭopamā* should not be taken as a kind of *upamā* because here it is *śleṣa* that dominates over upamā. It is better to call it *upamāśrita śleṣa.*

संस्कृत काव्यशास्त्र में उपमा अलंकार को समस्त सादृश्यमूलक अर्थालंकारों के बीजभूत अलंकार के रूप में उपन्यस्त किया गया है। दूसरी ओर शब्दालंकारों में श्लेष आचार्यों के मध्य सबसे अधिक चर्चा एवं समीक्षा का विषय रहा है। साथ ही इन दोनों अलंकारों के सांकर्य की स्थिति में उनके प्राधान्याप्राधान्य पर भी पर्याप्त विवाद हुआ है। इन दोनों अलंकारों का संयोग संस्कृत कवियों को अत्यन्त रुचिकर लगा है, विशेष रूप से गद्यकवियों ने श्लेषानुप्राणित उपमा का अत्यधिक प्रयोग किया है। यहाँ विचारणीय विषय यह है कि क्या श्लेष अलंकार के बल पर बनी हुई उपमा वास्तविक उपमा है? इस प्रश्न के समाधान हेतु हमें 'उपमा' के स्वरूप का पर्यालोचन करना होगा।

उपमा अलंकार का मूलतत्त्व है—साधर्म्य और साधर्म्य का व्युत्पत्तिमूलक अर्थ है उपमान और उपमेय का समान धर्म के साथ सम्बन्ध—**'समानः एकः तुल्यो वा धर्मो गुणक्रियादिरूपो ययोः ( उपमानोपमेययोः ) तौ सधर्माणौ, तयोर्भावः साधर्म्यम्।'** अर्थात् उपमा में कोई ऐसा धर्म या वैशिष्ट्य होता है जो उपमान एवं उपमेय दोनों पदार्थों में साधारण होता है, दोनों में समान रूप से मिलता है— **'उभयोः पक्षयोः सङ्गतो धर्मः साधारणधर्मः।'** दोनों पक्षों में सङ्गत यह साधारण धर्म ही उन दोनों के परस्पर सादृश्य का कारण बनता है। अतः उस साधारण धर्म के सम्बन्ध से प्रयोज्य धर्मविशेष ही सादृश्य है और उपमानोपमेय के उस सादृश्य के प्रयोजक साधारण धर्म का सम्बन्ध ही उपमा है —**'सादृश्यं च साधारणधर्मसम्बन्ध-**

**प्रयोज्यो धर्मविशेषः''''सादृश्यप्रयोजकसाधारणधर्मसम्बन्धो ह्युपमा ।**[1] यह साधारण धर्म सामान्यतया गुण एवं क्रिया के रूप में मिलता है, अर्थात् दोनों पदार्थों के गुण अथवा क्रिया में समानता पाई जाती है। **काव्यप्रकाश** के टीकाकार वामनाचार्य झलकीकर ने 'गुणक्रियादि' पद में 'आदि' शब्द को स्पष्ट करते हुए कहा है कि आदि पद से यहाँ गुण एवं क्रिया के अतिरिक्त समान शब्दरूप अथवा समानशब्दवाच्यत्वरूप का ग्रहण होता है। **काव्यप्रकाश** के टीकाकार का यह निर्देश अपने मूलग्रन्थ का मतानुसारी ही है। मम्मट का अभिमत है कि जिस प्रकार **'कमलमिव मुखं मनोज्ञमेतत् कचतितराम्'** इस उदाहरण में मनोज्ञत्वरूप गुण तथा दीप्तिरूप क्रिया का साम्य अथवा उभयगत साम्य होने पर उपमा होती है, उसी प्रकार **'सकलकलं पुरमेतज्जातं सम्प्रति सुधांशुबिम्बमिव'** इत्यादि अंश में शब्दमात्र के साम्य में भी उपमा हो ही सकती है। सम्भवतः आचार्य का मत है कि उपमा के लक्षण में साधारणतया साम्यमात्र का निर्देश किया गया है। ऐसा कोई उल्लेख नहीं है जिससे शब्दसाम्य में उपमा न हो सके। मम्मट को भी अपने इस मत का आधार अपने पूर्ववर्ती आचार्य रुद्रट के इस कथन में मिला है—

**स्फुटमर्थालङ्कारावेतावुपमासमुच्चयौ किं तु।**
**आश्रित्य शब्दमात्रं सामान्यमिहापि सम्भवतः ॥**[2]

अर्थात् ये दो उपमा और समुच्चय स्पष्ट रूप से अर्थालंकार हैं, फिर भी शब्दमात्र सामान्य धर्म का आश्रय लेकर ये शब्द में हो सकते हैं। **काव्यालंकार** के टीकाकार नमिसाधु ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि इन दोनों अलंकारों में यद्यपि अर्थ की दृष्टि से कोई सादृश्य नहीं होता, किन्तु दोनों वाक्यों में साधारण शब्दगत सादृश्य होता है। अतः शब्दसाम्य का आश्रय लेकर भी ये अलंकार बनते हैं। इस प्रकार शब्दमात्र के साम्य पर आधारित उपमा की शब्दालंकार तक में आचार्य ने परिगणना कर ली है।

परन्तु गहनतापूर्वक विचार करने पर मन्तव्य एकांगी एवं असमीचीन प्रतीत होता है। वस्तुतः उपमा सादृश्यमूलक अलंकारों में प्रथम एवं प्रधान अलंकार है और उसके मूल तत्त्व साधारणधर्म का चरम प्रयोजन भी सादृश्य है। उपमा में कविवर्णन का विषय एक प्रकृत या प्रस्तुत पदार्थ होता है। उस वर्णनीय पदार्थ को

---

१. **काव्यप्रकाश**, दशम उल्लास 'उद्योत' टीका, झलकीकरकृत 'बालबोधिनी' टीका में उद्धृत, पृ० ५४१।

२. **काव्यालङ्कार**, (रुद्रट), ४/३२।

समीचीन रूप से वर्णित करने के लिये कवि एक वाह्य,' सर्वसाधारण एवं अप्रस्तुत पदार्थ का सहारा लेता है जो किसी न किसी रूप में प्रस्तुत पदार्थ के समान ही होता है, जैसे रमणीमुख के सौन्दर्य को प्रकाशित करने के लिये कवियों ने चन्द्र तथा कमल को उपमान के रूप में चुना जो रूप, रंग, आकार-प्रकार, कोमलता, आह्लादकता आदि गुणों से रमणीमुख के अनुरूप ही होते हैं। इस औपम्य से प्रकृत वर्णन में एक विशेष वैचित्र्य भी आ जाता है और यह वैचित्र्य ही अलंकार है। यहाँ यह शंका उठाई जा सकती है कि चन्द्रमा का जो स्वरूप वैज्ञानिक या खगोल-शास्त्री प्रदिपादित करते हैं नायिकामुख से उसके स्वरूप एवं आकार का दूर-दूर तक कोई साम्य नहीं, तव वास्तविक साम्य वाली बात तो यहीं निरस्त हो जाती है। इसका उत्तर तो यह है कि कवि का यह उपमाप्रयोग केवल कविदृष्टि से ही होता है। चन्द्रमा का जो रूप सामान्य सांसारिक जनों को दृश्यमान होता है वही कवि का उपमान चन्द्रमा है। इसलिये उपमेय एवं उपमान दोनों का साम्य एक सर्वानुभूत वास्तविक साम्य ही होता है। यदि वह वास्तविक साम्य विद्यमान न हो तो उपमा अलंकार का मूल प्रयोजन ही समाप्त हो जायगा। इसलिये दो पदार्थों का साम्य वस्तुस्थिति में होना अवश्य चाहिये। यों कमल एवं चन्द्रमा का अपना सौन्दर्य अलग है नायिका मुख का अपना अलग सौन्दर्य है। दोनों पदार्थ नितान्त भिन्न स्थिति वाले होते हुए भी अपने स्वरूप में समान हैं, दोनों का धर्म या वैशिष्ट्य साधारण है। अतः इस यथार्थ साम्य के रहते हुए केवल शब्दमात्र पर आधारित साम्य को उपमा अलंकार मानना उचित नहीं है।

इस प्रकार यह श्लेषानुप्राणित उपमा आचार्यों के मध्य विवाद का विषय बनी हुई है। एक ओर जहाँ मम्मट, विश्वनाथ, हेमचन्द्र, अप्पय दीक्षित आदि आचार्य श्लेष को उपमा का पोषक एक गौण अलङ्कार मानते हैं, वहाँ रुय्यक, महिमभट्ट आदि श्लेष को ही प्रधान एवं साध्य मानते हैं। शब्दसाम्य की वास्तविकता पर विचार करते हुए आचार्य विश्वनाथ यह अवश्य स्वीकार करते हैं कि **'सकलकलम्'** इत्यादि उदाहरण में श्लेष ही साम्य का निर्वाह कर रहा है, न कि साम्य द्वारा श्लेष का निर्वाह किया जा रहा है, क्योंकि श्लेषबन्ध से पूर्व साम्य होना ही असम्भव है। इस प्रकार श्लेष को प्राणभूत तत्त्व मानते हुए भी उन्होंने उपमा को अङ्गी सिद्ध किया है। आलङ्कारिकों में **अलंकारसर्वस्वकार** रुय्यक ने इस शब्दसाम्य पर आधारित उपमा का घोर विरोध किया है। उनके अनुसार **'सकलकलम्'** इत्यादि उदाहरण में गुण एवं क्रिया के साम्य की भाँति शब्दसाम्य उपमा का प्रयोजक नहीं है, अपितु उपमा के प्रतिभास की उत्पत्ति के हेतु श्लेष में ही उसका अवसान मानना चाहिए। इस प्रकार श्लिष्टोपमा के उदाहरणों में रुय्यक जहाँ श्लेष को प्रधान मानते हुए

उसे उपमारूप गौण अलंकार के प्रतिभासमात्र का हेतु मानते हैं, वहीं इसके विपरीत मम्मट आदि आचार्यों के मत में ऐसे स्थलों में उपमा ही प्रधान अलङ्कार है और वह श्लेष रूप गौण अलङ्कार के प्रतिभासमात्र का हेतु है।

व्यक्तिविवेककार महिमभट्ट ने अलङ्कारों की सीमा निर्धारित करते हुए इस विषय में कहा है—"**यत्र हि यदलङ्कारं प्रतिभानुगुणशब्दोपरचितः श्लेषः तत्र तदलङ्कारनिबन्धैः तमेव श्लेषमभिव्यनक्ति, न तु तस्य विषयमाक्रामति**'[३] अर्थात् जहाँ जिस अलङ्कार का आभासमात्र कराने के लिए की गई पदरचना से श्लेष बनता है, वहाँ वह अलङ्कार उसी श्लेष को अभिव्यक्त करता है, उस श्लेष के क्षेत्र में वह स्वयं नहीं आ धमकता।' श्लेप की प्रधानता के पक्षधर रुय्यक ने व्यक्तिविवेक की टीका में भी श्लेप को निरवकाश मानकर अन्य अलङ्कारों का बाधक माना है—'**उपमोत्थापिते श्लेषे नोपमा श्लेषं बाधते, तस्य विविक्तविषयत्वाभावात्। श्लेषस्तु तां बाधते इति युक्तम्।**' इस प्रकार उपमादि अलङ्कारान्तर के साहचर्य में श्लेष बाधक है या साधक, प्रधान है या अप्रधान—आचार्यों में यह विवाद का विषय बना हुआ है। अन्य अलङ्कारों के साथ चाहे जो स्थिति रहती हो, परन्तु उपमा के प्रसङ्ग में तो श्लेष उसका बाधक ही सिद्ध होता है।

इस विषय में एक प्रश्न और उठाया गया है कि "**कमलमिव मुखं मनोज्ञम्**' इत्यादि उदाहरण में उपमेयगत एवं उपमानगत साधारण धर्म के स्वरूपतः भिन्न होने के कारण यहाँ भी अर्थश्लिष्टता के कारण श्लेष की ही मुख्य स्थिति हो जायेगी। इसलिये साधारण धर्म के प्रयोग से शून्य ही उपमा का विषय होना चाहिए। इस विषय में एक सीधी सी बात यह है साधारण धर्म का कथन अभिधया किया जाय या न किया जाय, साधारण धर्म के मूल में हुए विना उपमा बनेगी ही नहीं। इसलिए पूर्णोपमा एवं धर्मलुप्तोपमा दोनों में ही उपमालङ्कार होता है। साधारण धर्म शब्दोपात्त न रहने पर भी प्रायः उपमान सार्वजनीन एवं प्रसिद्ध होने के कारण उसका वैशिष्ट्य सर्वविदित रहता है। हाँ, यदि साधारणधर्म का भी उपादान कर दिया जाय तो सादृश्य के अवगमन में, उसको हृदयङ्गम करने में शीघ्रता एवं सरलता रहेगी। धर्म का कथन न करने से सादृश्यावगम में विलम्ब होने से चमत्कार में कमी हो सकती है। जैसा कि उद्योतकार ने कहा है—'**पूर्णोपमात्वं हि चमत्कारातिशयाय, उपात्तधर्मेण झटिति सादृश्यावगमात्। अनुपात्तेन विलम्बेन तदवगत्या चमत्कारापकर्ष इति भावः।**'[४]

---

३. **व्यक्तिविवेक**, द्वितीय विमर्श, चौखम्बा संस्करण, पृ० ३९५।

४. **काव्यप्रकाश**, नवम उल्लास, 'उद्योत' टीका, झलकीकर-कृत 'बालबोधिनी' टीका में उद्धृत, पृ० ५२२।

श्लेषानुप्राणित उपमा के उदाहरण हमें संस्कृत गद्यकाव्यों में विशाल संख्या में मिलते हैं। बाणभट्ट की **कादम्बरी** से ही उदाहरण लें तो देखेंगे कि विन्ध्याटवी जैसे महाजङ्गल के लिए कवि ने दुर्गा, गिरिजा, जानकी जैसी देवियों, यमनगरी, सेना, समरभूमि, अमृतमन्थनवेला, प्रलयवेला, वर्षा, राज्यस्थिति, बालग्रीवा, पानभूमि, अम्बरश्री, जैसी मूर्त-अमूर्त वस्तुओं, कामिनी, सोत्कण्ठा, मत्ता, उन्मत्ता, विधवा, जैसी स्त्रियों को केवल श्लेष के बल पर उपमान रूप में उपस्थित किया है। यथार्थ रूप में विन्ध्य की अटवी से इन विविध चेतन-अचेतन पदार्थों का कोई साम्य नहीं है। इन स्थलों पर दोनों पदार्थों में समानता का तत्त्व खोजें तो कुछ नहीं मिलता, केवल उन विशेषणों के दो दो अर्थ प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार हम **नलचम्पू** का उदाहरण देख सकते हैं जिसमें सभङ्ग श्लेष का चमत्कार दिखाने के लिए बलात् ऐसी शब्दावली का संयोजन किया गया है जो येन केन प्रकारेण दोनों में सङ्गत हो जाती है, जैसे श्लेष की झोंक में कवि ने राजा नल की विश्वम्भराभोग, प्रासाद, दनुजलोक, सुमेरु आदि से उपमायें दी हैं। इन स्थलों पर विशेषणपद उपमेय एवं उपमान के साथ पृथक्-पृथक् तो सङ्गत बैठ जाते हैं परन्तु उनका परस्पर कोई सम्बन्ध या सहधर्मिता नहीं बैठ पाती।

इस प्रकार हम देखते हैं कि उपमेय एवं उपमान की इस सहधर्मिता का न हो पाना ही उसके उपमागत औचित्य में बाधा उपस्थित करता है, और वास्तविक सहधर्मिता अर्थ से होती है, शब्द से नहीं। श्लिष्टोपमा के स्थल में सहृदय श्लेष से ही चमत्कृत होता है। उसका भावोद्वेलन श्लेष से ही होता है, उपमा से नहीं, और संस्कृत काव्य की समस्त समालोचना सहृदयपरक ही है। सहृदयगत चमत्कार के अतिरिक्त कविसंरम्भ भी यहाँ श्लेष में ही है और सिद्धि भी श्लेष की ही होती है। उपमा श्लेषानुसारिणी होने के कारण गौण एवं निर्बल प्रतीत होती है। श्लेष के बिना उपमा निष्प्राण है। अतः श्लेष से जीवन प्राप्त करने वाली ऐसी निष्प्राण उपमा अस्तित्वहीन की तरह ही है और इसको कम से कम उपमा अलङ्कार के रूप में मान्यता नहीं मिलनी चाहिए। दण्डी ने **काव्यादर्श** में इस प्रकार की उपमा को उपमा के एक भेद के रूप में 'श्लेषोपमा' नाम से उपन्यस्त किया है। परन्तु श्लिष्टोपमा को उपमा अलङ्कार का एक भेदमात्र बताने से समस्या का समाधान नहीं होता। वस्तुतः कवि एवं सहृदय दोनों की दृष्टि से यहाँ श्लेष की ही प्रधानता सिद्ध होगी, और इस दृष्टि से इस स्थल पर 'श्लेषोपमा' न कहकर 'उपमामूलक या उपमाश्रित श्लेष' कहना अधिक सङ्गत होगा।

●

# सात्वत-वैष्णव धर्म के महान् स्रोत—श्रीकृष्ण

प्रो0 कृष्णदत्त वाजपेयी

सागर

The author, in this paper, has tried to throw light on the beginning and development of the *Bhāgavata dharma* on the basis of literary and archaeological evidences.

चिंतन तथा लोक-जीवन के क्षेत्रों को असाधारण रूप से प्रभावित करने का अप्रतिम श्रेय श्रीकृष्ण को प्राप्त है। प्राचीनकाल से लेकर आज तक दार्शनिक, साहित्यकार, कलाकार एवं धर्म-प्रचारक-जन भगवान् श्रीकृष्ण के उदात्त चरित से प्रेरणा ग्रहण करते आये हैं। फलस्वरूप भारत तथा एशिया के अन्य अनेक देशों में ही नहीं, यूरोप और अमेरिका के कई क्षेत्रों में भी श्रीकृष्ण की लोकरंजक लीलायें प्रभावशील हैं।

श्रीकृष्ण देश-काल की सीमाओं में आबद्ध न रहकर विश्वजनीन हुए। उनके व्यक्तित्व में लोकरंजक चारुत्व तत्त्वों के साथ एक प्रखर राजनेता एवं कर्म-योगी दार्शनिक के गुणों का अद्भुत समन्वय है। भक्ति, ज्ञान और कर्म की जिस पावन त्रिवेणी की सृष्टि उन्होंने की वह उनके जीवन में भी व्याप्त मिलती है। उनका ब्रज का प्रारम्भिक जीवन भक्ति का, कुरुक्षेत्र में गीतोपदेश ज्ञान का तथा द्वारका का जीवन कर्म का प्रतिनिधित्व करता है।

सात्वत-भागवत धर्म के महान् स्रोत के रूप में श्रीकृष्ण प्रख्यात हैं। इस उदार धर्म ने दार्शनिक-चिंतन की अनेक धाराओं को पल्लवित-पुष्पित किया। उससे भी बड़े आयाम जो इस धर्म द्वारा उद्घाटित हुए, वे साहित्य और अन्य ललित कलाओं के क्षेत्रों में थे। काव्य, नाटक, कथा-साहित्य आदि विधाओं को इस धर्म ने प्रचुर रूप में श्री-सम्पन्न किया। मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत और नाट्य के विविध रूप श्रीकृष्ण को केन्द्र मानकर इस देश में ही नहीं, दक्षिण-पूर्व एशिया के एक बड़े भाग में संवर्द्धित हुए। भारतीय-संस्कृति की व्यापकता के अध्ययन-अन्वेषण हेतु इन रूपों का विशेष स्थान है।

पुरातत्त्व की दृष्टि से भगवान् विष्णु के सभी अवतारों में श्रीकृष्ण ही ऐसे हैं जिनके मूर्त-रूपों में सहज मानव-भाव सर्वाधिक विद्यमान है। प्राचीन-भारतीय-कला में उनका अंकन किसी देवता के रूप में नहीं मिलता जो मानव-धरातल से बहुत ऊँचा उठा हुआ हो और जिसमें केवल असाधारण दैवी तत्त्वों का ही समावेश हो। श्रीकृष्ण को ऐसा लोकनायक माना गया जो जनसाधारण के बहुत निकट हैं और जिनके जीवन के साथ लोक की बहुमुखी आकांक्षाएँ घुली-मिली हैं। कलाकारों को श्रीकृष्ण का बाल-रूप सर्वाधिक ग्राह्य लगा। **भागवत, विष्णु, हरिवंश** आदि पुराणों में उनकी मधुर बाल-लीलाओं का विस्तृत वर्णन है। उन्हें अपनी कला में रूपायित कर कलाकारों ने अपनी कृतियों को अमरत्व प्रदान किया।

ईसवी प्रथम-द्वितीय शती से लेकर मध्यकाल के अंत तक की जो कला-कृतियाँ मिली हैं, उनमें प्रायः श्रीकृष्ण के बाल-भाव का ही आलेखन है। प्राचीन शिलापट्टों पर उत्कीर्ण अधिकांश लीलायें कृष्ण-जन्म, पूतना-वध, शकट-वध, यमलार्जुन-मोक्ष, कालिय-दमन, गोवर्धन-धारण एवं अरिष्ट, केशि तथा कंस आदि के वध से सम्बन्धित है। इनके अतिरिक्त गोकुल-वृन्दावन की कतिपय अन्य लीलाओं का चित्रण भी प्राचीन मूर्तियों में मिलता है। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के पहले भीम और अर्जुन के साथ श्रीकृष्ण, जरासंध की राजधानी गिरिव्रज (आधुनिक राजगृह) गये थे। वहीं भीम और जरासंध के मध्य मल्ल-युद्ध हुआ। इसका अत्यन्त रोचक चित्रण इलाहाबाद जिले में गढ़वा नामक स्थान से प्राप्त एक शिलापट्ट पर मिलता है। यह पट्ट ईसवी पाँचवीं शती का है और अब लखनऊ के राजकीय संग्रहालय में सुरक्षित है। कृष्ण-लीला-सम्बन्धी यह एक दुर्लभ कलाकृति है, क्योंकि कंसवध के बाद श्रीकृष्ण के जीवन-सम्बन्धी बहुत कम दृश्य प्राचीन मूर्तिकला में मिले हैं।

शिल्प-विषयक अनेक ग्रन्थों में श्रीकृष्ण के प्रतिमाशास्त्रीय विवरण उपलब्ध हैं। **'विष्णुधर्मोत्तर'** तथा **'वैखानस-आगम'** में श्रीकृष्ण के साथ रुक्मिणी तथा सत्यभामा की मूर्तियाँ बनाने का विधान मिलता है। **भागवत पुराण** में श्रीकृष्ण के चतुर्भुजी रूप का कथन है। **'शिल्परत्न'** नामक ग्रंथ में गोप-गोपियों से घिरे हुए श्रीकृष्ण की मूर्ति की चर्चा है। **पद्मपुराण** में कदंब-वृक्ष के नीचे एक गोपिका के साथ खड़े हुए श्रीकृष्ण का वर्णन उपलब्ध है। यह विशिष्ट गोपिका श्रीराधा हो सकती हैं। जोगीशाही नामक स्थान से द्विभुजी, वेणुधर गोपाल की एक मूर्ति मिली है। उनके एक ओर गोपियों का वृंद प्रदर्शित है, ओर दूसरी ओर गोपों का। नीचे गायें दिखायी गयी हैं।

श्रीकृष्ण की उक्त प्राचीन मूर्तियों में उन्हें प्रायः सहज रूप में द्विभुजी ही दिखाया गया है। उनकी आंगिक मुद्राओं में भी उनका लोकरंजक मानव रूप ही

अभिव्यक्त है, चामत्कारिक दैवी रूप नहीं। श्रीकृष्ण का यही सहज मानवरूप कोटि-कोटि जनों को भाया और उनके लिए प्रेरणादायक बना।

साहित्य तथा पुरातत्त्व में श्रीकृष्ण के साथ गोपियों तथा मुख्य-सखी राधा के सम्बन्ध में कतिपय प्रमाण उपलब्ध हैं। श्रीकृष्ण के साथ श्रीराधा के साहचर्य ने ब्रजभूमि को धन्य किया। इन दोनों के व्यक्तित्व के साथ लोक-जीवन की एक दिव्य प्रेम-परम्परा का निर्माण हुआ। कतिपय प्राचीन शिलालेखों में राधा का उल्लेख मिला है। सातवाहन वंश के शासक हाल द्वारा प्रणीत प्राकृत ग्रन्थ **'गाथासप्तशती'** में उल्लिखित 'राहिआ' नाम राधा के लिये ही प्रयुक्त हुआ है। **'पंचतंत्र'** में तथा मध्यकालीन अनेक संस्कृत-प्राकृत ग्रन्थों में राधा का उल्लेख है। साहित्य और कला में राधा तथा गोपियों के अलावा रुक्मिणी आदि श्रीकृष्ण की पटरानियों का भी चित्रण मिलता है। लगभग ४०० ई० के एक ब्राह्मी शिलालेख में श्रीकृष्ण की एक पटरानी जाम्बवती का नामोल्लेख है।

श्रीकृष्ण के अतिरिक्त उनके अग्रज बलराम भी प्राचीन-कला में बहुत आदृत हुए। उन्हें शेषनाग का अवतार माना गया। अतः बलराम की प्रतिमाओं के पीछे शेषनाग का, अनेक फणों सहित, अंकन मिलता है। बलराम के आयुध हल और मूसल हैं। वृष्णि-वंशी श्रीकृष्ण और बलराम का एक साथ उल्लेख न केवल साहित्यिक ग्रन्थों में, अपितु कई पुराने अभिलेखों में भी हुआ। अभिलेखीय प्रमाणों से इस बात की पुष्टि हुई है कि भागवत या सात्त्वत धर्म की प्रारम्भिक अवस्था में वासुदेव-संकर्षण, अर्थात् कृष्ण-बलराम, की पूजा साथ-साथ होती थी। बाद में इन दोनों के साथ साम्ब, प्रद्युम्न तथा अनिरुद्ध को भी जोड़कर मुख्य वृष्णियों की संख्या पाँच हो गयी और 'वृष्णियों के पंचवीरों' के रूप में पूज्य हुए।

कुछ समय पूर्व यूनानी शासक अगाथोक्लीज़ की चाँदी की दुर्लभ मुद्रायें मिली हैं। उन पर हल-मूसलधारी बलराम तथा चक्रधर श्रीकृष्ण का अत्यन्त रोचक चित्रण है। उनकी वेशभूषा ब्रज की है। इस शासक का समय ईसवी पूर्व दूसरी शती का प्रारम्भ है। एक यूनानी शासक द्वारा अपने सिक्कों पर बलराम-श्रीकृष्ण का अंकन इन दोनों देवों के असाधारण महत्त्व का परिचायक है।

गोप वेश में चक्र-गदाधारी वासुदेव की चतुर्भुजी कायपरिमाण मूर्ति मध्यप्रदेश के बिलासपुर जिला के मल्हार नामक स्थान से मिली है। पाषाण को चारों ओर से उकेर कर बनाई गयी यह पूज्य प्रतिमा है। इस पर लगभग २०० ईसवी पूर्व का ब्राह्मी लेख उत्कीर्ण है। वासुदेव विष्णु की अब तक प्राप्त प्रतिमाओं में यह मूर्ति सर्वाधिक प्राचीन है। यूनानी शासक अगाथोक्लीज़ के सिक्के की कृष्ण-प्रतिमा पर मल्हार की मूर्ति का प्रभाव है।

श्रीकृष्ण का जन्म-स्थान मथुरा था। मथुरा तथा ब्रज के कई अन्य स्थलों में उन्होंने लोकाह्लादिनी लीलायें कीं। ब्रज में श्रीकृष्ण की अनेक पुरानी मूर्तियाँ मिली हैं। उनके अतिरिक्त उनकी तथा बलराम की कुछ महत्त्वपूर्ण प्रतिमाएँ तुमैन (जिला गुना), एरण (जिला सागर), केवगढ़ (जिला ललितपुर), खजुराहो (जिला छतरपुर), मंडोर (जिला जोधपुर), सूरतगढ़ (जिला बीकानेर) आदि स्थानों से मिली हैं। बंगाल में पहाड़पुर, उड़ीसा में भुवनेश्वर, कर्णाटक में बादामी तथा तमिलनाडु में महाबलीपुरम् आदि स्थानों की कला में श्रीकृष्ण की लीलाओं के विविध मनोरंजक रूप विद्यमान हैं। जावा के 'प्रवनं' तथा 'पनतारन' नामक स्थानों के अतिरिक्त विदेशों में थाईलैण्ड (स्याम), कंबोडिया (कम्पूचिया), सुमात्रा, नेपाल, तिब्बत आदि में उपलब्ध अनेक कलाकृतियाँ प्रमाणित करती हैं कि उन देशों में कृष्णचरित बहुत लोकप्रिय हुआ था।

प्रारम्भिक वैदिक काल में इन्द्र, अग्नि, वरुण आदि प्रमुख देवता मान्य थे। परवर्ती वैदिक-युग से विष्णु का महत्त्व बढ़ने लगा। शनैः शनैः तीन प्रमुख देवों—ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अन्तर्गत लोक-रक्षक के रूप में विष्णु को प्रमुख स्थान प्राप्त हो गया। उनका तादात्म्य ऋत और तप के प्रतिनिधि देवता नारायण के साथ स्थापित किया गया। कालांतर में वासुदेव-कृष्ण को विष्णु का मुख्य रूप स्वीकार कर लिया गया। परवर्ती ग्रन्थों तथा अभिलेखों में अनेक स्थलों में विष्णु का स्मरण वासुदेव के रूप में ही किया गया।

गुप्तयुग में विष्णु के मुख्य चार अवतार—वराह, नृसिंह, वामन (त्रिविक्रम) तथा कृष्ण थे। इसमें संदेह नहीं कि श्रीराम का आविर्भाव श्रीकृष्ण के पहले हुआ था। विष्णु के दस अवतारों में दाशरथि राम की भी गणना है। उनके प्राचीन शिला-फलकों पर अवतारों का क्रम दर्शाते समय कृष्ण के पहले राम को स्थान दिया गया। यह कालक्रम इस बात की पुष्टि करता है कि राम का समय कृष्ण के पहले का है। तो भी यह बात विचारणीय है कि उपलब्ध पुरातात्त्विक प्रमाणों से श्रीराम की प्रतिमाओं तथा उनके मन्दिरों का निर्माण श्रीकृष्ण की मूर्तियों और मन्दिरों के काफी बाद प्रारम्भ ज्ञात हुआ है। कालक्रमानुसार अभिलेखों में श्रीराम की स्तुति या ध्यान श्रीकृष्ण की अपेक्षा बाद में मिलता है।

प्राचीन शिलालेखों और ताम्रपत्रों में भगवान् श्रीकृष्ण की स्तुति और उनकी महत्ता का गुणगान प्रचुर रूप में उपलब्ध है। अभिलेखों के प्रारम्भ में प्रायः इष्टदेव का ध्यान या स्तुति की जाती थी। वैष्णव शासक तथा अन्य दानदाता अभिलेखों का आरम्भ विष्णु, लक्ष्मी, कृष्ण आदि की स्तुति से कराते थे। ध्यानपरक मंगलाचरणों के अतिरिक्त अनेक अभिलेखों में श्रीकृष्ण की मूर्तियों अथवा मन्दिरों के निर्माण के

विषय में अथवा उनकी लोकोत्तर शक्ति या उदारता के बारे में भी विवरण मिलते हैं। अभिलेखों में उनके नाम कृष्ण, वासुदेव, माधव, जनार्दन, पद्मनाभ, पुरुषोत्तम, कंसनिषूदन, अहिमर्दी आदि मिले हैं।

प्रारम्भ में वासुदेव-कृष्ण की पूजा के तीन मुख्य केन्द्र थे—माध्यमिका, विदिशा और मथुरा। मथुरा इनमें सर्वाधिक प्रसिद्ध हुई। राजस्थान में चित्तौड़ के समीप माध्यमिका नगरी को अब ताँबावती या नगरी कहा जाता है। ईसवी पूर्व तीसरी शती के अंत का एक ब्राह्मीशिलालेख वहाँ हाथीवाड़ा नामक स्थान में मिला है। उनमें वासुदेव कृष्ण की पूज्य-पाषाण-मूर्ति का, उसके चारों ओर बनायी गयी रक्षा-वेदिका का तथा 'नारायणवाटिका' का उल्लेख है। यह लेख बड़े महत्त्व का है और इस बात का पुष्ट प्रमाण प्रस्तुत करता है कि ईसा पूर्व तीसरी शती में देव रूप में श्रीकृष्ण की मूर्ति-पूजा होने लगी थी। डा० देवदत्त रामकृष्ण भंडारकर द्वारा नगरी में अब से लगभग सत्तर साल पहले उत्खनन कार्य कराया गया था। खुदाई में भगवान् कृष्ण के पूजा-स्थल तथा नारायण-वाटिका (वर्तमान हाथीवाड़ा) के अवशेष मिले।

मिश्रित-संस्कृत-भाषा में लिखा हुआ एक अन्य मौर्यकालीन ब्राह्मी लेख घोसुंडी नामक स्थान से मिला है। घोसुंडी नगरी (माध्यमिका) के समीप है। सौभाग्य से तीन पंक्तियों का यह लेख पूर्ण है। लेख इस प्रकार है :

**१. कारितो अयं राज्ञा भागवतेन गाजायनेन पाराशरीपुत्रेण स—**

**२. र्वतातेन अश्वमेधयाजिना भगवद्भ्यां संकर्षण—वासुदेवाभ्यां**

**३. अनिहताभ्यां सर्वेश्वराभ्यां पूजाशिला प्राकारो नारायणवाटिका।**

उक्त घोसुंडी लेख तथा हाथीवाड़ा के लेख को मिलाकर देखने से ज्ञात होता है कि भगवान् संकर्षण-वासुदेव के सम्मान में वृष्णियों की राजधानी नगरी में तीन निर्माण कार्य किये गये—

(क) पूजा-शिला—अर्चा के लिए बलराम तथा कृष्ण की पाषाण मूर्तियाँ।

(ख) प्राकार-रक्षा के लिए वेदिका या बाड़ा और।

(ग) नारायण के नाम पर वाटिका या फुलवाड़ी—(इसे अब हाथीवाड़ा कहते हैं)। यह निर्माण-कार्य श्रीकृष्ण के भक्त (भागवत) राजा सर्वतात (सर्वत्रात) के द्वारा कराया गया। हमारा विचार है कि यह राजा माध्यमिका के स्थानीय वृष्णि-वंश का था।

माध्यमिका नगरी की चर्चा पतंजलि के **महाभाष्य** में मिलती है। यवनों (यूनानियों) के द्वारा माध्यमिका नगरी पर भी आक्रमण किया गया, ऐसा उल्लेख **महाभाष्य** में मिलता है: **'अरुणद्यवनो माध्यमिकाम्।'**

'माध्यमिका' का महत्त्व बहुत समय तक कृष्ण-पूजा के केन्द्र-रूप में अक्षुण्ण रहा। बड़ली (जिला अजमेर) से ई० पू० दूसरी शती का एक भग्न ब्राह्मी लेख मिला है। उससे ज्ञात हुआ है कि माध्यमिका के किसी निवासी द्वारा बड़ली में श्रीकृष्ण के मन्दिर का निर्माण कराया गया[1]।

मध्यप्रदेश की विदिशा नगरी की गणना भारत के प्रमुख प्राचीन सांस्कृतिक नगरों में की जाती है। ईसवी शती में वहाँ विष्णु का मन्दिर विद्यमान था। इसका पता हाल में केन्द्रीय-पुरातत्त्व-विभाग द्वारा वहाँ कराये गये उत्खनन से चला है। उत्खनन से ज्ञात हुआ है कि मौर्यकालीन मन्दिर का आकार अण्डाकार था। श्रीकृष्ण के अतिरिक्त अन्य प्रमुख वृष्णियों के प्रतीक ध्वजस्तम्भ वहाँ लगाये गये।

शुङ्ग-शासकों के राज्यकाल में ईसवी पूर्व दूसरी शती के उत्तरार्द्ध में विदिशा के उक्त मन्दिर के सामने एक ऊँचा गरुड़-स्तम्भ वनवाया गया। इस स्तम्भ ( जिसे अब 'खामबाबा' कहते हैं ) पर खुदे हुए ब्राह्मी-लेख से पता चला है कि उसे तक्षशिला के यूनानी राजा ऐंटिअल्काइडीज़ ( अन्तलिकित ) के राजदूत हेलिओदोर ने वनवाया था। हेलियोदार ने अपने लेख के प्रारम्भ में देवताओं के देव वासुदेव का नाम दिया है, जिनके प्रति भक्ति-भाव व्यक्त करने के लिए उसने विदिशा के मन्दिर के सामने गरुड़ध्वज स्थापित किया। हेलियोदोर ने लेख में अपने को 'भागवत' ( भगवान् वासुदेव का भक्त ) कहा है[2]। इस लेख से विदिशा नगरी की राजनीतिक महत्ता के साथ यह भी ज्ञात हुआ है कि ई० पूर्व दूसरी शती में वहाँ वासुदेव-पूजा का एक प्रधान केन्द्र था। यहीं वृष्णियों के अन्य चार प्रमुखों ( बलराम, प्रद्युम्न, साम्ब और अनिरुद्ध ) के पूजा का भी केन्द्र बना। विदिशा में श्रीकृष्ण के गरुड़ध्वज के अतिरिक्त ताड़ध्वज (बलराम का) तथा मकरध्वज (प्रद्युम्न का) प्रतीक भी प्राप्त हो चुके हैं।

भगवान् कृष्ण की उपासना का तीसरा बड़ा केन्द्र था - मथुरानगरी। वहाँ

---

१. हाथीवाड़ा, घोसुण्डी तथा बड़ली के मूल ब्राह्मी लेखों के लिए द्रष्टव्य, दिनेश चन्द्र सरकार, **सेलेक्ट इंस्क्रिप्शंस**, जिल्द १ ( द्वितीय संस्करण ), कलकत्ता १९६५, पृ० ८९-९१)।

२ मूल लेख के लिए देखिये सरकार, **वही**, पृ० ८८-८९!

से अनेक महत्त्वपूर्ण शिलालेख मिले हैं, जिनमें वहाँ वासुदेव की प्रतिमाओं तथा मन्दिरों के निर्माण का उल्लेख है। अनेक वर्ष पहले दो शिलालेख मथुरा के मोरा नामक गाँव से प्राप्त हुये थे[३]। लेख ब्राह्मी में है और मथुरा में राज्य करने वाले शक-वंशी शोडास के समय (ई० पूर्व प्रथम शती) के हैं। पहले लेख में भगवान् श्रीकृष्ण के जन्मस्थान में भगवान् वासुदेव के सम्मान में मूर्ति और तोरणद्वार के सहित वेदिका निर्माण का कथन है। मूर्ति पत्थर की थी, अतः उसकी संज्ञा 'शैल' दी है। तोरण तथा वेदिका का भी वहाँ स्पष्ट उल्लेख है। (**शैलं तोरणं वेदिका च**)। मोरा से मिले हुए दूसरे शिलालेख में मन्दिर के लिये 'शैलदेवगृह' शब्द आया है और उसमें वृष्णियों के पाँच वीरों (प्रमुखों) की प्रतिमायें प्रतिष्ठापित करने की चर्चा है (भगवतां वृष्णीनां पञ्चवीराणां प्रतिमाः शैलदेवगृहे....')। इस लेख से स्पष्ट है कि मन्दिर पत्थर का बना हुआ था और उसमें पाँच वृष्णियों की मूर्तियाँ स्थापित की गयी थीं। मोरा से प्राप्त पाषाण-निर्मित एक वृष्णि-मूर्ति मथुरा के पुरातत्त्व संग्रहालय में सुरक्षित है। उसमें ब्राह्मी लेख का कुछ अंश भी बचा है। सम्भवतः यह प्रतिमा उन पाँच मूर्तियों में से एक थी, जिनकी प्रतिष्ठापना का उल्लेख मोरा-अभिलेख में मिला है। मथुरा से हाल में प्राप्त एक अन्य शिलालेख में भगवान् के मन्दिर के लिए 'देवकुल' नाम आया है। **वायुपुराण** (अध्याय ७९,१-२) में वृष्णियों के पाँच वीरों (व्यूहों) की चर्चा इस प्रकार मिलती है।

**'संकर्षणो वासुदेवः प्रद्युम्नः साम्ब एव च।**
**अनिरुद्धश्च पञ्चैते वंशवीराः प्रकीर्तिताः ॥'**

अर्थात् वृष्णियों के पाँच प्रसिद्ध वीर इस प्रकार हैं : संकर्षण (बलराम), वासुदेव (कृष्ण), प्रद्युम्न, साम्ब और अनिरुद्ध। **विष्णु संहिता** (६७,२) में केवल चार व्यूह वर्णित है। वहाँ अनिरुद्ध का उल्लेख नहीं है।

यहाँ यह द्रष्टव्य है कि अवस्थानुसार बलराम को सर्वप्रथम स्थान दिया गया है और उनके बाद क्रमशः प्रद्युम्न, साम्ब तथा अनिरुद्ध के नाम आये हैं। विदिशा के अतिरिक्त मध्यप्रदेश के एरण, बडोह-पठारी आदि स्थानों में गुप्तकालीन विशाल गरुड़ध्वज स्तम्भ विद्यमान है। इससे ज्ञात होता है कि वासुदेव-विष्णु के मन्दिरों के सामने गरुड़ध्वज स्थापित करने की प्रथा शुङ्गकाल के बाद शताब्दियों तक जारी रही। वासुदेव के स्तम्भ पर गरुड़, बलराम के स्तम्भ पर तालवृक्ष और प्रद्युम्न के स्तम्भ पर मकर चिन्ह था। बलराम और प्रद्युम्न के ध्वजों के नाम क्रमशः

---

३. लूडर्स, **मथुरा इंस्क्रिप्शंस** ( संपादक क्लॉस एल० जोनेर्ट ), गाटिंजन, १९६१, पृ० १५४-६।

तालध्वज, और मकरध्वज प्रसिद्ध हुए। विदिशा तथा पद्मावती (ग्वालियर के समीप आधुनिक पवाया) से कलात्मक तालध्वज प्राप्त हुए हैं जो वहाँ पर बलराम के मन्दिरों के सूचक प्रतीत होते हैं।

मथुरा नगर तथा उसके समीप से हाल में अन्य शिलालेख मिले हैं। उनसे ज्ञात हुआ है कि शक-क्षत्रप शोडास के राज्यकाल में उसके कोषाध्यक्ष मूलवसु तथा उसकी पत्नी पक्षका के द्वारा क्रमशः वासुदेव तथा श्रीदेवी के मन्दिरों और प्रतिमाओं का निर्माण कराया गया।

सातवाहन राजवंश के एक शिलालेख में इन्द्रादि देवों के साथ संकर्षण वासुदेव का भी उल्लेख है। ई० पूर्व दूसरी शती का यह लेख पुणे के समीप नाणेघाट नामक स्थान में मिला है। इसकी भाषा प्राकृत है। इसकी प्रथम पङ्क्ति में धर्म तथा इन्द्र को नमस्कार करने के बाद **'संकर्षण-वासुदेवानन्'** शब्द आये हैं। इसके बाद चन्द्र, चारों लोकपालों, यम, वरुण, कुबेर तथा वासव के उल्लेख हैं[४]। इससे वृष्णियों के वीरों का महत्त्व प्रतिपादित होता है।

ईसवी चौथी शती के आरम्भ से लेकर लगभग छठी शती के मध्य तक शासन करने वाला गुप्तवंश भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध है। इस वंश के अधिकांश शासक वैष्णव थे। उनका राजचिह्न गरुड़ था। उनके सिक्कों, मुहरों तथा अभिलेखों में लक्ष्मी, कमल, शंख, चक्र आदि चिन्ह मिले हैं। इस वंश का प्रतापी-सम्राट् चन्द्रगुप्त-विक्रमादित्य अपने को 'परमभागवत' कहने में गर्व का अनुभव करता था। उसके कई वंशजों को भी 'परमभागवत' कहा गया। यूनानी हेलियोदोर की 'भागवत' उपाधि की श्रीवृद्धि अब 'परमभागवत' रूप में हुई। चन्द्रगुप्त-विक्रमादित्य ने सोने का एक ऐसा सिक्का चलाया जिसके एक ओर चतुर्भुज भगवान् प्रदर्शित हैं। दूसरी ओर सम्राट् की उपाधि 'चक्रविक्रम' लिखी है। साँची से उसका ताँबे का एक ऐसा सिक्का मिला है जिस पर भगवान् का नाम पद्मनाभ दिया है : **जितं भगवता पद्मनाभेन'**। यह सिक्का पद्मनाभ विष्णु के नाम पर चलाया गया, जिसके आशीर्वाद से सम्राट् चन्द्रगुप्त ने मालवा के विदेशी शकों पर विजय प्राप्त की थी।

धातु तथा पकी-मिट्टी की अनेक गुप्तकालीन मुहरें मथुरा, राजघाट, कौशाम्बी, झूसी, (इलाहाबाद), पटना आदि से मिली हैं। उन पर पद्म, शंख, चक्र आदि चिन्ह अंकित हैं। उन पर ब्राह्मी लेख भी मिले हैं, जो इस प्रकार हैं : **'माधव', 'हरिस्मरण' 'नमो भगवते वासुदेवाय'** तथा **'जितं भगवता वासुदेवेन'**।

---

४. आर्किओलॉजिकल सर्वे आफ वेस्टर्न इंडिया, जिल्द ५, पृ० ६० तथा ८६।

सागर जिला के एरण नामक स्थान से एक दुर्लभ शिलालेख मिला था, जो अब कलकत्ता के इण्डियन-म्यूज़ियम में सुरक्षित है। यह लेख गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त का माना जाता है,[५] परन्तु उसे चन्द्रगुप्त-विक्रमादित्य के समय का मानना अधिक युक्तिसङ्गत है। इस लेख के अनुसार एरण में गुप्त-सम्राट् ने एक स्तम्भ स्थापित कराया। सम्भवतः यह गरुड़ध्वज था, जो भगवान्-वासुदेव के मन्दिर के सामने प्रतिष्ठित किया गया था।

साहित्यिक तथा पुरातात्त्विक उक्त प्रमाणों से सात्त्वत भागवत धर्म के उदय तथा उसके प्रारम्भिक विकास की जानकारी मिलती है। गुप्तशासन काल तथा उसके परवर्ती-युगों में इस धर्म ने भारत तथा उसके बाहर प्रभूत विस्तार प्राप्त किया।

---

५. फ्लीट् कॉर्पस, जिल्द ३, पृ० २०।

# अद्वैत वेदान्त का 'सिद्धिवाङ्मय' एवं ब्रह्मसिद्धि


(कु०) *अर्चना चतुर्वेदी*

इलाहाबाद



We have in Indian Philosophy a series of *Siddhi* literature concerning *Advaita Vedānta*. The author, while describing the different works of this branch of literature, discusses in detail the nature and subject-matter of an important work *Brahma-Siddhi* written by Maṇḍana Miśra.


'सिद्धिवाङ्मय' अद्वैत वेदान्त दर्शन का एक प्रमुख अंग है। भारतीय दार्शनिक ग्रंथों की एक विशेष शैली की रचनाओं के शीर्षक के रूप में 'सिद्धि' शब्द का प्रयोग होता था। यह प्रयोग बौद्धकालीन विद्वानों के समय से ही पाया जाता है। सामान्यतः, सतर्क खोज के परिणामस्वरूप जो निष्कर्ष निकलता है उसके लिये 'सिद्धि' शब्द का प्रयोग किया जाता है, अथवा दूसरे शब्दों में कहें तो, पञ्चावयवी न्याय-वाक्य के द्वारा जो निर्णय होता है वही 'सिद्धि' शब्द का तात्पर्य है। किन्तु शीर्षक के रूप में सिद्धि' शब्द एक सम्पूर्ण वाङ्मय का परिचायक बन गया है।

सिद्धिवाङ्मय के अन्तर्गत अद्वैत वेदान्त के चार प्रसिद्ध ग्रन्थों को मुख्य रूप से स्वीकार किया गया है। आचार्य मधुसूदन कृत अद्वैत वेदान्त के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'अद्वैतसिद्धि' का अधोलिखित अन्तिम श्लोक इस विषय में प्रमाण है—

> "सिद्धीनामिष्टनैष्कर्म्यब्रह्मगानामियं चिरात्।
> अद्वैतसिद्धिरधुना चतुर्थी समजायत ॥"

अर्थात् ये चार प्रमुख ग्रन्थ हैं, (१) इष्टसिद्धि, (२) नैष्कर्म्यसिद्धि, (३) ब्रह्मसिद्धि, (४) अद्वैतसिद्धि। जैसा कि उपर्युक्त श्लोक से स्पष्ट होता है, "अद्वैतसिद्धि" ग्रन्थ उपर्युक्त चारों ग्रन्थों में सर्वाधिक परवर्ती ग्रन्थ है, जो कि शेष तीनों ग्रन्थों के बहुत बाद में लिखा गया। सत्रहवीं शताब्दी के मध्य से लेकर उस शताब्दी के अन्त तक आचार्य मधुसूदन सरस्वती अपनी ख्याति की पराकाष्ठा पर थे, और उसी

काल में उन्होंने 'सिद्धिवाङ्मय' से प्रभावित होकर **'अद्वैतसिद्धि'** नामक ग्रन्थ की रचना की। इससे बहुत पहले विमुक्तात्मा कृत **'इष्टसिद्धि'**, सुरेश्वराचार्य कृत **'नैष्कर्म्यसिद्धि'** तथा मण्डन मिश्र कृत **'ब्रह्मसिद्धि'** ग्रन्थों की रचना हो चुकी थी।

उपर्युक्त, सिद्धि-चतुष्टय ग्रन्थों पर यदि ध्यान दिया जाय तो ये चारों परस्पर एक दूसरे के पूरक प्रतीत होते हैं। यदि **'ब्रह्मसिद्धि'** ग्रन्थ ब्रह्माद्वैत अथवा सत्ताद्वैत सिद्धान्तों का विशद विवेचन करता है. अर्थात् यह प्रतिपादित करता है कि अन्तिम सत्ता के रूप में 'ब्रह्म' ही एकमात्र सत्य है; तो वहीं **'नैष्कर्म्यसिद्धि'** शुद्ध ज्ञान को कर्म की अधीनता से मुक्त करा कर यह स्थापित करती है कि शुद्ध 'चित्' स्वरूप 'ब्रह्म' ही सर्वोत्कृष्ट एवं एकमात्र सत्य है। **'इष्टसिद्धि'** में इस मत को पुष्ट एवं विख्यात करने की चेष्टा की गई है कि जिस प्रकार 'ब्रह्म' और 'आनन्द' समरूप हैं, उसी प्रकार 'ब्रह्म' और 'आत्मा' भी एकात्मक हैं। इसके अतिरिक्त इस ग्रन्थ में अस्पष्ट अविविक्त एवं विपर्यासपूर्ण 'अविद्या' के आवरण-स्वभाव का विस्तृत स्पष्टीकरण किया गया है—जिसकी स्थापना करने के लिये अद्वैती वर्ग विशेष रूप से आतुर रहता है और वही उसका इष्ट है। 'अद्वैतसिद्धि' ग्रन्थ में अद्वैत वेदान्त सम्मत अन्तिम तत्त्व की महत्ता को 'सच्चिदानन्द' रूप समस्त पद के माध्यम से स्पष्ट किया गया है, एवं अत्युत्कृष्ट शास्त्रार्थीय ढंग से यह प्रतिपादित किया गया है कि जो इन्द्रिय-अगम्य अर्थात् अप्रत्यक्ष है, केवल वह ब्रह्म ही अन्तिम सत्य है।

उपर्युक्त ग्रन्थों के अतिरिक्त, सिद्धिवाङ्मय के अन्तर्गत, अद्वैत वेदान्त के दो अन्य ग्रन्थों, अर्थात् सदानन्द कृत **'अद्वैतब्रह्मसिद्धि'** एवं गंगाधरेन्द्र सरस्वती कृत **'स्वाराज्यसिद्धि'**, का भी प्रमुख ग्रन्थों के रूप में समावेश किया जाता है। इस प्रकार निष्कर्षतः सिद्धिवाङ्मय के अन्तर्गत उपर्युक्त छः ग्रन्थों को मुख्य रूप से ग्रहण किया गया है। एक प्रकार से ये ग्रन्थ ही 'सिद्धिवाङ्मय' का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये सभी सर्वतोमुखी एवं मूर्धन्य ग्रंथ. अद्वैत वेदान्त द्वारा मान्य परम तत्त्व (ब्रह्म) विषयक हैं। इन्हीं ग्रंथों से यह वाङ्मय सुशोभित है।

अद्वैत-सिद्धान्त के उपर्युक्त सिद्धिग्रंथों के अतिरिक्त सिद्धि नाम से सम्बन्धित कतिपय अन्य आचार्यों के ग्रंथ भी उपलब्ध होते हैं, जो विभिन्न विषयक हैं। यथा— वसुबन्धु कृत **'विज्ञानमात्रसिद्धि'** अथवा **'विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि'** (विज्ञानवाद), मण्डन मिश्र कृत **'स्फोटसिद्धि'** (व्याकरण), रत्नकीर्ति कृत 'अपोहसिद्धि' एवं **'क्षणभंगसिद्धि'** (स्थैर्य का खण्डन), भरत मिश्र कृत **'स्फोटसिद्धि'** (व्याकरण), उदयनाचार्य कृत **'प्रबोधसिद्धि'** (जाति-निग्रह-स्थान), श्रीधराचार्य कृत **'अद्वयसिद्धि'**, यामुनाचार्य कृत **'आत्मसिद्धि'**, **'सम्वित्सिद्धि'**, तथा **'ईश्वरसिद्धि'** (विशिष्टाद्वैत), ज्ञानोत्तम कृत

**'ज्ञानसिद्धि'** (वेदान्त), वेदान्तदेशिक कृत **'सर्वार्थसिद्धि'** (तत्त्वमुक्ताकलाप की टीका) एवं **'न्यायसिद्धि'** (प्रकरणपञ्चिका की व्याख्या)।

सिद्धिवाङ्मय के उपर्युक्त समस्त ग्रन्थों में से, जिसके शीर्षक के अन्त में 'सिद्धि' शब्द का प्रयोग किया गया है, वसुबन्धु कृत **'विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि'** ग्रन्थ में प्राचीन एवं समकालीन विचारकों एवं चिन्तकों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों तथा उनके पक्ष में दिये गये विभिन्न तर्कों पर विचार-विमर्श करके उनका खण्डन करते हुए, अन्वेषण के माध्यम से, अद्वैत वेदान्त द्वारा मान्य अन्तिम तत्त्व अर्थात् 'ब्रह्म' के विषय में बृहद् स्पष्टीकरण किया गया है।

**ब्रह्मसिद्धि ग्रन्थ का स्वरूप एवं शीर्षक का तात्पर्य**—जैसा कि **'ब्रह्मसिद्धि'** से संकेत मिलता है, इसमें विचार-विमर्श के द्वारा इसी मत का पोषण किया गया है कि अपरिमित 'ब्रह्म-तत्त्व' सर्वथा अलंघ्य एवं असीमित आनन्दरूप है। वह एक-मात्र सत्ता, अनादि एवं अनन्त है। वह 'ब्रह्म' निरुपाधिक, प्रतिबन्ध रहित एवं चैतन्य है, समस्त वाक् का प्रणव है; निर्विकार एवं इन्द्रियानुभव से परे है। वह परमात्मा समस्त जीवों पर शासन करता है तथा संसार के चक्र को नियन्त्रित करता है। इसी आत्मा का उपनिषदों में प्रतिपादन किया गया है। इन विषयों के अतिरिक्त 'ब्रह्मसिद्धि' में कुछ अन्य सदृश विषयों का भी विवेचन मिलता है। यथा—भेद की अवास्तविकता, **उपनिषदों** का मुख्य अभिप्राय, मोक्ष का साधन एवं उसका स्वरूप, तथा अज्ञान एवं भ्रान्ति का स्वरूप आदि। इस प्रकार **'ब्रह्मसिद्धि'** ग्रन्थ में 'ब्रह्म' के वास्तविक स्वरूप का वर्णन किया गया है, और इसके सन्दर्भ में आये अन्य सभी मतों का खण्डन करते हुए अद्वैत-वेदान्त-सम्मत सिद्धान्त की स्थापना की गई है।

यह ग्रन्थ चार काण्डों में विभाजित है—अर्थात् **ब्रह्मकाण्ड, तर्ककाण्ड, नियोग-काण्ड** तथा **सिद्धिकाण्ड**। सभी काण्डों की शैली गद्य-पद्य मिश्रित है। भाषा अत्यधिक क्लिष्ट एवं विषय अत्यन्त गम्भीर है। कुल मिला कर यह एक उल्लेखनीय किन्तु बहुत ही कठिन ग्रंथ है, जो चित्त की एकाग्रता पूर्वक गम्भीर चिन्तन की अपेक्षा रखता है। उपर्युक्त चारों काण्डों में से तीसरा 'नियोगकाण्ड' सर्वाधिक विस्तृत है, जो कि लगभग आधी से अधिक पुस्तक में व्याप्त है; एवं चौथा सिद्धिकाण्ड लघुतम है।

**ग्रन्थ में निर्दिष्ट प्रमुख विषय**—प्रथम **'ब्रह्म-काण्ड'** में, जैसा कि **उपनिषदों** में ब्रह्म का स्वरूप बताया गया है, उसी के आधार पर ब्रह्म के स्वरूप एवं लक्षण का वर्णन किया गया है। लगभग सम्पूर्ण काण्ड, प्रथम मंगलाचरणरूप कारिका के

मुख्य तात्पर्य की व्याख्या करने में समर्पित है। इस स्पष्टीकरण का आधार वेद हैं। वेदों के आधार पर ही तर्क-वितर्क के माध्यम से, प्रतिपादित मुख्य विषय अर्थात् ब्रह्म के यथार्थ स्वरूप का निश्चय किया गया है। काण्ड के अन्त में 'कर्म' एवं 'ज्ञान' के स्थान विषयक विचारविमर्श किया गया है।

द्वितीय **'तर्ककाण्ड'** में सत्यज्ञान के साधन, प्रत्यक्षादि प्रमाणों का सूक्ष्म परिदर्शन तथा परीक्षण किया गया है। साथ ही प्रत्यक्षादि प्रमाणों की तुलना में उपनिषदों के प्रामाण्य की श्रेष्ठता सिद्ध की गई है। इसके अतिरिक्त इस काण्ड में 'भेद' के स्वभाव का आलोचनात्मक विवेचन तथा द्वैत सम्बन्धि वैशेषिकों, बौद्धों तथा भाट्टों के सिद्धान्तों का खण्डन किया गया है।

तृतीय **'नियोगकाण्ड'** में इस मत का परीक्षण किया गया है कि 'ब्रह्मसाक्षात्कार' विधि का विषय नहीं। साथ ही कुछ अन्य विषयों का भी खण्डनात्मक एवं आलोचनात्मक विवेचन किया गया है। अद्वैत वेदान्त द्वारा मान्य मुक्ति की व्याख्या तथा प्रभाकर सम्मत अख्यातिवाद का खण्डन भी इस काण्ड में दृष्टिगोचर होता है।

अन्तिम 'सिद्धिकाण्ड' में इस प्रश्न पर विचार किया गया है कि **उपनिषदों** की, ब्रह्मज्ञान कराने में प्रामाणिकता हैं, अथवा नहीं? यह ज्ञान सामान्य अनुभव से परे है; तब शब्दों के माध्यम से **उपनिषद्** 'ब्रह्म' का ज्ञान कराने में समर्थ कैसे हो सकते हैं? इससे सम्बन्धित भर्तृमित्र के मत का खण्डन, और अन्ततः, अन्तिम सत्ता के रूप में ब्रह्म की सिद्धि की गई है।

**ब्रह्मसिद्धि की टीकायें**—जहाँ तक ज्ञात हो सका है, तदनुसार 'ब्रह्मसिद्धि' पर चार टीकायें लिखी गईं। इन चारों में से सर्वाधिक प्राचीन टीका वाचस्पति मिश्र कृत **'तत्त्वसमीक्षा'** है। यह टीका ९वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में लिखी गई। इस टीका की कोई भी पाण्डुलिपि वर्तमान समय तक प्राप्त नहीं हो सकी है। अतः इस टीका के अस्तित्व को जानने का एकमात्र साधन कतिपय सन्दर्भ हैं[1]।

**'ब्रह्मसिद्धि'** के दूसरे टीकाकार हैं चित्सुखमुनि। ये तेरहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में अपने चरमोत्कर्ष पर थे। इन्होंने **'ब्रह्मसिद्धि'** पर **'अभिप्रायप्रकाशिका'** नामक एक संक्षिप्त टीका लिखी। यह टीका प्रकाशित है तथा इसकी पाण्डुलिपि राजकीय प्राच्य पाण्डुलिपि संग्रहालय, मद्रास में उपलब्ध है।

---

१. द्रष्टव्य—**भामती** (निर्णय सागर प्रेस) पृ० १०२० उपसंहार का श्लोक—३; तथा पृ० ३०, पङ्क्ति ९।

**'ब्रह्मसिद्धि'** पर एक अन्य विपुल टीका, आनन्दपूर्ण मुनि अर्थात् विद्यासागर द्वारा सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में लिखी गई। इस टीका का नाम **'भावशुद्धि'** है। यह भी प्रकाशित है तथा इसकी पाण्डुलिपि भी राजकीय प्राच्य पाण्डुलिपि संग्रहालय मद्रास में सुरक्षित है।

**'ब्रह्मसिद्धि'** पर चौथी एवं अन्तिम टीका शङ्खपाणि नामक किन्हीं विद्वान् ने लिखी है, जिनके विषय में कुछ भी निश्चित रूप से ज्ञात नहीं। इनके विषय में, मलाबार परम्परा के माध्यम से केवल इतना ही ज्ञात हो सका है कि ये मलाबार के नम्बूदरी ब्राह्मण थे। शङ्खपाणि कृत टीका की पाण्डुलिपियों में से एक पाण्डुलिपि में निरङ्क पत्र (कोरे-पन्ने) पर **'समीक्षाफक्किका'** शब्द लिखा प्राप्त हुआ है। यह शब्द विषय-सूची में कोष्ठक के अन्दर लिखा गया है। इस शब्द के द्वारा यह अनुमान होता है कि शङ्खपाणि की यह टीका वाचस्पतिमिश्र कृत **'तत्त्वसमीक्षा'** का ही लगभग अनुकरण करती है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि केवल अद्वैत वेदान्त के अन्तर्गत ही नहीं, अपितु भारतीय दर्शन की विभिन्न परम्पराओं में भी सिद्धि साहित्य का प्रचलन रहा है। सूत्र साहित्य, स्तोत्र साहित्य आदि की भाँति सिद्धि साहित्य भी, उद्भट विद्वानों अथवा विचारकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया जिसके फलस्वरूप उपर्युक्त सिद्धि ग्रन्थों की रचना हुई।



# श्री विन्ध्यनिवासिनी

## ऐतिहासिक एवं शास्त्रीय दृष्टि में

डा० प्रकाश पाण्डेय

इलाहाबाद

The *Vindhyavāsinī pīṭha* has been one of the important ancient *Śaktipīṭhas* worshipped by Āryas and Anāryas alike. The author has traced in this article the tradition of Śakti worship in India and presents the Śāstric nature of the *Vindhyavāsinī pīṭha* based on literary evidences.

शक्तिपूजनोपासना की परम्परा समस्त विश्व में प्रागैतिहासिक काल से ही चली आ रही है।[1] ऋग्वेद में भी शक्ति उपासना के पर्याप्त प्रमाण हैं यथा अदिति, वाक्, सिनीवाली, कुहू आदि। परवर्ती साहित्यों यथा उपनिषद्, महाभारत, रामायण, पुराणों आदि में उनका स्वरूप स्पष्टतर हुआ है। प्रतीकोपासना के अधिक प्रचलित एवं लोकप्रिय होने पर प्राचीन एवं प्रतिष्ठित शक्ति उपासना की परम्परा ने शक्ति पूजा का वर्गीकरण करके स्थान-महत्ता एवं उपासना सौकर्य को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण भारत में कुछ उपासना केन्द्रों को प्रतिष्ठापित किया। ये केन्द्र शक्तिपीठ कहे जाते हैं। या यह भी सम्भव है कि जिन स्थानों पर शक्ति पूजन की परम्परा थी उनमें से प्रधान एवं सर्वजनसुलभ स्थानों को शक्तिपीठो की प्रतिष्ठा दी गई हो। इनकी विभिन्न सूचियाँ विभिन्न तन्त्रग्रन्थों में प्राप्त होती हैं। उपासना की प्राचीनता के आधार पर इन पीठों की भी श्रेणियाँ हैं, जो कि उनकी महिमा वर्णन के आधार पर निर्धारित हैं। उत्तर भारत के क्या, सम्पूर्ण भारत के शक्तिपीठों में सर्वाधिक प्रधान, प्राचीनतम शक्तिपीठ है विन्ध्याचल, जिसकी अधिष्ठात्री देवी हैं श्री विन्ध्यवासिनी।

---

१. विश्व की प्राचीन सभ्यतायें श्रीनेत्र पाण्डेय, बनारस, १९७३।

इस लघुलेख में आज के प्राप्त साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर इनके ऐतिहासिक एवं शास्त्रीय स्वरूप का दर्शन करने का प्रयास किया जायेगा।

आधुनिक मीरजापुर के पश्चिमी प्रभाग में प्रकृति के सहज सुन्दर प्राङ्गण में, जहाँ विन्ध्यगिरि को भागीरथी अपने पावन सलिल से क्षालित कर रही हैं, श्री विन्ध्यवासिनी का स्थान है। **बृहन्नीलतन्त्र** ने इस चिह्न विशेष को श्री विन्ध्यवासिनी के स्थान का अनन्य परिचायक माना है—

**सङ्गमे विन्ध्यगङ्गायां विन्ध्ये श्रीविन्ध्यवासिनी (बृहन्नीलतन्त्रम् ५।१२९)**

**चन्द्रकला नाटिका** (१४-१५ ई०, ले० विश्वनाथ) के चतुर्थ अंश का वर्णन है कि चित्ररथदेव की प्रेमिका चन्द्रकला को शबरों ने श्री विन्ध्यवासिनी को बलि देना चाहा किन्तु उसे राजा के एक सैनिक ने बचा लिया जो वहाँ दर्शनार्थ गया था। १२वीं शती की कल्हण की **राजतरंगिणी** में श्री विन्ध्यवासिनी की चर्चा 'भ्रमर-स्वामिनी' के नाम से की गई है। यह चर्चा ग्रन्थकार ने ६०० ई० के काश्मीरी राजा राणादित्य से सम्बद्ध किया है, जिन्होंने 'चण्डी' नामक अपनी एक कृति में **मार्कण्डेयपुराण** से सामग्री लेकर उक्त शक्ति का वर्णन किया है।[2] भ्रमरस्वामिनी नाम का स्पष्टीकरण डा० डी० सी० सरकार इस रूप में करते हैं कि सम्भवतः विन्ध्य की गहन अटवी में, इस स्थान पर अत्यधिक मधुमक्खियाँ रही हों।[3] ७३०-५३ ई० का ग्रन्थ **गउडवहो** प्रधानतया इसी शक्ति का वर्णन करता है। इसमें राजा यशोवर्मन् द्वारा विजय के उपलक्ष में उनके पूजन का वर्णन किया गया है।[4] वाणभट्ट का **चण्डीशतक** (७०० ई०) पूर्ण रूप से विन्ध्यवासिनी का ही वर्णन करता है।[5]

यद्यपि पुराणों का संकलन ईसा की कई शताब्दी पूर्व प्रारम्भ हो चुका था—कई पुराणों की चर्चा **अर्थशास्त्र** भी (३०० ई० पू०) करता है, **'इतिहासपुराणं पञ्चमं वेदानां वेदं'** आदि वाक्य भी इस विद्या के अस्तित्व के द्योतक हैं—किन्तु उनका आधुनिक स्वरूप गुप्त काल तथा कुछ का उसके भी पश्चात् हुआ था ऐसी मान्यता है। अल्बरूनी के आधार पर उसकी अन्तिम सीमा ११०० ई० मानी जाती है। **मार्कण्डेय पुराण** ६०० ई० के पूर्व ही पूर्ण हो चुका था, यह **राजतरंगिणी** सिद्ध

---

२. **राजतरंगिणी** III PP. ३९४, ४-३१।

३. *The Śākta Pīṭhas* D. C. Sircar—Delhi 1973 P. 20 (Notes).

४. Do, P. 20.

५. **चण्डीशतकम्** सं० डा० फतह सिंह, जोधपुर।

करती है। इस पुराण में श्री विन्ध्यवासिनी का उल्लेख उनकी तत्कालीन स्थिति को सिद्ध करता है। हरिवंश (४०० ई० पू०) 'एकानंशा'[६] कृष्ण की भगिनी 'योग-कन्या' का समीकरण श्री विन्ध्यवासिनी से करता है। इनका अवतरण केशव के रक्षार्थ हुआ था—

**योगकन्यां दुराधर्षां रक्षार्थं केशवस्य च (हरि० ९६।९४)**

**वृहत्कथा** (१-२ ई०) में भी इनके विविध आख्यान हैं।[७] **महाभारत** (६००-४०० ई पू० के विराट् पर्व (अ० ६) तथा भीष्मपर्व (अ० २३) में विन्ध्यवासिनी का स्पष्ट उल्लेख है। महाराज युधिष्ठिर ने विराट नगर जाते समय स्वयं सपरिवार जाकर श्री देवी की स्तुति की थी।[८]

इसी प्रकार अन्य पुराण (**वामन, मत्स्य** आदि तथा **श्रीमद्भागवत** आदि) इनकी तत्कालीन सिद्धि के परिचायक हैं।

उक्त साहित्यिक साक्ष्यों से स्पष्ट है कि श्री विन्ध्यवासिनी ईसा की कई शताब्दी पूर्व ही पूर्ण रूप से प्रतिष्ठित एवं लोकप्रिय देवी थीं। सातवीं शती के **कादम्बरी** की विन्ध्याटवी जब इतनी सघन दुर्गम एवं अनतिक्रमणीय थी तब ईसा की कई शताब्दियों पूर्व के विन्ध्यारण्यकी कल्पना अनायास ही की जा सकती है। उस काल में इनकी प्रसिद्धि सुदूर प्रान्तों में थी, यह इनकी प्राचीनता का स्वतः प्रमाण है। क्योंकि सघनवन में स्थित किसी धार्मिक उपासना स्थल की व्यापक प्रसिद्धि कई शताब्दियों में ही सम्भव है। छा० उप० के "इतिहासपुराणं" में एक वचन प्रयोग से लगता है कि उपनिषत् काल में इस नाम की संयुक्त विद्या का अस्तित्व रहा हो जिसका दोहन करके **रामायण, महाभारतादि** की रचना हुई हो। सम्भव है विन्ध्याचल एवं विन्ध्यवासिनी के प्राचीन वर्णन को इन ग्रन्थों में उपनिबद्ध किया गया हो। वेदों में विन्ध्यगिरि का नाम न होना एक आश्चर्य है क्योंकि यह सम्भव नहीं है कि उत्तरी ध्रुव तक का ज्ञान रखने वाली आर्य जाति जो कि गंगाघाटी के मैदान में विकसित हुई, विन्ध्य पर्वत का ज्ञान न रखती हो। सम्भव है **ऋग्वेद** की वाष्कलादि लुप्त शाखाओं में विन्ध्यपर्वत का वर्णन हो तथा उनमें रहने वाली शबर आदि जातियों का भी जो कि श्री विन्ध्यवासिनी की पूजक थीं। **हरिवंश** (II iii, ७-८) इन शबर, बर्बर, पुलिन्द आदि जातियों द्वारा विन्ध्यवासिनी के पूजित होने का वर्णन

---

६. **हरिवंशपुराण**—९६।१३।

७. **संस्कृत साहित्य का इतिहास**—पृ० ४४०, आ० बलदेव उपाध्याय।

८. **महाभारत**—सुक्थंकर—पूना।

करता है। इनमें शबर जाति प्रागैतिहासिक काल की है। सिन्धु प्रदेश में भी इनके अस्थि अवशेष प्राप्त होते हैं। इनकी भाषा मुण्डा मानसमेर चूंकि लिपि एवं वर्णमाला-विहीन थी अतएव उनकी धार्मिक सामाजिक परम्पराओं का लिखित उल्लेख नहीं मिलता अपितु **महाभारतादि** ग्रन्थों में प्राप्त होता है। शबरादि से पूजित होने के कारण ही श्री एन० एन० भट्टाचार्य के श्री विन्ध्यवासिनी को (*Indian Mother Goddess* P. 61) अवैदिक देवी कह देने पर श्री डी० सी० सरकार ने सीधे अनार्य देवी कह दिया। यद्यपि यह सत्य है कि वेदों में इनका नाम नहीं है तथा शबर आदि आर्य नहीं थे, साथ ही भगवती को 'सीधुमांसबलिप्रिया'[९] भी कहा गया है। किन्तु **महाभारत** की जिस स्तुति[१०] को आधार बनाकर इन दोनों विद्वानों ने यह निर्णय लिया है उसी में एक आर्य द्वारा पूजन का भी वर्णन है तथा वह स्तुति भी आर्य कृत ही है। अतः आर्य देवी या अनार्य देवी बिना किसी ठोस प्रमाण के कहना सर्वथा अनुचित प्रतीत होता है। इतना अवश्य है कि इस शक्ति की उपासना आर्य-अनार्य दोनों जातियाँ अपनी अपनी परम्पराओं के अनुसार करती थीं।

इस तरह श्रीविन्ध्यवासिनी की पूजा परम्परा सुदूर पूर्व काल तक जाती है तथा निश्चित रूप से ई० के ७००-८०० वर्ष पूर्व इनकी प्रसिद्धि आर्य अनार्य दोनों जातियों में हो गई थी।

पौराणिक परम्परा के प्रकाश में भी इनका इतिहास अति प्राचीन सिद्ध होता है। **श्री दुर्गासप्तशती (११।४२)** में ये श्री कृष्ण की अनुजा कही गई हैं। यही तथ्य **श्रीमद्भागवत, देवीभागवत, हरिवंश** आदि में भी है। **वाचस्पत्यं** (भा० ६) धृत **वामन पुराण** (अ० ५) के अनुसार कंस के हाथ से छूटने के बाद इन्द्रादि देवताओं ने उन्हें विन्ध्याचल में स्थापित किया तथा वे श्री विन्ध्यवासिनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। स्वयं **वाचस्पत्यं** भी इनका परिचय—**विन्ध्यवासिनी यशोदागर्भजातायां दुर्गायां** कहकर देता है। परवर्ती **लक्ष्मीतन्त्र** में भी इसी बात को दुहराया गया है।[११] इसके अनुसार कहा जा सकता है कि श्री विन्ध्यवासिनी की प्रतिष्ठा कृष्ण काल में ही हुई किन्तु अनेक अन्य कथायें एव विवरण इसके विपरीत प्राप्त होते हैं। **महाभारत** में ही विराट् पर्व में युधिष्ठिर कृत **दुर्गास्तोत्र** में विन्ध्याचल को देवी का शाश्वत स्थान कहा गया है—

**विन्ध्ये चैव नगश्रेष्ठे तव स्थानं हि शाश्वतम्।**

---

९. *Śākta Pīthas* 20.

१०. द्र० क्र० ८।

११. **लक्ष्मीतन्त्र**— अ० ९ पृ० ३३।

इनकी उत्पत्ति के विषय में पुराणों में जो विचित्र कथायें हैं संक्षेपतः प्रस्तुत किया जा रहा है—

१. **देवीपुराण** के अनुसार घोर, काल, एवं वज्रदण्ड नामक राक्षसों के वध के लिये विन्ध्यपर्वत पर महाशक्ति का अवतरण हुआ था। ये राक्षस तीनों लोकों के राज्य का अनधिकृत उपभोग कर रहे थे। त्रस्त देवताओं ने तथा ब्रह्मा-विष्णु-महेश ने महाशक्ति का स्तवन किया। इनकी स्तुति के फलस्वरूप महाशक्ति ने स्त्री रूप में सिंहवाहिनी होकर विन्ध्यपर्वत पर अवतार लिया। उनके साथ ब्रह्मा-विष्णु-महेश परिचारक के रूप में आये तथा अनेक सुसज्जिता सदलंकृता कुमारी देवियाँ भी आयीं। नारद ने दौत्य द्वारा वज्रदण्ड को देवी की ओर आकृष्ट किया; तथा देवी को पाने की लालसा से गया हुआ दैत्य ससैन्य कालकवलित हुआ। घोर ने भी देवी के सौन्दर्य वर्णन को सुन कर उन्हें लाने के लिये क्रमशः दुर्मुख तथा कालको भेजा। ये दोनों दूत क्रमशः विजया एवं जया के द्वारा मारे गये। अन्ततः घोर भी विकट युद्ध के बाद यमलोक गया।[१३]

२. **देवीभागवत** के वर्णन के अनुसार ब्रह्मा के मानस पुत्र मनु ने सृष्टि के आदि में, प्रजोत्पत्ति करने में अपने को अक्षम पाकर महाभाग्यफलप्रदा देवी की मृण्मयी मूर्ति बना कर उसकी आराधना विविध प्रकार से स्तुति करते हुये किया। देवी ने प्रसन्न होकर मनु को अकण्टक राज्य एवं वंश वृद्धि का वरदान दिया तत्-पश्चात्—

**पश्यतस्तु मनोरेव जगाम विन्ध्यपर्वतम्।।**[१४]

अर्थात् सृष्टि के पूर्व ही उनका वास विन्ध्यपर्वत पर हो गया था।

३. चण्ड-मुण्ड के वध के समय उमा का वर्ण कृष्ण हो गया था तथा कौशिकी का प्रादुर्भाव हुआ था। उन्होंने अपने पूर्व वर्ण की प्राप्ति के लिये ब्रह्मा की तपस्या की। ब्रह्मा ने प्रसन्न होकर कहा कि आप पुनः स्वर्णिम कान्ति प्राप्त करेंगी तथा शिव की अर्धनारीश्वर रूप में अभिन्न संगिनी होंगी। हे रात्रि की देवी! आप पूर्व

---

१२. द्र० क्र० ८।

१३. **देवीपुराण**—९२-९-११; ७-२०; ७-२१-४४; ७-१-७; १२-६३-६४; १२, ७०; ३०-१-२८।

१४. **देवीभागवतम्**—१०।१-२।

में 'एकानंशा' थीं तथा अब विन्ध्यपर्वत पर निवास करिये तथा देवताओं की आकांक्षाओं को पूर्ण करिये। ऐसा सुनकर कौशिकी विन्ध्यपर्वत पर चलीं तथा उमा शिव के पास चली गई।"[१५]

एक अन्य कथा के अनुसार—कैलास पर रमण करते हुए शिव ने एक बार शिवा से अपनी एक मात्र आकांक्षा की पूर्ति के लिये कहा कि वह नारी होना चाहते हैं। उमा ने स्वीकार किया तथा वचन दिया कि वह धरती पर कृष्ण के रूप में निम्न कार्यों के लिये अवतरित होंगी—

(१) शिव के साथ विहार जो उस समय राधा होंगे।

(२) विष्णु द्वारा मारे गये राक्षसों के अवतरित रूपों के विनाश।

पृथिवी तथा ब्रह्मा की प्रार्थना पर उन्होंने विष्णु से परामर्श करके स्वतः को दो भागों में विभक्त किया।

(१) कन्या रूप में जो यशोदा के यहाँ पैदा हुईं एवं विन्ध्यवासिनी कही गईं।

(९) कृष्ण के रूप में जिन्होंने दैत्यों, दुष्कृतों का विनाश किया तथा देवकी को अपना असली रूप दिखाया।[१६]

इस प्रकार अनेक कारणों से इनके अवतरित होने की कथाओं से इस शक्ति-पीठ की महत्ता एवं प्राचीनता का प्रतिष्ठापन होता है। यहाँ प्रतिष्ठित होने के पश्चात् यही शक्ति अनेक नामों से विभिन्न स्थानों पर पूजित हुई।

**ततः स्थानसहस्रैस्त्वं पृथिवीं शोभयिष्यसि"**

**हरि० २, ४७।४९**

तन्त्रों में इनका अनेक शक्तियों के साथ साम्य अथवा अभेद प्रदर्शित है यथा **मेरु-तन्त्र** (पृ० ६२५) इन्हें महिषासुरनाशिनी के रूप में वर्णित करते हुए महिषमर्दिनी की उपासना का विधान देता है। इसी का अनुकरण **शारदातिलक** में भी मिलता है[१७]। **महाभारत** आदि भी इन्हें कौशिकी, एकानंशा, काली आदि रूपों में वर्णित

---

१५. *Śakti cult in Ancient India* पृ० १२२।

१६. वही पृ० १४१।

१७. **शारदातिलकम्**—सटीक—बनारस—१९६३।

करते हैं। इनके अतिरिक्त शूलिनी, भ्रमरस्वामिनी, वनदुर्गा आदि भी इनके विभिन्न विग्रह हैं। इन सभी देवियों के ध्यान में भी भेद है तथा उपासना पद्धतियाँ भी भिन्न हैं। दशमहाविद्याओं के सहस्रनामों[१८] में भी विन्ध्यवासिनी का नाम उनके सर्वात्मिकात्व का द्योतक है। रुद्रयामल तथा शिवचरित क्रमशः सती का पृष्ठ भाग एवं वाम पादाङ्गुलि के पतन की सूचना देते हैं। इसका यह अभिप्राय नहीं है कि दक्ष यज्ञ के पूर्व विन्ध्यवासिनी का स्थान यहां नहीं था अपितु इससे यह द्योतित है कि शक्ति को यह स्थान अतिप्रिय है तथा इसकी महत्ता महत्तर करने के लिये कारणों का योग इस स्थान पर पुञ्जीभूत कर दिया है।

## शास्त्रीय-रूप

जैसा कि कहा जा चुका है कि इस महती-विद्या-राज्ञी के अनेक विग्रहों का उल्लेख शास्त्र करते हैं; उनमें विष्णुयामल का निम्न ध्यान उनके सर्वात्मिकात्व एवं आद्यात्व का स्पष्ट परिचय देता है—

शुक्लाङ्गीं शुक्लकूटाभां शुक्लपुष्पप्रियां वराम् ॥
कोटिशुभ्रेन्दुसंकाशां मुक्ताभालामलङ्कृताम् ॥
पीठे चिन्तामणेर्दीप्तौ करचूडाप्रभामराम् ॥
ज्योत्स्नारत्नस्फुरद्देहां मन्दहासयुताननाम् ॥
महासरस्वतीं देवीं मणिद्वीपेश्वरीं पराम् ॥
सर्वाद्यां बालिकां नित्यां मणिदोलनसंस्थिताम् ॥
वक्त्राब्जेऽङ्गुष्ठधृन्मूलं कराब्जाभ्यां पदाब्जयोः ॥
पिबन्तीं शोभितां शुभ्रां ब्रह्मानन्दस्वरूपिणीम् ॥
सेवितां देवदेवैश्च संस्तुतां सर्वसिद्धिदाम् ॥
आदिरूपां महामायां ध्याये विन्ध्यनिवासिनीम्[१९] ॥

एक अन्य ध्यान में भगवती को परमैश्वर्यमयी चित्रित किया गया है—

रत्नकौस्तुभप्रकारे रत्नसिंहासनस्थिताम्।
रत्नचिन्तामणेर्दीप्तौ रत्नानां पूर्णभासुरे।

---

१८. शाक्तप्रमोद (बगलातन्त्र) पृ० ३२२—बनारस। ललितासहस्रनाम—बनारस।

१९. निज संग्रहीत पाण्डुलिपि से।

रत्नाङ्गीं रत्नवक्त्राभां रत्नज्योत्स्नाप्रसारिणीम् ।।
रत्नगां रत्नचूडाभां रत्नद्वीपनिवासिनीम् ।।
नवयौवनसंपन्नां त्रिनेत्रां च चतुर्भुजाम् ।।
वराभयारिशंखं च धृतां भक्तेष्टदां वराम् ।।
कलाकोटिपरिभ्रान्तां रत्नहारावलीयुताम् ।।
सेव्यमानां सुरस्त्रीभिः स्तुतामिन्द्राद्यखण्डलैः ।।
सदार्द्रचित्तां विश्वेशीं परामम्बां लोकपालिकाम् ।।
ध्याये कल्पतरोर्मूले विन्ध्येशीं विष्णुपूजिताम्[२०] ।।

इसी तरह का एक स्वरूप ध्यान राघवभट्ट के पदार्थादर्श में प्राप्त होता है (शा० ति० पृ० ४७२)—

हेमाचले तटे रम्ये कल्पवृक्षोपशोभिते ।।
दिव्योद्यानं चिन्तयेच्च विशालं हेमभूतलम् ।।
कृशानुरूपं वप्रेण करालेन समावृतम् ।।
तन्मध्ये चिन्तयेद्दिव्यं विचित्रं मणिमण्डपम् ।।
तस्मिन् सिंहासनेऽम्भोजकर्णिकायां विचिन्तयेत् ।।
दंष्ट्राकरालाट्टहासं कृष्णवर्णं भयानकम् ।।
अतितीव्रमुखं सिंहं ज्वलदग्निशिखोपमम् ।।
तस्योपरिष्टात्तां देवीं कोटिबालार्कसन्निभाम् ।।
चक्रासिवाणशूलाख्यान्दधतीन्दक्षिणैर्भुजैः ।।
शंखचक्रधनुर्वाणतर्जनीर्वामबाहुभिः ।
चन्द्रखण्डसभायुक्तामिति भीमत्रिलोचनाम् ।।
ऊर्ध्वं ज्वलत् केशपाशामशेषाहरणोन्मुखीम् ।।
अङ्गाद्यावृत्तिसंयुक्तामस्त्रशस्त्रपरीवृताम् ।।
इन्द्रादिलोकपालैश्च सेवितां विन्ध्यवासिनीम् ।।

हरिवंशपुराणोक्त देवी स्तुति में[२१] सिद्धि, धृति, मेधा, श्री, विद्या, नारायणी,

---

२०. निज संग्रहीत पाण्डुलिपि से ।

२१. श्रीदुर्गोपासनाकल्पद्रुमः पृ० ३५-३६ ।

संध्या, रात्रि, कालरात्रि, आर्या, कात्यायनी, कौशिकी, त्रिलोकजननी, नील कौशेय-वासिनी, आदि अनेक नाम दिये गये हैं तथा इन्हें "घण्टानिनादवहुला" कहा है।

**महाभारत** (विराट् प०, २३) इनके स्वरूप का वर्णन ४ भुजा, ४ वक्त्र, उदीयमानसूर्य के समान आकार वाली, पूर्ण चन्द्रनिभानना, मयूरपिच्छिल का वलय, केयूर, आङ्गद, कुण्डल, श्रोणिसूत्रादि आभूषण धारण करनेवाली, पाश, धनु, महाचक्रादि शस्त्र धारण करने वाली के रूप में किया है, जो त्रैलोक्य के रक्षार्थ विन्ध्यगिरि पर शाश्वत रूप से निवास करती हैं। कहीं इन्हें **सिंहस्था** कहा गया है (जैसा कि ऊपर कहा गया), कहीं **सौवर्णाम्बुजमध्यजा** हैं, कहीं **गजारूढा**[२२]। यह तो श्री विन्ध्यवासिनी का मूल रूप है। अब हम विग्रह भेद से उनका रूप देखेंगे।

**शूलिनी**—(तन्त्र रा० सं० प० २२ एवं दु० क० पृ० २५, शा० ति० पृ० २८७) श्री विन्ध्यवासिनी को ही देव-सिद्ध सुपूजिता-शूलिनी दुर्गा कहा गया है। इनका रूप तन्त्रों के अनुसार निम्न है—

शूल, वाण, असि, गदा, चाप, पाश, तथा वराभयमुद्रा धारण करने वाली भीषणवक्त्रा, किरीट में चन्द्रखण्ड धारण करने वाली तथा सिंहस्कन्धाधिरूढा हैं। ये परमन्त्र-परयन्त्र-परतन्त्र विद्या स्तम्भिनि स्वमन्त्र-स्वयन्त्र-स्वतन्त्र-विद्याविवर्धिनि हैं।

**महिषमर्दिनी**—इनका स्वरूप **सप्तशती** अ० २ के अनुसार सर्वदेवात्मक है। ये अपनी १८ भुजाओं में शूल, चक्र, शंख, शक्ति, चाप, वाण, वज्र, कुलिश, घण्टा, दण्ड अक्षमाला, कमंडलु, खण्ड इत्यादि शस्त्र धारण करती हैं, तथा अनेक प्रकार के आभूषण धारण करती हैं। वनदुर्गा—ये सुवर्ण कमल में विराजमान, त्रिनेत्रा, विद्युत के समान कान्तिमान्, शङ्खचक्र, वर अभयमुद्रा धारण करती हुई इन्दुकला से मण्डित ग्रैवेय, आङ्गदहारकुण्डल से भूषित, इन्द्रादि देवताओं द्वारा सेवित हैं। इस प्रकार संक्षेपतः श्रीविग्रह के शास्त्रीय रूप देखने के पश्चात् उनकी उपासना की प्रवृत्तियों को जानना भी प्रसङ्गानुकूल ही है।

**वीरमित्रोदय** (पूजाप्रकाश पृ० ३३३) में श्री विन्ध्यवासिनी की उपासना का महत्त्व निम्नरूप में व्यक्त किया गया है।

---

२२. **देवीनामविलास**—

**गजारूढा निजबन्धस्वाच्छन्द्यानन्दसुन्दरी।**
**अबन्धुरं सुदुर्बन्धं छिन्धि त्वं विन्ध्यवासिनी॥**

**सिंहे मन्दो यदा किञ्चिदंवान्मीने बृहस्पतिः ।।**

**जन्मगश्चाष्टमे मृत्युं कुर्याद्द्रव्यक्षयं त्रिगः ।।**

**तदा गौरी यजेद्देवीं विन्ध्यवासीं विशेषतः ।।**

इस प्रकार क्रूरग्रहों के वैपरीत्य की दशा में श्री देवी के पूजन का विधान है। विधि का निदर्शन भी ग्रन्थकार आगे करते हैं—

**बलिमाल्योपहारैश्च जपं होमं च कारयेत् ।।**

**वर्णैः षोडशभिर्विद्यानवभिर्वा सदाहिता ।।**

**तन्त्रसमुच्चयकार** ने श्री विन्ध्यवासिनी के एक मालामन्त्र (जो २० या अधिक वर्णों का होता है) का विधान महाविद्या के नाम से किया है। इसका जपानुष्ठान समस्त कामनाओं को सिद्ध करता है ऐसा कहा है[२३]। शूलिनी के रूप में इनकी काम्य विधियाँ **तन्त्रसार** संग्रहकार[२४] ने दिया है तथा मन्त्र एवं मालामन्त्रादि **श्री दुर्गोपासनाकल्पद्रुम** पृ० २५ ) देता है। **तन्त्रसारसंग्रहकार** इन्हें अमोघविद्या कहते हैं तथा इनके पूजाकाल हवनसामग्री (जो कामना भेद से वर्गीकृत है) आदि का विवरण देते हैं। यथा समस्त कार्यों के लिये सन्ध्याकाल में दूर्वा का हवन, समृद्धि के लिये नित्यप्रति घृत का हवन विहित है। महिषमर्दिनी के रूप में इनकी उपासना का विस्तृत विवरण **शारदातिलककार** (पृ० २९८) देते हैं। इनके यन्त्र का भी विवरण दिया है जिसका मन्त्र विन्यास रहितस्वरूप निम्न है—

मध्य में त्रिकोण, द्वादश दल तथा दो भूपुर। इस यन्त्र का वर्णन करके ग्रन्थकार—

**यन्त्रं विन्ध्यनिवासिन्याः प्रोक्तं सर्वसमृद्धिदम् ।**

ऐसा कहते हैं।

इनकी भी पूजा तान्त्रिक परम्परानुसार सोपचार होती है।

वनदुर्गा का महावज्र कवच जो कि स्तुति कवच दोनों है तथा **उपनिषत्संग्रह**

---

२३. **तन्त्रसमुच्चयः** पृ० ९८।

२४. **तन्त्रसारसंग्रहः** प० २२ पृ० ३०८ मद्रास।

में मोतीलाल वनारसी दास के यहाँ से **नवदुर्गोपनिषत्** नाम से प्रकाशित भी है। असाध्यसाधनार्थ इनकी उपासना का विधान है।

**योगिनीतन्त्र** इनकी पूजा कमल से करने का विधान देता है।

**विन्ध्येशी सा समाख्याता प्रयजेत् कमलादिना।**

(यो० त० पृ० ४४७-श्लोक ३५)

विन्ध्याचल की स्थानीय परम्परानुसार पुष्पशृङ्गार, वस्त्राभूषण नारिकेलादि-समर्पण, घण्टा-समर्पण आदि इनके पूजन के साधन हैं।

इस अति प्राचीन शक्ति केन्द्र में प्रतिष्ठित मूर्ति की प्राचीनता के विषय में भी प्रश्न हो सकता है। विदित है कि काल प्रवाह समस्त भौतिक पदार्थों के क्षय एवं नवीनीकरण का कारण एवं नियामक है। अतः सम्भव है कि मूर्ति का नवीकरण भी हुआ हो। किन्तु स्थान पूजा की महत्ता सर्वदा थी जैसा कि **वीरमित्रोदयकार** (पृ० ३३३) स्थान प्रधानता का पोषण करते हुये लिखते हैं—

**दक्षिणाद्या महाभोगा गौरी मेधा महाफला।**
**विन्ध्यवासा तथा देवी ज्वालास्या च तथापरा।**
**एताः पञ्च महाभाग सर्वकामप्रदा नृणाम्॥**

यह विवरण ग्रन्थकार स्थानपूजा के संदर्भ में देते हैं।

योगिनी तन्त्र के काल में यहाँ सम्भवतः सिन्दूर चर्चित प्रतिमा थी—

**ततो विन्ध्याचलं गत्वा कृष्णा रक्ता च या शिला।**

(यो० त० उत्तर खण्ड)

यह मूर्ति उस काल में भी कृष्ण पाषाण की ही थी जैसा कि आज भी हैं। चंडीशतक में भी मूर्ति की चर्चा है—

**सम्प्राप्यागामि विन्ध्याचलशिखरशिलावासयोग्योद्यतायाः**

(श्लोक ४५)

आधुनिक विग्रह भी प्राचीन शैली का है। इसमें भगवती चतुर्भुज रूप में सिंह पर खड़ी हैं तथा उनके दायीं ओर गणपति एवं बाँयीं ओर एक योगिनी हैं। इसकी प्राचीनता की कल्पना भक्तों के मस्तक स्पर्श से घर्षित चरणयुगल से की जा सकती है।

इस प्रकार श्री विन्ध्यवासिनी आर्य एवं अनार्य दोनों जातियों द्वारा सुपूजित शक्ति हैं। तथा यह स्थान शाक्त उपासना का सर्वोत्तम स्थान है—

विन्ध्याचलनिवासिन्याः स्थानं सर्वोत्तमोत्तमम् ॥

(देवी० भा० ७-३८-५-३०)



# वक्रोक्ति मत का स्वरूप
## ऐतिहासिक और दार्शनिक पीठिकायें

*डा० राममूर्ति त्रिपाठी*

उज्जैन

Dealing with the concept of *Vakrokti* ("crooked or uncommon way of expression") the author opines that it is a व्यापार and not a poetic figure (अलंकार). He points towards a close relationship of the concept of *Spanda* in Kaśmīra Śaivism with the *Vakrokti* of Kuntaka and contends that though accepting *Vakrokti* as the life-substance (जीवितम्) of poetry, Kuntaka did not consider it to be an alternative of रस (aesthetic pleasure) but rather held the view that *Vakrokti* culminated in *rasa*.

भारतीय रचनात्मक तथा शास्त्रात्मक वाङ्मय में भामह-दण्डी जैसे अलंकारवादी आचार्यों से पूर्व वक्रोक्ति को उस तरह से उपस्थापित नहीं किया गया, जिस तरह से इन लोगों ने किया। भामह ने काव्य का केन्द्रीय तत्त्व "चारुता" मानी और उसका स्रोत अलंकार।[1] उनकी धारणा है कि इन अलंकारों की स्वरूप निष्पत्ति वक्रता-सापेक्ष है।[2] इनकी दृष्टि में "वक्रता" शब्द और अर्थ की लोकोत्तीर्ण रूप से अवस्थिति है।[3] इन्होंने "अतिशय" को उसके पर्याय के रूप में प्रयुक्त किया है। यह मानना कि "वक्रता" में उक्ति को घुमा-फिरा कर प्रयुक्त किया जाता है और

---

१. काव्यालंकार—भामह, पृ० २ चोखंबा १९५८।

२. काव्यालंकार—भामह, पृ० १७।

३. ध्वन्यालोक लोचन।

"अतिशय" में बढ़ा-चढ़ा कर—फलतः दोनों में भामह अंतर करते हैं—ठीक नहीं।[४] भामह पर यह अपना आरोपण है, वास्तव कथन नहीं। दण्डी ने वाङ्मय को वक्रोक्ति और स्वभावोक्ति[५], जैसे दो भेदों में विभाजित किया है और कहा है कि शास्त्र में स्वभावोक्ति—तथ्य कथन—होती है और काव्य में वक्रोक्ति।[६] किन्तु इसका आशय यह नहीं कि काव्य में स्वभावोक्ति होती ही नहीं। निश्चय ही उनकी दृष्टि में शास्त्रीय "स्वभावाख्यान" असुन्दर तथा काव्यगत स्वभावाख्यान सुन्दर होता है फलतः—

"काव्येष्वप्येतदीप्सितम्"[७]।

काव्य में भी स्वभावोक्ति का प्रयोग अभीष्ट है। यह अवश्य प्रतीत होता है कि स्वभावोक्ति अलंकार में भी जिस प्रकार भामह वक्रोक्ति की व्याप्ति मानते थे, उसी प्रकार दण्डी भी मानते हैं, यह नहीं कहा जा सकता। वे वक्रोक्ति के साम्राज्य से स्वभावोक्ति को पृथक् कर देते हैं और भामह की तुलना में वक्रोक्ति की व्याप्ति कम कर देते हैं। वामन ने वक्रोक्ति की अर्थव्याप्ति और भी कम की। उन्होंने कहा—"सादृश्याल्लक्षणा वक्रोक्तिः।"[८]

सादृश्यमूलक लाक्षणिक प्रयोगों में ही वक्रोक्ति की संस्थिति कही जाती है। यद्यपि उन्होंने "अतिशय"[९] की भी बात की है, पर उसकी व्याप्ति कतिपय इने गिने अलंकारों में ही प्रदर्शित की है। रुद्रट[१०] ने इस वक्रोक्ति को और सीमित कर दिया। उन्होंने उसे शब्दालंकार के एक भेद के रूप में स्वीकार किया, जिसके दो भेद किये गये—काकु-वक्रोक्ति और श्लेष वक्रोक्ति। इस अलंकारिकों ने अर्थालंकार के वर्गीकरण संदर्भ में वास्तव[११], औपम्य, श्लेष के साथ अतिशय का भी नाम लिया। पर "अतिशय" भामह की वक्रोक्ति का पर्याय नहीं था, सीमित था। ध्वनिवादी

---

४. काव्यालंकार—सं०—प्रो० देवेन्द्रनाथ शर्मा।
५. काव्यादर्श—दण्डी।
६. वही।
७. वही।
८. काव्यालंकार सूत्रवृत्ति—वामन।
९. वही।
१०. काव्यालंकार—रुद्रट।
११. वही।

आचार्य आनन्दवर्धन ने परम्परागत दोनों अर्थों में "वक्रोक्ति"[१२] का उल्लेख किया, पर वह जिस "अलंकार" स्वरूप का निर्वर्तक माना गया, उसे व्यवस्थित कर दिया गया। सौन्दर्य स्रोतों में से एक और असाक्षात् (आत्म) सम्बद्ध तथा अनियत[१३] निरूपित किया गया।

इस रूप में परम्परा चर्चित "वक्रोक्ति" को निर्माण की दृष्टि से सोचने वाले कुन्तक ने काव्य को "जीवित' [१४] रूप में उपस्थापित किया।

प्रश्न यह खड़ा होता है कि "जीवित" शब्द का आशय क्या है? डा० राघवन् ने क्षेमेन्द्र के औचित्य सम्बन्धी चिंतन के प्रसंग में "रस" को आत्मा और "औचित्य" को जीवित के रूप में ग्रहण कर यह सिद्ध करना चाहा है कि क्षेमेन्द्र (ध्वनित) रसवादी अभिनवगुप्त के विरोधी नहीं हैं, अन्यथा यदि "औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्" के "जीवितम्" को "आत्मा" से अभिन्नार्थक माना जाता तो क्षेमेन्द्र अभिनव के विपक्ष में चले जाते। निष्कर्ष यह कि काव्यात्मवाद के संदर्भ में डा० राघवन् ने आत्मा को Soul तथा जीवित को Life के अर्थ में लेकर अभिनव और क्षेमेन्द्र के बीच एक संगति लगाई है। लेकिन इस भिन्नार्थकता से एक दूसरी समस्या भी खड़ी होती है और वह यह कि कुन्तक के "वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्" में भी क्या इसी प्रकार "जीवित" को समझा जाय? काव्यस्यात्मा स (रसः) एवार्थः"[१६], काव्यस्यात्मा ध्वनिः"[१७], "रीतिरात्मा काव्यस्य"[१८]—इन धाराओं में प्रयुक्त 'आत्मा" शब्द और वक्रोक्ति धारा का "जीवित" शब्द क्या भिन्नार्थक माने जायें? विचार करने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि दृष्टान्त में भले ही "आत्मा" और "जीवित" भिन्नार्थक हों, पर "काव्य" में दोनों शब्द समानार्थक ही सम्भव

---

१२. ध्वन्यालोक—आनन्दवर्धन।

१३. काव्यप्रकाश—मम्मट—अष्टम उल्लास

१४. वक्रोक्तिजीवित—कुंतक।

१५. Some Concepts of the Alankar Shastra में संकलित History of Auchitya in Sanskrit Poeties शीर्षक लेख—लेखक डा० वी० राघवन्, १९४२।

१६. ध्वन्यालोक—प्रथम उद्योत, पृ० ८४, चौखंबा, काशी, संवत् १९९७।

१७. वही, पृ० ९।

१८. काव्यालंकारसूत्रवृत्ति—वाणी विलास प्रेस १९०९ पृ० १५।

हैं। काव्यात्मवाद के सन्दर्भ में "आत्मा" शब्द का आशय "सारसत्ता" ही है, जो "जीवित" का भी अभिप्रेत है। कुन्तक के प्रयोगों का भी साक्ष्य लिया जाय—

(१) उचिताख्यानजीवितम् —उदाराभिधानं जीवितं परमार्थो यस्य[१९]।

(२) काव्यैकजीवितम्—काव्यस्य परः परमार्थं इत्यर्थः[२०]।

(३) शरीरं जीवितेनैव स्फुरितेनैव जीवितम्।[२१]
विना निर्जीवतां येन वाक्यं याति विपश्चिताम्॥

इन प्रयोगों को देखने से लगता है कि कुन्तक ने जीवित शब्द का प्रयोग सारसत्ता के ही अर्थ में किया है। निष्कर्ष यह कि आत्मवाद के सन्दर्भ में प्रयुक्त "आत्मा" और "जीवित" को समानार्थक ही माना जाना चाहिये। फिर "औचित्य-मत" के सन्दर्भ में जो भिन्नार्थकता वताई गई उसका क्या होगा? श्री रामपाल विद्यालंकार ने भी भेद नहीं माना[२२], भेद तो डा० के० कृष्णमूर्ति ने भी नहीं माना[२३], फलतः काव्य में रस को अंगी मानने वाले अभिनव ने "औचित्य" को अंगी मानने वाले क्षेमेन्द्र को विरोधी वताया और कारण यह वताया कि क्षेमेन्द्र रसौचित्य को औचित्य का एक भेद मानते हैं। मेरा विचार यह है कि डा० राघवन् व्यर्थ ही अव-रोध के लिये "आत्मा" और "जीवित" को भिन्नार्थक मानते हैं। भिन्नार्थक माने बिना भी उनका पक्ष सिद्ध हो सकता है। यदि यह मान लिया जाये तो क्षेमेन्द्र **आलोचक की दृष्टि** से महत्त्वपूर्ण तत्त्व का अनुसंधान कर रहे हैं और अभिनव ग्राहक की ओर से—अतः पहला "औचित्य" (जो जहाँ है वह वहाँ ठीक तो है) को महत्त्व दे रहा है—रस को भी औचित्य की परिधि में ले रहा है और दूसरा ग्राहक रस को। अतः दृष्टि भेद से ही अभिनव तथा क्षेमेन्द्र के आपाततः प्रतीयमान विरोध का निरास हो

---

१९. **वक्रोक्तिजीवितम्—पृ०** ६७ कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़, १९७०।

२०. **वही—पृ०** ६९।

२१. **वही—पृ०** २६।

२२. **क्षेमेन्द्र की औचित्य दृष्टि**, १९६०, मोतीलाल बनारसीदास, पटना, पृ०, ९।

२३. **वक्रोक्तिजीवितम्**, भूमिका सं० के कृष्णमूर्ति, धारवाड़ विश्वविद्यालय, १९७७।

जाता है—इसके लिये "आत्मा और "जीवित" को भिन्नार्थक मानने का प्रयास निरर्थक है।

एक बात अवश्य है कि काव्य के सारतत्त्व पर आलोचक, सर्जक और ग्रहाक—तीनों दृष्टियों से विचार हुआ है। आलोचक की दृष्टि से यह तत्त्व "औचित्य" है, ग्राहक की दृष्टि से "रस" और सर्जक की दृष्टि से अलंकार, रीति और वक्रोक्ति। सर्जक अभीष्ट प्रभाव में उत्पन्न करने के लिये किस सार तत्त्व का उपयोग करे? प्रभाव की प्रकृति क्या हो? भामह की कारिका "न कांतमपि निर्भूलं विभाति वनिताननम्[२४] से स्पष्ट है कि जिस प्रकार अलंकारवादियों को वनिता के आनन पर राजमान कमनीयता आकृष्ट नहीं कर पाती—फलतः आकर्षण के लिये भूषण द्वारा उत्पादित या प्रवर्द्धित सौन्दर्य ही अपेक्षित होता है, उसी प्रकार इन अलंकारवादियों को सहज कमनीयता संवलित उक्ति तब तक आकर्षक नहीं होती जब तक उस पर आलंकारिक छटा न उभर जाये। रुचि-रुचि की बात है। रीतिवादी यौवन-प्रभाव सहज कमनीयता में ही कवित्व का प्रस्फुटन मान लेता है—अलंकार उसको प्रवृद्ध मात्र करते हैं।[२५] भामह की कारिका बता रही है कि सहज कमनीयता की भित्ति तो अवश्य होनी चाहिये—पर वह आलंकारिक पेंटिग कवित्व के उन्मेष के लिये अपेक्षित है और इस पेंटिंग के लिये रंग—"वक्रता" या "लोकोत्तर अतिशय"[२६] का हो—यह शर्त है। यह अतिशय लोकोत्तर रूप से उक्ति की संस्थिति[२७] पर निर्भर है—शास्त्र और व्यवहार की पिटी-पिटाई पद्धति से अलंकार निर्माण के लिये अपेक्षित वक्रता कुछ और ही होती है। उक्ति में यह वक्रता सौन्दर्यानुभूति की अभिव्यक्ति के प्रातिभ आवेश में फूटती है। उक्ति की काव्यात्मक परिणति के लिये अलंकारवादी वक्रता-गर्भ अलंकारों की अनिवार्यता मानता है और रीतिवादी[२८] गुणों की। एक अलंकारों में सभी सौन्दर्य स्रोतों को समाविष्ट करना चाहता है और दूसरा गुणों में। सौन्दर्य दोनों को अभीष्ट है—उस तरह का प्रभाव

---

२४. काव्यालंकार—भामह, पृ० २ (१।१३) चौखंबा, १९८५।

२५. काव्यालंकारसूत्रवृत्ति—वामन, पृ० ६९-७० वही संस्करण।

२६. काव्यालंकार—भामह, चौखम्बा पृ० १८।
"सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिरनयाऽर्थो विभाव्यते"।

२७. विशेषो गुणात्मा—काव्यालंकारसूत्रवृत्ति-वामन, पृ० १६।

२८. ध्वन्यालोक लोचन—चौखम्बा काशी संवत् १९६७।
शब्दस्य हि वक्रता अभिधेयस्य च वक्रता लोकोत्तीर्णेन रूपेणावस्थानम्।

दोनों उत्पादित करना चाहते हैं— पर एक सहज और दूसरा कृत्रिम। लोचनकार ने इसी आशय को व्यक्त करते हुए कहा था—"चारुत्वं द्विविधं स्वरूपनिष्ठं, संघटना-निष्ठं[२९] च" अर्थात् चारुता या सौन्दर्य उक्ति के स्वरूप में भी है और संघटना में भी। स्वरूपनिष्ठ सौन्दर्य का स्रोत अलंकार है और संघटना (रीति) निष्ठ सौन्दर्य का स्रोत गुण। इन अलंकार और रीतिवादी आचार्यों की दृष्टि से श्रव्यकाव्य के अन्तर्गत "रस" को वह सर्वातिशायी मान्यता प्राप्त नहीं थी— जो आनन्दवर्धन तथा अभिनवगुप्त के मत से आगे चल कर हुई।[३०] भामह अलंकार में ही उसे अन्तर्भूत कर लेता है और रस व अलंकार नाम से कहता है जबकि वामन दीप्तरस वाले ओजोगुण से संपृक्त होने पर भी गौडी या[३१] रीति को अनात्मभूत या तुच्छ समझता है। इससे स्पष्ट है कि आनन्दवर्धन से पूर्व श्रव्यकाव्य में चारुता का प्रवाह और दृश्यकाव्य में रसानुभूति का प्रवाह स्थापित था। यह आनन्दवर्धन है जिसने उभयत्र "रसप्रवाह"[३२] के प्रामुख्य की बात की। दृश्यकाव्य में ही नहीं, मुक्तक काव्य[३३] में भी रस की सर्वातिशायी प्रतिष्ठा की। इन्होंने गुण और अलंकार की जगह व्यंजकत्व[३४] चारुता को स्रोत निरूपित किया और इस चारुता को रस में पर्यवसित किया। वैसे कवि की प्रतिभा सर्वोपरि है—मूलतः सौन्दर्य स्रोत का सौन्दर्यमय वही है। जिसे चाहे, उसके सिर पर सौन्दर्यस्रोतस्कता का सेहरा बाँध सकती है। उसके लिये अभिधा, लक्षणा और व्यंजना का नियम नहीं है—वह नियतिकृत नियम रहित और स्वतन्त्र है। इसीलिये कालिदास की अभिधा समर्थित उपमा में जो सौंदर्य फूटता है, वह उत्प्रेक्षा सम्राट हर्ष की व्यंजना-समर्पित उपमा में नहीं। इसीलिये प्रतिभा-वादी आनंदवर्धन व्यंजकत्व को चारुता का स्रोत कहकर भी अभिधा की सम्भावना का निराकरण नहीं करते। यदि कवि की प्रतिभा-शक्ति का हस्तावलंब अभिधा को मिल गया, तब वह भी काव्योचित चारुता का स्रोत बन सकती है। इस गूढ़ तथ्य का संकेत आनन्दवर्धन ने **ध्वन्यालोक** के चतुर्थ उद्योत में किया है। उन्होंने कहा है—

---

२९. वही, पृ० सं०।

३०. वही।

३१. काव्यालंकारसूत्रवृत्ति, पृ० १९।

३२. ध्वन्यालोक लोचन—चौखम्बा, पृ० १८६।
"काव्येऽपि च····इयमेव रसवार्ता"

३३. वही, पृ० ३६० तथा ३२५।

३४. वही, पृ० ३५८।

"वाच्यानां च काव्ये प्रतिभासमानानां यद्रूपं तत्तु ग्राह्यविशेषा "भेदनेव प्रतीयते"[३५]— काव्य में शास्त्र और वाच्यार्थ की अपेक्षा काव्यार्थ की प्रतीति प्रत्यक्ष की भाँति प्रातिस्विक विशेषताओं से संवलित रूप में होती है—फलतः काव्योचित चारुता से मंडित होती है। यह प्रत्यक्षायमाण वाच्यार्थ वाच्यार्थ ही नहीं होगा, यदि अभिधा का विषय नहीं होगा। व्यवहार और शास्त्र में सामान्य रूप से वाच्यार्थ की प्रतीति होती है, पर काव्य में विशिष्ट रूप में होती है। महिमभट्ट ने कहा है कि शब्द की अभिधा शक्ति से समर्थित अर्थ दो प्रकार के होते हैं—सामान्य और विशिष्ट[३६]।

अभिधा लब्ध अर्थ का विशिष्ट रूप वही है जो प्रत्यक्ष का विषय (व्यक्तिगत विशेषताओं से संवलित) होता है। महिम के मत से—"स एव सत्कविगिरां गोचरः।"[३७]

यह व्यक्तिगत विशेषताओं से संवलित प्रत्यक्षगोचर अर्थ ही प्रतिभाप्रसूत कवि की वाणी या शब्द का अर्थ होती है। बात यह है कि प्रतिभा कवि की तीसरी आँख है जिसके समक्ष अतीत और भूत का आवरण हट जाता है और सब कुछ वर्तमान सा हो जाता है—प्रत्यक्षायमाण हो जाता है। राजशेखर आदि समीक्षकों की धारणा है कि कवि में यदि प्रतिभा है तो वह अप्रत्यक्ष को भी प्रत्यक्ष कर लेती है।[३८] वह योगी हो या नहीं, पर प्रतिभाशक्ति उसे उस भूमि पर कभी कभी उठा ले जाती है और वह सब कुछ दिखा देती है जो योगी साधनावश देखता है। पं० केशवप्रसाद मिश्र के इस कथन में सचाई है कि योगी जिस भूमि पर साधना के बल से पहुँचता है, प्रतिभावैभव सम्पन्न कवि वहाँ अनायास ही प्रतिष्ठित हो जाता है।[३९] लेकिन यह दृष्टांत ही है, सर्वथा एकरूपता करनी सम्भव नहीं है। निष्कर्ष यह कि यदि प्रतिभा-शक्ति है तो चारुता का कौन सा स्रोत किसके बल पर कब फूट जाय यह नियम बनाना कला के क्षेत्र में असम्भव है। इसीलिये यद्यपि (अभिनवगुप्त और) आनन्दवर्धन व्यंजकत्व को काव्योचित सौंदर्य का स्रोत निरूपित करते हैं, तथापि उपर्युक्त पंक्ति के आलोक में ( वाच्यानां च···· ) प्रातिभ सामर्थ्य के समक्ष उसे शिथिल भी कर देते हैं। "अभिनवभारती" में इस "साक्षात्कारकल्पः" अर्थ का संकेत अभिनव-

---

३५. वही, चतुर्थ उद्योत, पृ० ५४३।

३६. व्यक्तिविवेक—महिमभट्ट प्रणीत, पृ० ३९० चौखम्वा, काशी १९३६।

३७. वही, पृ० ३९०।

३८. काव्यमीमांसा—राष्ट्रभाषा परिषद बिहार, पृ० २७ जून, १९४५।

३९. साहित्यालोचन में उद्धृत—श्यामसुन्दरदास, १९४२, पृ० २८०।

गुप्त भी देते हैं। अतः के० कृष्णमूर्ति जी की यह स्थापना कि रस समर्थकता[४०] के कारण ही काव्य-भाषा व्यवहार और शास्त्र की भाषा से पृथक् हो जाती है—विचारित नहीं है। उसके और भी स्रोत हैं। पश्चिमी समीक्षा में तो क्रोचे[४१] ने Knowledge का विषय ही प्रत्यक्ष गोचर "व्यक्ति"[४२] को बताया है। बिंबवादी आचार्यों ने इस पर इतना बल दिया है कि कवित्व का एकमात्र स्रोत ही बन गया।[४३] आचार्य रामचन्द्र शुक्ल[४४] तथा प्रायः समस्त छायावादी चिंतकों[४५] ने इसी अभिप्राय से काव्य भाषा को चित्र भाषा कह दिया– चित्रार्थ बिंबार्थ समर्थक भाषा कह दिया। वहाँ तो Imagination उस शक्ति या Faculty को कहा गया जहाँ Image या बिंब गढ़ा जाता है। इसलिये भारतीय प्रतिभा उसको आत्मसात् करती हुई भी उसका पर्याय नहीं है—विशेषकर कश्मीरी आलंकारिकों के संदर्भ में। आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त तथा कुन्तक उसी कश्मीरी धारा के आगमिक आचार्य हैं। इसी चर्चा को यहाँ रोक कर प्रकृत में यह कहना चाहता हूँ कि श्रव्यकाव्य के क्षेत्र में काव्य-भाषा द्वारा जिस प्रकार का प्रभाव अलंकारवादी और रीतिवादी अभिव्यक्त करना चाहते थे—वह चारुतात्मक था। ये लोग रस को वह महत्त्व नहीं दे रहे थे जो आनंद और अभिनव द्वारा दिया गया।

कुन्तक का काव्य प्रस्थान सर्जनापक्षीय है—इसीलिये भाषा ही—शब्दार्थ ही—उसके लिये सब कुछ है—

आखर अरथ कविहिं बल सांचा।
अनुहरि ताल गतिहिं नट नाचा।।[४६]

---

४०. अभिनवभारती भाग १—अभिनवगुप्त, पृ० २८७ गायकवाड़ सं० १९५६।

४१. अप्रकाशित लेख से—पृ० १—Abhinava Gupta's view of Aesthetic concepts—by K. Krishnamurthy पृ० १३६!

४२. चिंतामणि, भाग—२ में उद्धृत, पृ० १५६ सं० २०२६।

४३. कविता क्या है—चिंतामणि में संकलित लेख, पृ० १२० ना० प्र० सभा, १९७६।

४४. वही।

४५. पल्लव—सुमित्रानन्दन पंत।

४६. रामचरितमानस—गीताप्रेस, गोरखपुर—अयोध्याकाण्ड।

इसीलिये अलंकार और रीतिवादियों की भाँति उन्हें भी अपनी सारी क्षमता का उद्रेक शब्दार्थ को ही केन्द्र में रखकर (अलंकार्य बनाकर) बताना पड़ा। अलंकार और रीतिवादियों की तुलना में कुन्तक को विरासत में बहुत कुछ मिला था—इसीलिये उन्हें ध्वनि तथा रसवादियों की विरासत को आत्मसात् करके अपने को प्रस्तुत करना पड़ा। इसीलिये उनकी दृष्टि में एक तरफ "स्वभाव" और "रस" अलंकार्य[४७] हैं और दूसरी ओर "शब्दार्थ" भी अलंकार्य है[४८]। ग्रहण पक्ष से ये वस्तु सौन्दर्य पर भी बल देते हैं और पर्यवसित रसवत्ता या लोकोत्तराह्लाद पर भी। पर इन सबका स्रोत "वक्रता" को ही निरूपित करना है इसीलिये उनकी स्थापना है—

लोकोत्तराह्लादकारिवैचित्र्यसिद्धये ।
काव्यस्यायमलङ्कारः कोऽप्यपूर्वो विधीयते ।[४९]

सामान्य भाषा से काव्य भाषा का व्यावर्तक पूर्व सूरियों द्वारा अनुद्भावित "वक्रता" का विधान कुन्तक का अपना पौरुष है। लोकोत्तराह्लादकारिता काव्यभाषा का लक्ष्य होने से व्यावर्तक है—सामान्य काव्यभाषा यह काम नहीं करती। लोकोत्तराह्लाद समर्थक होने से ही काव्यभाषा का सामान्य भाषा से प्रस्थान भेद है—काव्य-भाषा में यह समर्थकता कविव्यापार स्वरूप 'वक्रता' की है। काव्यगत वस्तु और काव्यगत आह्लाद व्यवहार और शास्त्रगत वस्तु और आह्लाद से भिन्न प्रकृति का है—इस भिन्नता को उभारने का श्रेय कवि व्यापार को है। अलंकार और गुण भी यह काम करते थे, पर "वक्रता" की व्याप्ति उनसे बढ़कर है। अलंकार शब्दार्थ रूप भाषा की विशेषता है और वामन ने "गुण" को भी भाषा धर्म रूप[५०] से ही स्थापित किया है। कुन्तक ने अपनी "वक्रता" में इन सबका समावेश करते हुये भी (वैभिन्न्य या वैचित्र्यसम्पादक काव्यभाषा गत धर्म) उसे और व्यापक भूमिका भूमिका दी है। अलंकार या गुण (वर्ण, पद तथा वाक्य) शब्द तथा अर्थ के ही धर्म हैं, प्रकरण या प्रबन्ध के स्तर पर उभरने वाली चारुता के स्रोत रूप में उनका विधान नहीं है। ध्वनिवादी आचार्य की दृष्टि इस ओर गई—उसने प्रकरण और प्रबन्ध के सौंदर्यस्रोत के रूप में "ध्वनि" की व्याप्ति स्थापित की, कुन्तक ने इस

---

४७. वक्रोक्तिजीवित—पृ० १२९ पृ० २१।

४८. वही—पृ० २० "उभावेतावलंकार्यौ।

४९. वही—पृ० २ प्रथमोन्मेष—२।

५०. काव्यालंकारसूत्रवृत्ति—पृ० १७, समग्रगुणगुम्फितावैदर्भी।

विरासत को भी आत्मसात किया और आगे बढ़े। एक ओर ध्वनि के समस्त प्रभेदों को "वक्रता" में आत्मसात किया ओर दूसरी ओर "व्यंजकत्व" को भी सौन्दय स्रोत के रूप में आत्मसात कर सौंदर्यस्रोत को और व्यापकता दी। व्यंजकत्व को सौंदयस्रोत मानने से वाचकत्व की विबार्थसमर्थ रूप में सौंदर्यस्रोतस्कता छूट जाती है —"वक्रता" को मानने से काव्यभाषा की कोई शक्ति नहीं छूटती। कुन्तक ने अर्थप्रत्यायकत्व रूप साम्य से उपचारतः शब्दमात्र को काव्य में "वाचक" कहा। वह वाक्य काव्य में वही "सटीक शब्द" है, जिसकी ओर आनंदवर्धन ने कारिका द्वारा संकेत किया था[५१]। अर्थात् आनंदवर्धन ने कहा था कि अभीष्ट चारुता के प्रकाशक सटीक शब्द को—जिसका कोई पर्याय किसी अन्य शक्ति से उसे समर्पित न कर सके—व्यंजक या ध्वनि शब्द कहते हैं। ध्वनिवादियों की धारणा ही हो गई थी —"न तादृशो कोऽपि वाच्यार्थो यो मनागनाभृष्टप्रतीयमानः स्वत एव चमत्कारमाधातुं प्रभवति"[५२]—अर्थात् ऐसा कोई वाच्यार्थ हो ही नहीं सकता, जो प्रतीयमानार्थ की अपेक्षा किये बिना स्वयं चमत्कारोत्पादन में सक्षम हो सके। कुंतक इस संभावना का विस्तार करते हुए काव्यभाषा मात्र से उसे जोड़ना चाहते हैं। यह अवश्य है कि वे काव्य में न तो शब्द भेद स्वीकार करते हैं न ही अर्थभेद, किन्तु व्यवहार और शास्त्र की जड़भाषा से काव्यभाषा का व्यतिरेक दिखाने के लिए उसे "वक्र" या "विचित्र" कहना चाहते हैं। उनका "विचित्रैवाभिधा वक्रोक्तिः"[५३] प्रमाण भूत वक्तव्य है। उन्हे काव्यभाषा में प्रसिद्ध प्रस्थान से व्यतिरेक इष्ट है। यद्यपि यह व्यतिरेक निम्नगामी या अपकृष्ट होने में भी संभावित है, तथापि सौन्दर्य के साथ लोकोत्तर आह्लाद के साथ जुड़े रहने के कारण उसे उत्कर्ष के साथ ही जुड़ना होगा। काव्यभाषा अभीष्ट सौंदर्य के संप्रेषण में क्षम हो—वह चाहे जिस सामर्थ्य से हो। यह कवि व्यापार है, प्रतिभा है—जो अपने पारस स्पर्श से काव्यभाषा की प्रत्येक क्षमता को सौंदर्य संप्रेषण का स्रोत बना सकती है—इसे कोई नियम रोक नहीं सकता। इसलिए तो वह नियतिकृत नियमरहित है।[५४]

कुन्तक "वक्रता" नामक अलंकृति को अलंकार्य काव्य से वस्तुतः अपृथक् सिद्ध मानते हैं—केवल समझने समझाने के लिए अलग कर लेते हैं [५५]। समूचा काव्य-

---

५१. ध्वन्यालोक—पृ० १४६।

५२. रसगंगाधर—पंडितराजजगन्नाथ-प्रथम आनन—पृ० ९४।

५३. काशी हिं वि० वि०, वाराणसी—संस्कृत साहित्यानुसंधान समिति।

५४. काव्यप्रकाश—मम्मट, १।१, पृ० २ भ० ओ० रि० इ०, पूना १९२२।

५५. वक्रोक्तिजीवितम्—पृ० ६।

शब्द और उससे समर्थित अर्थ—ही "वक्र" है—लोकोत्तर है—शास्त्र और व्यवहार की अपेक्षा "कुछ और" है। वर्ण्य वस्तु यदि स्वभावसुन्दर है तब तो कवि प्रतिभा उसे यथावत् उकेर ही देती है, यदि वैसी नहीं है तो बना देती है। सामान्यतः औचित्य तो यही कहता है कि पेण्टिग के लिए आधार को स्वभाव-सुन्दर होना चाहिये। स्वभाव पर ही वक्रता फवती है। कुंतक ने तो यहाँ तक कह दिया है—"स्वभावस्यैव रूपेण निरूपणमेव हि वक्रतायाः परं रहस्यम्।"[५६] वक्रता की अंतरात्मा स्वभाव का ही सहज उभार है। मैं उन दोनों प्रकार के कवियों की वंदना करता हूँ, जो वस्तु में निहित स्वभावसिद्ध अव्यक्त सुभग तत्त्व को वाणी के सहारे उभार देते हैं अथवा जो भूत को अपनी क्षमता से सुन्दर बना देते हैं।[५७] मतलब कवि लीन सौंदर्य को उभारता भी है और अपनी प्रौढ़ि से आहित भी करता है—और यह सब होता है कवि व्यापार से। वर्ण्यवस्तु में लीन सुभग तत्त्व कहने का स्पष्ट आशय है कि सौंदर्य लोकोत्तर—चारुतर उसमें स्वभावतः है, पर न तो वह सर्वसामान्य की आँखों में आता है न ही वर्ण्य बन पाता है—उसके लिये तो कवि को तीसरी आँख अपेक्षित होती है - जिसकी ओर महिम ने संकेत किया है—

> सा हि चक्षुर्भगवतस्तृतीयमिति गीयते
> येन साक्षात्करोत्येव भावास्त्रैलोक्यवर्तिनः।[५८]

अर्थात् यह कवि की प्रतिभा नामक तीसरी आँख है, जिससे वह त्रैलोक्यवर्ती और त्रिकालवर्ती पदार्थ समुदाय को देख लेता है। इतना ही नहीं—वह उस लोकोत्तर सुभगतत्त्व का भी साक्षात्कार करता है -जो सर्वसामान्य की आँखों का विषय नहीं बना।

प्रश्न यह भी है कि यह चारुता या सुभगतत्त्व है क्या ? कुन्तक क्या इस तरफ कोई दार्शनिक आलोक भी विकीर्ण करते हैं ? यह स्वभाव है क्या, जो वक्रता का परम रहस्य है ? कुन्तक इस वक्रता को केवल प्रौढ़ि प्रसूत भी नहीं मानते और न ही सर्वथा लोक रूढ़। वास्तव में कुन्तक कश्मीरी आलंकारिक हैं और शैवदर्शन (त्रिक्दर्शन या स्पंददर्शन) से परिचित हैं। परिचित ही नहीं हैं—'वक्रोक्ति जीवित" के 'मूल में वही दृष्टि अंतर्निहित है'। आरम्भ के मंगलाचरण से ही उन्होंने कहा है

---

५६ वही, पृ० १०।

५७. वही, पृ० १२०।

५८. व्यक्तिविवेक—महिम भट्ट, चौखंबा-१९३६, पृ० ३९१।

कि उस शिव को नमस्कार है जो विश्व चित्र का निर्माण करने में केवल परिस्पन्द-स्वभाव आत्मशक्ति मात्र का सहारा लेता है।[५९] आगम का व्यवर्तक लक्षण है—शक्ति की विशिष्ट अवधारणा।[६०] इसके अनुसार मूलतत्त्व 'द्वयात्मक अद्वय'' है। इस मत में जगत् मिथ्या नहीं है। मूलतत्व की चिन्मयी संकोच प्रसारात्मिका शक्ति का विस्फार है। एक तरफ श्रुति कहती है—''एकाकी न रमते'[६१] ''स द्वितीयमैच्छत्''[६२] और दूसरी तरफ कहती है—''द्वितीया द्वै अत्र भवति''[६३]—अर्थात् एक तरफ वह लीला के लिये ''द्वितीय'' भी चाहता है और दूसरी ओर ''द्वितीय'' को भयोत्पादक भी मानता है। इस अन्तर्विरोध का निवारण इसमें है कि वह स्वयं अपनी क्षमता से ''द्वितीय'' बन जाय, इस तरह उसकी इच्छा शक्ति भी कार्यान्वित हो जाती है और भयोत्पादक की स्थिति भी नहीं आती। शाङ्कर अद्वैत में ''द्वितीय'' सर्वथा भिन्न है। आगम में शक्तिमान् की अपनी शक्ति का ही रूपांतरण है। यही वह शक्ति है जिसका सहारा लेकर शिव या शक्तिमान् जगत् का निर्माण करता है।[६४]

इस शक्ति का स्वरूप स्पंदात्मक है—

जगत्त्रितयवैचित्र्यचित्रकर्मविधायिनम्।
शिवं शक्तिपरिस्पन्दमात्रोपकरणं नुमः ॥

सृष्टिकाल में स्पंद स्वभाव[६५] यह शक्ति आनन्द लाभ करती है।

''स्पंद'' का शाब्दिक अर्थ है—कंपन, जिसकी निष्पत्ति किंचिच्चलनार्थक ''स्पदि'' धातु से होती है। यह एक ज्योतिर्मय बिन्दु है। कंपनात्मक होते हुए भी इस तत्त्व को उस ''क्रिया'' शब्द से बोधित नहीं किया जा सकता जो जागतिक

---

५९. वक्रोक्तिजीवितम्—१।१, पृ० १। कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़, १९७७।

६०. तांत्रिक वाङ्मय में शाक्त दृष्टि—पृ० ३ (प्रस्तावना) बिहार राष्ट्र-भाषा परिषद्, १९६३।

६१. बृहदारण्यक—पृ० ३९।

६२. वही।

६३. वही, पृ० ३८ (१।४।२) पूना १९२८।

६४. वक्रोक्तिजीवितम्—१।१ पृ०, १।

६५. तन्त्रालोक—कश्मीर सिरीज, १९१८।

क्रिया का, काल विशेष से घटित होने वाली "क्रिया" का द्योतक है। स्पंद को यदि समझकर कहा जाय तो "शक्ति" भी कहा जा सकता है, स्पंद को इच्छा भी कहा जा सकता है पर यह समझकर कि स्पंद "इच्छा" बनती है, पर "इच्छा" "स्पंद" नहीं। अतः उसे "इच्छा" से भिन्न भी नहीं कहा जा सकता। "स्पंद" सक्रिय भी है और निष्क्रिय भी। सक्रिय इसलिये कि उसमें कंपन के कारण देश प्रच्युति रूप क्रिया रहती है, पर इस देश प्रच्युति की संतति नहीं चलती—अतः जागतिक क्रिया के बोधक क्रिया शब्द का प्रयोग भी यहाँ नहीं किया जा सकता—फलतः इस दृष्टि से उसे निष्क्रिय भी कहा जा सकता है। वह चित् स्वरूप नहीं चित् शक्ति रूप है। वैसे शक्ति और चैतन्य पर्याय ही हैं। चित्स्वरूप शिव की स्वभावभूता "शक्ति" उससे निकलकर पुनः उसी में समा जाती है—विश्रांत होती रहती है। यही आवर्तात्मक कंपन ही स्पंद है; जो निष्क्रिय एवं सक्रिय के मध्य है।[६६]

वैसे स्पंदन नैयायिकों और वैशेषिकों के परमाणु में, सांख्यों के गुण में और शक्ति में तीनों जगह हैं। योग भाष्यकार ने कहा है—जितने समय में एक परमाणु स्वदेश प्रच्युति करता है—वही समय "क्षण" है[६७]। इसी का प्रतिबिंब बुद्धिगत समुदित होकर काल कहा जाता है जिसमें भूत-भविष्य की कल्पना होती है।

यह "स्पंद" स्थिर भी है और गतिशील भी। गतिशील इसलिये कि यह कंपन है और स्थिर इसलिये कि उसमें स्वदेश प्रच्युति नहीं होती। यही स्पंद सारी सृष्टि का मूल स्रोत है—पर इसके लिये सामान्य स्पंद में वैषम्य आना आवश्यक है। रामकण्ठ ने "स्पंद" की चर्चा करते हुए कहा है—"स्पंदशब्दश्चायं स्वस्वभाव-परामर्शमात्रस्य नित्यस्य शून्यव्यतिरेचनकारणभूतस्य तावन्मात्रसंरंभात्मनः शक्त्यपरा-भिधानस्य पारमेश्वरस्य धर्मस्य किंचिच्चलनात् "स्पंद" इति अर्थानुगमात् वाचकत्वेन व्यपदिश्यते"[६८]—अर्थात् यह स्पंद परमेश्वर का किंचिच्चलनात्मक विशेषता है—उसे शक्ति भी कहा जाता है। यह स्पंद दो प्रकार का है—सामान्यात्मक तथा विशेषात्मक। "सामान्य स्पंद" का स्वरूप इस प्रकार है—"एष उपादेयतमः परम-कारणभूतस्य सत्यस्य आत्मस्वरूपस्य अयमहमस्मि—अतः सर्वं प्रभवति, अत्रैव च

---

६६. स्पन्दकारिकाविवृत्ति २।५।

६७. पातंजल योग दर्शन—व्यास भाष्य—पृ० २८८ लखनऊ विश्व-विद्यालय।

६८. रामकण्ठ प्रणीत—स्पन्दकारिकाविवृत्ति, २।५।

प्रतीयते—इति प्रत्यवमर्शात्मको निजो धर्मः सामान्यस्पंदः।''[६९] अर्थात् इस संसार का परम कारण स्वरूप सत्य अपने स्वरूप का—यह मैं हूँ, इसी सब का उद्भव होता है इसी में सब प्रलीन हो जाते हैं—इस प्रकार का जो प्रत्यवमर्शात्मक निज धर्म है—वही सामान्य स्पंद है। यह कंपनशील पदार्थ मात्र में अनुस्यूत सामान्य स्पंद है। यह वह सदृश परिणामवाही ज्योतिर्मय विन्दु है जहाँ शिव और शक्ति समरस हैं। शिव तत्त्व की दृष्टि से वही निस्पंद है और शक्ति तत्त्व की दृष्टि से सदृश परिणामवाही शक्ति। सांख्यों का पुरुष भी ज्योतिरूप है—पर परिरमणशील नहीं। वहाँ तो इसे छोड़कर प्रकृति और तत्प्रसूत भावमात्र परिणामशील हैं। यह सदृश परिणामवाही प्रकृति या सामान्यस्पंद उस ऋतुमति स्नाता नायिका सी है जिसमें केवल गर्भधारणा की स्वरूप योग्यता है कार्यकारी योग्यता नहीं। इस सामान्य स्पंद में अशेष विशेष स्पंद समाये हुए हैं। उसमें इच्छा (कामाख्य बीज) का प्रतिफलन हुआ कि विशेष स्पंद व्यक्त हुआ। सामान्य स्पंद के सहारे ही अनिच्छात्मक इच्छावश विशेष स्पंद बनते हैं। विशेष स्पंद का स्वरूप—निर्देश करते हुए कहा गया है कि विशेष स्पंद के कारण ही अनात्मभूत देहादि में आत्माभिमन पैदा होता है, भिन्न भिन्न माया प्रमाताओं में ''मैं दुःखी हूँ, मैं सुखी हूँ'' इस तरह का त्रिगुणात्मक ज्ञानप्रवाह उत्पन्न होता रहता है। ये विशेष स्पंद स्वरूप के आच्छादक हैं।[७०] इस प्रकार कश्मीरी दर्शन में जिस ''स्पंद'' का अत्यन्त सूक्ष्म और गहन विवेचन हुआ है—उसकी चर्चा ''वक्रोक्ति जीवित'' में अनेकशः हुई है। फलतः इस दार्शनिक विवेचन के आलोक में उसे समझने का प्रयास करना चाहिये।

कुंतक ने ''वक्रोक्ति-जीवित'' में ''स्पंद'' शब्द का प्रयोग विभिन्न रूपों में किया है। काव्यमार्ग में अर्थ का स्वरूप क्या होना चाहिये—इस पर कुंतक का कहना है—''अर्थः सहृदयाह्लादकारि स्वस्पंदसुन्दरः''[७१] और इसकी व्याख्या में वे स्पष्ट कहते हैं—''काव्ये ये सहृदयाः काव्यार्थविदः तेषामाह्लादमानंदं करोति यः तेन स्वस्पंदेन आत्मीयेन सुन्दरः सुकुमारः ''[७२]—काव्य में जिस अर्थ का विधान हो—वह अपने स्पंदात्मक स्वभाव से सुन्दर प्रतीत होकर सहृदयों को आह्लाद मग्न कर सके। यह स्पंद वस्तु का स्वभाव है—उसके विना तो वह कही ही नहीं जा सकती। इसी स्वभाव के कारण वस्तुगत उत्कर्ष की अभिव्यक्ति होती है। उन्होंने ''स्वभाव''

---

६९ वही।

७०. वही।

७१. वक्रोक्तिजीवितम्—पृष्ठ १४, धारवाड़ संस्करण।

७२. वही—पृष्ठ १७।

का बहुत ही स्पष्ट व्याख्यान करते हुए कहा है—"अपरिम्लानः प्रत्यग्रपरिपोषपेशलः यः स्वभावः पारमार्थिको धर्मः....."[७३]—स्वभाव वस्तु का परमार्थ रूप है जो अभिनव और रसमय होता है। निष्कर्ष यह कि वर्णगत जिस सुभग तत्त्व की लीनता या संस्थिति बताई जाती है—वह स्पदमयता ही है—वही वस्तु मात्र का स्वभाव है—जो अपनी समग्रता से कवि की प्रतिभा का ही विषय होता है। कवि प्रतिभाप्रसूत वाणी से उसे उभार कर भावयित्री प्रतिभा के सामने प्रस्तुत कर देती है।

अलंकारसर्वस्व के टीकाकार समुद्रबंध ने कुंतक के आशय को और भी स्पष्ट किया है। उसने कहा और ठीक कहा कि शब्द और अर्थ की योजना में इनसे अतिरिक्त कोई अलंकार नाम की वस्तु नहीं है। अपितु विलक्षण कविव्यापार पूर्वक अभिधान ही इसका अलंकार है—स्पष्ट ही इस प्रक्रिया में व्यापार की ही वक्रता की महत्ता है—उसी का प्राधान्य है—वही काव्य का जीवित है। इसीलिए कुंतक ने अलंकृत को ही काव्य कहा, काव्य का अलंकार नहीं। आनन्दवर्धन ने कहा था कि व्यापार वाक्यार्थ नहीं होता, व्यापार से वाक्यार्थ निष्पन्न होता है और कलात्मक वाक्यार्थ व्यंग्यार्थ ही है—वही गुण और अलंकार का उपस्करणीय है—फलतः वही प्रधान है, वही विश्रन्तिधाम है—अतः आत्मा है। कुंतक ने अर्थ का यह गौरव व्यापार के योग से सिद्ध करते हुए व्यापार प्राधान्यवाद चलाया, भट्टनायक ने भी व्यापार को ही महत्ता दी थी। अभिनवगुप्त ने कुंतक और भर्तृनायक से परिचित होने के कारण ध्वनन व्यापार को प्राधान्य देकर आनन्दवर्धन का समर्थन किया और कुन्तक की प्रतिस्पर्धिता की।

अब, दूसरा सवाल यह खड़ा होता है कि वक्रता नामक अलंकार के माध्यम से ही "काव्य चमत्कार" की स्थिति सम्भव मानने वाला कुन्तक "रस" के विषय में क्या सोचता है? काव्य की आत्मा का प्रश्न उठने पर "रस" के विषय में आखिर यह क्या कहता है? यह तो पहले ही कहा जा चुका है कि वे सर्जना की दृष्टि से सारसत्ता का अनुसंधान करने चले हैं और मानते हैं कि कवि व्यापार का पारस-संस्पर्श उद्दिष्ट सौंदर्य की निष्पत्ति में अपेक्षित है। उसकी वक्रता वस्तु के काव्योचित स्वभाव का अविच्छेद्य वैशिष्ट्य है—

उदारस्वपरिस्पन्दसुन्दरत्वेन वर्तनम्।
वस्तुनो वक्रशब्दैकगोचरत्वेन वक्रता॥[७४] ३।१।

---

७३. वही—पृष्ठ १३७।

७४. वक्रोक्तिजीवितम्—३।१ धारवाड़ संस्करण।

काव्योचित शब्द द्वारा वस्तु का काव्योचित रूप में प्रतीत होना ही उसका बांकपन है। इस रूप में प्रतीत वस्तु आह्लाद पर्यवसित होती है। अतः यह कहना कि कुन्तक की आत्मा की खोज करने चले और रह गये अलंकार तक ही—माध्यम तक ही—पूर्ण विचारित नहीं है। कुन्तक आनन्दवर्धन की भाँति किसी भी स्थिति में रस को अप्रधान नहीं करना चाहते। महिम की भी यही स्थिति है। वस्तु और अलंकार की तरह रस कभी वाच्य नहीं होता और व्यंग्य होते ही वह स्वतः अन्य अर्थों को उपाय बना देता है, एवं स्वयं उपेय बन जाता है। निष्कर्ष यह कि उनका विवेचन आह्लाद तक जाता है--साध्य तक जाता है—बीच में ही नहीं रुकता।



# शतरञ्जकुतूहलम्

सम्पादक—*श्री जीवेश्वर झा*

**इलाहाबाद**

An unpublished ms. on chess-playing, entitled शतरञ्ज-कुतूहलम्—consisting of only nine verses with commentary—has been presented here.

प्रस्तुत **शतरञ्जकुतूहलम्** पाण्डुलिपि में उल्लिखित (संवत् १९२२) समयानुसार १९वीं शताब्दी उत्तरार्द्ध की रचना है। देवनागरी लिपि में लिखित यह मातृका गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ में सुरक्षित है। प्रति आधुनिक कागज पर सुस्पष्ट अक्षरों में लिखित व्याख्या से युक्त एवं पूर्ण है। आकार बहुत छोटा है। मात्र ९ श्लोकों को टीका सहित प्रस्तुत किया गया है!

हस्तलेख में श्रीकृष्ण भगवान की राधा के प्रति उक्ति लिपिबद्ध है। रचयिता का नाम निर्देश नहीं है। अतएव इस उक्ति से स्पष्ट संकेत मिलता है कि यह किसी पौराणिक आधार पर ही लिखा गया है। इस मातृका का उल्लेख न तो **कॅटलॉगस कॅटलॉगरुम** में मिलता है और न अन्य सूचियों में। इस प्रकार के अन्य हस्तलेख कृष्णदास विरचित **शतरञ्जिनी** का उल्लेख **कॅटलॉगस कॅटलॉगरुम** के पृष्ठ संख्या ६३१ पर किया गया है। चूँकि भारतीय प्राचीन खेलों में शतरञ्ज का भी नाम लिया जाता है और इस खेल की प्राचीन परम्परा चली आ रही है इस दृष्टि से प्रस्तुत हस्तलेख का अपना एक महत्त्व है।

प्रस्तुत हस्तलेख का प्रकाशन मार्च, १९४६ में प्रो० चिन्ताहरण चक्रवर्ती द्वारा संस्कृत साहित्य परिषद्, श्याम बाजार, कलकत्ता के तत्त्वावधान में हुआ था। यह मुद्रित प्रति अनुपलब्ध है। ओरियण्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट, एम० एस० यूनिवर्सिटी, वड़ौदा के क्षेत्राधिकारी श्री वाई० एन० वाकङ्कर महोदय ने अपने शोधपूर्ण निबन्ध हेतु इस प्रति के आदि, अन्त, मध्य तथा पुष्पिका आदि का उपयोग करने के साथ ही सूचित

किया है कि प्रस्तुत हस्तलेख उक्त मुद्रित प्रति के समान है। मात्र मुद्रित प्रति में इस प्रति की अपेक्षा दो पुष्पिका क्रमशः मूल के लिये और टीका के लिये है। साथ ही मुद्रित प्रति में व्यवहृत हस्तलेख उल्लिखित समयानुसार (संवत् १९२४) से यह हस्तलेख दो वर्ष पुराना है।

प्रस्तुत मातृका में शतरञ्ज के पात्रों की गति (चाल) इस प्रकार है—(क) हाथी एक सीध में एकादि एक तथा एक ही साथ सात प्रकोष्ठ तक दाएँ-बाएँ और ऊपर-नीचे चल सकता है। (ख) घोड़ा अढ़ाई घर चारों ओर चलता है। इसका संचरण अधिक कुटिल और महत्त्वपूर्ण होता है। (ग) उष्ट्र चतुर्दिक एकादि एक तथा एक बार विभिन्न कक्षों में चलता है और आलसी पात्र होता है।(घ) अमात्य सर्वत्र संचरण करता है। यह समस्त पात्रों में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण होता है। यदि इसके साथ हाथी का सामञ्जस्य बना रहा और घोड़े का बल मिलता गया तो प्रतिस्पर्द्धी को पानी पिला देता है। (ङ) बादशाह सार्वभौम होता है। एक-एक कक्ष करके नीचे-ऊपर; दाएँ-बाएँ सीधा एवं टेढ़ा दो तरह से चलता है। (च) सेना सिर्फ सीधा आगे एक कक्ष ही चलता और वक्र हो कर मारने का कार्य करता है। यह पीछे नहीं चल सकता है। सभी पात्र एक दूसरे के सामने आने वाले पात्र को अपनी गति के अनुसार ही मारते है।

जहाँ तक शतरञ्ज खेलने की रीति का प्रश्न है, हस्तलेख में उल्लिखित बातों से यह संकेत मिलता है कि समस्त पात्रों का 'गतिज्ञान' शतरञ्ज के लिये सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है, जिसके बिना शतरञ्ज का खेल खेला ही नहीं जा सकता है। समस्त पात्रों के गतिज्ञान को समझकर ही पात्रों का संचरण किया जाना संभव होता है। एक ऐसी विषम परिस्थिति होती है जब प्रतिस्पर्द्धी के सार्वभौम के गति की 'शह' के द्वारा संचरण गति अवरुद्ध हो जाती है। (अर्थात् प्रतिस्पर्द्धी अपने पात्रों के द्वारा पूर्ण सामञ्जस्य एवं शक्ति के साथ स्थित सार्वभौम के घर पर अपना अधिकार करते हैं। यदि बादशाह को अन्य घर मिल गया तो चल सकता है अन्यथा वह परास्त हो जाता है जिसे 'मात' कहते हैं।) एक और विषम परिस्थिति सार्वभौम के लिये उस समय उपस्थित होती है जब प्रतिस्पर्द्धी के पात्रों के द्वारा सार्वभौम को शह दिये बिना एक भी स्थान नहीं छूटता उसे 'जिच्च' अवस्था कहते हैं। उससे बचने के लिये 'जिच्च' स्थिति में पड़ा हुआ खिलाड़ी अपने प्रतिस्पर्द्धी का कोई भी एक पात्र उठा लेता है तब सार्वभौम को चलने के लिये घर मिलता है।

इस खेल का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रतिस्पर्द्धी के पात्र-संचरण को ध्यान में रखकर अपने पात्र को एक दूसरे पात्र का सहयोग बल एवं एकरूपता बनाये हुये चलना विजय के लिये आवश्यक है। मात्र पात्र का गतिज्ञान

तथा संचरण करने की कला से विजय प्राप्त नहीं होती अपितु प्रतिस्पर्द्धी के पात्र संचरण को देखते हुए गढ़ निर्माण, व्यूह रचना, सहयोग की सामञ्जस्यता एक दूसरे पात्र में रखते हुए पात्र संचरण करना चाहिये। साथ ही प्रतिस्पर्द्धी को परास्त करने के लिये पात्र संचरण में दूरदृष्टि, छल-प्रपंच, तर्कबुद्धि आदि द्वारा आक्रमण एवं सुरक्षा की रीति तथा राजनीति की तरह गंभीर रूप में पात्र-संचरण की कुटिल नीति का अवलम्बन आवश्यक है।

अन्त में यह कहना अनुपयुक्त नहीं होगा कि आधुनिक समय में जिस प्रकार से शतरञ्ज-खेल का प्रचार-प्रसार एवं विकास हो रहा है, उस स्थिति में अनुपलब्ध मुद्रित शतरञ्जकुतूहलम् ग्रन्थ के अभाव को दूर करने के लिये तथा 'बहुजन हिताय' प्रस्तुत हस्तलेख को यथावत् विद्वानों के समक्ष रखने का यह एक प्रयास मात्र है। यदि इससे शतरञ्ज खिलाड़ियों को किञ्चित् भी लाभ हुआ तो इसे संस्कृत वाङ्मय साहित्य से लुप्त एक अणु प्राप्ति ही समझा जा सकता है।

श्री गणेशाय नमः।

**गणेशं नमस्कृत्य विष्णवङ्घ्रियुग्मं गुरून्**
**सर्ववन्द्यान् विशालान्दयाब्धीन्।**
**बुधानां मनोज्ञं प्रशस्तं हि**
**बुद्धिबलाख्यं वयं कुर्महे क्रीडनं सत् ॥१॥**

श्री गणेशाय नमः।

**नत्वा महेशानमुमापतिं गुरोर्विधाय चित्ते चरणारविन्दम्।**
**कुर्वे शुभां बुद्धिबलाभिधस्य टीकामहं क्रीडनकस्य सूक्तिम्॥**

अथ विघ्नविधाताय मङ्गलमाचरति—गणेशमिति गणानां प्रथमादीनामीशः स्वामी तं नमस्कृत्य नत्वेत्यर्थः। उपपदविभक्त्यपेक्षयाकारकविभक्तेर्बलीयत्वान्नमः स्वस्तीत्यादिना चतुर्थी न किन्तु द्वितीयैव विघ्नबाहुल्यात् पुनर्मङ्गलमाचरति। विष्णवङ्घ्रि इति गुरुनिति च दयाब्धीन् दयासमुद्रान् एकस्यां प्लवन्तक्रियायां त्रयाणां सम्बन्धः। वयं बुधानां मनोज्ञं प्रशस्तं बुद्धिवलाख्यं सत्क्रीडनं इति निश्चयेन कुर्महे।

**सद्वर्णमये वस्त्रखण्डे विशाले चतुःकोणयुक्ते समन्तात्समाने।**
**चतुःषष्ठिकोष्ठानि कौशेयसूत्रैर्विधायादिकोणादिकोष्ठादिभाद्याः ॥२॥**

प्रचुरे विशाले महति चतुःकोणयुक्ते चत्वारश्च तत्सहिते समन्तात् समाने सर्वतस्तुल्ये वस्त्रखण्डे हस्त्यादिस्थितिपात्रगृहे विषये कौशेयसूत्रैः पट्टतन्तुभिः चतुःषष्ठिकोष्ठानि हस्त्यादिगृहाणि विधाय कृत्वा आदिकोणादि कोष्ठात् आदिः पूर्वश्चासौ कोणश्च तस्य आदि प्राक् च तत् कोष्ठं च तस्मात् तथा इभाद्याः हस्त्यादयः सारिका स्थाप्याः ।

**इति स्थापनीया गजाश्वोष्ट्रसेनाधिराट् सार्वभौमक्रमेलार्वनागाः ।**
**ततः पत्तयोष्टौ गजाद्यष्टकानामधस्तात्तिरःस्थः क्रमेणार्पणीयाः ॥३॥**

इतीति । हे राधे ! अनेनप्रकारेण गजाश्वोष्ट्रसेनाधिराट् सार्वभौमक्रमेलार्वनागाः । प्रथमकोष्ठे हस्ती द्वितीये हयः तृतीये ऊष्ट्रः चतुर्थे सेनाधिराट् सेनानीः पञ्चमे सार्वभौमः सर्वेश्वरः षष्ठे क्रमेल ऊष्ट्रः सप्तमे अर्वा अश्वः अष्टमे नागः हस्ती एते अष्टौ गजादि गजान्ताः स्थापनेष्यष्टसु तिरः स्थाः तिरोभागे क्रीडितुः मम पुरः स्थापनीयाः ततः हस्त्याप्यग्रतः गजाप्यष्टकानां सारिकाणामधस्तात् अधोभागेषु कोष्ठेषु अष्टौ पत्तयः पदातयः सारिकाः तिरःस्थाः तिरोभागस्थाः क्रमेणार्पणीया आरोप्या इत्यर्थः ।

**अमात्यालये सार्वभौमं निदध्यादमात्यं तथा सार्वभौमस्य कोष्ठे ।**
**इति व्यत्ययादन्यहस्त्यादयस्ते प्रतिस्पर्द्धिनोप्येव मेवाधिरोप्याः ॥४॥**

अमात्यालये इति । हे राधे ! क्रीडाया प्रतिस्पर्द्धिनः प्रतिस्पर्द्धिरूपस्य कलत्रस्य तवापि पुरः अमात्यालये सेनानीकोष्ठे सार्वभौमं सर्वेश्वरं निदध्यात् आरोपयेत् तथा सार्वभौमस्य कोष्ठे अमात्यं सेनान्यं निदध्यात् आरोपयेत् इति व्यत्ययात् एवं वैपरीत्यात् अन्यहस्त्यादयः अपरगजादि गजान्ताः यथा मम आरोपिताः तथा तवैव क्रीडास्थाने एवमेव आरोप्या आरोपणीया इत्यर्थः ।

**ततः क्रीडितव्यं मनीषाविदग्धैर्बलं चाबलं स्वस्य दृष्ट्वा परस्य ।**
**गतिज्ञानमेषां विना क्रीडनं नो भवेत् (तत्) पुरस्ताद्विचार्यं विशेषात् ॥५॥**

ततः इति । हे राधे ! ततः स्थानद्वये हस्त्यारोपणान्तरं मनीषाविदग्धैः सुबुद्धिमद्भिः स्वस्य निजस्य परस्य प्रतिस्पर्द्धिनः सारिकानां बलं च पुनः अबलं निर्बलत्वञ्च दृष्ट्वा विलोक्य क्रीडितव्यं खेलनीयमित्यर्थः । एषां हस्त्यादीनां गतिज्ञानं

विना ऋते क्रीडनं नो भवेत् न स्यात् । तत् हस्त्यादीनां गतिज्ञानं विचार्यं पुरस्तात् प्रथमतः विशेषात् अधिकेन विचार्यं विचारणीयमित्यर्थः ।

**गजः सप्तकोष्ठान्तमेकाद्यवक्रो यथापेक्षमूर्ध्वं तिरश्चैति पश्चात् ।**
**हयः सार्द्धकोष्ठद्वयं चासमन्तात् क्वचिन्मध्यगाम्यष्टकोष्ठानि रक्षेत् ॥६॥**

गज इति । एषां गजादीनां गतिप्रकार उच्यते । गजगतिज्ञानमाह — गजः हस्ती अवक्रः सन् सप्तकोष्ठान्तं सप्तकोष्ठपर्यन्तं एकादि एकं स्वस्थानकोष्ठं आदौ यस्मिन् कर्मणि ऊर्ध्वं ऊर्ध्वभागे तिरः तिरोभागे पश्चात् पृष्ठभागे यथापेक्षं यादृशी चलनेच्छा भवेत् तथा एति गच्छति । हयगतिज्ञानमाह । हयोऽश्वः सार्द्धकोष्ठद्वयं अर्द्धेन सहवर्तमानं कोष्ठद्वय इति आसमन्तात् उपर्यधस्तिरः सर्वभागेषु एति गच्छति क्वचिन्मध्यगामी स्यात् तर्हि अष्टकोष्ठानि रक्षेत् । अष्टस्थानेषु तस्य बलं तिष्ठतीत्यर्थः ।

**यथापेक्षमेकादि सप्तान्तकोष्ठं व्रजेद् वक्रगामी समन्तात् महाङ्गः ।**
**अमात्यो विना वाजिनश्चैकगत्या समग्रा गतिः सञ्चलेत् सर्वगामी ॥७॥**

अथ ऊष्ट्रगतिज्ञानमाह । यथेति । महाङ्गः ऊष्ट्रः वक्रगामी वक्रं गच्छतीति तथा अलसगामी सन् यथापेक्षं क्रीडितुर्यथेच्छं एकादिएकमारभ्य सप्तकोष्ठपर्यन्तं समन्तात् सर्वतः व्रजेत् । सेनानीगतिज्ञानमाह । अमात्यः सेनानीः वाजिनोऽश्वस्यैकगत्या विना अश्वैकगतिं त्यक्त्वा सर्वगामी उपर्यधस्तिरोगामी सन् समस्ताः हस्त्यादिकृताः गतिः सञ्चलेत् गच्छेदित्यर्थः ।

**पुरः पृष्ठतः पार्श्वयोः कोणकेषु चतुर्ष्वेककोष्ठं चलेत सार्वभौमः ।**
**तुरङ्गस्य गच्छेद्गतिं ह्येकवारं न कस्यापि लग्नासृतिर्यावदस्य ॥८॥**

अथ सार्वभौमस्य गतिज्ञानमाह । पुरइति । हे राघे ! सार्वभौमः सर्वेश्वरः पुरः अग्रभागे पृष्ठभागे पार्श्वयोर्द्वयोः कक्षिकक्षप्रदेशयोः चतुर्थकोणकेषु सर्वकोणेषु एककोष्ठं चलेत् गच्छेदित्यर्थः । यावत्कालपर्यन्तं अस्य सार्वभौमस्य क्रीडायां कस्यापि द्वितीयक्रीडितुः प्रतिस्पर्द्धिनः सैन्यादिपदात्यावसानस्य सृतिः संसरणं न लग्ना भवेत् । तावदेकवारं सार्वभौमः तुरङ्गस्य अश्वस्य गतिं सार्द्धद्वय(कोष्ठ)रूपं इति निश्चयेन गच्छेत् गमनं कुर्यादित्यर्थः ।

**पदातिश्चलेदग्रतः कोष्ठमेकमृजुर्मारयेद्वक्रगत्यान्यकोष्ठे ।**
**न पादं क्वचिद्धारयेत् पृष्ठभागे व्रजेद्यस्य कोष्ठं भजेत् तत् स्वरूपम् ॥९॥**

पदातिसारिकागतिज्ञानमाह । पदातिरिति । हे राधे ! पदातिनाम्नी सारिका अग्रतः अग्रभागे ऋजुः सरलः सन् । एककोष्ठं चलेत् गच्छेदित्यर्थः । प्रतिस्पर्द्धिहस्त्यादि सारिकां वक्रगत्या वक्रतया अन्यकोष्ठें तिर्यक्कोष्ठे मारयेत् हन्तीत्यर्थः । पदातिः क्वचित् कदापि पृष्ठभागे पश्चाद्भागे पादं स्वचरणं न धारयेत् न स्थापयेदित्यर्थः । प्रतिस्पर्द्धिनः हस्त्यादि सारिकानां मध्ये स्वपदातिर्यस्य कोष्ठं व्रजेत् गच्छेत् । तत्स्वरूपं हस्त्यादिरूपतां भजेत् प्राप्नुयादित्यर्थः । सार्वभौमं विनेति शेषः । हे राधे ! अनया रीत्या शतरञ्जकुतूहले क्रीडितव्यमिति ।

इतिश्रीराधां प्रति श्रीकृष्णोक्तं शतरञ्जकुतूहलाख्यं समाप्तम् । संवत् १९२२ शाके १७८७ पौषशुद्ध १ भौमवासरे मथुराहराग्न्या लिखितम् ।

# मुरारिपदचिन्ता

डॉ० चन्द्रभानु त्रिपाठी

प्रयाग

Commenting upon the verse *Murāripadacintā cet* etc. the author has presented in this article a critical and comparative study of the poetry of Māgha and Murāri and holds that the latter follows the former so much so that the understanding of the tough poetry of *Anargharāghava* requires the study of *Śiśupālavadha*. Murāri is very much indebted to Māgha.

मुरारिपदचिन्ता चेत्तदा माघे रतिं कुरु।
मुरारिपदचिन्ता चेत्तदा माऽघे रतिं कुरु॥

अर्धावृत्तियमकालङ्कारमण्डितश्लोकरूपेयं सूक्तिः कस्यचिद् समीक्षकवरस्य भक्तिसाहित्यरसास्वादिनो गुरुवरस्य वा नूतनकाव्यजिज्ञासोः भगवदुन्मुखस्य शिष्यस्य च प्रबोधार्थं समुज्जृम्भते। अस्यास्तात्पर्यम्-यदि त्वं मुरारेः कवेरनर्घराघवस्य पदज्ञानं समीहसे तदा पूर्वम् माघकवेः शिशुपालवधकाव्यस्याध्ययने प्रीतिं कुरु, तथा यदि त्वं भगवच्चरणारविन्दं स्मर्तुं वाञ्छसि तदा अघे-पापे रतिं मा कुरु।

मुरारिकवेस्तावदनर्घराघवं नाम नाटकमित्येकैव कृतिरुपलभ्यते। माघकवेरप्येकमेव महाकाव्यमस्ति शिशुपालवधं नाम। अत्र मुरारिकवेर्वैशिष्ट्यज्ञानाय माघकाव्यस्य वैशिष्ट्यज्ञानं नापेक्षितम् उभयोर्दृश्यश्रव्यभेदेन भिन्नत्वात्। परमेतदुभयविधकाव्यस्य शरीरन्तु शब्दार्थरूपमेव भवति। शब्द एव संस्कृतम्—सुप्तिङन्तरूपं सत् पदं कथ्यते, इति वैयाकरणसम्मतम्। पद्यते गम्यतेऽर्थो येन तत्पदमित्यर्थावबोधकसुप्तिङन्तस्य शब्दस्य पदमिति संज्ञा भवति। तथा चेदं संस्कृतसाहित्येतिहासग्रन्थेषु प्रमाणपुरस्सरं निर्णीतं यन्माघकवेः स्थितिः, मुरारेरपेक्षया पूर्वाऽऽसीत्। अतः उभयोर्माघमुरारिग्रन्थयोः पदानां परस्परं बोध्यबोधकभावसम्बन्धः फलति।

माघमुरारिकविवरयोः प्रशस्तावन्या अपि सूक्तयो विलसन्तितराम् यथा माघस्य प्रशस्तौ—

**(१) नवसर्गगते माघे नवशब्दो न विद्यते ।**

**(२) उपमाकालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम् ।**
**दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः ॥**

पूर्वसूक्तेरर्थः—माघकाव्यस्य नवसु सर्गेष्वधीतेषु सर्वेषां प्रयोगार्हशब्दानां ज्ञानम् भवति । समीक्षकैर्माघकवे शब्दज्ञानं शब्दप्रयोगप्रावीण्यं चाधीत्येयं सूक्तिः कृता । द्वितीयसूक्तावुक्तास्त्रयोगुणामहाशब्दराशेस्तत्प्रयोगप्रकारस्य चापेक्षां कुर्वते यतो हि शब्दालङ्कारा: रचनारामणीयकं विदधति । समुचितपदप्रयोगो ऽर्थगौरवगुणं धत्ते । अलङ्कृता प्रसन्ना मधुरा च पदपङ्क्तिर्लालित्यं लाति । माघकाव्यस्याध्ययनेनास्य कवेः प्रचुरशब्दज्ञानं प्रयोगपाटवञ्च निर्णीयते ।

**महाभाष्यकारः पतञ्जलिः** शब्दज्ञानस्यानेकान् विधीन् व्याहृतवान्, तेषु लघीयान् विधिर्व्याकरणाध्ययनम् । कोशैरपि प्रतिपदं शब्दज्ञानम् भवति । अत्रेदमवधेयम् यत्कोशेषु सङ्गृहीताः पर्यायशब्दाः विभिन्नदेशीयसाहित्यग्रन्थेषु पूर्वम् प्रयुक्ता एव भवन्ति । व्याकरणेन तावन्नवीना अपि यौगिकाः शब्दाः संस्कृत्य प्रयोगार्हाः क्रियन्ते । वैयाकरणशिरोमणिः कविवरस्तान् शब्दान् स्वकाव्ये प्रयुङ्क्ते तथा प्रयुज्यमाना अनेके सुबन्ततिङन्तशब्दास्तद्धितशब्दाः कृदन्तशब्दाश्च काव्यवपुरलङ्कुर्वते, अर्थगौरवं लालित्यञ्च पुष्णन्ति । महाकविर्माघस्तथा कृत्वा पूर्वोक्तं गुणत्रयमस्थापयत् ।

मुरारिकवेः प्रशस्तौ राजानकरत्नाकरमहाकविः स्वकीये हरविजयमहाकाव्ये तस्य नामोल्लेखं कृतवान्—

**अङ्कोत्थनाटक इवोत्तमनायकस्य नाशं कविर्व्यधित यस्य मुरारिरित्थम् ।**
**(हर० ३८।६७)**

मुरारिकवेर्विषये इमेऽपि श्लोकाः केनचिदुक्ताः सन्ति ।

**(१) देवीं वाचमुपासते हि बहवः सारं तु सारस्वतं,**
**जानीते नितरामसौ गुरुकुलक्लिष्टो मुरारिः कविः ।**

**(२) मुरारिपदचिन्तायां भवभूतेस्तु का कथा ।**
**भवभूतिमनादृत्य मुरारिमुररीकुरु ॥**

**(३) भवभूतिमनादृत्य निर्वाणमतिना मया ।**
**मुरारिपदचिन्तायामिदमाधीयते मनः ॥**

एभिः प्रशस्तिश्लोकैर्मुरारेर्विद्वत्कविसमवाये समादरः प्रतीयते, तस्य गुरुकुले

विद्योपार्जनक्लेशः स्वसामयिकभवभूतिकवेरपेक्षयोत्कृष्टत्वञ्च गम्यते । 'मुरारिपद-चिन्ता चेत्तदा माघे रतिं कुरु' इति व्याख्येयसूक्तिविशेषे त्रीणि व्याख्यानानि भवितु-मर्हन्ति ।

(१) माघस्योत्तमर्णता मुरारेश्चाधमर्णता परिस्फुटति ।

(२) माघापेक्षया मुरारेरुत्कृष्टता प्रतिभाति ।

(३) माघकवेः कृतेरपेक्षया मुरारिकृतेः क्लिष्टतया तदवबोधार्थं पूर्वं समुचित शब्दार्थज्ञानजनकं माघकाव्यं परिशीलनीयम् तेनानर्घराघवनाटकपदानां काठिन्य-क्लेशो नानुभूयेत ।

यथा माघकविर्बहुश्रुतः नूतनतमपदप्रयोगप्रवण आसीत्तथैव मुरारिरपि स्वयं-कथितवालवाल्मीकिपदवीविशिष्टः पदवाक्यप्रमाणपारावारीणो गुणगरिमगभीरमधुरो-दारवचनोऽभूत् । चिन्तापदस्य प्रयोगो विचारणीयविषयस्य दुरबोधतया तस्य क्लिष्ट-ज्ञाने भवति । मुरारिप्रयुक्तपदानां क्लिष्टत्वात्तेषामर्थबोधः क्लेशेन जायते । अत्र काठिन्यं त्रिविधं भवितुमर्हति, अप्रसिद्धत्वरूपम्, व्युत्पत्तिज्ञानराहित्यरूपम्, विविध-शास्त्राज्ञानरूपं वा । प्रथमस्य निराकरणं कोषग्रन्थानामध्ययनेन, द्वितीयस्य व्याकरण-शास्त्राध्ययनेन, तृतीयस्य च निखिलनिगमागमावगाहनेन भवति । एवं रीत्योभयोः कविवरयोः कृती समवेक्षणीये तेनास्याः समीक्षासूक्तेराशयः स्फुटो भविष्यति ।

माघेन स्वीयकाव्ये प्रयुक्तानाम् पदानामध्ययनेनेदं स्पष्टं भवति यदयं महाकविः स्वकाव्ये पूर्वोक्तगुणत्रयस्य सन्निवेशाय तान्येव पदानि प्रायुङ्क्त यानि काव्यालङ्कर-णानि, अर्थगौरववर्धकानि, लालित्यापादकानि च सन्ति । मणिकाञ्चनयोग इवोपयुक्त-पदप्रयोगनैपुण्यं माघकवेर्दृश्यते तदीयकाव्ये । तेनास्य कवेः व्याकरणप्रमुखवेदाङ्गसहित-वेदस्य, पुराणेतिहासदर्शनानां, साहित्यादिकलानां च सम्यग्ज्ञानं निश्चीयते । क्रमशः उदाहरणद्वारोपर्युक्तमतं समर्थ्यते । तत्र काव्यशोभाकरी शब्दयोजना पुरस्क्रियते—

व्रततीततीरिव । (१-५), विहङ्गराजा रुहैरिव, (१-७) मिजोजसोज्जासयितुम्, (१-३७) ओष्ठेन रामो रामोष्ठबिम्बचुम्बनचुञ्चुना । (२-१४) तथ्यामुतथ्या-नुजवज्जगादाऽग्रे गदाग्रजम् । (२-६९) लोचनललामललाटलीलाम् (४-२८) ।

माघकवेः यमकालङ्काररञ्जिता नवनवपदप्रयोगप्रवीणताऽत्यन्तं चकास्ति यथा—

वनं तताऽनेकतमालतालम्, वनन्तताने कतमा लताऽलम् । (४-३९)

षष्ठसर्गे प्रायः सर्वेषु पद्येष्वेषा सुषमा मन आवर्जयति यथा—

**नवपलाशपलाशवनं पुरः स्फुटपरागपरागतपङ्कजम् ।**
**मृदुलतान्तलतान्तमलोकयत्स सुरभिं सुरभिं सुमनोभरैः ॥ (६-२)**
**कलमेखलाकलकलोऽलकलोलदृशा । (६-१४)**
**रुचिरं कमनीयतरा गमिता रुचिरङ्कमनीयत रागमिता । (६-७१)**

एतेषु पद्येषु सौष्ठवापादनाय महाकविना कोषव्याकरणयोराश्रयणं कृतमिति स्पष्टमेव । अर्थगौरववर्धकाः शब्दप्रयोगाः माघकविना स्वकाव्यस्य शास्त्रीयगौरववृद्धये कृताः । प्रथमसर्गे भागवतः श्रीकृष्णस्य वर्णनं सांख्ययोगदर्शनानुसारि वर्तते । चतुर्थसर्गे एकः श्लोकः "सहस्रशीर्षा....." इति मन्त्रस्यानुवाद एवास्ते । पञ्चमसर्गे पशूनां स्वभावोक्तिवर्णनं चतुर्दशसर्गे च दार्शनिकविवेचनमस्य कवेः श्रुतविस्तरं शास्त्रेषु प्रौढिञ्च प्रथयति ।

द्वितीयसर्गे राजनीतिविषयकानि पद्यान्यप्यर्थगौरवं पुष्णन्ति । एकमुदाहरण-मत्र दीयते यस्मिन् राजनीतेरौपम्यं व्याकरणशास्त्रेण कृतम् ।

**अनुत्सूत्रपदन्यासा सद्वृत्तिः सन्निबन्धना ।**
**शब्दविद्येव नो भाति राजनीतिरपस्पशा ॥**

महाकविः बहुत्र तद्धितकृदन्तधातूनां समस्तपदानां च प्रयोगेणार्थगौरवं प्रावर्धयत् यथा सितिम्ना (१-२५), नेदीयः (७-८), सौगन्ध्यम् (७-४८), माघवनी (९-२५), चौतपल्लवी (२-१९), लघूकरिष्यन् (१-३५), ईषुः (७-२), मिमान, न्यञ्चित (७-१३), उदास (७-४६), अधिश्रितश्रिणी (१-२४), हरिहेतिहूति (६-१५)। सप्तम सर्गे चतुस्त्रिंशत्तमः श्लोकः समस्तपदसमूहरूपः । केचन श्लोकाः एकक्षराः, द्वयक्षराः वा सन्ति । वस्तुतः चतुर्थसर्गे माघेन रमणीयतायाः यत् 'क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः' इति स्वरूपमुक्तम् तद्वस्तुतः कविताया एव सौन्दर्यमभिव्यनक्ति । एवमुत्तरोत्तरं प्रयुक्ताः नवीनाः शब्दाः कवितायाः सुषमां, सरसतां, नवताञ्च प्रतिपाद-यन्तीति माघकवेराशयस्तत्र स्फुटोभवति ।

एवं प्रयोगबाहुल्येन, रचनाचातुर्येण 'चानन्तपारं किल शब्दशास्त्रम् ।' इति भाष्यवचनं माघकाव्ये प्रत्यक्षं दृश्यते । माघकवेः शब्द-कोशः सुसमृद्ध आसीदिति नानेन पदप्रयोगावृत्तिः कृता । प्रथमसर्गे भगवतः कृष्णस्य षोडश पर्याया अनेन प्रयुक्ताः सन्ति । एवं नवमसर्गे चन्द्रस्य विंशतिः पर्यायाः सन्ति । पर्यायेषु चक्रवाकसंज्ञकः 'हरिहेतिहूतिः', ऐरावतवाचकः 'भर्तुरभ्रमोः' 'उद्धवस्य पर्यायः 'पवनव्याधेः' इन्द्रस्यार्थे 'कौशिकः' वडवानलवाचकः 'तुरंगकान्तामुखहव्यवाहः' इत्यादि पदानि महाकवेर्माघस्य मनसि चिरसम्भृतं शब्दनिधिं ख्यापयन्ति ।

लालित्यलुब्धेन माघेनोत्तरवर्तिनां कवीनां समक्षमादर्शभूता अनेके नवीनाः पदप्रयोगाः कृताः यथा नवयौगिकपदानां यमकालङ्कारे नवसौन्दर्यम्, संहित-समस्त-तद्धित-कृदन्त-सुबन्त-तिङन्तपदानामेकत्र विन्यासवैचित्र्यम् । अस्मिन् प्रसङ्गे द्वित्र्याण्युदाहरणानि दीयन्ते —

(१) परितस्तार रवेरसत्यवश्यम् परितस्ताररवे रसत्यवश्यम् । (६।७०)

(२) रुचिरं कमनीयतया गमिता रुचिरङ्कमनीयत रागमिता (६।७१)

(३) समुद्धृताशं कमनी चकाशे समुद्धृताशङ्कमनीचकाशे । (६।७४)

एवं रीत्या माघकविः शिशुपालवधविषयकं भगवत्कथानकं भित्तिरूपमेवाश्रित्य तत्र नूतनानि चित्राण्युल्लिख्य काव्यं पूर्वोक्तोपमादित्रिविधगुणगरिमरमणीयं व्यदधादिति परिस्फुटो भावः ।

अथ मुरारिकवेरनर्घराघवं नाम नाटकं पर्यालोच्यते । महाकाव्ये माघो भारविमिव नाटके मुरारिर्भवभूतिमनुचकार तदनु तं पर्यक्राम्यत् । इति 'तावद्भा भारवेर्भाति यावन्माघस्य नोदयः ।' तथा 'भवभूतिमनादृत्य मुरारिमुररीकुरु' इति समीक्षासूक्तिद्वयेन सिद्ध्यति । यद्यपि भवभूतिर्मुरारिश्चोभावपि पाञ्चालीं गौडीञ्च रीतिमाश्रित्य स्वनाटकानि व्यरचयताम् तथापि मुरारेः पदचिन्तायां भवभूतेः पदानां चिन्ता न कार्या परम् माघे (माघपदेषु) रतिः कर्त्तव्या इति समीक्षकवरस्य कथनं किमपि वैशिष्ट्यमादधाति ।

अनर्घराघवस्याध्ययनेन ज्ञायते यन्महाकविर्मुरारिर्माघ इव स्वीयनाटके तानि पदानि प्रायुङ्क्त, येषामर्थाविबोधाय कोशग्रन्थानां व्याकरणस्य परिज्ञानमनिवार्यं भवति । एषा प्रवृत्तिरेव पदचिन्तोच्यते । मुरारेः पदानामध्ययनक्लेशः शक्तिग्रहाभावादेव भवति । स च शक्तिग्रहः (पदार्थविबोधः) कोशादिसाहाय्येनापि कर्तुं शक्यते यदाहुः—

शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानकोशाप्तवाक्याद् व्यवहारतश्च ।
वाक्यस्य शेषाद्विवृतेर्वदन्ति सान्निध्यतः सिद्धपदस्य वृद्धाः ॥

परमेकः साधारणः सुकुमारमतिर्जनोऽल्पेन कालेन कोशग्रन्थान्, षड्ङ्गवेदसहितं पुराणेतिहासदर्शनवाङ्मयं साहित्यशास्त्रं देशीयभाषाविशेषम् चाध्येतुं न शक्नोति तथा च कथमेतस्याः समस्यायाः समाधानं भवेदिति समीक्षकैर्माघकाव्येऽपि कोशादिसाहाय्येन सुबोधानि ललितानि प्रौढानि पदानि समवलोक्य सरला सुभगा च सूक्तिराजवीथिः प्रदर्शिता—

'मुरारिपदचिन्ता चेत्तदा माघे रतिं कुरु ।'

सम्प्रति मुरारिकृतानर्घराघवनाटकात् कतिपयान्युदाहरणानि प्रदीयन्ते । तत्र तावत्कोशमाश्रित्यैवावबोद्धुं शक्यानि नातिप्रसिद्धानीमानि पदानि सन्ति १।६ नीवी (मूलधनम्) १।१४ विस्रा (आमगन्धि) १।१५ गर्भरूपः (बालस्तरुणश्च) १।२४ जङ्घालम् (अतिवेगसहितम्। सुत्रामा (इन्द्रः) २।६ तर्कुः (कुम्भकारः) २।१७ कृपीटयोनिः (अग्निः) २।२३ गोकर्णतर्णकः (मृगशिशुः) २।४४ करम्भः (दधिसक्तवः) ३।२० ययुः (अश्वमेधीयाश्वः) ३।५१ गद्ये डुलिः (कच्छपी) ४।२४ खुरलीकलहः (शस्त्राभ्यासस्पर्धायुद्धम्) ४।५८ अण्डीरः (दर्पिष्ठः) ५।२ आतरम् (नदीसंतरणपण्यम्) ६।४३ रामायणम् (रामेण रावणवधो रामायणमिति स्मृतम् इति त्रिकाण्डशेषः) ६।५५ जाङ्गलिकः (विषवैद्यः) जङ्गलम् (मांसम्) ६।७७ डमरणम् (चमत्कारः) ७-४१ गद्ये चारहली (देशीयभाषाशब्दः पौरुषार्थकः) मस्तु (दधिजलम्) ७।५७ सांरावणम् (बहुभिर्मिलित्वा कृतः शब्दः) ७।६० झलञ्झला (आघात आस्फालो वा) ७।६१ रसवतीपौरोगवः (महानसाध्यक्षः) ७।६३ गञ्जापतिः (मदिरालयाध्यक्षः) ७।१०६ कुतुपः (चर्मघटः) ।

अनर्घराघवे व्याकरणशास्त्रस्य विशिष्टानि पदान्यपि विद्यन्ते तानि नावैकरणो वेद यथा—

१।२ उपस्थानीयाः ( कर्मकर्तरि निपातितः ) १।२४ सुभगंभावुकः (कर्तरि भुवः खुकञ्) १।२५ शौवापदः (शुनोऽणि 'द्वारादीनाञ्च' इत्यैच्) १।२७ गद्ये अभ्यमित्रीणस्य (अभ्यमित्र + खः) १।४४ सर्वपथीना (सर्वपथिन् + खः) २।३९ घानिष्यते (√हन् + णिच् कर्मणि लृट्) ३।५५ गद्ये सर्वकर्मीणम् (सर्वकर्ममुसाधु) ४।४ वैहासिकः, तथा अग्रे श्लोकेषु वैजयिकः. शावाशौचम्, पारस्त्रैणेयः, दौर्भागिनेयः, वैकर्तनिः इति तद्धितप्रत्ययान्तप्रयोगाः । ६।२० उत्क्षिप्नुना ( उत्√क्षिप् + क्नुः ) ६-३९ परिपुच्छमान (परि√पुच्छ + णिङ् + शानच्) ६।४४ तलातलि (समासानन्तरमिच्) ७।३३ तपसित्वा (तपः + क्यङ् + क्त्वा, यलोपः) ७।१०७ पतयालुभिः (√पत् + आलुच्) ७।१२६ वैबुधसैन्धवी (विबुधसिन्धु + अण्, उभयपदवृद्धिः) ७।१३३ ऐन्द्राबार्हस्पत्यम् (इन्द्रश्च बृहस्पतिश्चेतीन्द्राबृहस्पती + ष्यञ्, उभयपदवृद्धिः) तथा २।६ गद्ये, अङ्कुशयितुम् एवमयन्त्र आलानयति, कन्दलयतीति नामधातुप्रयोगाः ।

अर्थगौरवकृतेऽयं महाकविरोजस्विनीं पदावलीं प्रायः प्रायुङ्क्त । यथा—

इह महिषविषाणव्यस्तपाषाणपीठस्खलनसुलभरोहिद्वर्गभिणीभ्रूणहत्याः ।
कुहरविहरमाणप्रौढभल्लूकहिक्काचयचकितकिरातत्रस्तशस्त्रा वनान्ताः (५।२०)

अयं महाकविर्बहुश्रुत आसीदिति नाटके वैदिक-पौराणिक-दार्शनिक-विचाराणामुल्लेखेन ज्ञायते तत्र व्याकरणसूत्रार्थपरमिदं वाक्यम्—

तपोभिरस्य ब्राह्मणादेशोऽपि स्थानिवद्भावेन क्षत्रकार्यं न जहाति।
(४।११ गद्यम्)

अस्मिन् श्लोके तस्य वैदिकमन्त्रज्ञानं तद्विनियोगश्च दर्शनीयः—

गायत्री द्रुपदा देवी पाप्मानमपहन्तु ते।
पुनन्तु पावमान्यस्त्वामृध्नोतु ब्रह्म ते परम् ॥ (४।६२)

महाकविरयं स्वं श्रोत्रियपुत्रमचकथत् (१-८ गद्यम्, तथाऽस्मिन् श्लोके गृहस्थधर्ममूचिवान् सः, तेनास्य श्रोत्रियपरम्पराऽविच्छिन्ना लक्ष्यते—

वैतानेषु कृपीटयोनिषु पुरोडाशं वषट् कुर्वते।

वैशेषिककटन्दीपण्डितः (५।५ गद्यम्) इति श्रुतिशष्कुलीवलयितव्योमावगाही-गुणः (७।१५२) इति शब्दलक्षणकथनेन न्यायवैशेषिकशास्त्रज्ञानमस्य प्रसिद्ध्यति।

वैदर्भीरीतिप्रशंसकोऽप्ययं (७।१०२) स्वरचनायां पाञ्चालीं गौडीञ्चोभे वृत्ती समाश्रयद्येनास्य नाटके काठिन्यक्लेशः समापतितः। अयं मुरारिकविर्नूतनशब्द-निर्माणेऽपि प्रवीण आसीत्। अस्मिन् श्लोके चन्द्रस्येमानि नूतनानि नामानि प्रयुक्तानि सन्ति—

नेत्राणां मधुपर्कसत्रमुदधेः सर्वाङ्गमेदस्करः,
शृङ्गारस्य रसायनं मखभुजां पीयूषगण्डापतिः।
देवः किं स्तुमहे महेश्वरशिरोनेपथ्यरत्नाङ्कुरः,
